


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 264 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) पौष कृ.1 2081 सोमवार, 16 दिसंबर-2024

प्रधान संपादक - **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर ✻ **पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये**

## सांसद किरण कुमार रेड्डी गवर्निंग काउंसिल के सदस्य चुने गए

नई दिल्ली/हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एम्स गवर्निंग काउंसिल के सदस्य के रूप में सांसद किरण कुमार रेड्डी की नियुक्ति किए गए हैं। 24 लोकसभा सांसदों को सर्वसम्मति से देश भर के 12 एम्स के लिए गवर्निंग काउंसिल के सदस्य के रूप में चुना गया। इसमें महबूबनगर सांसद (बीजेपी) सांसद डीके अरुणा और भुवनगिरी एमपी कांग्रेस सदस्य चमाला किरण कुमार रेड्डी को तेलंगाना के बीबीनगर एम्स की गवर्निंग काउंसिल के सदस्य के रूप में चुना गया है। इस संबंध में लोकसभा सचिवालय ने शनिवार रात आधिकारिक तौर पर बुलेटिन जारी किया है।

# 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद का खात्मा : शाह



## गृहमंत्री बस्तर ओलिंपिक में शामिल

रायपुर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जगदलपुर पहुंच गए हैं। यहां वे बस्तर ओलिंपिक के समापन में शामिल हुए। इससे पहले रायपुर में राष्ट्रपति पुलिस कलर अवॉर्ड कार्यक्रम में कहा कि हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को 31 मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त करेंगे। जैसे ही छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त होता है, देशभर में नक्सलवाद का खात्मा हो जाएगा।

शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने बहादुरी के साथ 1 साल में खत्म करने का संकल्प लिया है। शाह ने नक्सलियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बहुत अच्छी सरेंडर पॉलिसी बनाई है। मुख्यधारा में आप शामिल हो जाइए। हथियार छोड़ दीजिए। विकास के रास्ते पर आ जाइए।

**2900 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा :**

बस्तर में संभाग स्तरीय बस्तर ओलिंपिक प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार 13 दिसंबर से शुरू हुआ था। जगदलपुर के इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में बैडमिंटन, कबड्डी, वॉलीबॉल समेत अन्य गेम्स हुए। आज 15 दिसंबर को समापन है, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे।

इस बस्तर ओलिंपिक में बस्तर संभाग के सातों जिले के अलग-अलग खेलों के करीब 2900 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा लेने पहुंचे। इसका सारा बंदोबस्त जिला प्रशासन की तरफ से किया गया है। प्रशासन की माने तो इस आयोजन में सरेंडर किए हुए करीब 300 नक्सली भी शामिल हुए। इसके साथ ही नक्सल घटनाओं में दिव्यांग हुए कुल 18 खिलाड़ियों, नक्सल हिंसा पीड़ितों ने भी अलग-अलग गेम्स में हिस्सा लिया।

शाह ने कहा कि सरकार बदलने के बाद से टॉप 14 नक्सली न्यूट्रलाइज हुए हैं। 4 दशकों में पहली बार नागरिकों और सुरक्षाबलों के मृत्यु के आंकड़े में कमी आई है। 10 साल में नक्सलवाद पर नकेल कसी गई। पुलिस ने 1 साल में छत्तीसगढ़ समेत सभी राज्यों से नक्सलवाद के खिलाफ ताबूत में अंतिम कील ठोकने की तैयारी की है।

शाह ने पुलिस से कहा कि राष्ट्रपति कलर्स सिर्फ एक अलंकरण नहीं है, यह बलिदान का प्रतीक है। यह उन चुनौतियों की याद दिलाता है, जिनके साथ आपको दो-दो हाथ करना है। एक अलंकरण के साथ-साथ एक दायित्व भी है। मुझे विश्वास है कि छत्तीसगढ़ पुलिस का हर जवान इस दायित्व को निभाएगा। अपने फर्ज में कभी भी पीछे नहीं हटेगा।

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 24 वर्षों में ही यह सम्मान पुलिस को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए दिया गया है। यह सामान न सिर्फ छत्तीसगढ़ पुलिस की वर्दी पर सजेगा, बल्कि हमारे जवानों की कर्तव्य, निष्ठा, साहस और समर्पण का प्रतीक भी बनेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आभार व्यक्त करता हूं।

छत्तीसगढ़ पुलिस ने एंटी नक्सल ऑपरेशन में साहस और दृढ़ता के साथ पिछले 1 साल में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में लौटने का निर्णय लिया है। जवानों को बड़ी उपलब्धि मिली है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में राष्ट्रपति पुलिस कलर अवॉर्ड-2024 कार्यक्रम में पुलिस प्लाटून की सलामी ली। इस दौरान शाह ने राष्ट्रपति पुलिस कलर फ्लैग पुलिस को सौंपा। जहां धर्म गुरुओं ने मंत्रों के साथ ध्वज का स्वागत किया।

छत्तीसगढ़ राष्ट्रपति के इस फ्लैग को हासिल करने वाला देश का सबसे युवा राज्य है। छत्तीसगढ़ 2025 में अपने सिल्वर जुबली ईयर में प्रवेश कर रहा है। इससे ठीक पहले राष्ट्रपति की तरफ से पुलिस सेवा को मिलने वाला यह सम्मान छत्तीसगढ़ राज्य के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है। स्टेट पुलिस के सर्विस रिकॉर्ड को लंबे समय तक ऑब्जरवेशन पर रखे जाने के बाद राष्ट्रपति की ओर से यह सम्मान दिया जाता है।

# 39 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

>महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार नागपुर के राजभवन में पूरा हुआ
>39 मंत्रियों में बीजेपी के 19, शिवसेना के 11 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 9 विधायक शामिल हैं
>महायुति सरकार के सत्ता में आने के 10 दिन बाद कैबिनेट विस्तार हुआ, 25 नए चेहरों को मौका

नागपुर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार के मंत्रिमंडल का बहुप्रतीक्षित विस्तार आज पूरा हो गया। नागपुर के राजभवन में एक शानदार समारोह का आयोजन किया गया। कल से शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। उससे एक दिन पहले ही महायुति गठबंधन के मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ था। महायुति सरकार के सत्ता में आने के 10 दिन बाद कैबिनेट विस्तार पूरा हो गया।




**39 विधायकों ने ली शपथ :**

महायुति के 39 विधायकों ने आज मंत्री पद की शपथ ली। इसमें सबसे ज्यादा बीजेपी के 19 विधायक शामिल हैं। शिवसेना के 11 और एनसीपी के 9 विधायक मंत्री बने हैं। इस साल महायुति में शामिल तीनों दलों ने पिछली कैबिनेट में कुछ को छोड़कर 25 नए चेहरों को मौका दिया है।

**फडणवीस की नई टीम में शपथ लेने वाले नेताओं मौका मिला है**

चंद्रशेखर बावनकुले (बीजेपी), राधाकृष्ण विखे पाटिल (बीजेपी), हसन मुशरिफ (एनसीपी), चंद्रकांत पाटिल (बीजेपी), गिरीश महाजन (बीजेपी), गुलाब राव पाटिल (शिवसेना), गणेश नाईक (बीजेपी), दादा भूसे (शिवसेना), संजय राठौर (शिवसेना), धनंजय मुंडे, (एनसीपी), मंगल प्रभात लोढ़ा (बीजेपी), उदय सावंत (शिवसेना), जय कुमार रावल (बीजेपी), पंकजा मुंडे (बीजेपी), अतुल सावे, (बीजेपी), अशोक यूइके (बीजेपी), शंभुराज देसाई, (शिवसेना), आशीष शेलर (बीजेपी), दत्तात्रेय भरने (एनसीपी), अदिति तटकरे, (एनसीपी), शिवेंद्र राजे भोसले (बीजेपी), माणिक राव कोकाटे (एनसीपी), जय कुमार गोरे, नरहरी झिरवाल (एनसीपी), संजय सावकरे (बीजेपी), संजय शिरसाट (शिवसेना), प्रताप सरनाईक (शिवसेना), भारत गोगावले (शिवसेना), मकरंद जाधव-पाटिल (एनसीपी), नितेश राणे (बीजेपी), आकाश फुंडकर (बीजेपी), बाबासाहेब पाटिल (एनसीपी),

>14

## इंजीनियर सुसाइड केस : पत्नी, सास और पत्नी का भाई अरेस्ट

बेंगलूरू, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। एआई इंजीनियर अतुल सुभाष सुसाइड केस में शनिवार को पत्नी निकिता, सास निशा और पत्नी के भाई अनुराग को गिरफ्तार कर लिया गया। बेंगलुरू पुलिस ने यह कार्रवाई की। डीसीपी शिवाकुमार ने कहा, सास और साले को प्रयागराज से, जबकि पत्नी को गुरुग्राम से गिरफ्तार करके बेंगलुरू लाया गया। रविवार सुबह कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अतुल ने 9 दिसंबर को बेंगलुरू के फ्लैट में सुसाइड कर लिया था। आत्महत्या से पहले उसने 1.20 घंटे का वीडियो बनाया। इसमें पत्नी निकिता और उनकी फैमिली पर हैरेसमेंट का आरोप लगाया था। बेंगलुरू में पत्नी निकिता, सास निशा, साले अनुराग और चाचा ससुर सुशील सिंघानिया पर एफआईआर दर्ज की गई थी।

## वन नेशन, वन इलेक्शन बिल आज पेश नहीं होगा

लोकसभा की रिवाइज्ड लिस्ट से हटाया गया, शीतकालीन सत्र का 20 दिसंबर को आखिरी दिन

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल लोकसभा में सोमवार, यानी 16 दिसंबर को पेश नहीं किया जाएगा। इससे जुड़े दोनों बिल को लोकसभा की रिवाइज्ड लिस्ट से हटा दिया गया है। इससे पहले 13 दिसंबर के कैलेंडर में कहा गया था कि सोमवार को बिल लोकसभा में रखा जाएगा।

अब फाइनेंशियल बिजनेस के पूरा होने के बाद बिल सदन में पेश किया जाएगा। हालांकि, सरकार बिल को आखिरी समय में भी लोकसभा स्पीकर की परमिशन के बाद सप्लीमेंट्री लिस्टिंग के जरिए सदन में पेश कर सकती है। कैबिनेट ने 12 दिसंबर को बिल की मंजूरी दी थी। लोकसभा में 13 और 14 दिसंबर को संविधान पर चर्चा हुई थी। अब तक प्रधानमंत्री मोदी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और राजनाथ सिंह इस पर बोल चुके हैं। 16 और 17 दिसंबर को अब राज्यसभा में संविधान पर चर्चा होगी। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर को शुरू हुआ था, जो 20 दिसंबर को खत्म होगा। एक देश-एक चुनाव पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को एक कमेटी बनाई गई थी। कमेटी ने करीब 191 दिनों में 14 मार्च 2024 को अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी थी।

## जस्टिस शेखर यादव को अपने बयान पर सफाई पेश करने का मिलेगा मौका

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के एक समारोह में विवादास्पद बयान देने वाले जस्टिस शेखर कुमार यादव अपने रुख स्पष्ट करने के लिए जल्द सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के सामने पेश होंगे। शीर्ष अदालत ने 10 दिसंबर को बयानों पर ध्यान और और इस मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट से रिपोर्ट मांगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के वर्तमान न्यायाधीश शेखर कुमार यादव द्वारा दिए गए भाषण की न्यूजपेपर के रिपोर्टों पर ध्यान दिया है। हाईकोर्ट से ब्योरा मंगवाया गया है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम जिस न्यायाधीश के खिलाफ किसी विवादास्पद मुद्दे पर हाई कोर्ट से रिपोर्ट मांगती है तो उन्हें मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के समक्ष अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाता है।

# वकीलों और कार्यकर्ताओं ने की सियासी दलों को कानून के दायरे में लाने की मांग

### कहा- जवाबदेही जरूरी

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। कानून विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि राजनीतिक दलों को पॉश एक्ट (महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न से जुड़ा कानून) के दायरे में लाया जाए। उनका कहना है कि यह कानून लैंगिक समानता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बहुत जरूरी है। उनकी ओर से यह बयान तब सामने आया है, जब सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका खारिज कर दी, जिसमें राजनीतिक दलों को पॉश एक्ट के तहत महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि याचिकाकर्ताओं को चुनाव आयोग से संपर्क करना चाहिए, जिससे यह कानून राजनीतिक दलों पर लागू किया जा सके।

हेल्पिंग हैंड्स नाम के गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) की निदेशक और वकील सोनाल मट्टू ने कहा, राजनीतिक दलों को कानून के तकनीकी पहलू के बजाय उसके भावनात्मक और उद्देश्यपूर्ण दृष्टिकोण पर फोकस करना चाहिए। उन्होंने कहा, समस्या यह है कि वे कानून की सख्त परिभाषा को देख रहे हैं, न कि उसके मकसद को। अग हम कानून के मकसद को समझें तो हर राजनीतिक दल के पास एक अनुशासन समिति होती है, जो दल के सदस्यों के आचरण को देखती है। मट्टू ने यह भी कहा कि राजनीतिक दल इस तरह की समितियां बना सकते हैं जो महिलाओ के साथ गलत व्यवहार को रोकने के लिए काम करें।

हालांकि, एक प्रमुख वकील शिल्पी जैन ने राजनीतिक दलों की आंतरिक समीतियों की स्वतंत्रता को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा, अगर आंतरिक समिति किसी राजनीतिक दल द्वारा वित्त पोषित है, तो उसमें प्रभावी कार्रवाई करने की क्षमता नहीं होगी। ऐसी समितियों को स्वतंत्र होने की जरूरत है, जो दुर्भाग्यवश हमारे राजनीतिक माहौल में मुश्किल है। जैन ने यह भी कहा कि इस तरह के मामलों में न्यायालय को ही फैसला लेना चाहिए, क्योंकि आंतरिक समितियों में पक्षपाती रवैया हो सकता है।

वहीं, सामाजिक कार्यकर्ता और 'अनहद' एनजीओ की संस्थापक शबनम हाशमी ने इसे एक प्रगतिशील कदम बताते हुए कहा, राजनेताओं को उदाहरण पेश करने की जरूरत है। अगर वे लैंगिक समानता की अनदेखी करेंगे, तो समाज में गलत संदेश जाएगा।

## पंजाब में 8 इंटरनेशनल ड्रग तस्कर गिरफ्तार

अमृतसर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने एक सफल सीक्रेट ऑपरेशन चला कर यूके स्थित हैंडलर धर्मा संधू से जुड़े 8 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने भारी मात्रा में हेरोइन, हथियार और ड्रग मनी को भी जब्त किया है। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की जानकारियां हासिल कर रही है।

डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने जानकारी दी कि इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने 4.5 किलोग्राम हेरोइन, 2 ग्लॉक पिस्तौल (9एमएम), 2 पिस्तौल (30 बोर), 1 पिस्तौल (32 बोर), 1 ज़िगाना पिस्तौल (30 बोर), 16 जिंदा कारतूस और 1.5 लाख की ड्रग्स से जुड़ी नकदी बरामद की गई है। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर थाने घरिंडा में दर्ज की गई है।

# मणिशंकर अय्यर बोले- गांधी परिवार ने मेरा करियर बर्बाद किया

**10 साल में सोनिया-राहुल से एक बार मिला, प्रणव मुखर्जी पीएम होते तो 2014 नहीं हारते**

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने खुलासा किया कि पिछले 10 साल में उन्हें सोनिया गांधी से सिर्फ एक बार मिलने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने ही मेरा पॉलिटिकल करियर बनाया है और बर्बाद भी किया है। लेकिन वह कभी भाजपा में शामिल नहीं होंगे।



एक इंटरव्यू में अय्यर ने दो किस्से बताए- एक बार राहुल गांधी को शुभकामनाएं भिजवाने के लिए उन्हें प्रियंका गांधी को फोन करना पड़ा था। साथ ही एक बार उन्होंने सोनिया गांधी को मेरी क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं तो मैडम ने कहा- 'मैं क्रिश्चियन नहीं हूं। मणिशंकर अय्यर ने अपनी किताब (मणिशंकर अय्यर राजनीति में एक अलग पहचान रखने वाले व्यक्ति) में बताया कि 2024 के चुनाव में उन्हें राहुल गांधी ने टिकट नहीं दी और राहुल ने कहा था- हरगिज मणिशंकर अय्यर को टिकट नहीं देंगे क्योंकि वो बहुत बुड्ढे हो गए हैं। अय्यर तमिलनाडु के मयिलादुथुराई से तीन बार लोकसभा चुनाव जीते चुके हैं और राज्यसभा सांसद भी रह चुके हैं।

अय्यर ने बताया कि प्रणव मुखर्जी को उम्मीद थी कि उन्हें देश का प्रधानमंत्री और मनमोहन सिंह को राष्ट्रपति बनाया जाएगा। यदि मुखर्जी प्रधानमंत्री होते तो कांग्रेस 2014 के लोकसभा चुनाव में बुरी तरह नहीं हारती। उन्होंने कहा कि 2012 से ही कांग्रेस की स्थिति खराब थी। सोनिया गांधी बहुत बीमार पड़ गईं और मनमोहन सिंह को 6 बार बाईपास कराना पड़ा था, जिससे चुनाव में पार्टी अध्यक्ष और प्रधानमंत्री एक्टिव नहीं थे। ऐसी स्थिति प्रणव मुखर्जी बखूबी संभाल सकते थे।

2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पहली बार पूर्ण बहुमत हासिल किया था। इस चुनाव में भाजपा को 282 सीटों पर जीत मिली थी और कांग्रेस सिर्फ 44 सीटों पर सिमट गई थी।

**कश्मीर पर पाक नीति पर फख्र :** 2018 में कराची गए अय्यर ने कहा था कि उन्हें कश्मीर पर पाकिस्तान की नीति पर फख्र है। वो पाकिस्तान से भी उतना ही प्यार करते हैं जितना की हिंदुस्तान से। उन्होंने भारत को नसीहत देते हुए कहा था कि भारत को भी अपने पड़ोसी देश से प्यार करना चाहिए जैसा वो खुद से करते हैं।

**पाक के लोग हमें दुश्मन नहीं मानते :** 22 अगस्त 2023 को कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा कि पाकिस्तान के लोग हमें दुश्मन नहीं मानते। ये हमारे लिए बहुत बड़ा एसेट (संपत्ति) है। बीते 9 साल से पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं हो रही। इससे वहां की सरकार, आर्मी पर फर्क नहीं पड़ रहा, वहां के लोग परेशान हो रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी को छोड़कर करीब-करीब हर प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान से बात की है।

**पीएम मोदी को अपमानजनक शब्द कहे थे :** 2019 में मणिशंकर ने मोदी पर विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था- जो अंबेडकर जी की सबसे बड़ी ख्वाहिश थी, उसे साकार करने में एक व्यक्ति सबसे बड़ा योगदान था।

# बिश्नोई महासभा के अध्यक्ष को नोटिस


### कुलदीप बिश्नोई को पद से हटाने पर रजिस्ट्रार सोसाइटी ने मांगा जवाब

हिसार, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा में पद को लेकर छिड़ा विवाद थमने का नाम नहीं ले रही है। मौजूदा प्रधान देवेंद्र बुड़िया और पूर्व सरंक्षक कुलदीप बिश्नोई का मामला तूल पकड़ा जा रहा है। अब इस विवाद में रजिस्ट्रार सोसाइटी की भी एंट्री हो गई है। मुरादाबाद रजिस्ट्रार सोसाइटी ने मौजूदा प्रधान देवेंद्र बुड़िया को नोटिस जारी किया है।

मुरादाबाद के सहायक रजिस्ट्रार आनंद विक्रम सिंह ने कुलदीप बिश्नोई और देवेंद्र बुड़िया के विवाद के बाद मुकाम धाम में हुई बैठक की प्रोसेडिंग रिपोर्ट तलब की है। सहायक रजिस्ट्रार ने संस्था के कार्रवाई रजिस्टर, सदस्यता रजिस्टर, एजेंडा रजिस्टर, सदस्यता रसीद और बैंक स्टेटमेंट दो सप्ताह के अंदर देने के आदेश दिए हैं।

रजिस्ट्रार सोसाइटी को शक है कि महासभा के कागजों के साथ छेड़छाड़ की गई है। बता दें कि कुलदीप बिश्नोई को संरक्षक पद से हटाने और बिश्नोई रत्न वापस लेने के बाद अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा की कार्यकारिणी के 11 सदस्यों ने सहायक रजिस्ट्रार सोसाइटी को शपथ पत्र भेजकर मुकाम धाम में हुई बैठक को असंवैधानिक बताया था। इसके बाद यह नोटिस जारी किया गया है।

देवेंद्र बुड़िया, प्रधान, अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा, आप अपने पत्र दिनांक 27 जून 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से आपके द्वारा बैठक दिनांक 09 फरवरी 2024 में प्रस्ताव पारित किया गया है। इस प्रस्ताव में साधारण बैठक दिनांक 25 जुलाई 2021 में संरक्षक को अधिकार दिए गए हैं। यदि संस्था के किसी पदाधिकारी या सदस्य द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं किया जाता है, एवं संस्था के उद्देश्यों के विपरीत कार्य किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में संरक्षक महोदय को अधिकार होगा। कार्यकाल के माध्य में किसी भी प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारी या सदस्य को हटाकर नए पदाधिकारी या सदस्य को प्रबंध कार्यकारिणी के रिक्त स्थान पर नियुक्त कर सकते हैं। इसको लेकर प्रस्ताव पारित किया गया है।



बिश्नोई समाज के धार्मिक स्थल मुकाम धाम पर एक बैठक हुई। जिसमें समाज के लोगों ने 5 बड़े फैसले लिए। करीब 2 घंटे तक चली इस बैठक में सबसे बड़ा फैसला संरक्षक का पद खत्म करना था। साथ ही कुलदीप बिश्नोई से बिश्नोई रत्न वापस लेने का भी फैसला लिया गया है।

इससे पहले महासभा के प्रधान देवेंद्र बूड़िया ने कुलदीप बिश्नोई को संरक्षक पद से हटाने के लिए एक पत्र जारी किया था। जिसमें लिखा है कि आपके बेटे ने अंतर्जातीय विवाह किया है।

## कांग्रेस ईवीएम पर रोना बंद करे : उमर

**जीत पर जश्न मनाते हैं, हारने पर सवाल क्यों**
**भरोसा नहीं तो चुनाव ही न लड़ें**

श्रीनगर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि कांग्रेस ईवीएम पर रोना बंद करे। चुनाव में जीतने पर आप जश्न मनाते हैं, जब हारते हैं तो ईवीएम पर सवाल उठाते हैं। यह ठीक नहीं है। पार्टियों को चुनाव लड़ने से पहले यह तय करना चाहिए कि उन्हें ईवीएम पर भरोसा है या नहीं।

अब्दुल्ला ने कहा, जब आप ईवीएम के जरिए 100 से अधिक सांसद चुनते हैं, तब इसे अपनी पार्टी की जीत बताते हैं। दूसरे चुनाव में रिजल्ट आपके अनुकुल नहीं होता है तो इसे गलत बता देते हैं। ये ठीक नहीं हैं। यदि किसी पार्टी को ईवीएम पर भरोसा नहीं है, तो उसे चुनाव लड़ना ही नहीं चाहिए।

उमर ने केंद्र सरकार से अपना वादा निभाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाए। केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर के स्पेशल स्टेटस को खत्म कर दिया था। इस दौरान इसे दो केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया गया था। उमर ने दिल्ली का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां कि सरकार लेफ्टिनेंट गवर्नर के साथ पावर शेयर करती है। ये कड़वा और विवादास्पद अनुभव है। दिल्ली छोटा राज्य है, जबकि जम्मू और कश्मीर चीन और पाकिस्तान की सीमा से लगा एक बड़ा और रणनीतिक एरिया है।

उन्होंने कहा, पिछले दो महीनों में जब से मैं सीएम बना हूं, मुझे अभी तक एक भी ऐसा उदाहरण नहीं मिला जहां जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश होने से कोई लाभ मिला हो। ऐसा एक भी उदाहरण नहीं है जहां शासन या विकास का काम जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश होने के कारण मिला हो। अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव केवल सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के कारण ही हो सके। हमारे लिए दुर्भाग्य की बात है कि जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा के सवाल पर सुप्रीम कोर्ट ने जितना अस्पष्ट फैसला दिया। अब्दुल्ला ने स्वीकार किया कि जम्मू-कश्मीर के हाइब्रिड राज्य बने रहने की स्थिति में उनके पास एक बैकअप योजना है। उन्होंने कहा कि मेरे पास बैकअप योजना नहीं होगी तो यह मूर्खता होगी।

# हम बहुसंख्यक बनेंगे

## बंगाल के मंत्री बोले : न्याय के लिए मोमबत्ती नहीं जलानी पड़ेगी, बीजेपी बोली- ये शरिया कानून की तरफ इशारा

कोलकाता, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में ममता सरकार के मंत्री फिरहाद हकीम के एक बयान पर विवाद हो गया है। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फिरहाद ने कहा कि आज मुस्लिम भले ही अल्पसंख्यक हों, लेकिन समय आएगा जब हम भी बहुसंख्यक होंगे। हमें न्याय के लिए मोमबत्ती नहीं जलानी पड़ेगी।

फिरहाद के इस बयान पर भाजपा ने आपत्ति जताई है। भाजपा के आईटी सेल प्रभारी अमित मालवीय ने हकीम के बयान की आलोचना की। मालवीय ने कहा, हकीम का यह बयान शरिया कानून के समर्थन की तरफ इशारा कर रहा है। फिरहाद हकीम 13 दिसंबर को कोलकाता में अल्पसंख्यक छात्रों से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

नगर निगम मामलों और शहरी विकास मंत्री हकीम ने कहा- पश्चिम बंगाल में हम 33 प्रतिशत



हैं और पूरे देश में हम 17 प्रतिशत हैं। हम संख्यात्मक रूप से अल्पसंख्यक हो सकते हैं, लेकिन अल्लाह की रहमत से हम इतने सशक्त हो सकते हैं कि हमें न्याय के लिए मोमबत्ती जलाने की जरूरत नहीं होगी। हम ऐसी स्थिति में होंगे, जहां हमारी आवाजें अपने आप सुनी जाएंगी और न्याय के लिए हमारी पुकार सुनी जाएगी।

**फिरहाद बोले- ज्यूडिशियरी में मुसलमान जजों की संख्या बढ़े**

कार्यक्रम में फिरहाद ने न्यायपालिका में मुसलमानों के कम प्रतिनिधित्व पर भी अपनी बात रखी। कलकत्ता हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनिंदा मुस्लिम जस्टिस की ओर इशारा करते हुए हकीम ने सुझाव दिया कि सशक्तिकरण और कड़ी मेहनत से इस अंतर को पाटा जा सकता है। हकीम ने कहा- हम मानते हैं कि अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य राष्ट्र की प्रगति को सुविधाजनक बनाने के लिए अन्य समुदायों के साथ मिलकर काम करते हैं।

**बीजेपी सांसद बोले- ये भाषण बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा करने जैसा :**

केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल बीजेपी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि टीएमसी नेता फिरहाद हकीम खुलेआम सांप्रदायिक नफरत भड़काने और एक खतरनाक एजेंडे को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है। यह सिर्फ नफरत फैलाने वाला भाषण नहीं है। यह भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा करने जैसा है। इंडी अलायंस चुप क्यों है?

# घंटों रनवे पर खड़ा रहा एयर इंडिया का विमान

## यात्री भूख और प्यास से बेहाल, नहीं हो रही कोई सुनवाई




मुंबई, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। एयर इंडिया की मुंबई से दिल्ली आनेवाली फ्लाइट एआई2994 में यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस विमान में सवार यात्री भूख और प्यास से बेहाल हैं। जानकारी के मुताबिक इस विमान को रनवे पर लंबे समय तक खड़ा रखा गया। यात्रियों को लगा कि अब थोड़ी देर में विमान उड़ान भरेगा। लेकिन यह अंतराल बढ़ता गया। जबकि इस विमान को सुबह 10.25 पर मुंबई के टर्मिनल-2 से दिल्ली के लिए उड़ान भरना था। उड़ान में देरी से यात्रियों की परेशानियां बढ़ने लगी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। यात्रियों को उड़ान में देरी की कोई वजह भी नहीं बताई जा रही थी। भूख और प्यास से बेहाल यात्रियों को नाश्ता तक नहीं दिया गया।

इसके बाद यात्रियों को बताया गया कि अब उन्हें दूसरे विमान से दिल्ली भेजा जाएगा। यात्रियों को टर्मिनल के लाउंज में ले जाकर बिठाया गया है। खाना खिलाने के बजाय उन्हें सुबह के नाश्ते का पैकेट दिया गया है, जिसमें स्नैक्स के छोटे-छोटे पैकेट थे। खबर लिखे जाने तक विमान के यात्री मुंबई एयरपोर्ट पर ही थे। विमान के अंदर का एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में विमान के अंदर मौजूद यात्री परेशान और बेहाल नजर आ रहे हैं। विमान अपने निर्धारित समय से घंटों बाद भी उड़ान नहीं भर पाया है।

# सीएम आतिशी-केजरीवाल पुरानी सीट से लड़ेंगे चुनाव

## आप की फाइनल लिस्ट में 38 प्रत्याशियों की घोषणा





नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव है। चुनाव की तारीखों का ऐलान भी जल्द होने वाला है। चुनावी तैयारी के बीच आम आदमी पार्टी ने रविवार को उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी। इस लिस्ट में 38 नाम हैं। पार्टी ने पहली सूची में 11 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान किया। वहीं, दूसरी सूची में 20 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित किए गए। पार्टी ने अपनी तीसरी सूची में एक नाम की घोषणा की थी। सीएम आतिशी कालकाजी सीट से चुनाव लड़ेंगी। वहीं केजरीवाल नई दिल्ली से चुनावी मैदान में हैं। ओखला से अमानतुल्लाह खान को टिकट मिला है। मालवीय नगर से सोमनाथ भारती को उतारा गया है। ग्रेटर कैलाश से सौरभ भारद्वाज प्रत्याशी हैं। बाबरपुर से मंत्री गोपाल राय और तिलक नगर से जरनैल सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। सत्येन्द्र कुमार जैन शकूर बस्ती से, मुकेश कुमार अहलावत सुल्तानपुर माजरा से, रघुविंदर शौकीन नांगलोई जाट से, सोम दत्त सदर बाजार से चुनाव लड़ेंगे।

### सूची आते ही केजरीवाल का भाजपा पर वार

आम आदमी पार्टी की फाइनल सूची आने के बाद अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज आम आदमी पार्टी ने सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। पार्टी पूरे आत्मविश्वास और पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ रही है। बीजेपी गायब है। उनके पास ना सीएम चेहरा है, ना टीम है, ना प्लानिंग है और ना दिल्ली के लिए कोई विज़न है। उनका केवल एक ही नारा है, केवल एक ही नीति है और केवल एक ही मिशन है - केजरीवाल हटाओ। उनसे पूछो 5 साल क्या किया, तो वो जवाब देते हैं - केजरीवाल को खूब गाली दी। केजरीवाल ने आगे लिखा, 'हमारी पार्टी के पास दिल्ली वालों के विकास के लिए विज़न है, प्लान है और उसे लागू करने के लिए पढ़े लिखे लोगों की एक अच्छी टीम है। पिछले 10 वर्षों में किए, कामों की लंबी लिस्ट है। दिल्ली वाले काम करने वालों को वोट देंगे, ना कि गाली देने वालों को।'

### दूसरी लिस्ट में इन उम्मीदवारों को आप ने दिया टिकट

बीते दिनों दिल्ली में आम आदमी पार्टी की पीएसी की बैठक हुई। बैठक में 20 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की थी। पार्टी ने मनीष सिसोदिया को इस बार जंगपुरा से चुनाव में उतारा है। वहीं राखी बिड़ला मादीपुर से चुनाव लड़ रही हैं। अवध ओझा पटपड़गंज से, शाहदरा से जितेंद्र सिंह शंटी को चुनावी मैदान में उतारा है।

# मुंबई में हफ्ते भर के अंदर बीईएसटी बस से तीसरा हादसा

## टक्कर के बाद बाइक सवार की मौत

**मुंबई, 15 दिसंबर (एजेंसियां)।** मुंबई में बेस्ट बस से एक और हादसा हुआ है। गोवंडी इलाके में बेस्ट बस ने एक 25 वर्षीय बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। यह घटना शनिवार रात को मुंबई के शिवाजी नगर गोवंडी में हुई। एक हफ्ते से भी कम समय में बेस्ट बस से जुड़ी यह तीसरी घटना है। मृतक की पहचान विनोद दीक्षित के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, बस शिवाजी नगर से कुर्ला बस स्टेशन (ई) जा रही थी। इसी समय बाइक सवार विनोद दीक्षित बस के दाहिने पिछले टायर की चपेट में आ गया और उसके सिर में चोट लग गई। घायल व्यक्ति को तुरंत पुलिस वैन द्वारा राजावाड़ी अस्पताल, घाटकोपर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# 'दिल्लीवालों का हक मारकर रोहिंग्या को दे रही केंद्र सरकार', सीएम आतिशी ने गृह मंत्री को लिखा पत्र



नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। पत्र में सीएम ने दिल्ली में रोहिंग्यों को बसाने का मुद्दा उठाया। आतिशी ने केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के ट्वीट पर सवाल उठाए। इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में कानून और व्यवस्था को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा था। सीएम आतिशी ने अपने लिखा कि केंद्र सरकार ने दिल्ली में रोहिंग्या को बसाया। केंद्र सरकार दिल्ली वालों का हक मारकर रोहिंग्या को दे रही है। केंद्रीय मंत्री हरदीप पूरी ने 2022 में स्वीकारा कि रोहिंग्या को केंद्र सरकार ने बसाया। क्या केंद्र सरकार इंडो बांग्लादेश बॉर्डर की सुरक्षा करने में नाकाम रही।

# मऊगंज में बॉयज हॉस्टल में देर रात हुआ तेज ब्लास्ट, केयरटेकर सहित 9 बच्चे घायल

मऊगंज, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले में एक सरकारी छात्रावास में रात को एलपीजी सिलेंडर फटने से कम से कम नौ लोग घायल हो गए, जिनमें आठ बच्चे हैं। एक अधिकारी ने आज बताया कि विस्फोट जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर नैगढ़ी में अनुसूचित जाति के लड़कों के हॉस्टल में बीत रात करीब 11 बजे हुआ। उन्होंने कहा, इस विस्फोट में आठ बच्चे और एक केयरटेकर घायल हो गए हैं। इस हादसे को लेकर जिला कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने कहा, नैगढ़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद घायलों को संजय गांधी हॉस्पिटल रीवा भेज दिया गया। उन्होंने कहा, प्राथमिक जांच में यही लग रहा है कि एलपीजी सिलेंडर में विस्फोट हुआ है। हालांकि, आगे की जांच की जा रही है। अधिकारी ने कहा, घायल लड़कों की उम्र 15 से 17 साल के बीच है। मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने बताया कि इस मामले में स्टूडेंट राहत फंड और अन्य मदों से छात्रों की मदद की जा रही है। इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पास भी मामला पहुंच गया है। उनकी ओर से भी कुछ ही देर में आर्थिक मदद का ऐलान किया जा सकता है। मऊगंज एसपी रचना ठाकुर ने बताया कि धमाका इतना जबरदस्त था कि केयरटेकर के कान का पर्दा फट गया है। इस हादसे में एक बच्चे का पैर कट गया है।

### मऊगंज एसपी ने किया ये खुलासा

उन्होंने बताया कि सभी विद्यार्थियों को मामूली छोटे आई हैं, जबकि एक को गंभीर चोट आई है। मऊगंज एसपी ने बताया कि रात के लगभग 11 बजे केयरटेकर उठा था। इस दौरान उसने हॉस्टल के पास बन रहे चार कमरे में से एक में आग जलते हुए देखी। इसके बाद वह छात्रों के साथ मौके पर पहुंचा, तो सिलेंडर के ऊपर कंबल ढके हुए थे और जैसे ही कंबल हटाए, वैसे ही सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया।

# एक लाख रिश्वत लेने का मामला

## महिला आयोग की उपाध्यक्ष व निजी सहायक को एसीबी टीम कार्यालय लेकर पहुंची



सोनीपत, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल व उनके निजी सहायक को लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम सोनीपत स्थित कार्यालय में लेकर पहुंची। दोनों को एक दिन पहले जींद एसीबी की टीम ने एक लाख रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। जींद पर शिक्षक व उनकी पुलिसकर्मी पत्नी के बीच विवाद सुलटाने के नाम रिश्वत मांगने का आरोप है। दोनों को एसीबी की टीम अदालत में पेश करेगी। जींद के जुलाना निवासी अनिल ने एसीबी जींद की टीम को शिकायत दी थी कि उनका पत्नी के साथ विवाद चल रहा है। वह जेबीटी शिक्षक हैं और उनकी पत्नी हरियाणा पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं। उनकी पत्नी ने महिला आयोग में उनके खिलाफ शिकायत दी थी, जिसमें वह 12 दिसंबर को सोनीपत में महिला आयोग की उपाध्यक्ष के सामने सुनवाई को पहुंचे थे। विवाद को निपटाने के नाम पर सोनिया अग्रवाल के निजी सहायक/चालक कुलबीर ने एक लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। उन्हें एक लाख रुपये देने के लिए हिसार के जिंदल पार्क के पास बुलाया गया था। जहां पर एसीबी जींद के डीएसपी कमलजीत सिंह की टीम ने कुलबीर को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया था।

# रियासी बस हमले में बड़ा खुलासा, आतंकियों ने इसलिए किया था हमला

जम्मू, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। रियासी के शिवखोड़ी बस आतंकी हमले को लेकर एनआईए ने चार्जशीट पेश कर दी है। चार्जशीट में राजोरी के हाकमदीन को आरोपी बनाया गया है। इसने आतंकियों को हमले के लिए हर तरह की मदद की थी। हमले का मकसद पूरी तरह से देशभर से शिवखोड़ी व वैष्णो देवी आने वाले श्रद्धालुओं में खौफ पैदा करना था। यहीं नहीं, आतंकी स्थानीय लोगों में भी भय पैदा करना चाहते थे। क्योंकि बस में सवार यात्री मां वैष्णो देवी के दर्शन कर लौटे थे। वे शिवखोड़ी में भी दर्शन करने गए थे। इसलिए जानबूझ कर बस को निशाना बनाया गया ताकि देशभर के वैष्णो देवी श्रद्धालुओं को जम्मू कश्मीर आने से रोका जाए। एनआईए की जांच में पता चला कि हाकम ने आतंकियों के लिए भोजन और रहने की व्यवस्था के अलावा हमले की जगह भी पहचान करने में मदद की थी। हाकम ने कई दिन की रेकी के बाद हमला करवाया। हाकम से पूछताछ के बाद एनआईए ने कई जगह छापे मारकर साक्ष्य जुटाए।

# दाऊद इब्राहिम के करीबी पर मुंबई पुलिस का शिकंजा

## ड्रग्स से जुड़े केस में दानिश मर्चेंट गिरफ्तार



मुंबई, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में मुंबई की एलटी मार्ग पुलिस ने दाऊद इब्राहिम के गुर्गे और डोंगरी में उसकी ड्रग्स की फैक्ट्री संभालने वाले दानिश मर्चेंट को गिरफ्तार किया है। दानिश मर्चेंट को दानिश चिकना के नाम से भी जाना जाता है। वह ड्रग्स के एक मामले में वांछित आरोपी था। पुलिस ने उसके साथ एक और साथी कादर गुलाम शेख को भी गिरफ्तार किया है। इस मामले में अन्य आरोपियों मोहम्मद अशिकुर, मोहम्मद सहीदूर रहमान और रेहान शकील अन्सारी को पिछले महीने ही गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों ने बताया कि पिछले महीने आठ नवंबर को आरोपी अशिकुर को मरीन लाइन स्टेशन इलाके से 144 ग्राम ड्रग्स गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने रेहान शकील से ड्रग्स खरीदी थी। पुलिस तुरंत रेहान शकील को गिरफ्तार करने पहुंची। उसके पास से 55 ग्राम ड्रग्स बरामद किया गया। रेहान ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने रहमान और उसके पास से मिले कुल 199 ग्राम ड्रग्स को दाऊद इब्राहिम के करीबी दानिश चिकना से खरीदा था। जानकारी मिलने के बाद से ही पुलिस वांछित अपराधी दानिश चिकना और कादर गुलाम शेख की तलाश में जुट गई। 13 दिसंबर को पुलिस को सूत्रों के जरिए दोनों का पता चला था।

# जम्मू कश्मीर: रियासी में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, अरनिया में पाकिस्तानी ड्रोन पकड़ाया

जम्मू, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। सेना ने जम्मू कश्मीर में दो अलग-अलग जगह कार्रवाई करते हुए आतंकी ठिकाने और ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया है। रियासी में जिस आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ हुआ है, वहां से बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। वहीं, सीमा के पास पकड़े गए पाकिस्तानी ड्रोन के साथ लगभग आधा किलो ड्रग्स बरामद हुए हैं। जानकारी के अनुसार सेना ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में एक बड़े आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और हथियारों और गोला-बारूद का बड़ा जखीरा बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों ने माहोर के वन क्षेत्र में घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान ठिकाने का भंडाफोड़ किया।



### एके असॉल्ट राइफल बरामद

अधिकारियों के अनुसार, ठिकाने से बरामद की गई चीजों में एक एके असॉल्ट राइफल, 400 से अधिक राउंड वाली इसकी तीन मैगजीन, दो पिस्तौल, 14 राउंड वाली दो मैगजीन और चार हथगोले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है और विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

### पाकिस्तानी ड्रोन पकड़ाया

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने यहां अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास करीब आधा किलोग्राम उच्च श्रेणी का मादक पदार्थ ले जा रहे एक पाकिस्तानी ड्रोन को जब्त किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन सीमा पार से भारत में घुसा था और शनिवार देर रात अरनिया सेक्टर में चिनाज सीमा चौकी क्षेत्र से इसे जब्त किया गया। बरामदगी की पुष्टि करते हुए बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि जवानों ने शनिवार रात आठ बजकर 10 मिनट पर पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया और मादक पदार्थ की तस्करी के प्रयास को नाकाम कर दिया।

### 495 ग्राम मादक पदार्थ जब्त

अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन से 495 ग्राम मादक पदार्थ भी जब्त किया गया। अधिकारी ने एक बयान में कहा, ''बीएसएफ जम्मू के जवानों ने एक बार फिर राष्ट्र विरोधी तत्वों के नापाक मंसूबों को पानी फेर दिया जो राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।''

# दिल्ली में जनता को डबल इंजन की सरकार चाहिए : कैलाश गहलोत

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर तमाम राजनीतिक पार्टियां चुनावी अभियान शुरू कर जनता से रूबरू हो रही है। दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश गहलोत भी सुबह-सुबह जनता से मिले। मिलने के बाद दावा किया कि यहां की जनता अब डबल इंजन की सरकार चाहती है। जनता से मुलाकात, उनके विचार और अपनी सोच को लेकर उन्होंने आईएएनएस से बातचीत की। कैलाश गहलोत ने कहा, "इस बार दिल्ली की जनता ने मन बना लिया है कि वह दिल्ली में बदलाव चाहते हैं। दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को दो बार भारी बहुमत से जिताया। अब लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। जो वादे किए थे वह पूरे नहीं हुए।" आगे बोले, दिल्ली की जनता ने 15 साल कांग्रेस का शासन देखा। 10 साल आम आदमी पार्टी का शासन देखा। मैं रोजाना लोगों के बीच में जा रहा हूं। लोगों के मन में है कि उन्हें इस बार ऐसी सरकार चाहिए जो केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दिल्ली का विकास कर सके। एक सवाल के जवाब में गहलोत ने कहा, "देश के विकास के लिए अगर कोई पार्टी काम कर रही है तो वह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी है। मैं कहना चाहूंगा कि भाजपा देश की मान और प्रतिष्ठा बढ़ा सकती है।" कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के दिल्ली विधानसभा चुनाव में गठबंधन पर भाजपा नेता ने कहा, गठबंधन तो लोकसभा चुनाव के दौरान भी हुआ था। लेकिन, परिणाम क्या निकला। केजरीवाल तो जेल से बाहर आकर लोगों से अपील कर रहे थे कि अगर वह नहीं चाहते कि जेल जाऊं तो इंडी अलायंस के प्रत्याशी को वोट दें। अब विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल कह रहे हैं कि उन्हें किसी की जरूरत नहीं है। उनकी पार्टी सक्षम है।

# 'सबसे ज्यादा फिजूलखर्च करने वाले सीएम हैं नीतीश कुमार'

## महिला संवाद यात्रा पर अब तेजस्वी का हमला



सुपौल, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महिला संवाद यात्रा पर राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू यादव के बाद अब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार देश के सबसे ज्यादा फिजूलखर्च करने वाले सीएम हैं। रविवार को सुपौल में अपनी जन संवाद यात्रा के क्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि एक तरफ सीएम नीतीश कुमार बिहार को गरीब और बीमारू राज्य बताते हैं। वहीं दूसरी ओर 15 दिनों की यात्रा के नाम पर दो अरब से भी अधिक रुपये पानी की तरह बहा रहे। यह जनता की गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग है और अधिकारियों को लूट की खुली छूट है।

### सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने परीक्षाओं के पेपर लीक का मुद्दा उठाया और सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया। कहा कि निर्दोष छात्रों पर नीतीश सरकार लाठियां बरसाती है। उनकी आवाज दबाई जा रही है। विधानचुनाव को लेकर तेजस्वी ने कहा कि 2025 में सरकार बनी तो माई-बहिन मान योजना लागू करेंगे। इसके तहत माताओं के बैंक खाते में हर माह 2500 की राशि दी जाएगी। सरकार बनते ही हम एक महीने के अंदर इस योजना को शुरू कर देंगे।

### पांच दिन पहले लालू के बयान पर मचा था बवाल

बता दें कि पांच दिन पहले राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने नीतीश कुमार की यात्रा को लेकर 'आंख सेंकने...' वाली बात कही थी। उन्होंने कहा था कि वह नयन सुख के लिए जा रहे हैं। नयन सेंकने के लिए वह यात्रा पर जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड के साथ भारतीय जनता पार्टी समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी दलों ने उन्हें स्त्री शुचिता के खिलाफ बताते हुए लालू पर जमकर हमला बोला था।

# रिश्तेदार से कहनी थी दिल की बात, नहीं बोल पाया तो काट लीं अपने हाथ की उंगलियां

सूरत, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। गुजरात के सूरत में एक युवक ने अपने सीधे हाथ की उंगलियां काट लीं। इसकी वजह ये थी कि वह अपने रिश्तेदार की कंपनी में काम नहीं करना चाहता था लेकिन ये बात वह अपने रिश्तेदार से कह नहीं पा रहा था। इसलिए उसने अपने आप को ही नुकसान पहुंचा लिया और अपनी उंगलियां काट लीं। युवक सड़क पर गिरा हुआ मिला। पुलिस के पास मामला पहुंचा, तो पता चला कि उसने खुद ही अपनी उंगली काट ली है। दरअसल मयूर तारापारा नाम का युवक वाराछा मिनी बाजार स्थित फर्म अनाभ जेम्स में काम करता है। वह अकाउंट डिपार्टमेंट में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर काम कर रहा था लेकिन वह इतनी हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था कि बता दे कि अब काम नहीं करना चाहता। ऐसे में उसने काम से बचने के लिए अपने सीधे हाथ की उंगलियों को अलग कर एक बैग में करके फेंक दिया, जिससे के वह जॉब करने के काबिल ही न रहे। पुलिस में केस दर्ज किया गया।इसके बाद इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई। क्राइम ब्रांच की ओर से छानबीन शुरू की गई और आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को देखा गया।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी को बड़ा झटका, पार्टी के दो नेता आप में शामिल




नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के दो नेताओं ने आज आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। कस्तूरबा नगर विधानसभा के कोटला मुबारकपुर वार्ड से बीजेपी पार्षद कुसुम लता आम आदमी पार्टी में शामिल हो गईं। कुसुम लता के साथ ही उनके पति रमेश पहलवान भी आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कुसुम लता और उनके पति रमेश पहलवान को आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई और स्वागत किया। कुसुमलता ने कहा कि मैं अपने आप को सौभाग्यशाली समझती हूं कि आज आप के साथ जुड़ी हूं। वहीं रमेश पहलवान ने कहा कि मेरी आज घर वापसी हो रही है। मैं समझता हूं कि मैं दोबारा से सही जगह आया हूं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की दिल की धड़कन अरविंद केजरीवाल हैं। इससे पहले पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र सिंह शंटी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे। शहीद भगत सिंह (एसबीएस) फाउंडेशन के अध्यक्ष शंटी को कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान उनके मानवीय प्रयासों के लिए पहचान मिली और उन्हें 2021 में पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया। शंटी, शहीद भगत सिंह सेवा दल के संस्थापक भी हैं। यह एक गैर सरकारी संगठन है जो लावारिस शवों का अंतिम संस्कार तथा उसके बाद के क्रियाकर्म हिंदू एवं सिख परंपराओं के अनुसार करता है। शंटी 2013 से 2015 तक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक रह चुके हैं। शंटी से पहले सिविल सेवा कोचिंग शिक्षक और प्रेरक वक्ता अवध ओझा भी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। ओझा ने कहा कि वह पार्टी की बच्चों के भविष्य पर केंद्रित विचारधारा से जुड़े हैं और उन्होंने शिक्षा के विकास को अपनी सबसे बड़ी महत्वाकांक्षा बताया। ओझा ने केजरीवाल नीत पार्टी में शामिल होने के बाद कहा, ''शिक्षा एक ऐसा माध्यम है, जो हमारे परिवारों की आत्मा, हमारे समाज की संरचना और हमारे राष्ट्र की आधारशिला बनाती है। दुनिया भर के सभी महान राष्ट्रों ने शिक्षा को अपनी प्रगति के आधार के रूप में रखा है।'' उन्होंने कहा, '' मैं अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे राजनीति के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में काम करने का मौका दिया।'' दिल्ली में अगले साल फरवरी में विधानसभा चुनाव होने हैं। आप ने 2020 में 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा में 62 सीट जीती थी और अब पार्टी लगातार तीसरी बार जीत की उम्मीद कर रही है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता
मेरा हैदराबाद
सोमवार, 16 दिसंबर, 2024 

**सुविचार:** जो आने वाला हैं वह हमेशा गुजरे हुए कल से बेहतर होगा, यह एक सोच आपको जीवन में कभी निराश नहीं होने देगी।

# भूमिहीन मजदूरों को छह हजार रुपये का पहली किश्त दी जाएगी : भट्टी

खम्मम, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने घोषणा की है कि भूमिहीन गरीब परिवार को दो किस्तों में वितरित 12,000 रुपये की वार्षिक सहायता मिलेगी। 6,000 रुपये का पहला भुगतान 28 दिसंबर, 2024 को उनके खातों में जमा किया जाना है। रविवार को एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान, उपमुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद से, कांग्रेस सरकार ने 12,000 रुपये का निवेश किया है। कृषि और किसानों के कल्याण में सीधे 50,953 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा, इसने संक्रांति त्योहार से शुरू होने वाली रैतु भरोसा योजना के तहत किसानों को समर्थन देने का



संकल्प लिया है। उन्होंने अपने दशक भर के कार्यकाल के दौरान किसानों को कोई सहायता प्रदान करने में विफल रहने के लिए पिछली बीआरएस सरकार की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि बीआरएस नेता अपनी उपलब्धियों के बारे में गलत धारणा बनाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि तेलंगाना में सभी क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने के लिए, राज्य सरकार राज्य भर में उद्योगों के विस्तार के लिए कोत्तागुडेम, रामागुंडम, आदिलाबाद और वारंगल क्षेत्रों में हवाई अड्डे स्थापित करने की योजना बना रही है। हैदराबाद शहर को अंतर्राष्ट्रीय शहरों की तर्ज पर विकसित करने के लिए, राज्य सरकार ने मूसी कायाकल्प परियोजना शुरू की है और प्रस्तावित परियोजना हैदराबाद के चरण को बदल देगी। भट्टी ने बताया, हम सभी जिलों को जोड़ने के लिए एक क्षेत्रीय रिंग रोड (आरआरआर) का निर्माण करने जा रहे हैं। इसके अलावा, हम बाहरी रिंग रोड और क्षेत्रीय रिंग रोड के बीच औद्योगिक और आवास क्लस्टर स्थापित करने जा रहे हैं, जो भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक बड़ी संपत्ति प्रदान करेगा।

# मंदिर के विकास के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे : कोंडा सुरेखा

### मंत्री ने पदमती अंजनेय स्वामी ब्रह्मोत्सवम में भाग लिया



हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वन, पर्यावरण और देवदया धर्मार्थ मंत्री कोंडा सुरेखा ने नारायणपेट जिले के मकतल निर्वाचन क्षेत्र में पदमती अंजनेय स्वामी ब्रह्मोत्सवम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस मौके पर मक्तल विधायक वाकीति श्रीहरि मुदिराज, जिला कलेक्टर सिक्ता पटनायक और एसपी योगेश गौतम ने मंत्री सुरेखा का स्वागत किया। स्थानीय नल्लाजनम्मा मंदिर का दौरा करने के बाद, मंत्री सुरेखा पदमती ने अंजनेय स्वामी ब्रह्मोत्सवम में भाग लिया। देवस्थानम पहुंचने पर मंत्री सुरेखा का आयोजकों ने मंदिर की साज-सज्जा से स्वागत किया। अंजनेयस्वामी के ब्रह्मोत्सव के सम्मान में मंत्री सुरेखा ने स्वामी को रेशमी वस्त्र अर्पित किए और पूजा-अर्चना की। इस मौके पर मंत्री ने वेद मंत्रों के साथ विशेष पूजा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ब्रह्मोत्सवम में मुख्य अतिथि के रूप में आए मंत्री सुरेखा का मंदिर प्रबंधन ने सम्मान किया और भगवान को तीर्थप्रसाद अर्पित किया। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री सुरेखा ने कहा कि वह मकतल पदमती के अंजनेयस्वामी ब्रह्मोत्सवम में भाग लेने के लिए भाग्यशाली महसूस करती हैं, जिसका 500 वर्षों का गौरवशाली इतिहास है। मंत्री सुरेखा ने स्पष्ट किया कि पदमती अंजनेयस्वामी मंदिर का नाम इस मंदिर तक फैला है, जो दक्षिण भारत के उन कुछ मंदिरों में से एक है जो पश्चिम की ओर स्थित है। मंत्री ने कहा कि गर्भगृह में अंजनेयस्वामी की मूर्ति पश्चिम की ओर झुकी हुई है और मंदिर में गोपुरम की अनुपस्थिति भगवान के महत्व और विशिष्टता को दर्शाती है। मंत्री ने कहा कि विधायक श्रीहरि के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र के मंदिरों के लिए समितियों का गठन किया जायेगा। मंदिर के विकास के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। इस क्षेत्र में कृष्णा नदी बहती है, इसलिए वह आने वाले समय में कृष्णा नदी के पुष्करों को सबसे शानदार तरीके से व्यवस्थित करने के लिए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से चर्चा करेंगे। मंत्री ने उल्लेख किया कि जहां भी संभव हो, मंदिर की भूमि पर महिला समूहों के तत्वावधान में सौर संयंत्रों के प्रबंधन के लिए योजनाएं तैयार की जा रही हैं। यह स्पष्ट किया गया है कि जहां सौर संयंत्र संचालित करने की कोई संभावना नहीं है, वहां पाम तेल के बागानों की खेती करने का निर्णय लिया गया है। मंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने चरम सीमा पर जाकर मंदिरों में न्यूनतम सुविधाओं की उपेक्षा की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जन सरकार बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने के साथ-साथ श्रद्धालुओं की भावनाओं के अनुरूप कई कार्यक्रम चला रही है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मल्लिकार्जुन, मंदिर ईओ श्यामसुंदर चारी, प्रधानर्चकु प्राणेशचारी, कई जन प्रतिनिधि, स्थानीय कांग्रेस नेता और अन्य लोग शामिल हुए।

# अभिनेता मोहन बाबू ने पत्रकार से माफी मांगी

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अभिनेता मोहन बाबू ने आज हैदराबाद के अस्पताल में इलाज करा रहे पत्रकार रंजीत से मुलाकात की। मोहन बाबू ने हमले के लिए रंजीत और उनके परिवार के सदस्यों से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि वे रंजीत के दर्द से वाकिफ हैं, उन्होंने कामना की कि रंजीत जल्द ठीक हो जाएं। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने रंजीत पर जानबूझ कर हमला नहीं किया। मोहन बाबू की माफ़ी पर प्रतिक्रिया देते हुए रंजीत ने उनसे अनुरोध किया कि वे उनसे नहीं बल्कि पूरे पत्रकार समुदाय से माफ़ी मांगें। रंजीत के अनुरोध पर मोहन बाबू ने अपने हिंसक हमले के लिए सभी पत्रकारों से माफ़ी मांगी। यहां यह उल्लेख करना ज़रूरी है कि मांचू परिवार में विवाद ने हलचल मचा दी है। 10 दिसंबर को मीडियाकर्मी मांचू परिवार के झगड़े को कवर करने के लिए अभिनेता मोहन बाबू के जलपल्ली स्थित आवास पर गए थे। मोहन बाबू ने पत्रकार रंजीत पर माइक से हमला किया और उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के सिलसिले में मोहन बाबू के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। मोहन बाबू के साथ मारपीट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। पत्रकार यूनियनों ने मोहन बाबू पर तीखा हमला किया है और उनके खिलाफ कड़ी पुलिस कार्रवाई की मांग की है।

# सीएम ने सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की



हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी जयंती के अवसर पर उनके जुबली हिल्स आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, कोंडा सुरेखा, पूर्व एमएलसी कोंडा मुरली और सीएम के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी ने पटेल के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# दंपत्ति विवाद को खत्म करने की कोशिश में पुलिसकर्मी बन गया विवाद का कारण

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नलगोंडा में एक वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर विवाद का केंद्र बन गया है और एक दंपति के बीच विवाद का कारण बन गया है, जिन्होंने अपने बीच एक अन्य विवाद को खत्म करने के लिए उनसे संपर्क किया था। अब उन पर विवाहेतर संबंध में कथित रूप से शामिल होने और अपने घर की बिक्री से प्राप्त आय पर दंपति के विवाद को सुलझाने का प्रयास करते समय दुर्व्यवहार करने के आरोप में जांच का सामना करना पड़ रहा है।

मोबाइल शॉप के मालिक मरेडी प्रशांत रेड्डी ने पुलिस अधीक्षक रमेश चंद्र पवार के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें अधिकारी पर नैतिक पतन का आरोप लगाया गया था। प्रशांत रेड्डी ने टू टाउन सर्किल इंस्पेक्टर डेनियल पर अपनी पत्नी शिल्पा के साथ विवाहेतर संबंध रखने का आरोप लगाया और आरोप लगाया कि उसके प्रभाव में, पुलिस उसे कई तरह से परेशान कर रही है। प्रशांत रेड्डी ने सबूत के तौर पर अपनी पत्नी और इंस्पेक्टर के बीच व्हाट्सएप मैसेज और वीडियो कॉल पर बातचीत के स्क्रीनशॉट पेश किए और यह भी आरोप लगाया कि दोनों ने उसे खत्म करने की साजिश रची थी। अपनी जान को खतरा होने के कारण प्रशांत ने एसपी से हस्तक्षेप की मांग की।

प्रशांत रेड्डी और शिल्पा की शादी को 14 साल हो चुके हैं और उनके दो बच्चे हैं। उन्होंने अपने माता-पिता की मर्जी के खिलाफ शादी की थी, लेकिन उनके बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे, ऐसे ही एक विवाद ने उन्हें पुलिस स्टेशन और फिर वहां से इंस्पेक्टर के पास पहुंचा दिया। दंपति के झगड़े का फायदा उठाते हुए, सीआई ने कथित तौर पर प्रशांत को सलाह दी कि वह अपने पैतृक गांव में अपनी संपत्ति बेच दे और अपनी पत्नी से तलाक के लिए उसके पास जाए। पुलिस अधीक्षक रमेश चंद्र पवार ने कथित तौर पर स्थानीय पुलिस उपाधीक्षक को प्रथम दृष्टया साक्ष्य स्थापित करने और मामला दर्ज करने का काम सौंपा है। सूत्रों के अनुसार विभागीय कवायद जारी है।

# कांग्रेस शासन में कई क्षेत्रों में पिछड़ रहा तेलंगाना : केटीआर

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने राज्य की आर्थिक मंदी के लिए तेलंगाना की कांग्रेस सरकार की आलोचना की है और इसके लिए 'अनुभवहीनता, अक्षमता और भ्रष्टाचार' को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि के चंद्रशेखर राव के दशक भर के शासन के दौरान फलने-फूलने वाला तेलंगाना अब कई क्षेत्रों में पिछड़ रहा है।



परिवहन विभाग के राजस्व को एक प्रमुख आर्थिक संकेतक बताते हुए रामा राव ने कहा कि दक्षिण भारत में तेलंगाना एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां इसमें गिरावट दर्ज की गई है। जबकि पड़ोसी राज्यों ने वाहन पंजीकरण और राजस्व में 8 प्रतिशत से 32 प्रतिशत के बीच वृद्धि दर्ज की, उन्होंने कहा कि तेलंगाना के आंकड़ों में गिरावट आई है। उन्होंने तर्क दिया कि यह गिरावट कांग्रेस सरकार के खराब शासन और आर्थिक कुप्रबंधन को दर्शाती है।

# थमने का नाम नहीं ले रहा मंचू परिवार का ड्रामा

### फिर पहाड़ीशरीफ पुलिस स्टेशन पहुंचे मनोज

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मोहन बाबू परिवार में समस्याएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। रविवार को दिग्गज अभिनेता के छोटे बेटे मंचू मनोज शाम को फिर पहाड़ीशरीफ पुलिस स्टेशन पहुंचे। पता चला है कि मनोज पुलिस स्टेशन में अधिकारियों को यह बताने गए थे कि शनिवार रात मंचू विष्णु, उनके बड़े भाई और अन्य लोगों ने उन्हें और उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की थी।

मीडिया को जारी एक बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि विष्णु अपने साथियों- राज कोंडुर्गू, किरण विजय रेड्डी और बाउंसरों के एक समूह के साथ मेरी मां के जन्मदिन पर उनके लिए केक पहुंचाने के बहाने उनके घर में घुस आए। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने मेरे घर में मुख्य जनरेटर के साथ छेड़छाड़ की, चीनी के साथ डीजल मिलाया, यह जानबूझकर किया गया काम था, ताकि भयावह विफलता हो। देर रात, जनरेटर में खराबी आ गई, जिससे खतरनाक विद्युत उतार-चढ़ाव होने लगे। पूरा घर खतरे में था, जिसमें मेरी बुजुर्ग मां, मेरी नौ महीने की बेटी, मेरे चाचा और गांव की मेरी चाची शामिल थीं।

उन्होंने आगे आरोप लगाया कि विष्णु और उनकी टीम ने मेरे घर से आखिरी वफादार कर्मचारी को जबरन हटाकर स्थिति को और बिगाड़ दिया, जिससे उनका परिवार असुरक्षित और असहाय हो गया। मनोज ने बयान में आरोप लगाया कि यह कोई अकेली घटना नहीं है, बल्कि धमकियों और दुश्मनी के बढ़ते पैटर्न का हिस्सा है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों की ओर से पहले से दी गई चेतावनी के बावजूद, ये कार्रवाइयां मेरे परिवार और मेरी सुरक्षा की पूरी तरह अनदेखी करते हुए जारी रहीं।

# जगतियाल में कविता का गर्मजोशी से स्वागत

### बड़ी संख्या में जुटीं महिलाएं





जगतियाल, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस एमएलसी के कविता का रविवार को जगतियाल पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जगतियाल शहर के बाहरी इलाके में धारुर चौराहे पर बड़ी संख्या में एकत्रित महिलाओं और बीआरएस कार्यकर्ताओं ने उन्हें एक विशाल माला पहनाकर स्वागत किया। कविता ने अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद महिलाओं के साथ 'बतुकम्मा' खेला। बाद में उन्होंने धारुर से नए बस स्टैंड तक आयोजित बाइक रैली में हिस्सा लिया।

उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाओं और अन्य लोगों के एकत्र होने से एक बार फिर यह साबित हो गया है कि जगतियाल बीआरएस के लिए एक 'अड्डा' है। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों ने कांग्रेस के शासन में तेलंगाना थल्ली और बतुकम्मा को खो दिया है। उन्होंने कांग्रेस द्वारा महिलाओं को दिए गए 2,500 रुपये प्रति माह के वादे की स्थिति पर सवाल उठाया। स्थानीय विधायक डॉ. संजय कुमार पर कविता ने सवाल उठाया कि बीआरएस के वोट मिलने के बाद कांग्रेस में शामिल होने वाले विधायक विधानसभा सत्र में कैसे भाग ले रहे हैं?

# उत्कर्ष का प्रतीक बना विद्यापति स्मृति पर्व



हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विद्यापति स्मृति संध्या पर्व आज जबरदस्त उत्साह का केंद्र बिंदु बना। मिथिला सामाजिक मंच के तत्वावधान में आयोजित समारोह का विधिवत शुभारंभ दरभंगा के भाजपा विधायक संजय सरावगी, आंध्र प्रदेश के पूर्व डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस राम प्रवेश ठाकुर, पूर्व विधायक सह तेलंगाना प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष एनवीएसएस प्रभाकर, मिथिला सामाजिक मंच के अध्यक्ष राम विनोद झा, महासचिव रंजन कुमार झा एवं वरिष्ठ मैथिली सेवा अभियानी प्रवीण कुमार झा ने मिलकर किया।

अपने संबोधन में संजय सरावगी ने कहा कि विद्यापति विश्वव्यापी महान साहित्यकार थे। मिथिला से कोसों दूर दण्डकारण्य क्षेत्र में स्थित हैदराबाद में मिथिला सामाजिक मंच द्वारा उनके कृतित्व को संरक्षित एवं संवर्धित किए जाने का किया जा रहा कार्य काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से पूरी दुनिया में कवि कोकिल बाबा विद्यापति के नाम पर कार्यक्रम हो रहे हैं और सभी मिथिलावासी एक जगह एकत्रित हो अपने मातृभूमि और मातृभाषा के विकास के प्रति एकत्रित हो रहे हैं, यह मिथिला और मैथिली के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभ संकेत है।

बतौर मुख्य अतिथि आंध्रप्रदेश के सेवानिवृत्त डीजीपी राम प्रवेश ठाकुर ने कहा कि विद्यापति का सम्मान सिर्फ मिथिलावासी ही नहीं, पूरे देश और विश्व के लोग करते हैं। मिथिला के सर्वांगीण विकास के लिए पृथक मिथिला राज्य का गठन वर्तमान समय के हिसाब से अपरिहार्य है और इसके लिए एकजुट होकर जोर लगाने की जरूरत है।

पूर्व विधायक सह तेलंगाना भाजपा प्रदेश कमेटी के उपाध्यक्ष एनवीएसएस प्रभाकर ने कहा कि हैदराबाद में मिथिला की सांस्कृतिक ललक जगाने में मिथिला सामाजिक मंच का अहम योगदान रहा है। दुनिया की सबसे मीठी भाषा मैथिली बोलने वाले लोगों की आपसी एकता और एकजुटता अहम है।

मिथिला सामाजिक मंच के अध्यक्ष राम विनोद झा ने कहा कि मिथिला विद्यापति के कारण भारत की सांस्कृतिक विरासत और मानवीय मूल्यों के संवाहक के रूप में कार्य करती रही है और भारत की उत्स्कृटता में मिथिला का अहम योगदान है। मंच के कार्यकारी अध्यक्ष शंभु नाथ झा ने मिथिला और मैथिली की यथा स्थिति की विस्तार से चर्चा करते कहा कि यह अत्यंत खेद का विषय है कि मैथिली को भले ही संवैधानिक भाषा का दर्जा मिल गया है लेकिन वह राजनीतिक उपेक्षा का शिकार होकर अभी भी अपने अधिकार से वंचित है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए महासचिव रंजन कुमार झा ने कहा कि हैदराबाद के प्रवासी मैथिलों के अभूतपूर्व सहयोग के कारण ही विद्यापति स्मृति संध्या का आयोजन लगातार छठी बार संभव हो रहा है।

प्रवीण कुमार झा के संचालन में आयोजित भव्य समारोह में मैथिली मंच के स्थापित कलाकार अरविंद सिंह, वर्षा झा एवं उनके साथियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

# सिंगरेनी ने एनर्टिया फाउंडेशन पुरस्कार जीता

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिंगरेणी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) को पर्यावरण के अनुकूल संधारणीय खनन के साथ-साथ अपरंपरागत ऊर्जा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक और प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला है। एनर्टिया फाउंडेशन हर साल पुरस्कार प्रदान करके भारत और दक्षिण एशिया में संधारणीय ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले संगठनों का चयन करता है और उन्हें प्रोत्साहित करता है। इस वर्ष, सिंगरेनी को नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने के साथ भारत की सर्वश्रेष्ठ और सबसे संधारणीय कोयला खनन ऑपरेटर श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ कंपनी के रूप में चुना गया है। सिंगरेणी को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 20 दिसंबर को विशाखापट्टनम में एनर्शिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित 17वें राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार समारोह में प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार समिति के निर्णायक मंडल के संयोजक आर. त्यागराजन अय्यर ने कहा कि सिंगरेनी कंपनी ने न केवल पर्यावरण अनुकूल खनन को प्राथमिकता देते हुए सफलतापूर्वक टिकाऊ खनन किया है, बल्कि गैर-परंपरागत ऊर्जा स्रोतों में से एक सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में भी सफलतापूर्वक आगे बढ़ी है, इसलिए उसे इन क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ कंपनी के रूप में चुना गया है। इस बीच सिंगरेनी कोलियरीज के सीएमडी एन. बलराम ने कहा कि एनर्शिया द्वारा घोषित राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार सिंगरेणी कंपनी द्वारा पर्यावरण अनुकूल कार्यों की मान्यता है। उन्होंने आगे कहा कि एससीसीएल आने वाले दिनों में अपनी पर्यावरण गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करके इसी भावना के साथ आगे बढ़ेगी।

# माओवादियों ने छत्तीसगढ़ सुरक्षा बलों पर फर्जी मुठभेड़ का लगाया आरोप

कोत्तागुडेम, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सीपीआई (माओवादी) माड़ डिवीजन कमेटी ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ राज्य के नारायणपुर जिले के माड़ डिवीजन के इंद्रावती इलाके में 10 से 13 दिसंबर तक हुई मुठभेड़ फर्जी मुठभेड़ थी। मीडिया को जारी एक बयान में माओवादियों ने दावा किया कि मुठभेड़ में मारे गए सात लोगों में से पांच ग्रामीण थे और दो नक्सली थे। नक्सलियों ने मृतकों की एक सूची भी जारी की, जिसमें माओवादी ओडिशा राज्य समिति के सदस्य कार्तिक दादा (62) उर्फ दसरू दादा और पश्चिम बस्तर संभाग समिति की सदस्य रमीला मड़कम का नाम शामिल है।

# अद्विक, चिदविलास ने हासिल किया शीर्ष सम्मान

### ब्रिलियंट ट्रॉफी शतरंज टूर्नामेंट

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अद्विक रंगा और चिदविलास साई ने रविवार को दिलसुखनगर स्थित ब्रिलियंट ग्रामर हाई स्कूल में आयोजित 223वें ब्रिलियंट ट्रॉफी शतरंज टूर्नामेंट में क्रमशः जूनियर और ओपन वर्ग का खिताब जीत लिया। जूनियर वर्ग में, आद्विक ने कई राउंड में से 6 अंक प्राप्त करके विजेता का खिताब जीता, जबकि साई निगम और चल्ला शाहंत ने 5-5 अंक प्राप्त करके क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। ओपन वर्ग में चिदविलास ने 6 अंकों के साथ खिताब जीता, उसके बाद गडे विशाल और दिविथ रेड्डी अदुल्ला ने 5-5 अंकों के साथ क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# श्रीतेज अभी भी पीआईसीयू में

### पुष्पा-2 के प्रीमियर में भगदड़ में हुआ था घायल



हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आरटीसी चौराहे पर स्थित संध्या थिएटर में पुष्पा-2 फिल्म की प्रीमियर स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ में घायल हुए लड़के श्रीतेज को अभी भी पीआईसीयू (बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई) में रखा गया है और उसे वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है, यह जानकारी रविवार को सिकंदराबाद के किम्स कडल्स के डॉ. चेतन आर. मुंदादा और डॉ. विष्णु तेज पुदी ने एक स्वास्थ्य बुलेटिन में दी।

बुलेटिन में डॉक्टरों ने कहा कि उनके महत्वपूर्ण पैरामीटर स्थिर हैं, वे भोजन को अच्छी तरह से सहन कर रहे हैं। उन्हें बीच-बीच में बुखार आता रहता है। उनके संवेदी अंग में लगातार परिवर्तन हो रहा है और बार-बार असामान्य हरकतें हो रही हैं। हम उनकी न्यूरोलॉजिकल स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं।



## महिलाओं के साथ मारपीट कर उतरवाया हिजाब, एक आरोपी हिरासत में

सहारनपुर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में महिलाओं के साथ मारपीट और हिजाब उतरवाने की घटना सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, मुस्लिम महिला और उसकी बहन पर हमला कर वीडियो बनाया गया। घटना के दौरान वे एक व्यक्ति को रास्ता बताने में मदद कर रही थीं। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर एक को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि एक मुस्लिम महिला और उसकी बहन को एक समूह ने कथित तौर पर पीटा और हिंदू व्यक्ति के साथ होने के संदेह में उनके हिजाब उतरवा दिए। उन्होंने बताया कि हमलावरों ने इस कृत्य का वीडियो भी बनाया और वीडियो ऑनलाइन अपलोड कर दिया। देवबंद पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत में महिलाओं ने कहा कि वे एक व्यक्ति को रास्ता बताने में मदद कर रही थीं, तभी मुस्लिम समुदाय के लोगों के एक समूह ने उन्हें परेशान करना शुरू कर दिया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि घटना बुधवार को हुई, जब शिकायतकर्ता अपनी बहन के साथ घर लौट रही थी और बाइक पर सवार एक अज्ञात व्यक्ति ने रास्ता पूछने के लिए उनसे संपर्क किया। पीड़िता ने उत्पीड़न का विरोध किया, लेकिन स्थिति तब बिगड़ गई जब युवकों ने घटना को रिकॉर्ड कर लिया और वीडियो को ऑनलाइन प्रसारित कर दिया। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उनमें से एक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# राहुल-प्रियंका को विधानसभा से जवाब देंगे योगी

## विपक्ष संभल हिंसा, बहराइच दंगे पर सरकार को घेरेगा; 10 विधेयक पेश होंगे



लखनऊ, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। यूपी विधानमंडल के शीतकालीन सत्र सोमवार (16 दिसंबर) से शुरू हो रहा है। सपा-कांग्रेस बहराइच दंगे और संभल हिंसा पर सरकार को घेरेगी। वहीं, उपचुनाव में मिली भारी जीत के बाद योगी सरकार 'बटेंगे तो कटेंगे' नारे को बुलंद करते हुए विपक्ष पर हमलावर होगी। लोकसभा में राहुल गांधी और प्रियंका के यूपी को लेकर उठाए सवालों का सीएम योगी विधानसभा से जवाब दे सकते हैं। इसके अलावा इस सत्र में करीब 10 महत्वपूर्ण विधेयक और अध्यादेश पेश किए जाएंगे। सरकार वर्तमान वित्तीय वर्ष का दूसरा अनुपूरक बजट प्रस्ताव भी पेश करेगी।

**सदन में उपचुनाव में मिली जीत का जश्न मनाएगा सत्तापक्ष**

यह सत्र भले ही शीतकाल में हो रहा है, लेकिन इसमें सदन के अंदर और बाहर राजनीतिक तापमान तेज रहेगा। उपचुनाव में मिली जीत का जश्न सत्तापक्ष सदन के अंदर भी मनाएगा। इसके जरिए मिशन- 2027 के लिए भी संदेश देगा। सत्तापक्ष की ओर से विपक्ष को तुष्टीकरण और पाकिस्तान परस्त लोगों की पैरवी के नाम पर भी घेरा जाएगा। सरकार प्रयागराज कुंभ, अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ सहित राष्ट्रवाद के अन्य मुद्दों से भी सदन से सड़क तक संदेश देगी।

**कई मुद्दों पर घेरेगा विपक्ष**

विपक्ष सरकार को बहराइच दंगे, संभल हिंसा, मस्जिदों के सर्वे जैसे मुद्दों पर घेरेगा। सदन के अंदर भी उपचुनाव में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगाएगा। वक्फ अधिनियम में संशोधन सहित अन्य मुद्दों पर भी सरकार का विरोध करेगा। उधर, कांग्रेस की ओर से 18 दिसंबर को विधानसभा का घेराव भी किया जाएगा। विधानसभा में सपा विधायक दल के उपनेता कमाल अख्तर ने बताया- विधानमंडल सत्र लिए पार्टी रणनीति तैयार कर रही है। 15 दिसंबर को शाम 4 बजे सपा विधायकों की बैठक होगी। 17 दिसंबर को सुबह 10 बजे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने विधायकों के साथ पार्टी ऑफिस में बैठक करेंगे। सत्र के दौरान बिजली के निजीकरण, प्रदेश की बिगड़ी कानून व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं के मुद्दों के साथ जनता से जुड़े सभी अहम मुद्दों को उठाया जाएगा। संभल और बहराइच की घटनाओं का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाएंगे।

## मॉडल युवती ने इंस्टाग्राम लाइव पर किया तमंचे का प्रदर्शन, साइबर सेल ने शुरू की जांच

बरेली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। शहर की एक युवती, जो मॉडलिंग के क्षेत्र में सक्रिय है और कई खिताब जीत चुकी है, ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर तमंचे का प्रदर्शन कर दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वायरल हो गया, जिसके बाद साइबर सेल ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पवन कुमार कश्यप नामक एक यूजर ने यह वीडियो एक्स पर साझा किया। उन्होंने लिखा, "यह बरेली की बेटी सोशल मीडिया पर खुलेआम हथियार का प्रदर्शन कर रही है।" पवन ने वीडियो को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को टैग करते हुए युवती के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वायरल वीडियो में, युवती तमंचे को एक हाथ में घुमाते हुए नजर आ रही है और दर्शकों के कमेंट्स का जवाब दे रही है। इसे सोशल मीडिया पर फॉलोवर्स का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश माना जा रहा है।

## मृत गायों को ट्रैक्टर से घसीटा और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में किया अपलोड, 2 के खिलाफ केस दर्ज

पीलीभीत, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में बेहद हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि देवीपुरा गांव में मृत गायों को ट्रैक्टर से बांधकर घसीटा गया है। घटना को कैमरे में कैद कर सोशल मीडिया में अपलोड कर दिया गया। हिंदू महासभा के नेताओं की शिकायत पर देर शाम गांव के प्रधान के बेटे शेर सिंह समेत दो लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। गजरौला थाने के एसओ जगदीप मलिक ने बताया कि दोनों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीलीभीत के मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह ने कहा कि मवेशी मृत थे। उन्हें उस तरह से दफनाया नहीं गया, जिस तरह से उन्हें दफनाया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। मवेशियों को ट्रैक्टर से घसीटने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मृत गायों को ट्रैक्टर द्वारा घसीटे जाने पर हिंदू संगठन और स्थानीय लोगों में काफी रोष है। हिंदू संगठन के लोगों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इसके साथ ही आगे से ऐसी घटना न हो इसके लिए प्रशासन को अलर्ट रहने को कहा है।

# अखिलेश यादव कब लेंगे फैसला

## क्या पीछे हट जाएगी सपा? सबके लिए खुले रहेंगे रास्ते



लखनऊ, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में साल 2025 में विधानसभा चुनाव होने हैं जिसे लेकर सियासी हल्को में सुगबुगाहट तेज हो गई है। दिल्ली के गाजीपुर सहित 11 क्षेत्रों के अवैध डेयरी संचालकों ने इस साल अगस्त में लखनऊ आकर समाजवादी पार्टी चीफ अखिलेश यादव से मुलाकात की। इन मुलाकात से अटकलों का बाजार गर्म हो गया है कि समाजवादी पार्टी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी टाल ठोकेगी। टिकट के दावेदार दिल्ली से लखनऊ तक चक्कर काट रहे हैं। लेकिन दिल्ली में संगठन की कमजोर स्थिति और यूपी 2027 विधानसभा चुनाव को देखते हुए हरियाणा की तरह ही दिल्ली से बैकफुट हो सकती है। हालांकि, सपा चीफ अखिलेश यादव की तरफ से दिल्ली चुनाव कोई निर्णय नहीं लिया गया है। सूत्रों का कहना है कि, संसद के शीतकालीन सत्र के समाप्त होने के बाद लखनऊ वापस लौटने पर अखिलेश यादव दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर कोई फैसला ले सकते हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों से उत्साहित सपा प्रमुख पार्टी को राष्ट्रीय दर्जा दिलाने के लिए दूसरे राज्यों में भी विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की थी।

**2027 'आप' के साथ गठबंधन कर सकती है पार्टी**

हाल ही में हुए हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, महाराष्ट्र चुनाव और उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में सपा और इंडिया एलायंस के बीच बढ़ती दूरी ने राष्ट्रीय दर्जा पाने के लिए जुटी पार्टी की राह कठिन कर दी। उपचुनाव में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अब सपा की उम्मीदें दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर थीं। पार्टी के सूत्रों का कहना है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में दिल्ली से सटी उत्तर प्रदेश की कुछ विधानसभा सीटों पर सपा आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन का रास्ता खुला रखना चाहती है। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी कहते हैं कि दिल्ली में पूर्वांचल से जुड़े और मुस्लिम मतदाताओं की खासी संख्या है। हालांकि वहां हमारा संगठन उतना मजबूत नहीं है कि हम अभी चुनाव लड़ सके। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली से वापस लौटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष ही इस पर अंतिम निर्णय लेंगे।

# 'प्रधानमंत्री के स्क्रिप्ट राइटर उनका नुकसान कर रहे'

## आरजेडी सांसद मनोज कुमार झा का बड़ा बयान



पटना, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। लोकसभा में पीएम नरेंद्र मोदी के भाषण पर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सांसद मनोज कुमार झा ने कहा प्रधानमंत्री के स्क्रिप्ट राइटर उनका बहुत नुकसान कर रहे हैं और देश का भी नुकसान हो रहा है। संविधान सभा को अधिकार दिया गया था, आपको मालूम है 47 में क्या स्थिति थी? दोनों तरफ खून की नदियां बह रही थी। आप कुछ भी बोल कर निकल जाएंगे। वो क्या संशोधन था? वो तथ्यों के साथ किफ़ायती हैं, सारे तथ्य उन्होंने नहीं दिए हैं। आपको थोड़ी समझ होनी चाहिए। संविधान सभा ने ही संविधान बनाया था। आरजेडी सांसद ने आगे कहा कि अंतरिम सरकार को उस समय की स्थिति को देखते हुए अधिकार दिया गया था। वाजिब प्रतिबंध की बात की गई थी। पूरे देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के प्रयास हो रहे थे। आप देश के प्रधानमंत्री हैं। तथ्यों से खिलवाड़ मत कीजिए। जब-जब लगता है कि प्रधानमंत्री, देश के प्रधानमंत्री की तरह एक विशाल हृदय के साथ देश के प्रधानमंत्री की तरह व्यवहार करेंगे। तब-तब हमें निराशा हाथ लगती है।

**'प्रधानमंत्री तथ्यों को संकीर्ण दायरे में देखते हैं'**

वहीं एक अन्य सवाल के जवाब में मनोज कुमार झा ने कहा कि धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता हमारे आर्टिकल 44 में रखा गया क्योंकि उस वक्त के जो हालात थे, उन हालातों के मद्देनजर एक ट्रस्ट की कमी थी। प्रधानमंत्री तथ्यों को संकीर्ण दायरे में देखते हैं आर्टिकल 44 इंफॉर्म सिविल कोर्ट लेकिन उससे पहले आर्टिकल 39 में कॉन्सन्ट्रेशन ऑफ वेल्थ आया। प्रधानमंत्री उसपर क्यों चुप होते हैं। क्यों इसलिए कि उद्योपत्तियों की आपकी सरकार बनवाने और दूसरों की सरकार गिरवाने में बहुत बड़ी भूमिका है। अगर आर्टिकल 44 तक पहुंचना चाहते हैं तो आर्टिकल 39 तो रास्ते में पड़ता है प्रधानमंत्री को उसे गौर से देखना चाहिए कि वो कहता क्या है आय के भयावह असमानता है उसपर एक नजर होनी चाहिए।

## लखनऊ में वंदेभारत एक्सप्रेस पर पथराव, शीशा टूटा; मची अफरा-तफरी



लखनऊ, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। देहरादून से लखनऊ आ रही 22546 वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन पर अराजकतत्वों ने पथराव कर दिया। घटना आलमनगर स्टेशन से पहले रेलवे के यार्ड के पास रात करीब 10:30 बजे के करीब हुई। राहत की बात यह है कि पत्थर चलाने की इस घटना से कोई चोटिल नहीं हुआ, हां एक शीशा जरूर टूट गया। आरपीएफ इस मामले की जांच में जुटी है। बताया जा रहा है कि देहरादून वंदेभारत रात को लखनऊ आ रही थी।

अभी ट्रेन आलमनगर स्टेशन के आसपास थी कि अचानक से तेज आवाज आई। यात्री पहले तो कुछ समझ नहीं पाए, लेकिन जैसे ही नजर ट्रेन के शीशे पर गई तो यह स्पष्ट हो गया कि अराजकतत्वों ने पथराव किया है। इस घटना में ट्रेन की बोगी सी-4 का शीशा दरक गया। ट्रेन में ड्यूटी कर रहे आरपीएफ के सिपाही जय सिंह भी आवाज सुनकर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने यात्रियों से पूछा और इसके बाद कंट्रोल रूम व उच्च अधिकारियों को इस घटना के बारे में जानकारी दी। सिपाही जय सिंह की मानें तो घटना आलमनगर से पहले यार्ड के पास हुई है। इसके बाद ट्रेन आलमनगर पहुंची। यहां करीब 20 मिनट तक खड़ी रही, बाद में इसे रवाना किया गया।

## लोकसभा में पीएम मोदी के भाषण पर जेडीयू नेताओं की प्रतिक्रिया, 'कांग्रेस पार्टी को आइना दिखाया'



पटना, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन(ललन) सिंह की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने विस्तार से कांग्रेस पार्टी को आइना दिखाया है कि कांग्रेस पार्टी आजादी के बाद से आज तक जब तक शासन में रही तब तक किस तरह संविधान की उन्होंने धज्जियां उड़ाई। संविधान के प्रति उनका कोई मान नहीं है, संविधान को कलंकित करने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने उनको आइना दिखाया है। पीएम मोदी के भाषण पर जेडी(यू) नेता केसी त्यागी की भी प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि संविधान को लेकर समय-समय पर सभी दलों के नेता अपने-अपने विचार रखते रहे हैं। किसी जमाने में सोशलिस्ट संविधान सभा से दूर रहे थे लेकिन आज कोई भी दल कोई भी व्यक्तियों का समूह वर्तमान संविधान से अलग नहीं जा सकता, न इसका विरोध कर सकता है और न ही इसमें बदलाव कर सकता है।

**'अपनी कुर्सी बचाने के लिए लोगों के अधिकार छीने'**

बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद की भी लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण पर प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि आपातकाल देश की संवैधानिक यात्रा का सबसे काला अध्याय है। अपनी कुर्सी बचाने के लिए लोगों के अधिकार छीने गए, विपक्षी नेताओं को जेल में बंद किया गया, सेंसर लगाया गया।जो संविधान की रक्षा की बात करते है जितने संवैधानिक संस्थाएं हैं उन्हें बंद किया गया था। बहादुरशाह जफर मार्ग की बत्ती गोल की गई थी, बाद में जनता जागी तो वो हारे की अब कोई देश में इमरजेंसी नहीं लगाएगा। ये(विपक्ष) हमसे बात करते हैं?। जब 75 साल की बात कर रहे हैं तो (आपातकाल के)काले अध्याय को बताना जरूरी है।

**'उसका पर्चा-पर्चा उधेड दिया'**

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि उन्होंने(पीएम मोदी) ने कांग्रेस ने जो संविधान की धज्जियां उड़ाई उसका पर्चा-पर्चा उधेड दिया और बताया कि हमारी सरकार ने संविधान में जो परिवर्तन किए वो गरीबों के लिए किए। समान नागरिक संहिता को कांग्रेस ने रोका, हम इसे लाएंगे।

# नहीं थम रही हार्ट अटैक से मौतें

## मटियरिया थानाध्यक्ष को अचानक उठा सीने में दर्द और थम गई सांसें




पश्चिमी चंपारण, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। बेतिया के मटियरिया थाने के अध्यक्ष अंकित दास की मौत हो गई है, उनकी मौत हार्ट अटैक की वजह हुई है। रात 10:30 बजे अचानक उनकी तबीयत खराब हुई। वे सीने में दर्द की वजह से चिल्लाने लगे। थाना परिसर अवस्थित आवास पर उनकी तबीयत बिगड़ते ही पत्नी भी काफी परेशान हो गई। थानाध्यक्ष की बिगड़ती हालत को देखकर उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रात थानाध्यक्ष को सीने में दर्द होने की शिकायत के बाद आसपास मौजूद कर्मियों की मदद से इलाज के लिए रामनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बता दें कि अंकित दास ने 29 जनवरी 2024 को मटियरिया थानाध्यक्ष के रूप में पद को संभाला था। वे 2018 बैच के दरोगा थे और महज 32 साल के थे। उनकी हार्ट अटैक से मौत के बाद पत्नी और छोटे-छोटे दो बच्चो पर विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ा है।

**किशनगंज के रहने वाले थे अंकित दास**

अंकित दास किशनगंज जिले के रहने वाले थे। मौत के बाद शव को गवर्नमेंट मेडिकल अस्पताल बेतिया पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि हार्ट अटैक से उनकी मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेजा गया है।

# जातीय जनगणना को लेकर चिराग पासवान का राहुल गांधी पर निशाना

## कहा- सत्तासुख भोगने के अलावा उन्होंने और उनके परिवार ने कभी कुछ नहीं किया



पटना, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। लोजपा आर के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के भाषण पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मेरी समझ के परे हैं कि वे(राहुल गांधी) उस पार्टी के नेता हैं जो आजादी के बाद अधिकांश समय तक सत्ता में रही और आज वे ये सारी बातें और वादे कर रहे हैं। आप इतने साल से कर क्या रहे थे?। आज से 10 साल पहले भी तो आपकी सरकार थी, उस समय आप जातीय जनगणना करवा सकते थे। पासवान ने आगे कहा कि विपक्ष में जाकर इनकी(राहुल गांधी) भाषा बदल जाती है। सत्ता में रहकर सत्ता के सुख को भोगने के अलावा उन्होंने और उनके परिवार ने कभी कुछ नहीं किया।

**वन नेशन-वन इलेक्शन पर भी बोले चिराग पासवान**

इससे पहले केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने वन नेशन-वन इलेक्शन पर भी प्रतिक्रिया आई। उन्होंने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन देश के लिए बहुत जरूरी है। जिस तरह से हर दूसरे-तीसरे महीनें देश के किसी न किसी राज्य में चुनाव के कारण उस राज्य के कामों को रोका जाता है, उससे उस राज्य और देश दोनों का नुकसान होता है। इसी सोच के साथ वन नेशन-वन इलेक्शन को लाया जा रहा है। ताकि उसके बाद अगले पांच साल तक भारत का संघीय ढांचा विधिवत तरीके से देश और अलग-अलग राज्यों की योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम करें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच का हम एनडीए के तमाम दल व लोकजन शक्ति पार्टी रामविलास भी मजबूती से इस सोच का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि कहीं न कहीं आज की तारिख में देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए, देश में विकास कार्यों को गति देने के लिए देशभर में एक साथ चुनाव हो तो बेहतर है। वहीं कांग्रेस के विरोध को लेकर पासवान ने कहा कि हर वो सोच जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लेकर आते हैं कांग्रेस उसका विरोध ही करती है।

## 4 साल से था अफेयर, भागकर प्रेमी संग की शादी:परिजनों ने किडनैप का केस किया

मुजफ्फरपुर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। मम्मी-पापा मैंने शादी कर ली है। मैंने ये सब अपनी मर्जी से किया है। किसी ने मेरे साथ जबरदस्ती नहीं की है। अगर लड़के के परिवार को कुछ होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी मेरे चाचा और बड़े भाई की होगी। ये बातें मुजफ्फरपुर की रहने वाली नंदनी ने मम्मी-पापा को वॉट्सऐप पर भेजे गए एक वीडियो में कही है। मामला औराई थाना क्षेत्र के एक गांव का है। इंटर में पढ़ाई करने वाली नंदनी ने 51 सेकेंड का वीडियो भेजा है। इस वीडियो में उसने कहा है कि 'हम दोनों 4 साल से प्यार करते हैं। परिवार के लोगों से शादी की बात कही तो तैयार नहीं हुए। मेरी शादी कहीं और जबरदस्ती कर रहे थे। मैंने मना किया, लेकिन नहीं मानें। इसलिए मैंने घर से भागने का फैसला लिया। घर से खुद और अकेले भागी हूं। किसी ने मुझे भगाया नहीं है। नंदनी ने बताया कि 'मैं घर से निकलकर स्टेशन पहुंची। वहां से लड़के को कॉल कर कहा कि मुझे लेने आ जाओ। अब लड़के के परिवार पर मेरे बड़े चाचा और भाई अमित दबाव बना रहे हैं और धमकी दे रहे हैं।'

## एंटी करप्शन टीम की बड़ी कार्रवाई, 10 हजार घूस लेते लेखपाल को रंगे हाथ पकड़ा

आजमगढ़, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। आजमगढ़ के तहबरपुर थाना क्षेत्र के सोढ़री गांव निवासी सत्यम राय ने जमीन के सीमांकन के लिए निजामबाद तहसील में वाद दायर किया है। उनका आरोप है कि हल्का लेखपाल रामदयाल त्रिपाठी पैमाइश और रिपोर्ट लगाने के लिए 10 हजार रुपये की मांग कर रहा था। घूस न देने पर कई माह से मामले को लटकाए हुए था। परेशान होकर पीड़ित सत्यम राय ने इसकी जानकारी एंटी करप्शन टीम को दी। एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल के संबंध में जांच की। पीड़ित के आरोप में सत्यता मिलने पर उसे पकड़ने के लिए योजना बनाई। एंटी करप्शन टीम के प्रभारी ब्रजेश द्विवेदी निरीक्षक हरिवंश कुमार शुक्ला, शैलेंद्र सिंह, आनंद कुमार वर्मा, उप निरीक्षक ज्ञानेंद्र सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने पीड़ित सत्यम राय को केमिकल लगे 500 सौ रुपये के 20 नोट दिए। लेखपाल ने रुपये लेने के लिए सत्यम राय को तहबरपुर थाने के पास पेट्रोलपंप पर बुलाया था। एंटी करप्शन की टीम पहले से सतर्क थी। पीड़ित ने जैसे ही लेखपाल को केमिकल लगे नोट दिए कि एंटी करप्शन टीम ने उसे दबोच लिया। घूस लेने का आरोपी लेखपाल रामदयाल त्रिपाठी दुबौली निकासीपुर थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अंबेडकर नगर का निवासी है। वह कंधरापुर थाना क्षेत्र में शहर से सटे बिजौरा कालोनी भंवरनाथ में किराए के मकान में रहता है।

## लखनऊ के गांवों में बाघ की दहशत

लखनऊ, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। लखनऊ के रहमानखेड़ा के जंगल में बाघ की दस्तक के बाद आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। जंगल के इर्द-गिर्द बसे मीठेनगर, दुगौली, उलरापुर और मंडलौली गांवों में तो बाघ का इतना खौफ है कि दिन में भी गलियों में सन्नाटा नजर आ रहा है। इस बीच केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के बेल क्षेत्र और नाले के पास शनिवार को बाघ के पंजों के ताजे पगचिह्न नजर आए। डीएफओ ने बताया कि अब रविवार को जंगल में थर्मल ड्रोन उड़ाकर बाघ की तलाश की जाएगी।

## संभल में हिंसा के बाद राजस्व और पुलिस टीम पर हमला, सरकारी कर्मचारी को गालियां दीं

संभल, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश का संभल इन दिनों लगातार चर्चा में बना हुआ है। यहां मस्जिद का सर्वे करने गई टीम के साथ उपद्रवियों ने झड़प की थी। इसके बाद से लगातार संभल से विवाद और बवाल की खबरें सामने आ रही हैं। अब यहां राजस्व विभाग की टीम और पुलिस पर हमला हुआ है। राजस्व निरीक्षक की शिकायत के अनुसार दबंगों ने उनके साथ बदसलूकी की। पहले जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया फिर गालियां देते हुए उन्हें अपना काम नहीं करने दिया। इसके बाद उनके साथ हाथापाई भी की। घटना की कई तस्वीरें और वीडियो भी सामने आए हैं। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि आरोपी परिवार के लोग पुलिस के साथ झगड़ रहे हैं। हालांकि, पुलिस की टीम अंत में दो महिलाओं को अपने साथ ले जाती है। मामला बहजोई थाना क्षेत्र के मदारा गांव का है। यहां राजस्व विभाग की टीम कुछ पुलिसकर्मियों के साथ जमीन के एक टुकड़े की नाप करने गई थी। जैसे ही अधिकारी ने फीता निकालकर नाप शुरू की, वैसे ही दूसरे पक्ष के लोग आ गए और गाली-गलौज करने लगे। इन लोगों ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों को उनका काम नहीं करने दिया।

# दिल्ली-यूपी समेत इन 11 राज्यों में कड़ाके की ठंड



नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। देश के कई राज्यों में शीतलहर का प्रकोप जारी है, जिससे लोग कड़ाके की ठंड का सामना कर रहे हैं। पहाड़ों पर बर्फबारी होने से उत्तर पूर्वी राज्यों के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उसके एनसीआर इलाकों में भी ठंड का असर बढ़ा हुआ है। सर्दी से बचने के लिए लोग अलाव और गर्म कपड़ों का इस्तेमाल कर रहे हैं। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन होने की संभावना नहीं है और उसके बाद के 3 दिनों में तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होगी। देश के 11 राज्यों में शीतलहर चल रही है। दिल्ली और उत्तर प्रदेश भी इसमें शामिल है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार को मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में गंभीर शीत लहर की स्थिति रहने की संभावना है। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा में शीतलहर चलेगी। 16 दिसंबर के दौरान जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के कुछ हिस्सों और 17 से 20 दिसंबर के दौरान पश्चिम राजस्थान में शीत लहर की स्थिति रहने की संभावना है। वहीं, 15 दिसंबर को मध्य प्रदेश में अलग-अलग इलाकों में शीत दिवस की स्थिति बहुत संभावित है।

**कोहरे को लेकर अलर्ट**

शीतलहर के अलावा मौसम विभाग ने घने कोहरे को लेकर भी अलर्ट जारी किया है। आईएमडी बुलेटिन के मुताबिक,16 से 18 दिसंबर के दौरान हरियाणा-चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में देर रात और सुबह के समय घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। 17 दिसंबर की सुबह तक असम और मेघालय और नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी कोहरा छाया रहेगा। दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में भी रात और सुबह में कोहरा छाए रहने की संभावना है।

**दिल्ली में मिलेगी शीतलहर से राहत**

दिल्ली में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शीतलहर चलने से लोग ठिठुर रहे हैं। मौसम विभाग ने जल्द इसमें राहत मिलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग का कहना है कि इस वीकेंड दिल्ली के तापमान में बढ़ोत्तरी हो सकती है। रविवार को लेकर मौसम विभाग ने बताया कि आसमान साफ रहेगा और सुबह के समय सतह पर हवा की गति 6 किमी प्रति घंटे से कम रहने की संभावना है। सुबह, शाम और रात के समय धुंध छाए रहने की संभावना है। इसके बाद हवा की गति उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा से बढ़कर दोपहर के समय 8 किमी प्रति घंटे से कम हो जाएगी।

**पहाड़ों पर बना है मौसम शुष्क**

उधर, पहाड़ों पर मौसैम शुष्क बना हुआ है। दिन में चटक धूप निकल रही है, वहीं शाम होत ही कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग ने रविवार को उत्तराखंड में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। यह सिलसिला 18 दिसंबर तक रहेगा। राज्य की राजधानी देहरादून में शनिवार को तापमान तापमान सामान्य से तीन डिग्री बढ़कर 24.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि रात का न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस गिरावट के साथ 4.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## बीड में सरपंच की हत्या में आया एनसीपी नेता का नाम, अजित पवार ने पार्टी से निकाला

मुंबई, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। अजित पवार की पार्टी एनसीपी ने बीड जिला के अपने एक नेता को निष्कासित कर दिया। उन्हें सरपंच के अपहरण और हत्या मामले में गिरफ्तार किया गया था। सरपंच की हत्या से मराठा समुदाय में नाराजगी थी। रिपोर्ट के मुताबिक आष्टी विधानसभा सीट से बीजेपी के विधायक ने सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मामले की जांच के लिए एसआईटी के गठन की मांग की थी। हत्या के अगले दिन ही बीजेपी के एक विधायक ने देवेंद्र फडणवीस को चिट्ठी लिखकर मांग की थी, "संतोष देशमुख मासाजोग में लोकप्रिय सरपंच थे। विंडमिल कंपनी से उगाही में शामिल गैंग ने उनका अपहरण कर उनकी निर्ममता से हत्या कर दी। पहली नजर में ऐसा लग रहा है कि पुलिस ने कोई कदम नहीं उठाया। इसलिए मैं एसआईटी के गठन की अपील करता हूं।" जबकि बीड से सांसद बजरंग सोनावने ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर हत्या मामले में सीबीआई जांच की मांग की थी। इस बीच एनसीपी ने अपने नेता और आरोपी विष्णु चैते को निष्कासित कर दिया जो कि बीड के केज तहसील में पार्टी का नेतृत्व कर रहे थे। केज तहसील में मराठा सरपंच संतोष देशमुख का 9 दिसंबर को अपहरण कर लिया गया था और 2 करोड़ रुपये मांगे गए थे। अपहरण के बाद संतोष की हत्या कर दी गई थी। संतोष देशमुख के शव की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी जिससे मराठा समुदाय में नाराजगी थी। इस मामले में विष्णु चैते के अलावा सुदर्शन घुले को गिरफ्तार किया गया है।

जबकि एनसीपी नेता धनंजय मुंडे का करीबी वाल्मीकि कराड भी उगाही के मामले में आरोपी है। हालांकि मुंडे ने खुद मामले की सुनवाई फास्ट-ट्रैक कोर्ट में कराने की मांग की है। उन्होंने कहा, "संतोष देशमुख की हत्या दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसा अपराध समाज के लिए खतरा है और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। घटना में शामिल लोगों को कड़ी सजा दिलाने के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट में सुनवाई होनी चाहिए।"

## भैंस को बचाने के चक्कर में पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली, चार की मौत और 15 घायल




ग्वालियर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले से एक दुखद हादसे की खबर सामने आ रही है। जिले में एक भैंस को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। पुलिस से मिली जानकरी के अनुसार इस हादसे में चार आदिवासी व्यक्तियों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। घटना ग्वालियर जनपद में घाटीगांव इलाके की है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घाटीगांव थाने के प्रभारी जीवनलाल माहौर के अनुसार सहरिया आदिवासी समुदाय के 31 लोग जड़ी-बूटी एकत्र करने के लिए पाई खो गांव के जंगल में गए थे। उन्होंने बताया कि जब वे कैत गांव लौट रहे थे तो तिलावली चौराहे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली का ड्राइवर एक भैंस को टक्कर से बचाने की कोशिश करने लगा और तभी वाहन नियंत्रण खोने की वजह से पलट गया।

**घायल अस्पताल में भर्ती**

अधिकारी ने के अनुसार दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जिनकी पहचान फूलवती (45), रामदास (46), अरुण (14) और कस्तूरी बाई (65) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि 15 अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें ग्वालियर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि 15 अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें ग्वालियर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जिस मिसाइल को बनाने में फेल हुआ अमेरिका

## वैसी भारत ने बना ली 3-3 मिसाइल , टेंशन में पाक-चीन

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। सपने अक्सर उन्हीं के सच होते हैं, जो उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। दुनियाभर में ताकत का प्रतीक माना जाने वाला अमेरिका भी आज हाइपरसॉनिक मिसाइल बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है। लेकिन भारत जो कभी तकनीकी क्षमता में दुनिया की दौड़ में पीछे समझा जाता था, वही आज 3-3 महामिसाइल बनाकर पूरी दुनिया को चुनौती दे रहा है।




**प्रोजेक्ट ध्वनि के तहत हाइपरसॉनिक मिसाइल**

तकनीकी क्षमता में पीछे रहने वाले देश को आज दुनिया की अग्रणी सूची में गिना जाता है। इसका श्रेय भारत के वैज्ञानिकों का जुनून और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की मेहनत को जाता है। डीआरडीओ के वैज्ञानिकों ने प्रोजेक्ट ध्वनि के तहत ऐसे हाइपरसॉनिक हथियार बनाए है, जिन्हें रोक पाना अब नामुमकिन है।

**ध्वनि की गति से भी तेज होते हैं हाइपरसॉनिक मिसाइल**

दरअसल, हाइपरसॉनिक मिसाइल उन हथियारों को कहा जाता है जो कि ध्वनि की गति से पांच गुणा तेज यानी 6,200 प्रति घंटे की रफ्तार से उड़कर अपने लक्ष्य पर हमला करते हैं। इनकी तेज रफ्तार और कम ऊंचाई पर उड़ने वाले खासियत के बदौलत ये हाइपरसॉनिक मिसाइल बेहद खतरनाक हो जाते हैं, जिसे कोई भी रडार पकड़ नहीं सकता है। डीआरडीओ की यह हाइपरसॉनिक तकनीक पूरी तरह से स्वदेशी है। हाइपरसॉनिक मिसाइल रॉकेट इंजन के जरिए लॉन्च होता है और वातावरण में 6 से 7 मच की गति से उड़ता है। वहीं, 1,500 किलोमीटर से अधिक की रेंज में पेलोड ले जाने में सक्षम है।

**भारत के तीनों सेनाओं के लिए अत्यंत उपयोगी है हाइपरसॉनिक मिसाइल**

ध्वनि की गति से 5 गुना तेज उड़ने, किसी भी रडार के पकड़ में न आने वाली खासियत से यह हाइपरसॉनिक मिसाइल भारत की तीनों सेना (थल सेना, नौसेना और वायु सेना) के लिए अत्यंत उपयोगी है। इसमें मिसाइल में स्क्रैमजेट इंजन का इस्तेमाल होता है, जो उड़ान के दौरान मिसाइल की गति को बनाए रखता है। भारत का ब्रह्मोस-2 इस हाइपरसॉनिक तकनीक का सटीक उदाहरण है। बता दें कि डीआरडीओ अभी तीन अलग-अलग डिजाइनों पर काम कर रहा है।

**पाकिस्तान और चीन की अब खैर नहीं**

उल्लेखनीय है कि भारत ने एक बार गलती से पाकिस्तान की ओर एक ब्रह्मोस मिसाइल दाग दी थी, जिसे पाकिस्तान ट्रैक नहीं कर पाया था। वहीं, अब ब्रह्मोस-2 और प्रोजेक्ट ध्वनि की हाइपरसॉनिक मिसाइलों के सामने पाकिस्तान तो क्या चीन और अमेरिका के डिफेंस सिस्टम भी पूरी तरह से बेबस नजर आ रहे हैं। जहां अमेरिका अब तक अपने हाइपरसॉनिक प्रोग्राम को सफलता नहीं दिला पाया, वहीं भारत रूस के साथ मिलकर इस तकनीक में महारथ हासिल कर ली है।

## 'पीएम मोदी जो कहते हैं, वो करते नहीं', भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रधानमंत्री के बयान पर राउत का पलटवार

मुंबई, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने रविवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण पर तीखी प्रतिक्रिया दी। पीएम मोदी ने अपने भाषण में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पर जोर दिया था। संजय राउत ने भाजपा के भीतर एकनाथ शिंदे और अजित पवार जैसे भ्रष्ट नेताओं का हवाला देते हुए पीएम मोदी की ईमानदारी पर सवाल उठाया। उन्होंने पीएम मोदी के साथ उद्योगपति गौतम अदाणी के संबंधों को लेकर भी आलोचना की। शिवसेना नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री जो कहते हैं, उसे कभी नहीं करते। पत्रकारों से बात करते हुए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा, अपने 56 इंच के सीने से पूछिए कि मेरे आसपास कितने भ्रष्ट लोग हैं? उन्हें खुद से यह पूछना चाहिए। आप (पीएम मोदी) अदाणी को बर्दाश्त करते हैं और वे भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं। पीएम मोदी जो कहते हैं, उसे वे कभी नहीं करते।



संजय राउत ने महाराष्ट्र दोनों उपमुख्यमंत्रियों एकनाथ शिंदे और अजित पवार को भ्रष्ट बताया। उन्होंने पीएम मोदी से गठबंधन (महायुति) से राकांपा प्रमुख (अजित पवार) को हटाने की मांग की। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा, उन्हें अजित पवार को गठबंधन से निकाल देना चाहिए। उन्होंने आपकी महान उपस्थिति में शपथ ली। एकनाथ शिंदे भ्रष्टाचारी नेता में से एक हैं। उनके साथ आए अन्य 10-12 लोगों पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापा मारा। क्या आप उन्हें किनारे करने का साहस कर सकते हैं? शनिवार को प्रधानमंत्री ने अपने भाषण के अंत में 11 प्रतिज्ञाएं पेश कीं। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा,भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस होना चाहिए और भ्रष्टाचारियों को समाज में स्वीकार नहीं करना चाहिए। देश के कानून, नियम, परंपरा का पालन करने में लोगों को गर्व महसूस होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए 11 प्रतिज्ञाएं पेश कीं, जिसमें कहा गया कि सरकार और लोगों को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और देश को परिवारवाद से मुक्त होना होगा। बता दें कि संविधान की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर लोकसभा ने 13 दिसंबर से संविधान पर दो दिवसीय बहस शुरू की। शुक्रवार को सदन में बहस के दौरान रक्षा मंत्री सिंह और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा का उग्र भाषण देखने को मिला था। बता दें कि संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर को शुरू हुआ और यह 20 दिसंबर तक चलेगा।

## बिहार के 2 मजदूरों की गोली मारकर हत्या

इंफाल, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़की है। काकचिंग में शमिवार शाम को उग्रवादियों ने 2 मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी है। दोनों मजदूर बिहार के गोपालगंज के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि शनिवार शाम करीब 5।20 बजे काकचिंग-वाबागई रोड पर केराक में पंचायत कार्यालय के पास दोनों काम करके साइकिल से घर लौट रहे थे, तभी उन्हें गोली मार दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मजदूरों की पहचान राजवाही गांव के रहने वाले सुनालाल कुमार (18) और दशरथ कुमार (17) के रूप में हुई है।

उधर, मणिपुर के ही थौबल में एक उग्रवादी गुट की पुलिस से मुठभेड़ हुई। इसमें एक उग्रवादी की मौत हो गई। वहीं, 6 उग्रवादियों को पुलिस गिरफ्तार किया। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। ये हथियार पुलिस के शास्त्रागार से ही कुछ दिनों पहले लूटे गए थे।

## हनीमून से लौट रहा था नवविवाहित दंपति

### घर से मात्र 10 किलोमिटर दूर सड़क हादसे में चली गई दोनों की जान



पुनालुर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। केरल के पथनमथिट्टा जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया। तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस से रविवार सुबह एक कार टकरा गई। इस हादसे में कार सवार नवविवाहित दंपति सहित परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई।

**पुनालुर-मुवत्तुपुझा राज्य राजमार्ग पर हुआ हादसा**

पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना सुबह करीब पांच बजे पुनालुर-मुवत्तुपुझा राज्य राजमार्ग पर हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार के यात्रियों को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाल लिया गया है। पुलिस ने बताया कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

**बस में सवार किसी को नहीं आई चोट**

बताया जा रहा है कि कार बस से टकरा गई। बस तेलंगाना से सबरीमला तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही थी। बस में सवार किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई।

**घर से मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर हुआ हादसा**

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पिछले महीने शादी करने वाले नवविवाहित दंपति मलेशिया से हनीमून मनाकर घर लौट रहा था। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना पीड़ितों के घर से मात्र 10 किलोमीटर दूर हुई। मामला दर्ज कर लिया गया है।

**एयरपोर्ट से घर आने के दौरान हुआ हादसा**

शादी के बाद दोनों अपने कार्यस्थल कनाडा जाने से पहले हनीमून के लिए मलेशिया गए थे। हनीमून की मीठी यादें लेकर घर लौटने के बाद वे अपने प्रियजनों के साथ एयरपोर्ट से घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

**30 नवंबर को हुई थी शादी**

इस जोड़े की शादी 30 नवंबर को हुई थी। हादसा उनके घर से महज 10 किलोमीटर दूर हुआ है। हादसे में निखिल के पिता मथाई इपेन और अनु के पिता बीजू पी जॉर्ज की भी मौत हो गई। जिस मारुति स्विफ्ट कार में वे यात्रा कर रहे थे, उसकी टक्कर आंध्र प्रदेश से सबरीमाला तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस से हो गई। कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

## पहले आरा,अब मुजफ्फरपुर के लोगों को देंगी न्याय

### श्वेता कुमारी बनीं जिले की पहली महिला जज



मुजफ्फरपुर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। जिले के सिविल कोर्ट में पहली बार जिला जज का पद महिला को दिया गया है, जिनका नाम श्वेता कुमारी सिंह है। यह पटना हाईकोर्ट में एडिटर के पद पर कार्यरत थी, जो अब मुजफ्फरपुर की प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश बनी हैं। इससे पहले मुजफ्फरपुर के सिविल कोर्ट में न्यायधीश के पद की जिम्मेदारी किसी महिला को नहीं मिली थी। अब श्वेता सिंह मुजफ्फरपुर की जिला जज बनने वाली प्रथम महिला न्यायिक अधिकारी होंगी। मुजफ्फरपुर कोर्ट में प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश के पद पर मनोज कुमार सिंह थे, जिनके स्थान पर अब श्वेता सिंह बैठेंगी। श्वेता कुमारी सिंह मुजफ्फरपुर कोर्ट में जनवरी में योगदान देंगी। श्वेता कुमारी सिंह 103वें जिला व सत्र न्यायाधीश के पद पर मुजफ्फरपुर में योगदान देंगी। वही इसको लेकर कोर्ट एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष सह अपर लोक अभियोजक डॉ। संगीता शाही ने बताया कि मुजफ्फरपुर न्याय मंडल में प्रधान न्यायाधीश व अपर जिला व सत्र न्यायाधीश प्रथम के पद पर महिला न्यायिक अधिकारी कार्यरत हैं। प्रधान न्यायाधीश के पद पर नम्रता तिवारी व एडीजे प्रथम के पद पर नमिता सिंह कार्य कर रही हैं। श्वेता कुमारी सिंह की नियुक्ति से मुजफ्फरपुर न्याय मंडल में तीनों शीर्ष पद पर महिला न्यायिक अधिकारी आसीन होंगी। श्वेता कुमारी सिंह वकालत करते हुए न्यायिक अधिकारी बनीं।

## किसानों और केंद्र के बीच निकलेगा बातचीत का रास्ता ?

### केंद्रीय गृह निदेशक ने की डल्लेवाल से मुलाकात



खनौरी, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। खनौरी बॉर्डर पर 26 नवंबर से अनशन बैठे जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत बिगड़ने लगी है। मामले में सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान के बाद आज (रविवार) को गृह मंत्रालय में निदेशक मयंक मिश्रा और पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव किसान नेता डल्लेवाल से मिलने पहुंचे। यहां उन्होंने उनकी तबीयत के बारे में जानकारी ली। इस दौरान किसान संगठन के नेताओं व पुलिस अधिकारियों के बीच बैठक हुई। खनौरी बॉर्डर पर किसान नेताओं से मुलाकात के बाद गृह मंत्रालय में निदेशक मयंक मिश्रा ने कहा कि हमने किसान नेताओं की सभी मांगें सुनीं। मैं सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करने आया हूं। शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान से मीटिंग हुई थी। जिसके बाद निदेशक मयंक मिश्रा ने किसान नेता से मुलाकात की है। ऐसे में माना जा रहा है कि अब किसानों और सरकार के बीच बातचीत के रास्ते खुलेंगे। पंजाब डीजीपी ने कहा कि हमने जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत के बारे में जानकारी हासिल की है। उनके स्वास्थ्य को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान बहुत चिंतित हैं। हमने उनका संदेश उन तक पहुंचा दिया है। हम उनके साथ समन्वय में इस मुद्दे को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। डीजीपी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार हमने डल्लेवाल और उनके साथियों से अपील की कि उन्हें आपातकालीन चिकित्सा सहायता प्रदान की जाए। जगजीत सिंह डल्लेवाल साहब की जान बहुत कीमती है। उनका यहां (खनौरी बॉर्डर) पर रहना और इस आंदोलन का शांतिपूर्वक नेतृत्व करना बहुत ज़रूरी है। खनौरी बॉर्डर पर 26 नवंबर से किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल आमरण अनशन पर हैं, बीते 3-4 दिनों से उनकी हालात लगातार खराब हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि किसान नेता डल्लेवाल से बात की जाए, और उनका अनशन खत्म कराया जाए। जिसके बाद आज अधिकारी उनसे मुलाकात करने पहुंचे थे। डल्लेवाल की तबीयत खराब होने की खबर लगने के साथ ही कई नेता उनसे मुलाकात करने पहुंच रहे हैं। शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने कल तीसरी बार दिलली कूच की कोशिश की थी। लेकिन पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए वॉटर कैनन और आंशू गैस के गोले दाग कर रोक दिया था। पुलिस की इस कार्रवाई में कई किसान घायल हुए थे।

## देवर से शादी करने को नहीं राजी हुई भाभी, गुस्से में आकर युवक ने सिर कलम कर महिला के किए तीन टुकड़े

कोलकाता, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में सनसीखेज वारदात का खुलासा हुआ है। जहां एक महिला का सिर कलम कर बॉडी को तीन टुकड़ों में काट दिया गया। इसके बाद इन टुकड़ों को पॉलीथीन बैग में छिपाकर रखा गया। पुलिस ने इस पूरे मामले की जांच की और हत्या का खुलासा किया है। दरअसल, 30 साल की एक महिला ने अपने देवर के साथ शादी करने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। शादी के प्रस्ताव को स्वीकार न करने पर देवर ने पहले अपनी भाभी का गला घोंटा, फिर उसका सिर काट दिया। उसके शरीर के तीन टुकड़े कर दिए और फिर उन टुकड़ों को दक्षिण कोलकाता के पॉश टॉलीगंज इलाके में एक बहुमंजिला इमारत के पीछे कूड़े के ढेर में फेंक दिया। सुबह रीजेंट पार्क इलाके में कटा हुआ सिर मिला, जो कि एक पॉलीथीन बैग में छिपाकर रखा गया था। जब यह स्थानीय लोगों ने देखा तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बाद में पुलिस की जांच में शनिवार को एक तालाब के पास महिला के धड़ और शरीर का निचला हिस्सा बरामद हुआ। पुलिस ने मामले की जांच कर बताया कि मजदूर के रूप में काम करने वाले 35 वर्षीय अतीउर रहमान लस्कर ने अपराध कबूल कर लिया है। उसने खुलासा किया कि उसने उसी इलाके में घरेलू सहायिका के रूप में काम करने वाली महिला की हत्या कर दी, क्योंकि उसने बार-बार उसके प्रेम संबंधों को ठुकरा दिया था। महिला दो साल से अपने पति से अलग रह रही थी। लस्कर के साथ रोजाना काम पर आती-जाती थी। रिश्ते में वह उसकी भाभी लगती थी।

पुलिस उपायुक्त बिदिशा कलिता के अनुसार, पीड़िता ने लस्कर से बचना शुरू कर दिया था। यहां तक कि उसका फोन नंबर भी ब्लॉक कर दिया था। इस अनदेखी ने उसे क्रोधित कर दिया। गुरुवार शाम को, जब वह काम खत्म कर चुकी थी, तो उसने उसे एक निर्माणाधीन इमारत में अपने साथ चलने के लिए मजबूर किया। वहां उसने महिला का गला घोंट दिया, उसका सिर काट दिया और उसके शरीर को तीन टुकड़ों में काट दिया। इसके बाद उसने अलग-अलग जगहों पर शव के टुकड़ों को फेंक दिया।

स्वतंत्र वार्ता

सोमवार, 16 दिसंबर- 2024

# धोखेबाज निकला सोना

अब तक जो लोग सोना को सुरक्षित निवेश मान रहे थे, बीते पखवाडे में उनका यह भ्रम टूट चुका है! सोने की कीमत ने पिछले कुछ समय से जो गच्चा दिया है, कम से कम उससे तो यही लगता है। पिछले 15 दिनों में सोने की कीमत में तेजी तो कभी आई नहीं उल्टे उसने निवेशकों का नुकसान कर उन्हें निराश ही किया है। एमसीएक्स पर सोने की कीमत फिलहाल 77121 रुपये प्रति 10 ग्राम है। शुक्रवार को कारोबार बंद होने के बाद इसमें 800 रुपये से ज्यादा की गिरावट आई थी। बता दें कि अक्टूबर के अंत में सोने की कीमत आसमान पर पहुंच गई थी। इसका कारण त्योहारी सीजन में इसकी मांग थी। वहीं अंतरराष्ट्रीय तनाव के कारण भी सोने की कीमत में जबर्दस्त उछाल आया था। लेकिन शादी का सीजन होने के बाद भी नवंबर महीने में कहानी बिल्कुल बदल गई है। सोने की कीमत में लगातार आ रही गिरावट से बाजार में भी निराशा का माहौल है। हालांकि बीच-बीच में इसमें कुछ उछाल आता रहता है लेकिन एक दिन अचानक कीमत फिर से धड़ाम हो जाती है। दिसंबर महीने को गुजरे करीब 15 दिन हो चुके हैं। इन 15 दिनों में सोने की कीमत बढ़ने के बजाय लगातार गिर रहा है। जाहिर है सोने में निवेश करने वाले इन 15 दिनों माथा ही पीट रहे हैं। एमसीएक्स पर एक दिसंबर को सोने की कीमत 77128 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। अब इसकी कीमत 77121 रुपये प्रति 10 ग्राम है। ऐसे में सोना इन दिनों में 7 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता हुआ है। यानी इसने निवेशकों का नुकसान किया है। लोग डर रहे हैं कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फेडरल रिजर्व की पॉलिसी में बदलाव कर सकते हैं। इससे भी सोने के कारोबारी अनिश्चय की स्थिति में हैं, नतीजतन कीमत में गिरावट है। ट्रंप अमेरिकी डॉलर को मजबूत करने की तैयारी में हैं। जब डॉलर मजबूत होगा तो जाहिर है सोने की कीमत में गिरावट आएगी ही। ट्रंप के कारण निवेशक अब क्रिप्टोकरेंसी और इक्विटी में निवेश कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि इसमें सोने के मुताबिक तेज रिटर्न मिल सकता है। इस कारण लोग सोना बेच रहे हैं। डिमांड कम होने से इसमें गिरावट है। आज से खरमास भी लग गया है। इसलिए भारत में शादियों का सीजन कुछ समय के लिए थम गया है। कोई शुभ कार्य भी नहीं होने वाले हैं इसलिए लोग सोने की खरीदारी कम कर रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि सोने की कीमत में क्या आने वाले समय में तेजी देखी जा सकती है। जानकारों के मुताबिक इसमें कुछ तेजी तो आ सकती है लेकिन कितने दिन रहेगी, यह कह पाना मुश्किल होगा। इसकी वजह साफ है कि चीन से अपने यहां सोने का भंडार फिर से बढ़ाना शुरू कर दिया है। चीन ने जब कुछ महीने सोने का भंडार बढ़ाया था तो इसमें तेजी आई थी। अब फिर से इसमें तेजी देखी जा सकती है। लेकिन यहां 20 जनवरी के बाद कुछ झटका भी लग सकता है। बता दें कि 20 जनवरी को ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। इसके बाद वह डॉलर और क्रिप्टोकरेंसी को मजबूत करने के लिए कुछ तगडे फैसले ले सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो सोने की कीमत में और गिरावट देखने को मिल सकती है। वहीं दूसरी ओर भारत में शादियों का सीजन फिर से शुरू होने वाला है। शादियों में सोने की डिमांड बढ़ जाती है। ऐसे में सोने की कीमत में तेजी देखने की उम्मीद की जा सकती है। इसलिए अभी सोने के निवेशकों को निराश होने की जरूरत नहीं है। वे दिल खोल कर सोना खरीद सकते हैं।

# वन नेशन वन इलेक्शन लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत बनाने की दिशा में बढ़ता कदम



डॉ. राजेन्द प्रसाद शर्मा


सोमवार 16 दिसंबर को लोकसभा में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा एक देश एक चुनाव से संबंधित विधेयक पेश करने के साथ ही देष में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होने की दिशा में एक कदम और बढ़ जाएगा। हांलाकि सरकार इस विधेयक को संसदीय समिति को भेजने की मंशा व्यक्त करती रही है ताकि इस पर सांसदीय समिति के माध्यम से गंभीर मंथन और चिंतन हो सके। हांलाकि अभी एक देष एक चुनाव की दिशा में बढ़ते कदमों में स्थानीय निकायों के चुनावों की प्रकिया बाकी है जिस पर सरकार ने अभी गंभीरता नहीं दिखाई है और उसका कारण भी है कि उस प्रस्ताव के विधेयक को विधानसभाओं से भी पारित करवाया जाना होगा। खैर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते हैं तो भले ही कांग्रेस सहित विपक्ष विरोध कर रहे हो पर माना जाना चाहिए कि यह सही दिशा में बढ़ता कदम होगा। ऐसा नहीं है कि भारतीय लोकतंत्र के लिए यह कोई नई बात हो बल्कि आजादी के समय से ही देष में एक साथ चुनाव कराने पर बल दिया जाता रहा है। 1952, 1957, 1962 और 1967 के चुनाव इसके उदाहरण है। 1968 से विधानसभाओं को भंग करने का जो सिलसिला चला उसने पूरे हालात ही बदल दिए और उसके बाद लोकसभा और विधानसभा के चुनाव अलग अलग होने लगे। केवल सहूलियत ही मानलो अन्यथा अलग अलग चुनावों के दुष्परिणाम अधिक ही सामने आते हैं।

यह केवल चुनावों पर होने वाले सरकारी और गैरसरकारी खर्चों तक ही सीमित ना होकर अलग अलग चुनाव होने से एक नहीं अनेक समस्याओं का कारण बन रहे हैं।

लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग अलग होने से करीब एक साल तक चुनी हुई सरकार पंगु ही बन कर रह जाती है। इसको राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों के चुनावों से इस तरह से समझा जा सकता है। हांलाकि यह उदाहरण मात्र है और सभी प्रदेशों पर समान तरीके से लागू होता है। नवंबर दिसबंर में राजस्थान की विधानसभा के चुनाव होते हैं। सरकार बनते ही अपनी प्राथमिकता भी तय कर पाती है जब तक बजट की तैयारी में जुटना पड़ता है क्योंकि अब फरवरी में ही बजट सेशन होने लगे हैं। मई जून में लोकसभा के चुनाव के कारण अप्रेल से ही आचार संहित लगने की तलवार लटक जाती है और फिर करीब डेढ़ माह का समय आचार संहिता को समर्पित हो जाता है।

इसके कुछ समय बाद ही या यों कहे कि परिवर्तित बजट से निपटते निपटते सरकार के सामने स्थानीय निकायों व पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव का समय हो जाता है और उसके कारण लंबा समय इन चुनावों के कारण आचार संहिता के भेंट चढ़ जाता है। इस बीच में कोई कोई ना कोई उप चुनाव आ जाते हैं तो उसका असर भी चुनी हुई सरकार को भुगतना पड़ता है। जैसे तैसे चौथा साल पूरा होने को होता है कि सरकार ताबड़तोड़ निर्णय करने लगती है और इनके क्रियान्वयन का समय आते आते चुनाव आचार संहिता लग जाती है। इस तरह से एक बात तो साफ हो जाती है कि पांच साल के लिए चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार का कमोबेस करीब एक साल का समय तो चुनाव आचार संहिताओं के ही भेंट चढ़ जाता है।

# राहुल गांधी विचार करें कि इंदिरा ने सावरकर को देशभक्त क्यों कहा था ?



अशोक भाटिया

संसद में संविधान पर बहस के दौरान राहुल गांधी के निशाने पर केंद्र की मोदी सरकार के साथ-साथ वीर सावरकर भी रहे। राहुल ने कहा कि सावरकर मनुस्मृति को मानते थे तो संविधान के बिल्कुल उलट है। सावरकर को संविधान में भारतीयता भी नहीं दिखा था। इस पर शिवसेना (शिंदे) के सांसद श्रीकांत शिंदे ने पूछा कि इंदिरा गांधी सावरकर पर क्या विचार रखती थी? राहुल ने कहा कि मैंने उनसे एक बार यह पूछा था। उन्होंने इसका जवाब देते हुए कहा था कि आंदोलन में सभी लोग जेल गए, लेकिन सावरकर समझौतावादी निकले। राहुल ने आगे कहा कि सावरकर डर कर अंग्रेजों से माफी मांग लिए। बयान के पूर्व राहुल गाँधी कुछ नहीं सोचते । सोचते तो दोबारा वही बातें नहीं दोहराते जो उनके साथी दलों को ही नहीं पचती । 2022 में राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली। इसी दौरान राहुल वीर सावरकर पर भी खूब हमलावर दिखे, जिस पर उद्धव ठाकरे की पार्टी ने ऐतराज जताया। सार्वजनिक रूप से संजय राउत ने सावरकर को वीर बताया था। राउत का कहना था कि पूर्वजों के मुद्दे को उठाने से राहुल को बचना चाहिए। उस वक्त दोनों के बीच गठबंधन टूटने की भी चर्चा थी, लेकिन आखिर दोनों के बीच एक समझौता हुआ। कहा जाता है कि इस समझौते की वजह से ही राहुल सावरकर पर कुछ नहीं बोल रहे थे।राहुल पिछले 2 साल से सावरकर के मुद्दे पर चुप थे, लेकिन अब महाराष्ट्र में चुनाव के बाद अचानक से मुखर हो गए हैं। बहुत समय से राहुल गाँधी और कॉन्ग्रेस पार्टी लगातार वीर विनायक दामोदर सावरकर का अपमान करने में लगी हुई है। “मैं माफ़ी नहीं माँगूँगा, मैं सावरकर नहीं हूँ” – सावरकर मनुस्मृति को मानते थे तो संविधान के बिल्कुल उलट है। सावरकर को संविधान में भारतीयता भी नहीं दिखा था।राहुल गाँधी बार-बार ये डायलॉग बोल रहे हैं और कॉन्ग्रेस पार्टी इसका वीडियो भी शेयर कर रही है। ये अलग बात है कि राफेल से लेकर ‘मोदी’ सरनेम वाले लोगों को गाली देने तक, राहुल गाँधी अदालतों में माफ़ी माँगते रहे हैं। इतने चुनाव हारने के बावजूद बार-बार एक महान स्वतंत्रता सेनानी का अपमान किया जा रहा है। राहुल दोहराते है कि मैं सावरकर नहीं हूं तो दरअसल में राहुल गाँधी सावरकर बन भी नहीं सकते। जब राहुल गाँधी के दादी के पिता जवाहरलाल नेहरू नहीं बन पाए, तो राहुल गाँधी क्या बनेंगे। जवाहरलाल नेहरू जब नाभा जेल में थे, तब उनके पिता ने न जाने कहाँ-कहाँ पैरवी कर के उन्हें 12 दिनों में ही निकलवा लिया था। जबकि, वीर सावरकर ने 11 वर्षों तक जेल भी नहीं, बल्कि उससे भी खौफनाक कालापानी की सज़ा भुगती। उनके भाई गणेश भी उसी जेल में थे, लेकिन दोनों की मुलाकात तक नहीं होती थी। भले ही आज सावरकर की देशभक्ति पर आज कांग्रेस के नेता राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं लेकिन उनकी दादी इंदिरा गांधी ने आज से 42 साल पहले 20 मई 1980 को सावरकर को ₹देश का महान सपूत₹ कहा था। तकरीबन दो साल पहले साल 2018 के अक्टूबर माह की बात है कि जब पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और भाजपा आईटी सेल के मुखिया अमित मालवीय वीर सावरकर और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से जुड़े एक मसले पर एकराय थी। अमित मालवीय ने एक ट्वीट किया था, जिसमें एक इमेज पोस्ट की गई थी। जिसमें इंदिरा गांधी और वीर सावरकर की तस्वीरें दिखाई दे रही हैं। इस इमेज में इंदिरा गांधी के वीर सावरकर के बारे में दिया गया बयान दिखाई दे रहा है। जिसमें इंदिरा गांधी ने कहा था कि सावरकर द्वारा ब्रिटिश सरकार की आज्ञा का उल्लंघन करने की हिम्मत करना हमारी आजादी की लड़ाई में अपना अलग ही स्थान रखता है। इस तस्वीर में एक और बात बताई गई कि इंदिरा गांधी ने महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के योगदान को पहचाना था। उन्होंने साल 1970 में वीर सावरकर के सम्मान में एक डाक टिकट जारी किया था। इसके साथ पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सावरकर ट्रस्ट में अपने निजी खाते से 11,000 रुपए दान किए थे। इतना ही नहीं इंदिरा गांधी ने साल 1983 में फिल्म डिवीजन को आदेश दिया था कि वह ‘महान क्रांतिकारी’ के जीवन पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएं।' विचारों से असहमत होते हुए भी कांग्रेस ने अपने पूर्वजों को नमन करने के लिए भारत को पोर्ट ब्लेयर (अंडमान निकोबार) में उमड़ते देखा है । वीर सावरकर से राजनैतिक दल विरोध रख सकते हैं, लेकिन भारत की जनता नहीं। वह जनता सेल्युलर जेल के सामने हजारों की संख्या में सलाम करने के लिए जाती रहती हैं । उस हजारों की संख्या में पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय मनमोहन सिंह जी भी थे, जिन्होंने अंडमान निकोबार के हवाई अड्डे का नाम 2005 में वीर सावरकर कर दिया था। सीधी बात है कि राहुल गाँधी, आप सावरकर बन भी नहीं सकते। भारत के सूचना आयुक्त उदय माहुरकर ने अपनी पुस्तक में बताया है कि कैसे कई स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर से प्रेरित थे। उन्होंने लिखा है कि कैसे वामपंथी बार-बार इस तथ्य को नज़रअन्दाज़ करते हैं कि बलिदानी भगत सिंह वीर सावरकर की पुस्तक ‘1857 का स्वतंत्रता समर’ से प्रेरित थे।वीर सावरकर ने सन् 1952 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ हुई अपनी एक 12 साल पुरानी मुलाकात का भी जिक्र किया था। नेताजी के बॉम्बे स्थित आवास पर हुई इस बैठक में सावरकर ने उन्हें एक महत्वपूर्ण सलाह दी थी। ये सलाह ये थी कि वैश्विक मंच पर दुश्मन के दुश्मन को दोस्त माना जाए और राष्ट्रमण्डली में कोई भी देश अस्थायी दुश्मन नहीं होता, बस राष्ट्रहित ही स्थायी है। इस मुलाकात के कुछ ही महीनों बाद नेताजी भारत छोड़ कर अंग्रेजों को चकमा देते हुए निकल गए। सावरकर की सलाह का ही योगदान था कि सुभाष चंद्र बोस ने ‘आज़ाद हिंद फ़ौज (INA)’ का पुनर्गठन किया और उसमें जान फूँकी। भगत सिंह के चाचा अजित सिंह भी अंग्रेजों की सेना में विद्रोह कराने के लिए वीर सावरकर की मदद कर रहे थे। खुद भगत सिंह ने लिखा था कि वीर सावरकर विश्व-बंधुत्व में यकीन रखने वाले बहादुर हैं। उन्होंने अपनी डायरियों में 6 बार वीर सावरकर की पुस्तक ‘हिन्दूपदपादशाही’ से उद्धरण लिया है। इतिहासकारों के मुताबिक सरदार भगत सिंह वीर सावरकर की राष्ट्रभक्ति और स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका से किस कदर प्रभावित थे इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सरदार भगत सिंह ने वीर सावरकर द्वारा 1857 के स्वतंत्रता संग्राम पर लिखी गयी किताब ‘1857- इंडिपेंडेंस समर ‘ का अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित करवाया था और इसे अन्य क्रांतिकारियों को बांटा भी था। भगत सिंह के सावरकर के प्रति क्या विचार थे इसका एक उदाहरण कलकत्ता से प्रकाशित होने वाली मतवाला मैगज़ीन में लिखे उनके लेख में मिलता है। जहाँ 15 नवंबर और 22 नवंबर 1924 को प्रकाशित अंक में सरदार भगत सिंह लिखते हैं कि ₹विश्वप्रेमी वह वीर है जिसे भीषण विप्लववादी, कट्टर अराजकतावादी कहने में हम लोग तनिक भी लज्जा नहीं समझते – वही वीर सावरकर। विश्वप्रेम की तरंग में आकर घास पर चलते-चलते रुक जाते कि कोमल घास पैरों तले मसली जाएगी।₹ यह लेख सरदार भगत सिंह ने बलवंत सिंह के छद्म नाम से लिखा गया था। वो कॉन्ग्रेस की ताकतें ही थीं, जिसने वीर सावरकर को महात्मा गाँधी की हत्या में फँसाने की साजिश रची। जबकि वीर सावरकर का स्पष्ट मानना था कि अराजकतावादी गतिविधियों का सहारा लेना विदेशी शत्रु के खिलाफ तो ठीक है, लेकिन अपने ही देश के लोगों के खिलाफ ये रास्ता नहीं आजमाया जा सकता। जिस राष्ट्र के लिए उन्होंने जीवन खपा दिया, उसी देश में उन्हें जेल में ठूँस दिया गया। पहले अंग्रेजों से यातनाएँ मिलीं, फिर नेहरू सरकार में प्रताड़ना। वीर सावरकर इन चीजों से काफी टूट गए थे। उदय माहुरकर ने एक बार बड़ी बात लिखी है कि बाबासाहब भीमराव आंबेडकर ने सावरकर के वकील और ‘हिन्दू महासभा’ के नेता भपोतकर से दिल्ली में गुप्त मुलाकात कर के कहा था कि उन्हें लगता है कि सावरकर के खिलाफ केस कमजोर है और वो बरी होंगे। उन्होंने मजबूती से मुकदमा लड़ने को प्रेरित किया। आंबेडकर 2 बार अदालत में भी सुनवाई के दौरान पहुँचे, एक बार अपनी पत्नी के साथ।

# कब तक कहते रहेंगे कि कोई डर नहीं लग रहा ?



श्रवण गर्ग

नागरिकों को या तो भान ही नहीं है कि वे भयभीत हैं या फिर उन्होंने किसी और भी बड़े ख़ौफ़ के चलते अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी के सारे डरों को दूसरों के साथ बाँटना भी बंद कर दिया है। ऐसी स्थितियां किस तरह की व्यवस्थाओं में जन्म लेती हैं अभी घोषित होना बाक़ी है। हम अभी तक इतना भर ही पढ़ते-सुनते आ रहे थे कि कुछ लोगों की भीड़ ने अपने से भिन्न समुदाय के निर्दोष इंसानों को दिन-दहाड़े घेरकर या तो उनकी मानहानि या जनहानि कर दी।अपराध के बाद वे क़ानून की कमज़ोर होती आँखों में आने से या तो वे बच गए या व्यवस्था के मज़बूत हाथों ने उन्हें सुरक्षित बचा लिया। पीड़ित समुदाय के लोगों ने बेख़ौफ़ होकर घरों से बाहर निकलना बंद कर दिया। अब जो लोग डर रहे हैं उनमें उस समुदाय के भी हैं जो या तो धार्मिक हमलावरों की भीड़ में शामिल रहते हैं या रहते रहे हैं। डर से प्रभावित होने के मामले में धर्म और समुदायों के बीच का फ़र्क़ मिटता जा रहा है।अब कोई भी किसी को भी डरा सकता है। समाज धर्मनिरपेक्ष नहीं बन पाया पर डर की स्थितियाँ क़ानून और व्यवस्था निरपेक्ष बनती जा रही है। कुछ क़िस्से हैं जो अलग-अलग परिस्थितियों में पैदा हुए पर उन्हें साथ जोड़कर देखा-पढ़ा जा सकता है। करोड़ों की आबादी वाले एक महानगर के एक चलते-फिरते इलाक़े में एक ऐसे प्रभावशाली और सुरक्षाप्राप्त राजनेता की हत्या हो जाती है जो डबल इंजन वाले शक्तिशाली सत्ता प्रतिष्ठान का हिस्सा था।बताया गया कि जिन शूटरों द्वारा हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया उनका संबंध उस गैंग से हो सकता है जिसका सरग़ना जेल में बंद है। यानी व्यवस्था की क़ैद में बंद अपराधी भी किसी ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों की हत्याएं करवा सकता है जो जेल के बाहर हैं या खुली जेलों में हैं। जिस सत्ता प्रतिष्ठान के साथ वह राजनेता जुड़ा हुआ था न तो उसने बाद में ज़ाहिर नहीं होने दिया कि उसकी सुरक्षा व्यवस्था चरमरा गई है और न ही नागरिकों ने ही लगने दिया कि इतनी ख़ौफ़नाक घटना के बाद भी वे कहीं से डरे हुए हैं।सब कुछ सामान्य दिखाया जा रहा है। सिनेमा के पर्दे की अविश्वसनीय कहानियों में किसी पराए मुल्क में भी घुसकर बहादुरी के क़िस्से गढ़ने वाले एक बड़े अभिनेता को आए दिन धमकियाँ मिल रही हैं, अपराधी उसके रहने के ठिकाने पर गोलियाँ बरसा कर ग़ायब हो रहे हैं पर उसके लाखों-करोड़ों प्रशंसक बस उसकी अगली फ़िल्म के रिलीज़ होने की ही प्रतीक्षा कर रहे हैं। वे अभिनेता के साथ हो रही घटनाओं पर किसी तरह का भय या ग़ुस्सा नहीं व्यक्त करते। अभिनेता भी अपने चाहने वालों को पता नहीं लगाने देता कि वह ठीक से नींद ले पा रहा है कि नहीं ? व्यवस्था इतना भर करती है कि उसके आसपास सुरक्षा का घेरा और मज़बूत कर देती है। बताया जाता है कि अभिनेता को धमकाने वाले और राजनेता की जान लेने वालों के सूत्र आपस में जुड़े हुए हैं। इतना ही नहीं ! कुछ विदेशी हुकूमतें आरोप लगा रही हैं कि उनकी ज़मीन पर उनके ही नागरिकों की कथित हत्याओं और ज़बरिया वसूली के पीछे उन लोगों का हाथ है जो हमारे मुल्क में या तो व्यवस्था का हिस्सा रहे हैं या हमारी जेलों में बंद अपराधी गिरोह हैं। जनता को जानकारी नहीं है कि संसद में विपक्ष द्वारा सरकार से इस बाबत कोई जानकारी माँगी गई कि नहीं। मानकर चला जा सकता है कि विपक्ष की नज़रों में मामला नागरिक महत्व का नहीं होगा। पिछले ग्यारह महीनों के दौरान कोई 93 हज़ार नागरिक ‘डिजिटल अरेस्ट’ नामक अपराध का शिकार होकर अपनी ज़िंदगी भर की कमाई का अनुमानित 2,141 करोड़ रुपए गँवा चुके हैं और अपराधियों के गिरोह गिरफ़्त से बाहर हैं।साल 2024 के दौरान सभी तरह के साइबर अपराधों में हुए नुक़सान का आँकड़ा 20,000 करोड़ बताया जाता है। उपसंहार यह है कि सिर्फ़ सौ अपराधी भी अगर तय कर लें तो सौ करोड़ लोगों की ज़िंदगी हराम कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने अपने मासिक कार्यक्रम ‘मन की बात’ में श्रोताओं को ‘डिजिटल अरेस्ट’ अपराध की पूरी प्रक्रिया समझाई कि अपराध को कैसे अंजाम दिया जा रहा है और फिर फ्रॉड से बचने के तीन चरण (रोको, सोचो और एक्शन लो) भी उन्हें बताए।नागरिकों को यह तो पता चल गया कि उन्हें क्या करना चाहिए पर यह जानकारी नहीं मिल पाई कि सरकार और एजेंसियाँ अपराधियों को पकड़ने के लिए क्या कार्रवाई कर रही हैं। ऐसा इसलिए कि पीएम के कार्यक्रम के बाद भी अपराध बेख़ौफ़ जारी हैं। नागरिकों ने अज्ञात नंबरों से आने वाले सभी तरह के फ़ोन कॉल्स को सुनना बंद कर दिया है। इनमें वे कॉल्स भी शामिल हैं जो किसी परिचित या संबंधी की बीमारी या रोड एक्सीडेंट की जानकारी वाले या किसी ज़रूरी सूचना से जुड़े होंगे।नागरिकों ने हर दुख-तकलीफ़ और भय के साथ अपने आप को एडजस्ट कर लिया है। मुल्क में इस वक्त ख़ौफ़ पैदा करने की कई तरह की व्यवस्थाएँ समानांतर रूप से चल रही हैं और नागरिक सभी से बराबरी से डरे हुए हैं। मसलन, एक व्यवस्था शासन की है जिसमें पुलिस, सभी तरह की जाँच और ख़ुफ़िया एजेंसियाँ शामिल हैं। जनता के लिए इन सबसे पूरी तरह डर कर रहना ज़रूरी है। दूसरी व्यवस्था उन धार्मिक संगठनों की है जो तय कर रही हैं कि नागरिकों को क्या ख़ाना,पीना, पहनना और किन मार्गों से गुज़ारना है। इन संगठनों की मर्ज़ी के मुताबिक़ नारे लगाना है ,मुँह-माँगा चंदा देना है और उनके आयोजनों में भाग लेना है। सरकारी संरक्षण प्राप्त इन संगठनों से भी नागरिक डरने लगा है। तीसरे वे अपराधी हैं जिनके पास पूरी गोपनीय जानकारी है कि नागरिकों के आधार कार्ड का नंबर क्या है, उनके बैंकों के खातों में कितना धन और एफ़डी जमा है। डिजिटल अरेस्ट और फिरौती की माँग की माँग ने ऐसा आतंक पैदा कर दिया है कि नागरिक अब घरों में बैठे-बैठे ही डर रहे हैं, डरने के लिए सड़कों पर निकालने की ज़रूरत नहीं बची ! चारों तरफ़ भय और आतंक का माहौल है। नई-नई सत्ताएँ आए दिन प्रकट हो रही हैं जो नागरिकों को डरा रही हैं। सत्ता प्रतिष्ठान या तो नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने में निकम्मा साबित हो रहा है या फिर अपराधी उसके संरक्षण में ही नियंत्रण से बाहर हो गए हैं।सवाल यह कि नागरिक और कब तक अभिनय करते रहेंगे कि उन्हें किसी भी अपराध से डर नहीं लग रहा है ? क्या इसे नागरिकों के अपराधियों में परिवर्तित होने की प्रक्रिया नहीं मान लिया जाना चाहिए ?

**http://shravangarg1717.blogspot.com**

# हताश-निराश विपक्ष को ममता से आस क्यों?



राजेश कुमार पासी

कभी-कभी हम ऐसी समस्या से घिर जाते हैं जिससे निकलने का कोई अच्छा रास्ता नहीं सूझता तो हम हताश होकर एक नए रास्ते पर चलने लगते हैं। हालात कैसे भी हों लेकिन बिना सोचे समझे उठाया हुआ कदम नुकसान पहुंचाता है । आज हमारे देश का विपक्ष बहुत हताश और निराश हो चुका है। पिछले दस सालों से वो मोदी से लड़ रहा है लेकिन उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाया है । 4 जून को जब लोकसभा के चुनाव परिणाम आये तो विपक्ष में खुशी की लहर दौड़ गई थी क्योंकि भाजपा को अकेले अपने दम पर बहुमत नहीं मिला था। भाजपा बहुमत से 32 सीटें पीछे रह गई थी। विपक्ष को लगा कि अब मोदी का प्रधानमंत्री बनना मुश्किल है क्योंकि उन्होंने कभी अल्पमत की सरकार नहीं चलाई है। उन्हें दूसरी उम्मीद यह थी कि एनडीए के घटक दल मोदी के अलावा भाजपा के किसी दूसरे नेता को प्रधानमंत्री बनाना पसंद करेंगे । विपक्ष की उम्मीदों के विपरीत मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन गए और किसी भी घटक दल ने उनको प्रधानमंत्री बनाने का विरोध नहीं किया बल्कि पूरे एनडीए ने उन्हें अपना नेता मान लिया। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद विपक्ष में यह उम्मीद पैदा हो गई कि जब सरकार का गठन होगा तो मंत्री पद के लिए एनडीए के घटक दलों में जबरदस्त संघर्ष होगा । उन्हें लगा कि भाजपा कमजोर हो गई है तो घटक दल मोदी को ब्लैकमेल करके ज्यादा से ज्यादा मंत्रीपद लेने में सफल हो जाएंगे । विपक्ष की उम्मीदों के विपरीत कैबिनेट में सभी महत्वपूर्ण मंत्रालय भाजपा ने अपने पास रख लिए और घटक दलों ने कोई एतराज भी जाहिर नहीं किया। विपक्ष को नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू से बहुत उम्मीद थी कि वो मोदी को फ्रीहैण्ड नहीं देंगे और सरकार में दखलंदाजी जरूर करेंगे। सरकार को बने 6 महीने बीत गए हैं लेकिन मोदी सरकार वैसे ही चल रही है जैसे पिछले दस सालों से चल रही थी। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू पूरी तरह से मोदी के समर्थन में खड़े दिखाई दे रहे हैं। 6 महीने जैसे सरकार चली है, उसको देखकर ऐसा लग ही नहीं रहा है कि ये गठबंधन की सरकार है। मोदी सरकार ऐसा आभास पैदा कर रही है जैसे वो एक पार्टी की बहुमत वाली सरकार है। जो विपक्ष इस सरकार के जल्दी गिरने की संभावना देख रहा था, वो अब बहुत निराश हो चुका है क्योंकि उसे अहसास हो गया है कि ये सरकार पांच साल तक कहीं जाने वाली नहीं है। लोकसभा में कांग्रेस की सीटें 54 से बढ़कर 99 हो गई हैं तो राहुल गांधी आत्मविश्वास से भरे हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि बेशक इस बार मोदी सरकार बनाने में कामयाब हो गए हैं लेकिन अब वो दोबारा मोदी को सत्ता में नहीं आने देंगे। लोकसभा के गठन के बाद संसद के मानसून सत्र में राहुल गांधी बेहद आक्रामक अंदाज में दिखाई दे रहे थे। उनके अलावा विपक्ष के दूसरे दल भी भाजपा पर जबरदस्त तरीके से हमलावर थे क्योंकि उन्हें लग रहा था कि अब भाजपा पहले से बहुत कमजोर हो गई है। शीतकालीन सत्र में तस्वीर बदल चुकी है क्योंकि हरियाणा और महाराष्ट्र में बड़ी जीत हासिल करके भाजपा पूरे आत्मविश्वास से संसद में आई है। दूसरी तरफ इन दो राज्यों में मिली करारी हार ने विपक्ष को पस्त कर दिया है। अब विपक्ष में भाजपा से लड़ने का माद्दा ही नहीं बचा है। अब उसकी प्राथमिकता भाजपा से लड़ने की दिखाई नहीं दे रही है। अब विपक्ष पहले यह फैसला करना चाहता है कि भाजपा से किसके नेतृत्व में लड़ा जाएगा । ऐसा लग रहा है कि विपक्षी दलों को यह अहसास हो गया है कि वो राहुल गांधी के नेतृत्व में मोदी का मुकाबला नहीं कर सकते। वैसे देखा जाए तो विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में मोदी का मुकाबला कर ही नहीं रहा था। विपक्ष ने राहुल गांधी को कभी अपना नेता नहीं माना है, राहुल गांधी सिर्फ कांग्रेस का नेतृत्व कर रहे थे । इंडिया गठबंधन ने पूरे चुनाव के दौरान किसी को अपना नेता नहीं माना था । वास्तव में इंडिया गठबंधन को अपनी जीत पक्की लग रही थी। उसके नेताओं को लग रहा था कि गठबंधन का नेता ही प्रधानमंत्री का स्वाभाविक उम्मीदवार होगा इसलिये वो किसी को नेता मानने को तैयार नहीं हुए। गठबंधन के नेता चाहते थे कि प्रधानमंत्री का फैसला चुनाव परिणाम आने के बाद किया जाए क्योंकि प्रधानमंत्री पद के लिए घटक दलों में चुनाव से पहले ही खींचतान शुरू हो जाती । तीसरी बार मोदी प्रधानमंत्री बन गए तो गठबंधन के नेता की जरूरत खत्म हो गई । कांग्रेस को लोकसभा में 99 सीटें मिली तो राहुल गांधी को विपक्ष के नेता का पद मिल गया । राहुल गांधी जब विपक्ष के नेता बन गए तो कांग्रेस ने मान लिया कि अब राहुल गांधी पूरे विपक्ष के नेता बन गए हैं।

# मच्छर से बड़ा कौन



डॉ टी महादेव राव

भैया! मच्छर मनुष्य के खून को किस तरह पीते हैं, आपको मालूम है?” “चमड़े पर बैठते हैं फिर अपने सुई सी सूंड काटते हैं और खून पी जाते हैं।” “वह तो ठीक है। लेकिन वे काटने के लिए मनुष्य को किस तरह से पहचानते हैं मालूम?” “अरे क्या यार! सुबह-सुबह मच्छरों के नाम पर आक्रमण करना शुरू कर दिया! शायद गंध के कारण पहचानते होंगे।” “न भैया न ! केवल गंध से पहचान कर खून पी रहे हैं, अगर ऐसा सोचते हैं, तो गलत है। वे अपने लिए भोजन देते मनुष्य के अस्तित्व को पहचानने का तरीका अद्भुत है, अद्वितीय है. हम जो उसाँस छोड़ते हैं - कार्बन डाइऑक्साइड, उसके आधार पर उनको पता लगता है कि हां यहां मनुष्य है। इसका कुछ खून पिया जाना चाहिए।” “ऐसा सोचते हैं, तो फिर क्या?” “अरे भैया इतनी आसानी से मत निकाल दो इन सबको। अगर हम जैसे बुद्धिमान व्यक्ति चालाक बनकर मच्छरों से बचना चाहें और अगर सांस रोकें भी तो, उनकी मार से नहीं बच सकते। क्योंकि हमारे पसीने में जो गंध है उसके आधार हम पर हमला कर देते हैं।” “अगर हम अपने पसीने की गंध से बचने इत्र लगा लें तो?” “फिर भी कोई फायदा नहीं। यह हमारे शरीर के तापमान के आधार पर भी हमें पहचान लेते हैं। मच्छर कुछ रंगों को पहचानते हैं और कुछ रंगों को शायद नहीं पहचानते।” “सबसे पहले तुम अपने दिमाग से उन मच्छरों को हटाओ और कोई नई बात अगर हो तो बताओ।” “वहीं आ रहा हूं भैया! मच्छरों के स्वभाव को, उनके सहज गुणों को अगर हम पता लगाएं तो उन्हें किस तरह से धोखा दिया जा सकता है मालूम तो होगा। वही कि जिन रंगों को पहचानते हैं, उनके अलावा जिन रंगों को वो नहीं पहचानते हैं - वैसे कपड़े पहनें तो, मच्छरों से बच सकते हैं।” “हाँ! तुम्हारी बातों में दम अब लग रहा है।” “वह सब तो ठीक है। लेकिन हमारे राजनीति के धुरंधर नेताओं के लक्षण क्या हैं, यह हमें कई दशकों से पता चला है। फिर भी हम उनके हाथों से बच नहीं पा रहे हैं, क्यों? हमारे वोट से जीत कर हमारी पीठ पर छुरा भोंकने वाले को हम पूरी तरह क्यों नहीं पहचान पा रहे हैं? वह कितना भी दुष्ट क्यों न हो, एक मौका दे दो भैया कहते ही हम अपना सब कुछ वोट के जरिये उसके हाथ में सौंप रहे हैं। उसके बाद देखो मेरे भैया! पाँच साल तक वह हमें मच्छर की तरह काटता है, खून की आखिरी बूंद तक स्ट्रॉ डाले चूसते ही रहता है। ऐसा क्यों हो रहा है?”“क्योंकि उन्हें हमारी कमजोरियों का अच्छी तरह से पता है, इसलिए।”“भैया! आप भी न! अगर नेताओं को सबक सिखाना है तो अपने वोट से उनके सिर के बाल हम झिंझोड़ सकते हैं कि नहीं?”“उसके लिए पाँच साल रुकना पड़ेगा न। इस बीच तुझे गुड दिखा कर ढेला मारने वाले नेताओं की इस देश में कोई कमी नहीं है।”“जिस तरह मच्छर खून पीते हैं, उसी तरह हमारे भविष्य को निगलने वाले इस तरह के नेताओं को वोट न देने का, हम सबको शपथ लेना होगा भैया!”

# महाकुंभ का समुद्र मंथन से क्या है संबंध




साल 2025 बेहद खास होने वाला है क्योंकि इस वर्ष आस्था का महापर्व महाकुंभ आयोजित होगा। महाकुंभ हर 12 साल बाद आता है इसलिए इसका महत्व कई गुना अधिक होता है।

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के दौरान लोग कल्पवास, गंगा स्नान और जप-तप करते हैं, मान्यता है इससे व्यक्ति के जन्मों जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं और आगे का जीवन सुखमय रहता है। महाकुंभ का इतिहास क्या है, ये नए साल में कब से शुरू हो रहा है आइए जानें।

महाकुंभ मेला 13 जनवरी 2025 को शुरू होगा और इसकी समाप्ति महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी 2025 को होगी।

**महाकुंभ मेले का इतिहास**

महाकुंभ का आयोजन एक प्राचीन परंपरा है, जो वैदिक काल से चली आ रही है। इसके पीछे का मुख्य तात्पर्य है पवित्र नदियों में स्नान करना, जो मान्यता के अनुसार मनुष्य के पापों का नाश करता है और मोक्ष की प्राप्ति में सहायक होता है।

जब दुर्वासा ऋषि के श्राप से देवता शक्तिहीन हो गए तथा दैत्य राज बलि का तीनों लोकों में स्वामित्व था।


तब देवताओं ने भगवान विष्णु के पास जाकर प्रार्थना की और अपनी विपदा सुनाई कुंभ मेले की शुरुआत की कहानी पौराणिक कथाओं में समुद्र मंथन की कथा से जुड़ी हुई है।

भगवान विष्णु ने देव को समुद्र मंथन करने के लिए कहा। कथा के अनुसार, जब देवताओं और असुरों ने अमृत प्राप्त करने के लिए समुद्र मंथन किया, तो उस मंथन से अमृत का घट (कलश) निकला। कुंभ का अर्थ भी कलश ही होता है। अमृत को पाने के लिए देवताओं और असुरों के बीच युद्ध छिड़ गया, जिसके चलते भगवान विष्णु ने अपने वाहन गरुड़ को अमृत के कलश की सुरक्षा का काम सौंप दिया।

गरुड़ जब अमृत को लेकर उड़ रहे थे, तब अमृत की कुछ बूंदें चार स्थानों – प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक में गिर गईं। तभी से हर 12 वर्ष बाद इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है।

इस दौरान गंगा में आस्था की डूबकी लगाकर लोग अपने पापों का प्रायश्चित करते हैं। मान्यता है कि देवताओं और असुरों के बीच 12 दिवसीय युद्ध हुआ, जो मानव वर्षों में 12 वर्षों के बराबर माना गया है। इसलिए, हर 12 साल में कुंभ का आयोजन होता है।

# खरमास में तुलसी पूजा करना शुभ या अशुभ ?



हिंदू मान्यताओं के अनुसार खरमास का समयकाल मांगलिक कार्यों और कोई भी नया शुभ काम करने के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र की मानें तो इस समय में सूर्य देव धनु राशि में चले जाते हैं और इस राशि में उनकी चाल धीमी हो जाती है, जिससे सूर्य की ऊर्जा में कमी देखने मिलती है, इसलिए खरमास में शुभ कार्यों को करने की मनाही होती है।

बता दें कि 15 दिसंबर से सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करेंगे और तभी से खरमास शुरू हो जाएगा और 14 जनवरी तक रहेगा। हालांकि खरमास के एक महीने में सूर्य देव, भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा आराधना करना बहुत अच्छा माना जाता है। लेकिन कई लोगों के मन में तरह तरह के संशय रहते हैं कि हम खरमास में पूरा कैसे करें और इस समयावधि में तुलसी की पूजा करें या नहीं? तो आइए इन बातों के बारे में जानते हैं भोपाल निवासी ज्योतिषी एवं वास्तु सलाहकार पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा से। पंडित जी बताते हैं कि खरमास के दौरान तुलसी पूजा की जा सकती है और उन्होंने बताया कि इस दौरान तुलसी पूजा करना अतिशभुकारी भी होता है। यदि कोई व्यक्ति खरमास में तुलसी का पूजन सच्चे मन से करता है तो उसके जीवन में आ रही समस्याएं दूर हो सकती है।

**ऐसे करें खरमास में तुलसी की पूजा**

खरमास में तुलसी पूजा ब्रह्म मुहूर्त में उठकर करनी चाहिए। ऐसा करना बेहद शुभ माना जाता है। पूजा करने के लिए सबसे पहले एक पात्र में गंगाजल युक्त जल लें और फिर इससे तुलसी माता को स्नान करवाएं। इसके बाद तुलसी के पौधे के पास एक दीपक जलाएं और फिर इसे घी के दीपक जलाकर उनकी रोली, चावल और हल्दी से पूजा करें। पूजा श्रंगार करने के बाद तुलसी जी के सामने बैठकर मंत्रों का जाप करें। मंत्र इस प्रकार हैं-

**ॐ वासुदेवाय नमः, ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र।**

**तुलसी श्रीर्महालक्ष्मीर्विद्याविद्या यशस्विनी।**

**धर्मा धर्मानना देवी देवीदेवमनः प्रिया।**

**लभते सुतरां भक्तिमन्ते विष्णुपदं लभेत।**

**ॐ वासुदेवाय नमः और ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र**

मंत्रो का जाप करने से पूजा का फल पूर्ण रूप से मिलता है। आप इनमें से किसी भी मंत्र का जाप कर सकते हैं। जाप करने के बाद तुलसी के पौधे के पास धूपबत्ती जलाएं और उनकी परिक्रमा करें। अंत में आरती करें व आशीर्वाद प्राप्त करें।

**खरमास की तुलसी पूजा का महत्व**

शास्त्रों के अनुसार, खरमास में भगवान विष्ण की पूजा का विधान है और विष्णु जी को तुलसी बहुत प्रिय है। इसलिए तुलसी पूजा करने से विष्णु जी को भी प्रसन्न किया जा सकता है। वहीं जिस अगर खरमास में तुलसी जी की पूजा होती है तो इससे घर में सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। साथ ही नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है और जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं।

# 2025 की शुरुआत में भी मंगल रहेगा वक्री

## भूमि पुत्र और ग्रहों के सेनापति हैं मंगल देव, इस ग्रह की पूजा होती है शिवलिंग रूप में




7 दिसंबर को मंगल कर्क राशि में वक्री हो गया है। ये ग्रह मेष और वृश्चिक राशि का स्वामी है, ये नौ ग्रहों का सेनापति भी है। मंगल की चाल बदलने से सभी 12 राशियों पर इस ग्रह का असर बदला है।

मंगल अब वक्री हो गया है यानी ये ग्रह अब पीछे की ओर चल रहा है और वक्री रहते हुए ये ग्रह 21 जनवरी 2025 मिथुन राशि में प्रवेश करेगा। 24 फरवरी को मंगल मिथुन राशि में मार्गी हो जाएगा और आगे की बढ़ने लगेगा। मंगल 2 अप्रैल को कर्क में फिर से आ जाएगा। मंगल नए वर्ष 2025 की शुरुआत में वक्री रहेगा।

नौ ग्रहों में मंगल का विशेष स्थान है। जब नवग्रहों की पूजन होती है, उस समय दक्षिण दिशा में मंगल की स्थापना करते हैं। मान्यता है कि मंगल भूमि पुत्र हैं। मंगल ने शिव जी को प्रसन्न करने के लिए कठोर तप किया था। मंगल की तपस्या से प्रसन्न होकर शिव जी ने मंगल को एक ग्रह होने का वर दिया। ये ग्रह पूर्व दिशा में उदय है और पश्चिम में अस्त हो जाता है। मंगल का एक नाम भौम भी है। मंगल को लाल ग्रह भी कहते हैं, क्योंकि ये लाल दिखाई देता है।

**मत्स्य पुराण में मंगल के बारे में लिखा है कि-**

**रक्तमाल्याम्बरधरः शक्तिशूलगदाधरः।**

**चतुर्भजः रक्तरोमा वरदः स्याद् धरासूतः।।**

इस श्लोक में मंगल का स्वरूप बताया गया है। भूमि पुत्र मंगल के चार हाथ हैं। मंगल का शरीर लाल दिखाई देता है। मंगल अपने तीन हाथों में शक्ति, त्रिशूल और गदा धारण किए रहते हैं, एक हाथ वरमुद्रा है।

शिवलिंग रूप में की जाती है मंगल की पूजा

मंगल की पूजा शिवलिंग रूप में की जाती है। मंगल का जन्म स्थान उज्जैन (मप्र) है। उज्जैन में मंगल के जन्मस्थान के रूप में दो मंदिरों में पूजा की जाती है, पहला मंगलनाथ मंदिर और दूसरा अंगारेश्वर महादेव मंदिर। ये दोनों मंदिर पास-पास ही हैं।

मंगल के लिए खासतौर पर भातपूजा होती है। इस पूजा में शिवलिंग का पके हुए चावल से श्रृंगार किया जाता है और फिर विधिवत आरती की जाती है।

मंगल ग्रह की पूजा में शिवलिंग पर लाल गुलाल, लाल फूल और लाल वस्त्र चढ़ाने की परंपरा है। इनके साथ ही शिवलिंग पर लाल मसूर भी चढ़ाते हैं।

ऊँ भौं भौमाय नमः और ऊँ अं अंगारकाय नमः मंत्र का जप करना चाहिए। मंत्र जप कम से कम 108 बार करें। जप की संख्या ध्यान रखने के लिए रुद्राक्ष की माला का इस्तेमाल करना चाहिए।

**मेष**- चतुर्थ वक्री मंगल परेशानी दे सकता है। योजनाएं विफल हो सकती हैं और लेनदार आपको परेशान करेंगे।

विवादित मामलों से आपको पीछे हटना पड़ सकता है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सावधानी बरतें।

**वृष**- तृतीय राशि में वक्री मंगल से फिलहाल कोई परेशानी आने की संभावना नहीं है।

योजनाओं में सफलता मिलेगी और लक्ष्य पूरे होंगे। नए बिजनेस ऑफर मिल सकते हैं।

**मिथुन**- द्वितीय वक्री मंगल परेशानियों को खत्म करेगा और लंबे समय से अटके काम पूरे होंगे। आय का आधार मजबूत होगा और पहले से छूटे हुए काम भी संभल सकते हैं।

कर्क- इस राशि में वक्री मंगल गोचर कर रहा है। वक्री मंगल से कोई नुकसान नहीं होगा। आपको खुशी और शुभ समाचार प्राप्त होंगे। मान-सम्मान मिलेगा और आपका प्रभाव बढ़ेगा। नए कार्य होंगे।

**सिंह**- द्वादश वक्री मंगल की वजह से सावधान रहने का समय है। शांति और धैर्य के साथ समय बिताएं।

विरोधी हावी होने की कोशिश करेंगे। उनका सामना गुप्त योजनाओं और ठंडे दिमाग से ही किया जा सकता है।

**कन्या**- एकादश वक्री मंगल शुभ रहेगा। नई जमीन, मकान, फ्लैट खरीदने का मन बनेगा और सफलता भी मिल सकती है।

सरकार से काम में मदद मिलेगी। व्यापार बढ़ेगा और लाभ भी बढ़ेगा।

**तुला**- मंगल इस राशि से दशम होकर वक्री है। ये आपको भूमि से विशेष लाभ पहुंचाएगा।

वाहन सुख मिलेगा और किसी बड़े काम में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**- वक्री मंगल नवम होकर आपके लिए सामान्य रहेगा। लाभ-हानि बराबर रहेंगे। रिश्तेदारों में विवाद हो सकता है, जमीन के सौदों से बचने का प्रयास करें।

**धनु**- मंगल के अष्टम राशि में वक्री होने से विवाद से बचने का प्रयास करें। हनुमान जी की पूजा करने से नुकसान से बच सकते हैं। बाएं पैर में दर्द रहेगा और अनावश्यक चिंताएं बढ़ेंगी। मदद मिलेगी।

**मकर**-वक्री मंगल की सप्तम में पूर्ण दृष्टि रहेगी और इसका प्रभाव बढ़ेगा और आपको अपने सभी कार्यों में सफलता मिलेगी।

कोर्ट-कचहरी और अन्य विवादित मामलों में सफलता मिलेगी। नए कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ**- छठा वक्री मंगल स्वास्थ्य लाभ देगा। लंबित कार्यों में गति आएगी। नई योजनाएं भी बनेंगी। विवाद समाप्त होंगे और सुखद समाचार प्राप्त होंगे।

**मीन**- पांचवां वक्री मंगल शुभ समाचार दिलाएगा। सफलता मिलेगी। भूमि से लाभ होगा और व्यापार में उन्नति होगी।

कुंवारों के लिए विवाह के अवसर भी बनेंगे। प्रेम में भी सफलता मिलेगी।

# मनुष्य को क्यों और किस धातु का पहनना चाहिए कड़ा?



**क्यों पहनें कड़ा:** आजकल हाथ में कड़ा पहनना फैशन में है। लेकिन, क्या आपको पता है कि इसे पहनने का मकसद सिर्फ फैशन ही नहीं, वास्तु दोष दूर करना भी है। दरअसल, ज्योतिष शास्त्र में कड़ा का संबंध सीधा ग्रहों से माना गया है। यही वजह है कि, पुरुषों को दाएं हाथ में कड़ा पहनने की सलाह दी जाती है। इसको पहनने से कुंडली में बैठे कई दोषों से मुक्ति मिलती है। साथ ही यह असफलता को पछाड़ कर सफलता की ओर ले जाता है।

**किस धातु का कड़ा पहनें:** ज्योतिषार्य के अनुसार, कई लोग बिना कुछ विचारे किसी भी धातु का कड़ा पहन लेते हैं, जोकि गलत है। इसका आपका नुकसान भी देखने को मिल सकता है। ऐसे में जरूरी है कि ज्योतिष की सलाह के अनुसार ही कड़ा पहनें। यदि आप ऐसा नहीं भी कर पाते हैं तो चांदी का कड़ा पहनना चाहिए। दरअसल, चांदी का कड़ा पहनने से ग्रहों से छुटकारा मिलता है। साथ ही घर में हमेशा धन-दौलत की कमी नहीं होती है।

क्या है चांदी का महत्वः पंडित जी के मुताबिक, चांदी का सीधा संबंध चंद्रमा और शुक्र दोनों से माना जाता है। यदि आपकी कुंडली में चंद्रमा शुभ होने से आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। वहीं, शुक्र के अनुकूल होने से आपको संपन्नता प्राप्त हो सकती है। साथ ही चांदी का कड़ा पहनने से सुख समृद्धि और यश की भी प्राप्त होगी और मां लक्ष्मी की कृपा आप पर बनी रहेगी। ऐसे में चांदी को हमेशा सोमवार या शुक्रवार के दिन धारण करना चाहिए। क्योंकि सोमवार को चंद्रमा की और शुक्रवार को शुक्र की कृपा होती है।

**चांदी पहनने के फायदे:** चांदी को धारण करने से मन शांत और एकाग्रचित रहता है। चांदी को शीतलता प्रदान करने वाली धातु माना जाता है। ऐसे में इसको धारण करने से आप अपने गुस्से को भी काबू में रख सकते हैं। इसके अलावा चांदी को पहनने से मन की चंचलता कम होती है जिससे वैवाहिक जीवन में स्थायित्व आता है। चांदी का कड़ा पहनने से सर्दी-जुकाम जैसी समस्या दूर रहती है साथ ही त्वचा से जुड़ी समस्याएं भी नहीं होती।

निगेटिविटी दूर करे चांदी: वास्तु शास्त्र में चांदी सकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़ाने वाला धातु है। इसके अनुसार चांदी का कड़ा पहनने से आपके जीवन से हर प्रकार की नकारात्मकता दूर होती है। और मन में आने वाले नकारात्मक विचार चांदी धारण करने से दूर होते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार शुक्रवार के दिन चांदी का कड़ा धारण करने से पहले किसी ज्योतिष की सलाह जरूर लें।

# इन 7 चीजों से करें शिवलिंग का अभिषेक प्रसन्न हो जाएंगे महादेव

**शिवलिंग का इन 7 चीजें से अभिषेक करने से होगा लाभ**

**दूध:** ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, शिवजी को देवताओं में सबसे दयालु बताया गया है। ऐसे में उन्हें प्रसन्न करने के लिए लोग तमाम तरह की चीजों का अभिषेक करते हैं, लेकिन दूध का अभिषेक सबसे उत्तम बताया गया है। बता दें कि, शिवलिंग पर दूध चढ़ाने से घर में संतान वृद्धि होती है। साथ ही आरोग्य की भी प्राप्ति होती है।

**तिल:** शिवलिंग पर अभिषेक करने से पहले उससे जुड़े नियमों की जानकारी बेहद जरूरी है। मान्यता है कि, शिवलिंग पर तिल चढ़ाने से रोगों से मुक्ति मिलती है। साथ ही, बच्चों का मस्तिष्क तेज होता है और सांसारिक सुखों की प्राप्ति होती है।

**दही:** शिवलिंग पर दही चढ़ाने से परिवार में प्रेम बढ़ता है। विद्वानों की मानें तो, यदि कोई जातक अभिषेक सोमवार, शिवरात्रि या श्रावण के मास में नित्य करेंगे, तो अधिक लाभ मिलेगा। साथ ही, समस्त पापों का नाश हो जाएगा।



**घी:** शिवलिंग पर घी चढ़ाने से तेज की प्राप्ति होती है। वहीं, अगर शिवलिंग पर दही चढ़ाया जाता है तो इससे जीवन में उल्लास बना रहता है। साथ ही, भी तरह के दुःखों से मुक्ति प्राप्त होती है

**इत्र:** शिवलिंग पर इत्र अर्पित करने से धर्म की प्राप्ति होती है। वहीं शिवलिंग पर सुगंधित तेल चढ़ाने से व्यक्ति को धन-धान्य और भौतिक सुख प्राप्त होते हैं। वहीं, शिवलिंग पर शहद अर्पित करने से सौंदर्य और लोकप्रियता मिलती है।

**गेहूं और धतूरा:** शिवलिंग पर गेहूं और धतूरा चढ़ाने से संतान सुख की प्राप्ति होती है। साथ ही, ऐश्वर्य और समृद्धि मिलती है, वहीं गन्ने का सर और चावल चढ़ाने से भी व्यक्ति के जीवन में समृद्धि बनी रहती है।

**केसर** शिवलिंग पर केसर अर्पित करने से वैवाहिक जीवन में खुशियां बनी रहती हैं। शिवलिंग पर चंदन चढ़ाने से व्यक्ति के मान-सम्मान में वृद्धि होती है। ऐसा करने से लम्बी उम्र का वरदान प्राप्त होता है और सौंदर्य और लोकप्रियता मिलती है।

# घर के इस भाग में लगाएं मां अन्नपूर्णा का चित्र कभी खाली नहीं होगा अन्न का भंडार



**धन और समृद्धि का वास:** मां अन्नपूर्णा को भोजन और समृद्धि की देवी माना जाता है। उनका चित्र घर में लगाने से घर में समृद्धि, आशीर्वाद और आर्थिक स्थिति में सुधार होता है। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए फायदेमंद होता है, जो व्यवसाय या व्यापार में सफलता की कामना रखते हैं।

**शांति और सौम्यता:** मां अन्नपूर्णा का चित्र घर में शांति और सौम्यता लाता है। यह घर के वातावरण को सकारात्मक और शांतिपूर्ण बनाता है, जो परिवार के सदस्य के बीच सामंजस्य और प्यार को बढ़ावा देता है।

**पारिवारिक सुख:** मां अन्नपूर्णा का आशीर्वाद पारिवारिक जीवन में सुख-शांति और खुशी का प्रतीक होता है। उनके चित्र के घर में होने से रिश्तों में सामंजस्य और प्यार बढ़ता है और घर में सुख-शांति का माहौल बनता है।

**भोजन का आशीर्वाद:** मां अन्नपूर्णा की पूजा से घर में पर्याप्त भोजन का आशीर्वाद मिलता है। यह घर के सभी सदस्य को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्रदान करता है।

**वास्तु शास्त्र का अनुपालन:** वास्तु शास्त्र के अनुसार, मां अन्नपूर्णा का चित्र घर के रसोईघर (किचन) या पूजा कक्ष में लगाना सबसे उत्तम होता है क्योंकि यह स्थान भोजन से जुड़ा हुआ है और मां अन्नपूर्णा का आशीर्वाद भोजन से जुड़ा हुआ है।

**सावधानियां:** मां अन्नपूर्णा के चित्र का स्थान हमेशा साफ और स्वच्छ होना चाहिए।

चित्र को हमेशा उचित दिशा में लगाना चाहिए जैसे रसोई घर में उत्तर-पूर्व दिशा या पूजा कक्ष में ईशान कोण।

चित्र में मां अन्नपूर्णा को खाना परोसते हुए दर्शाया जाता है, यह दर्शाता है कि वे अपने भक्तों को भोजन और समृद्धि प्रदान करती हैं।

# मुकेश खन्ना ने कपिल शर्मा पर निकाली भड़ास, बोले- 10 मिनट तक बगल में बैठा रहा, लेकिन नमस्ते तक नहीं किया!

90 के दशक में घर-घर में 'शक्तिमान' सीरियल देखा जाता था। बच्चों के बीच ये शो काफी पॉपुलर था। इसमें शक्तिमान का किरदार मुकेश खन्ना ने निभाया था। उन्होंने



हाल ही में कपिल शर्मा के कॉमेडी शो की आलोचना की और इसे 'अश्लील' कहा। उन्होंने एक घटना का भी जिक्र किया, जब एक अवॉर्ड शो के दौरान कपिल ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया था, जबकि दोनों एक-दूसरे के बगल में ही बैठे हुए थे। मुकेश का कहना है कि कपिल ने उन्हें नमस्ते तक नहीं कहा।

मुकेश खन्ना कि कपिल शर्मा से उनकी पहली मुलाकात तब हुई थी, जब वे एक अवॉर्ड फंक्शन में उनके बगल में बैठे थे। उन्होंने कहा, 'मुझे बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड मिला था। वे भी वहां आए थे, शायद वे फिल्म सिटी में कहीं शूटिंग कर रहे थे। अब हमारी इंडस्ट्री में भले ही हमने एक-दूसरे के साथ काम न किया हो, हम एक-दूसरे से पूछते हैं, 'कैसे हैं आप सर?' ये एक जेस्चर होता है।'

### अमिताभ बच्चन की तारीफ, कपिल की बुराई

इसके अलावा मुकेश खन्ना ने बताया कि अमिताभ बच्चन के साथ कभी काम न करने के बावजूद, जब भी वे मिलते हैं, तो हमेशा उनसे पूछते हैं कि वे कैसे हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी सिनियोरिटी (सीनियर) को भूल जाइये, वो (कपिल शर्मा) 10 मिनट तक मेरे बगल में बैठे रहे, लेकिन उन्होंने 'हैलो' तक नहीं कहा। ऐसा नहीं है कि मैं चाहता हूं कि वे हैलो कहें, लेकिन मैं कहता हूं कि आपमें कोई शिष्टाचार नहीं है।'

### कपिल ने मुकेश को अपने शो में नहीं किया इनवाइट

कपिल शर्मा के शो का हिस्सा बनने से मना करने की वजह बताते हुए मुकेश ने कहा कि कॉमेडियन ने उनसे कभी संपर्क नहीं किया, हो सकता है कि इसकी वजह उनका 'अहंकार' और 'शर्म' हो। उन्होंने कहा कि शो के चुटकुले काफी हद तक 'अश्लीलता' से भरे होते हैं और 'बिलो द बेल्ट' होते हैं। ये उन्हें अनुचित लगते हैं।

### अरुण गोविल से इस सवाल पर गुस्साए मुकेश

इसके अलावा मुकेश ने खुलासा किया कि जब उन्होंने 'रामायण' एक्टर अरुण गोविल के साथ शो का प्रोमो देखा तो वो एक सवाल से चौंक गए थे। कपिल ने पूछा, 'अरुण जी, आप नहा रहे हैं और भीड़ चिल्लाई देखो देखो राम भी वीआईपी अंडरवियर पहनता है?' ये सवाल सुनकर अरुण मुस्कुरा दिए, लेकिन मुकेश ने कहा कि अगर वो होते तो आपा खो देते। मुकेश ने कहा, 'आप यह सवाल ऐसे व्यक्ति से पूछ रहे हैं जिसकी छवि बहुत बड़ी है। उसको ऐसा घटिया सवाल पूछते हो?'

# वजन उठाकर बहुत बड़ी 'गलती' कर दी मैंने: रकुल प्रीत सिंह



जब मुझे यह ऐंठन हुई, तो मुझे लगा कि मेरा दिमाग मेरे शरीर से ज्यादा मजबूत है। जब तक मेरा शरीर रुक नहीं गया, मैंने इस पर ध्यान नहीं दिया। इसलिए, यह एक सबक है।

अक्तूबर में, अपने जन्मदिन के आसपास, रकुल प्रीत सिंह ने सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों को बताया था कि उसे पीठ में चोट लगी है, जिसके कारण वह 'बैड रैस्ट' पर है। दीवाली तक वह चलने-फिरने लगी थी लेकिन उसका कहना है कि वह अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई और उसका उपचार अभी जारी है। उसने कहा, मैं अब बेहतर हूं। मैं दिन- ब-दिन ठीक हो रही हूं लेकिन यह धीमी प्रगति है।

### जब उठाया भारी वजन

चोट कैसे लगी, यह बताते हुए, रकुल ने कहा, मैंने 5 अक्तूबर को बहुत भारी 80 किलोग्राम का वजन उठाया। तभी मुझे अपनी टेलबोन पर दर्द महसूस हुआ, लेकिन मैं रुकी नहीं जो मेरी सबसे बड़ी गलती थी। मैंने अपना वर्कआऊट पूरा किया और सोधे शूटिंग पर चली गई। शाम तक, मुझे इतनी भयानक ऐंठन हुई कि मैं अपने कपड़े तक नहीं पहन पा रही थी क्योंकि मेरे लिए आगे झुकना कठिन था।₹ ₹इसे ऐंठन समझकर मैं उस दर्द के साथ ही शूटिंग करती रही और 10 तारीख तक दर्द इतना बढ़ गया कि जब मैं अपने जन्मदिन की पार्टी के लिए तैयार हो रही थी तो मुझे लगा जैसे मेरा निचला शरीर मेरे ऊपरी शरीर से जुदा हो गया है। मैं उस दर्द से बेहोश हो गई और मेरा बी.पी. गिर गया। मुझे अस्पताल ले जाया गया और फिर मैं 10 दिनों तक बिस्तर पति जैकी भगनानी के साथ रकुल पर ही रही। यह आमतौर पर किया जाने वाला कोई 'बैड रैस्ट' नहीं था बल्कि मैं बिस्तर से उठ ही नहीं पा रही थी।

### धरी रह गई जन्मदिन की पार्टी

उसने बताया कि उसके पति फिल्म निर्माता जैकी भगनानी ने उसके लिए शाम को एक विशेष जन्मदिन पार्टी की योजना बनाई थी, लेकिन पार्टी की योजना धरी की धरी रह गई थी।

उसने कहा, जैकी ने सब कुछ बहुत प्यार से सजाया था और मुझे कहा था कि जब मैं जन्मदिन की पार्टी के लिए आऊंगी तो ही मैं सारा इंतजाम देख पाऊंगी लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह थी कि मैं वहां पहुंच नहीं सकी। जन्मदिन से पहले मेरा दर्द बहुत बढ़ गया था, इसलिए मैं इसे कभी नहीं देख पाई।

### पति का मिला पूरा साथ

रकुल कहती है कि उस कठिन समय में जैकी उसका सहारा बना रहा।



उसने कहा, ऐसा जीवनसाथी होना महत्वपूर्ण है जो यह तो समझ ही सके कि आप शारीरिक रूप से कितने दुख में हैं, इसके साथ ही यह जान सके कि मेरे जैसी हमेशा काम में डूबी रहने वाली महिला के लिए मानसिक रूप से भी कितना दबाव रहता है।

यह केवल 10 दिन की बात नहीं थी, बल्कि आज भी मैं 100 प्रतिशत ठीक नहीं हूं। ऐसे दिन भी होते हैं जब आपको लगता है कि 'क्या मैं ठीक हो जाऊंगी, क्या मैं दौड़ पाऊंगी और वह सब कर पाऊंगी जो मैं पहले करती थी।' एक जीवनसाथी के लिए यह जरूरी है कि वह आपको 'स्पेस' दे और जैकी के साथ, सबसे अच्छी बात यह है कि वह किसी भी चीज को हंसी का रूप दे सकता है। वह सबसे मुश्किल परिस्थिति को भी सबसे हल्के-फुल्के तरीके से संभाल लेता है।

एक उदाहरण देते हुए, वह बताती है, लगभग 2 हफ्ते पहले मैंने चोट लगने के बाद अपनी पहली विमान यात्रा की और जब मैं वापस आई, तो मैं बहुत उदास और थकी हुई महसूस कर रही थी। जब मैं रो पड़ी तो उसने मजाकिया अंदाज में 'कहा, 'मुबारक हो, अब तुम लड़की बन गई हो' क्योंकि मैं आमतौर पर रोती नहीं हूं। जब आप जानते हैं कि कोई व्यक्ति आपको किसी भी कमजोर पल में हंसा सकता है तो यह बहुत महत्वपूर्ण अहसास है। मैं बहुत खुश और आभारी हूं कि मुझे जैकी से यह अहसास मिलता है।

### चोट से मिला अहम सबक

चोट ने उसे नया नजरिया दिया है। वह कहती है, यह एक सबक है। जब मुझे यह ऐंठन हुई, तो लगा कि मेरा दिमाग मेरे शरीर से ज्यादा मजबूत है। जब तक मेरा शरीर थम नहीं गया, मैंने इस पर ध्यान नहीं दिया। इसलिए, यह एक सबक है कि कभी-कभी अपने शरीर पर अधिक ध्यान देना और आराम करना चाहिए।

जब उससे पूछा गया कि वह कब तक पूरी तरह से ठीक हो जाएगी, तो उसने बताया, आमतौर पर इस तरह की चोट को ठीक होने में लगभग 6 से 8 हफ्ते लगते हैं। मैं अब अपने छठे हफ्ते में में हूं। हूं। उम्मीद है कि दो और हफ्तों में मैं 100 प्रतिशत ठीक हो जाऊंगी।

उसने आगे कहा, अब मैं बहुत बेहतर हूं, कम से कम मैं दर्द के बिना घूम-फिर सकती हूं और अपने सामान्य कामकाज कर सकती हूं। मैं अब चल सकती हूं। मुझे बस और ताकत हासिल करनी है तथा थकान को ठीक करने की जरूरत है, लेकिन मैं अब काफी हद तक चोट से उबर चुकी हूं।

# अनीस ने सिनेमाई सफर के 45 साल पूरे होने का मनाया जश्न, भूल भुलैया 3 की स्टारकास्ट भी शामिल

अनीस बज्मी बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में एक जाना-माना नाम हैं और उन्हें आज वह किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। निर्देशक ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। हाल ही में



रिलीज हुई उनकी फिल्म भूल भुलैया 3 ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी आपार सफलता से कई इतिहास रचे। फिल्म इंडस्ट्री में 45 साल पूरे होने पर अनीज बज्मी ने मुंबई में एक शानदार पार्टी का आयोजन किया, जिसमें बॉलीवुड की तमाम हस्तियों ने शिरकत की।

शनिवार को अनीज ने अपने सिनेमाई सफर के 45 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस जश्न में कार्तिक आर्यन, अर्जुन कपूर, सलमान खान, सुहाना खान समेत कई हस्तियां एक साथ नजर आईं। सोशल मीडिया पर इसके वीडियो खूब जमकर वायरल हो रहे हैं।

गोविंदा, कार्तिक आर्यन, माधुरी दीक्षित, अनिल कपूर, तृप्ति डिमरी, अर्जुन कपूर, सुष्मिता सेन, हुमा कुरेशी, साजिद नाडियावाला, जैकी श्रॉफ, सुहाना खान, बॉबी देओल, मलायका अरोड़ा, अनिल कपूर, अदिति राव हैदरी, सिद्धार्थ, दीया मिर्जा जैसी तमाम नामचीन हस्तियों ने इस पार्टी की शोभा बढ़ाई।

भूल भुलैया 3 की बात करें तो इस हॉरर कॉमेडी में विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ती डिमरी ने मुख्य भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता।

भूल भुलैया की तीसरी फ्रैंचाइजी को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, जिसने भारतीय बॉक्स ऑफ़िस पर 400 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान निर्देशक अनीस बज्मी ने हॉरर-कॉमेडी भूल भुलैया 4 में अक्षय कुमार की वापसी की संभावना पर विचार किया। उन्होंने कहा कि यह एक रोमांचक सहयोग होगा।

# राज कपूर की आवारा फिल्म के दीवाने हैं बिग बी शोमैन की 100वीं जयंती पर बोले- मेरे दिमाग में बस गई है



राज कपूर की 100वीं जयंती के अवसर पर बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन ने शोमैन को याद किया। उन्होंने राज कपूर को याद करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया। इसमें बताया कि राज कपूर की किस फिल्म के वे दीवाने हैं। उन्होंने राज कपूर के क्लासिक सिनेमा को एक बार फिर बड़े परदे पर दिखाए जाने की खुशी जताई। उन्होंने लिखा, 'बेहद खुशी है कि फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन ने राज कपूर की विरासत को जीवित रखने और देशभर के दर्शकों को उनकी फिल्मों को फिर से देखने का मौका दिया है और आर.के. स्टूडियो से हाथ मिलाया है। वे एक ऐसे शख्स थे जो सिनेमा के लिए जीते थे और उन्होंने आम आदमी को आवाज दी'।

### 'आवारा' फिल्म को बताया पसंदीदा

अमिताभ बच्चन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि राज कपूर की फिल्म 'आवारा' उनकी पसंदीदा है और यह फिल्म उनके दिमाग में बस गई है। बिग बी ने कहा, 'आज भी 'आवारा' एक ऐसी फिल्म है, जो मेरे दिमाग में बसी हुई है। राज कपूर जी का शानदार अभिनय इस फिल्म में जिस तरह का दिखा है, वह कमाल है। उनकी कल्पनाशीलता हैरान करने वाली है। नरगिस ने इस फिल्म को और खूबसूरत बना दिया'।

### क्या है फिल्म की कहानी

यह फिल्म एक गरीब चोर राजू (राज कपूर), सुविधा संपन्न रीता (नरगिस) और जज रघुनाथ (पृथ्वीराज कपूर) के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। राज कपूर ने इस 'आवारा' को आर के फिल्म्स के बैनर तले बनाया। इस फिल्म का निर्देशन उन्होंने ही किया। फिल्म की स्क्रिप्ट ख्वाजा अहमद अब्बास ने लिखी।

### बिग बी का कपूर खानदान से रिश्ता

बच्चन परिवार का कपूर खानदान से खास रिश्ता है। दोनों परिवारों के बीच रिश्तेदारी है। दरअसल, अमिताभ बच्चन की बेटी श्वेता बच्चन की शादी राज कपूर की बेटी रितु नंदा के बेटे निखिल नंदा से हुई है। यानी राज कपूर, अमिताभ बच्चन के दामाद निखिल के नाना थे। राज कपूर की 100वीं जयंती पर कपूर परिवार द्वारा आयोजित समारोह में श्वेता बच्चन, निखिल नंदा, नव्या नवेली और अगस्त्य नंदा भी नजर आए।

# हर 'चैलेंज मंजूर' : एलनाज नोरौजी



जर्मनी में रहते हुए मैंने जर्मन में डब की गई बॉलीवुड फिल्में देखीं। उस समय में हिन्दी नहीं बोलती थी लेकिन मैंने इसे सीखने की ठानी। भारत आने के बाद मैंने हिन्दी पढ़ना, लिखना और बोलना सीखा।

सै क्रेड गेम्स' और 'मेड इन हैवन' जैसी वैब सीरीज में अपने काम के लिए मशहूर एलनाज नोरौजी ने अब गीत 'हवा हवा' की रिलीज के साथ अपनी उपलब्धियों में एक और वृद्धि कर ली है। फारसी धुनों और भारतीय लय का मिश्रण, यह गाना दो समृद्ध और विविध संस्कृतियों के सार का जश्न मनाता है और यह उसकी ईरानी जड़ों तथा बॉलीवुड के प्रभाव का प्रतिबिम्ब है।

एलनाज इस गाने के निर्माण की रचनात्मक यात्रा, अपनी दोहरी विरासत से मिली प्रेरणा और दुनिया भर के दर्शकों के साथ भावनात्मक जुड़ाव के बारे में बात करते हुए कहती है, बहुत से लोग सोचते हैं कि 'हवा हवा' बॉलीवुड में प्रसिद्ध हुआ एक पाकिस्तानी गाना है, लेकिन यह वास्तव में एक फारसी ट्रैक है जिसे मूल रूप से कुरोश याघमेई ने गाया था। मैं फारसी और हिन्दी को मिलाकर इसकी जड़ों को उजागर करना चाहती थी ताकि यह मेरे भारतीय प्रशंसकों और फारसी- भाषी श्रोताओं दोनों के लिए प्रासंगिक बन सके। गीत के बोल वाले वीडियो में दोनों भाषाओं को शामिल करने से यह सुनिश्चित होता है कि हर कोई गीत के सार से जुड़ सके।

### मराठी और तेलुगु सहित कई भाषाओं में गाने गा चुकी

एलनाज कहती है, भाषाएं मुझे आकर्षित करती हैं। जब मुझे मराठी गीत की पेशकश की गई, तो मैंने इसे एक चुनौती के रूप में लिया। मैंने प्रयास किया कि भाषा सीखूं, इसकी बारीकियों को समझें और इसे सही रूप से प्रस्तुत करूं। यही बात तेलुगु पर भी लागू होती है। मेरे लिए हर प्रोजैक्ट में परफैक्शन आवश्यक होती है और भाषा में महारत हासिल करना इसे प्राप्त करने का अभिन्न अंग है।

जर्मनी से बॉलीवुड तक का उसका सफर काफी लंबा रहा है। उसने कहा, बॉलीवुड में काम करना हमेशा से मेरा सपना था। जर्मनी में रहते हुए मैंने जर्मन में डब की गई बॉलीवुड फिल्में देखीं। उस समय मैं हिन्दी नहीं बोलती थी लेकिन मैंने इसे सीखने की ठानी। भारत आने के बाद, मैंने हिन्दी पढ़ना, लिखना और बोलना सीखा। फिल्म इंडस्ट्री में बाहर से आई अभिनेत्री के रूप में यह सफर आसान नहीं रहा, लेकिन मैंने खुद को लगातार बेहतर बनाने के लिए हर चुनौती को स्वीकार किया।

साल 2025 जल्द शुरू होने वाला है, तो उसकी आगे की क्या योजनाएं हैं, पर वह कहती है, मेरे पास कई रोमांचक प्रोजेक्ट हैं, जिनमें फिल्में, वैब सीरीज और म्यूजिक वीडियो शामिल हैं। 2024 मेरे लिए विकास का वर्ष था, और मैं उत्साहित हूं कि मुझे उन सभी चीजों से बहुत कुछ सीखने को मिला, जिन पर मैंने इस वर्ष काम किया है। मेरा विश्वास हर अवसर के साथ विकसित होने और परफैक्शन के लिए प्रयास जारी रखने में है।

# पाकिस्तान में धूमधाम से मनाई गई शोमैन की जयंती पेशावर के पुश्तैनी हवेली में जुटे प्रशंसक

भारतीय सिनेमा के महान निर्माता-निर्देशक व अभिनेता राज कपूर की 100वीं जयंती कल शनिवार 14 दिसंबर को धूमधाम से मनाई गई।



कपूर परिवार ने इस मौके पर खास आयोजन रखा। भारतीय सिने हस्तियों और प्रशंसकों ने भी शोमैन को अपने-अपने तरीके से याद किया। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी ने भी राज कपूर को श्रद्धांजलि अर्पित की। राज कपूर की 100वीं जयंती सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में भी खास तरह से मनाई गई। पेशावर स्थित कपूर हवेली पर प्रशंसकों ने केक काटा।

### कपूर हवेली पर कटा केक

राज कपूर का जन्म 14 दिसंबर, 1924 को पाकिस्तान के पेशावर में हुआ था। लिहाजा, उनकी जयंती पर वहां भी लोगों ने शोमैन को याद किया। एक्स पर मोहम्मद फहीम नाम के एक्स हैंडल से एक पोस्ट साझा किया गया है। इसमें एक वीडियो है, जिसमें कपूर हवेली पर राज कपूर की 100वीं जयंती के अवसर पर केक काटा जा रहा है। इसके साथ लिखा है, 'जन्मदिन मुबारक हो राज कपूर! आज उनकी 100वीं जयंती पेशावर स्थित उनके जन्मस्थल कपूर हवेली में मनाई गई'।

### विश्व बैंक की योजना का किया स्वागत

भारतीय सिनेमा की सबसे प्रभावी शख्सीयत में शुमार रहे राज कपूर के जन्मदिन के अवसर पर पेशावर स्थित कपूर हाउस पर प्रशंसकों का जमावड़ा लगा। लोगों ने केक काटकर खुशी मनाई। इस आयोजन में प्रतिभागियों ने राज कपूर और दिलीप कुमार के पुश्तैनी घरों के जीर्णोद्धार के लिए 100-100 मिलियन रुपए आवंटित करने की विश्व बैंक की घोषणा का भी स्वागत किया। दोनों घर किस्सा ख्वानी बाजार के पास स्थित हैं।

### शोमैन ने बनाईं कालजयी फिल्में

पाक-ईरान व्यापार एवं निवेश परिषद के सचिव मुहम्मद हुसैन हैदरी इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राज कपूर ने अपने करियर में आवारा, बरसात, श्री 420, संगम, मेरा नाम जोकर, राम तेरी गंगा मैली, सत्यम शिवम सुंदरम जैसी कालजयी फिल्में बनाईं। साल 1988 में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

# भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के 'गब्बर सिंह' विजय खरे का 72 की उम्र में निधन, किडनी की समस्या से जूझ रहे थे एक्टर



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के महानायक विजय खरे का निधन हो गया है। उनकी उम्र 72 साल बताई जा रही है। फिल्मों में विलेन का रोल निभाने के लिए फेमस विजय खरे ने रविवार को बेंगलुरु के कावेरी अस्पताल में दम तोड़ दिया है। 'रईसजादा' (1976), 'गंगा किनारे मोरा गांव' (1983) और 'हमरा से बियाह करबा' (2003) से नाम कमाने वाले विजय खरे अपनी दमदार एक्टिंग के लिए हमेशा के लिए फैंस के दिलों में अमर हो चुके हैं।

जानकारी के मुताबिक, विजय खरे बीते कुछ महीनों से किडनी की समस्या से बीमार चल रहे थे। अपने सबसे छोटे बेटे परितोष खरे उर्फ पाली के बेंगलुरु स्थित घर पर रह कर सदी के मशहूर खलनायक का ईलाज कावेरी अस्पताल में चल रहा था, जहां उनकी तबीयर स्थिर बनी हुई थी।

### तबीयत बिगड़ने के बाद तोड़ दिया दम

विजय खरे की अचानक तबीयत बिगड़ी और इसके बाद उन्होंने जिंदगी से हार मान ली और दुनिया को अलविदा कह दिया।

### सोमवार को होगा पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार

दिल्ली में रहने वाले सबसे बड़े बेटे संतोष खरे और मुंबई में रहने वाले मंझले बेटे व एक्टर आशुतोष खरे बेंगलुरु पहुंच चुके है। कल (सोमवार) दो बजे बेंगलुरु में ही उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। विजय खरे के निधन के सूचना के बाद मुजफ्फरपुर के तीन पोखरिया स्थित उनके आवास पर उनके रिश्तेदारों और फैंस की भीड़ जुटी हुई है।

### 200 से ज्यादा फिल्मों में किया था काम

विजय खरे को उनके आइकॉनिक रोल 'गब्बर सिंह' के लिए जाना जाता है। उन्होंने तकरीबन 200 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। साल 2019 में उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया था।





# 'कार डिजाइनिंग' में करियर की अच्छी संभावनाएं

**12वीं के रिजल्ट** के बाद विद्यार्थियों की टेंशन आगे के करियर को लेकर रहती है। उन्हें समझ नहीं आता कि क्या करना है। चलिए आपको हम बताते हैं एक दिलचस्प करियर, ऑटोमोटिव आर्किटैक्कर के बारे में। यह फील्ड तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में इस क्षेत्र में करियर की संभावनाएं कम नहीं हैं। ऑटोमोटिव कम्पनियों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। नई टैक्नोलॉजी आ रही है। ऐसे में स्किल्ड लोगों की मांग हमेशा बनी रहेगी। आइए जानते हैं।

ऑटोमोटिव आर्किटैक्कर के बारे में- क्या है ऑटोमोटिव आर्किटेक्चर वाहनों की लुक और उसकी फंक्शनैलिटी को डिजाइन करने की प्रक्रिया ऑटोमोटिव आर्किटैक्चरिंग कहलाती है। इसमें कार, बाइक, ट्रक, बस आदि हर सैगमेंट की गाड़ियां शामिल हैं। इसके तहत गाड़ियों के इंटीरियर व एक्सटीरियर डिजाइन, कलर स्कीम और शेप पर भी काम किया जाता है। जब भी बात किसी गाड़ी के लुक की होती हैं, तो कुछ गाड़ियां खुद ही हमारे जहन में आ जाती हैं, जैसे बी. एम. डब्ल्यू, ऑडी वगैरह। ऐसा इसलिए क्योंकि उनकी डिजाइनिंग उस समय के



हिसाब से बिल्कुल 'हटकर' और कम्फर्ट लेवल को ध्यान में रखकर की गई होती है। गाड़ियों के इसी ओवरऑल लुक की डिजाइनिंग करते हैं ऑटोमोटिव आर्किटेक्चर्स अगर आपको भी वाहनों से जुड़ी हर छोटी-बड़ी बात आकर्षित करती है, तो आप भी ऑटोमोटिव आर्किटेक्चर बन सकते हैं।

ऑटोमोटिव आर्किटैक्ट का काम

एक ऑटोमोटिव आर्किटैक्ट का काम ऐसे व्हीकल डिजाइन करना है, जो सेफ और अट्रैक्टिव होने के साथ ही लोगों की सभी जरूरतें पूरी करें। इस तरह के ऑटोमोबाइल डिजाइन करते है जो इंजीनियरिंग और काम करने के लिहाज से बिल्कुल परफैक्ट होते हैं।

### शैक्षिक योग्यता

ऑटोमोबाइल डिजाइन में बेसिक साइंस और आट्र्स सॉफ्टवेयर का ज्ञान की पूरी समझ की आवश्यकता होती है। एक डिजाइनर के रूप में मार्केट ट्रैंड की समझ के साथ-साथ प्रैक्टिकल नॉलेज और ग्राहकों की जरूरत और इनकी मांगों की समझ होना बहुत ही जरूरी है। आर्किटेक्चर में सिर्फ डिजाइन होनी चाहिए। बनाना ही शामिल नहीं, बल्कि वाहन की गति, इंजन से लेकर वाहन के विभिन्न भागों के संतुलन और सामंजस्य संबंधी इंजीनियरिंग की समझ होनी बहुत जरूरी है।

ऑटोमोबाइल डिजाइनिंग और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में चेसिस, व्हीकल की मैकेनिज्म, इलैक्ट्रिकल और इलैक्ट्रॉनिक्स की बेसिक समझ जरूरी है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में विशेषज्ञ बनाने के लिए कई कॉलेज व यूनिवर्सिटीज बैचलर और मास्टर डिग्री के कोर्सेज चलाते हैं। बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग इन ऑटोमोबाइल, बी. टैंक इन ऑटोमोबाइल, बैचलर ऑफ वोकेशन इन ऑटोमोबाइल कोर्सेज है, जबकि मास्टर लैवल पर एम. टैक इन ऑटोमोबाइल, मास्टर इन ऑटोमोटिव डिजाइन कोर्सेज है।

यूनिवर्सिटीज व कॉलेजों में एडमिशन की प्रक्रिया अलग-अलग है। हालांकि देश की टॉप यूनिवर्सिटीज में दाखिला जे.ई.ई. एडवांस और जे.ई.ई. मेन की रैंकिंग या प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर होता है। इसके अलावा युवाओं के पास बी. टैक या बी.ई. करने के बाद सर्टीफिकेट या डिप्लोमा कोर्स करने का भी विकल्प है।

यहां से कर सकते हैं शॉर्ट टर्म कोर्सेज ऑटोमोटिव क्षेत्र में शॉर्ट टर्म कोर्सेज के लिए कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के अधीन कार्यरत ऑटोमोटिव स्किल्स डिवैल्पमैंट काऊंसिल (ए.एस.डी.सी.) द्वारा रिसर्च एंड डिवैल्पमैंट कैटेगरी में ऑटोमोटिव डिजाइन से संबंधित कई कोर्सेज चलाए जाते हैं। ए.एस.डी.सी. अलग-अलग ऑटोमोटिव इंडस्ट्रीज के साथ मिलकर यह कोर्सेज चलाती है, जिसमें युवाओं को ऑन फ्लोर सीखने को मिलता है।

वैसे इस उद्योग में सर्वाइवल और करियर ग्रोथ के लिए डिजाइन स्किल्स ही मायने रखते हैं। आप चाहें, तो कोर्स पूरा करने के बाद किसी कम्पनी में इंटर्नशिप करके डिजाइनिंग की बारीकियां सीख सकते हैं।

### ये स्किल हैं जरूरी

-कम्प्यूटर-असिस्टेड डिजाइन और डिजाइन

-कम्प्यूटरीकृत आर्किटेक्चर, मॉडलिंग और टैक्नीकल ड्राइंग के स्किल्ड होना जरूरी है।

-एक्सडी मॉडल और प्रोटोटाइप्स तैयार करने की क्षमता

### आप क्या बन सकते हैं

ऑटोमोटिव कम्पनी में स्थानांतरण, डिजाइन या इंजीनियरिंग विभाग में काम कर सकते हैं। बड़ी ऑटो कम्पनियों में नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। वहां कार डिजाइन के लिए नवाचारी आवश्यकताओं को पूरा करने का मौका मिलेगा।

आप ऑटोमोबाइल डिजाइनर के अलावा ऑटोमोबाइल इंजीनियर, ऑटोमोबाइल मैकेनिक, ऑटो बॉडी एंड पेंट स्पैशलिस्ट, ऑटोमोबाइल टैक्नीशियन, ऑटोमोबाइल ट्रेनर बन सकते हैं। इसके अलावा बिक्री मैनेजर, विपणन मैनेजर, प्रोडक्शन, ऑटो उपकरण क्षेत्र आदि सभी विभागों में अवसर हैं।

# 'रियल एस्टेट' में रोजगार के बढिया अवसर



आज के दौर में रियल एस्टेट उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है और इसके साथ ही एक बड़ी मांग भी पैदा हो रही है। इस उद्योग के विकास के साथ- साथ, एक नौकरी क्षेत्र का उद्भव हुआ है जो रियल एस्टेट एजेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा आपकी सहायता कर सकता है।

यदि आप इस क्षेत्र में नौकरी ढूंढ़ रहे हैं, तो एक अच्छा प्रशिक्षण कार्यक्रम आपको नौकरी के अवसरों में सुविधाजनक रूप से उन्नति करने में मदद कर सकता है।

प्रशिक्षण आपको व्यापारी कौशलों, नवीनतम नियम तथा विधियों, विपणन और प्रचार के तरीकों, वित्तीय प्रबंधन ग्राहक सेवा और विचारशीलता की जरूरत के बारे में शिक्षा प्रदान करता है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आप एक पेशेवर रियल एस्टेट एजेंट के रूप में अपनी योग्यता बढ़ा सकते हैं।

रेरा के नए सर्कुलर के अनुसार रियल एस्टेट एजैंटों को व्यापार शुरू करने से पहले व्यावसायिक प्रशिक्षण लेना और उससे प्रमाणपत्र प्राप्त करना अनिवार्य बनाया गया था। एक अच्छा प्रशिक्षण कार्यक्रम व्यापारी कौशलों की समझ प्रदान करेगा जो आपको सफलतापूर्वक बिक्री और खरीदारी की सम्प्रभुता बनाने में मदद करेगा।

आप सीखेंगे कि कैसे विभिन्न विपणन और प्रचार के तकनीकों का उपयोग करके ग्राहकों को आकर्षित किया जाए और बिक्री को बढ़ावा दिया जाए। एक रियल एस्टेट एजेंट के लिए वित्तीय प्रबंधन भी महत्वपूर्ण होता है।

# ऐसे करें दसवीं की बोर्ड परीक्षा की तैयारी

10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा की तैयारी कैसे करें? यह हर छात्र की सबसे आम चिंता है। हम जानते हैं कि कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा एक छात्र की शैक्षणिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। वे न केवल उच्च शिक्षा के लिए एक सीढ़ी के रूप में काम करते हैं बल्कि माता-पिता और छात्रों के दिलों में भी एक विशेष स्थान रखते हैं। हालाँकि, बोर्ड परीक्षा का विचार अक्सर आपके लिए भारी पड़ सकता है। इस महत्वपूर्ण चरण को आत्मविश्वास और सफलता के साथ पार करने में आपकी मदद करने के लिए, मैंने कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें, इस पर एक व्यापक मार्गदर्शिका तैयार की है।

बोर्ड परीक्षा की तैयारी कैसे करें कक्षा 10 एक चुनौतीपूर्ण लेकिन पुरस्कृत अनुभव हो सकता है, यदि आपके पास परीक्षा की तैयारी के लिए सही रणनीतियाँ हैं। याद रखें कि लगातार प्रयास, एक सुगठित दृष्टिकोण और सकारात्मक मानसिकता सफलता की कुंजी है। इस व्यापक मार्गदर्शिका का पालन करें, और आप अपनी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने और अपनी शैक्षणिक यात्रा में उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने के लिए अच्छी तरह से तैयार होंगे।


### जल्दी शुरू करना

प्रभावी बोर्ड परीक्षा की तैयारी का एक प्रमुख सिद्धांत हमेशा जल्दी शुरुआत करना है। शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत में अपनी तैयारी शुरू करें, जिससे आपको पूरे पाठ्यक्रम को कवर करने और अच्छी तरह से दोहराने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। जल्दी शुरुआत करने से तनाव और चिंता भी कम हो जाती है क्योंकि आपको अपनी सारी पढ़ाई कुछ महीनों में रटने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी।

### पाठ्यक्रम को समझना

अपनी पाठ्यपुस्तकों पर ध्यान देने से पहले, पाठ्यक्रम को अच्छी तरह से समझना आवश्यक है। प्रत्येक विषय के लिए विषयों और अध्यायों की एक विस्तृत सूची बनाएं। यह आपकी तैयारी यात्रा के दौरान आपके रोडमैप के रूप में काम करेगा।

### एक अध्ययन कार्यक्रम बनाना




बोर्ड परीक्षा की तैयारी के दौरान एक अच्छी तरह से संरचित अध्ययन कार्यक्रम आपका सबसे अच्छा दोस्त है। प्रत्येक विषय के लिए विशिष्ट समय स्लॉट आवंटित करें और धार्मिक रूप से अपने शेड्यूल पर कायम रहें। सभी विषयों के बीच संतुलन सुनिश्चित करें, उन क्षेत्रों पर अधिक ध्यान केंद्रित करें जहां आपको सुधार की आवश्यकता है।

### अध्ययन सामग्री/संसाधन एकत्रित करना

एनसीईआरटी की किताबें अक्सर बोर्ड परीक्षाओं के लिए सबसे अच्छा संसाधन मानी जाती हैं। इसके अतिरिक्त, आप संदर्भ पुस्तकों, अध्ययन गाइडों, ऑनलाइन संसाधनों और वीडियो ट्यूटोरियल के साथ अपनी शिक्षा को पूरक कर सकते हैं।

### नोट्स लेना

पढ़ाई के दौरान व्यापक नोट्स लेना यह समझने का एक शानदार तरीका है कि कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा की तैयारी कैसे करें। मुख्य बिंदुओं, अवधारणाओं और सूत्रों को अपने शब्दों में सारांशित करें।

### नियमित अभ्यास करें

हम सभी जानते हैं कि अभ्यास किसी भी विषय में महारत हासिल करने की कुंजी है। सैंपल पेपर, पिछले वर्षों के प्रश्न पत्र हल करें और अभ्यास का नियमित अभ्यास करें। इससे आपको परीक्षा पैटर्न को समझने, अपने समय प्रबंधन कौशल में सुधार करने और अपना आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### स्पष्टीकरण मांगना

यदि आपके सामने कोई संदेह या अवधारणा आती है जो आपको चुनौतीपूर्ण लगती है, तो मदद लेने में संकोच न करें। स्पष्टीकरण के लिए अपने शिक्षकों, गुरुओं, सहपाठियों या यहां तक कि ऑनलाइन मंचों और समुदायों से संपर्क करें। बाद में भ्रम से बचने के लिए संदेहों का तुरंत समाधान करना आवश्यक है।

### व्याकुलता-मुक्त वातावरण बनाना

सुनिश्चित करें कि आपके पास अध्ययन करने के लिए एक शांत, अच्छी रोशनी वाली और आरामदायक जगह है। अपने अध्ययन के घंटों के दौरान स्मार्टफोन और सोशल मीडिया जैसी विकर्षणों को कम करें।

### पुनरीक्षण रणनीति

रिवीजन करना पढ़ाई जितना ही महत्वपूर्ण है, सुनिश्चित करें कि आप स्कूल में जो कुछ भी करते हैं उसका रिवीजन करें। अपने अध्ययन कार्यक्रम में पुनरीक्षण के लिए समर्पित समय निर्धारित करें। अपने नोट्स, महत्वपूर्ण सूत्रों और मुख्य बिंदुओं की नियमित रूप से समीक्षा करें।

### अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना

याद रखें, एक स्वस्थ शरीर स्वस्थ और स्वस्थ दिमाग का समर्थन करता है। पर्याप्त नींद लें, संतुलित स्वस्थ भोजन करें और नियमित शारीरिक गतिविधि में संलग्न रहें। अत्यधिक परिश्रम से बचें और ध्यान और गहरी सांस लेने जैसी विश्राम तकनीकों के माध्यम से तनाव का प्रबंधन करें। आप घर पर भी योगाभ्यास कर सकते हैं, इससे आपके दिमाग को आराम मिलेगा और सकारात्मक सोचने में मदद मिलेगी।

### मॉक टेस्ट और समय प्रबंधन

जैसे-जैसे परीक्षाएँ नजदीक आती हैं, अपनी तैयारी के स्तर का आकलन करने और समय प्रबंधन में सुधार करने के लिए परीक्षा जैसी परिस्थितियों में पूर्ण-लंबाई वाले मॉक टेस्ट लें। इससे आपको परीक्षा के माहौल में अभ्यस्त होने में भी मदद मिलेगी। समय प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आपको परीक्षा की चिंता को कम करने में मदद करता है।

### सकारात्मक और आत्मविश्वासी बने रहना


अपने आप पर और अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें। सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और परीक्षा की चिंता कम होगी। अपनी सफलता की कल्पना करें और अपनी तैयारी के दौरान प्रेरित रहें।

# इन सेक्टर में हैं जॉब की बेहतरीन संभावनाएं

कोविड के चलते पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था मंदी के शिकंजे में आ गई. लंबे लॉकडाउनके चलते भारत की विकास दर भी निगेटिव हो गई थी, लेकिन अब उसमें लगातार सुधार हो रहा है. जहां कई सेक्टर्स मंदी के चपेट में हैं, वहीं कुछ ऐसे सेक्टर भी हैं, जिन्होंने इस आपदा में अवसर खोज लिया. हेल्थकेयर सेक्टर, ई-कामर्स सेक्टर और आईटी सेक्टर में काफी अच्छी ग्रोथ देखने को मिल रही है. इन तीनों ही सेक्टर में जॉब्स के अवसर भी बढे हैं. आइये जानते हैं कि इन सेक्टर में क्या हैं करियर की संभावनाएं.

### ई-कॉमर्स सेक्टर

कोविड और लॉकडाउन के चलते बाजार और दुकानें लंबे



समय तक बंद रही. इसके चलते लोगों की निर्भरता ई-कॉमर्स कंपनियों पर काफी बढ़ गई. इस वजह से ऑनलाइन ग्रॉसरी और ई-रिटेल शॉप्स के लिए बड़े अवसर पैदा हुए हैं. लॉकडाउन में ई-कॉमर्स को छूट मिलने के बाद इन कंपनियों ने अपनी नेटवर्क चेन को ज्यादा मजबूत करने का काम किया. मैनपावर की कमी को इन्होंने अच्छे से हैंडल किया. हालांकि शुरुआत में कुछ दिक्कतें आईं, लेकिन बाद में ई कॉमर्स कंपनियों ने इसकी रिकवरी कर ली. आज के समय में ई-कॉमर्स कंपनियों में वृद्धि ने लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग में अधिक तकनीकी-सक्षम प्लेटफार्मों को भी मजबूत किया है. इस क्षेत्र में नौकरी करने वाले नए लोग अपने वेतन में 16 फीसदी वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं. इस क्षेत्र में ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सैकड़ों डिलीवरी स्टार्ट-अप और हाइपरलोकल स्टार्ट-अप भी अब मैदान में उतर गए हैं जिससे इस फील्ड की जॉब्स में एकाएक बढ़ोतरी हुई है.

### हेल्थकेयर सेक्टर

कोविड से जहां कई सेक्टर को बहुत नुकसान हुआ, वहीं हेल्थकेयर सेक्टर को सबसे ज्यादा फायदा हुआ. इस सेक्टर में लगातार अच्छी ग्रोथ हुई है. इसके चलते इस फील्ड में जॉब्स की भी भरमार है. एक अनुमान के मुताबिक 2021 में इस क्षेत्र में काम करने वाले नए लोग अपनी पिछली सैलरी के मुकाबले 15 से 20 प्रतिशत बढ़ोतरी की उम्मीद कर सकते हैं. फार्मा कंपनियों ने भी इस आपदा को अवसर में बदला है. कोविड के चलते लोग अपनी हेल्थ को लेकर पहले से कहीं ज्यादा सजग हो गए हैं. जरा भी सर्दी, खांसी या वायरस पर लोगों ने डॉक्टर से से कंसल्ट किया और दवाओं का सहारा लिया. दवाओं के साथ हेल्थ सप्लीमेंट, फेस मास्क, सैनिटाइजर, इम्यूनिटी बढ़ाने वाली दवाएं, हाइजीन से जुड़े प्रोडक्ट की जमकर डिमांड आई और ऑनलाइन दवाओं की सप्लाई में भी बढ़ोतरी हुई. लैब और टेस्टिंग की सुविधा में विकास होने के साथ बूस्ट भी किया है, जिससे निजी अस्पतालों को भी काफी फायदा हुआ है. इसके चलते आने




वाले समय में इस फील्ड में जॉब्स की बेहतरीन संभावनाएं हैं.

### आईटी सेक्टर

कोविड आने के बाद सबसे पहले और सबसे ज्यादा निगेटिव असर आईटी सेक्टर पर पड़ा. खासकर लॉकडाउन के बाद एक बार को तो यह सेक्टर पूरी तरह बंद ही हो गया था, लेकिन इससे उबरते हुए इस सेक्टर ने ऐसा रास्ता निकाला जिससे आज ये सेक्टर सबसे ज्यादा फायदे में है. तमाम आईटी कंपनियों ने डिजिटल मॉडल बेहतर तरह से जो उनकी सफलता का प्रमुख कारण बन गया. लगभग सभी आईटी कंपनियों ने वर्क फ्रॉम होम मॉडल को अच्छे से लागू किया. इसके चलते उनके बिजनेस में गिरावट नहीं आई. इससे एक तरफ तो उनके खर्चे कम हो गए तो दूसरी तरफ ऑनलाइन क्लाइंट बढ़ते रहे. लॉकडाउन में बंद पूरी दुनिया इन्फोटेक के भरोसे आ गई, जिसका इस सेक्टर जबरदस्त फायदा मिला.

साइबर सिक्योरिटी की डिमांड ने भी इसमें भमिका निभाई. इस फील्ड में जॉब करने वाले प्रोफेशनल अपनी पिछली सैलरी के मुकाबले 15 से 25 फीसदी की बढ़त की उम्मीद कर सकते हैं. हेल्थ-टेक, एड-टेक और गेमिंग इंडस्ट्री की रिक्रूटमेंट में अचानक तेजी आई है. इसके चलते इस फील्ड में जॉब के अवसर भी काफी बढ़ गए हैं.




# एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया में ग्रेजुएट, डिप्लोमा वालों के लिए नौकरी

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) ने उत्तरी क्षेत्र के लिए एएआई अपरेंटिस भर्ती की घोषणा की है। यह भर्ती अपरेंटिस अधिनियम, 1961 के तहत ग्रेजुएट, डिप्लोमा और आईटीआई (ITI) ट्रेड अपरेंटिस के लिए है।

इसक लिए ऑनलाइन आवेदन 25 दिसंबर, 2024 तक खुले हैं। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से **25 दिसंबर, 2024** तक या उससे पहले आवेदन कर सकते हैं।

एक वर्ष की प्रशिक्षण अवधि के साथ विभिन्न पदों पर कुल 197 अपरेंटिसशिप रिक्तियां उपलब्ध हैं।

शैक्षणिक योग्यता

स्नातक/डिप्लोमाः उम्मीदवारों के पास एआईसीटीई (AICTE), भारत सरकार (GOI) द्वारा मान्यता प्राप्त उपर्युक्त में से किसी भी स्ट्रीम में इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक (नियमित) चार साल की डिग्री या तीन साल (नियमित) डिप्लोमा होना चाहिए।

आईटीआई ट्रेडः उम्मीदवारों के पास एआईसीटीई (AICTE), भारत सरकार (GOI) द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों से उपर्युक्त ट्रेडों का आईटीआई/एनसीवीटी प्रमाणपत्र होना चाहिए।

आयु सीमा : एएआई भर्ती के लिए पंजीकरण करने के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम आयु सामान्य उम्मीदवारों के लिए 18 वर्ष से 26 वर्ष है। एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी आदि श्रेणियों के उम्मीदवारों को नियमानुसार आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

### इतना मिलेगा वेतन

एएआई अपरेंटिस भर्ती 2024 के माध्यम से एक वर्ष की अवधि के लिए प्रशिक्षु के रूप में चुने गए अभ्यर्थियों को वजीफा मिलेगा।

इन पदों के लिए चयनित स्नातक प्रशिक्षु को 15000 रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। वहीं डिप्लोमा प्रशिक्षु को हर महीने 12,000 रुपये दिए जाएंगे, जबकि आईटीआई ट्रेड प्रशिक्षु को 9,000 रुपये हर महीने सैलरी दी जाएगी।

अंतिम चयन साक्षात्कार के सफल समापन, दस्तावेजों के सत्यापन और कार्यभार ग्रहण के समय मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर निर्भर करेगा।

### ऐसे करें आवेदन

आवेदन प्रक्रिया शुरू करने के लिए, BOAT/RDAT के वेब पोर्टल www.nats.education.gov.in और www.apprenticeshipindia.org पर जाएं।

इसके बाद, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण - आरएचक्यू एनआर, नई दिल्ली ( ए न डी ए ल ए स ड ब लू सी 000002(बीक्यूएटी)/ई05200 700101(एनएपीएस)) का पता लगाएं।

# बिहार पुलिस में असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर की भर्ती, नहीं देना होगा फिजिकल टेस्ट

बिहार पुलिस अधीनस्थ सेवा आयोग ने राज्य के गृह विभाग में स्टेनो सहायक उप-निरीक्षक की भर्ती के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। यह भर्ती अभियान राज्य पुलिस बल में एक आशाजनक कैरियर की तलाश करने वाले उम्मीदवारों के लिए एक शानदार अवसर प्रस्तुत करता है। इस भर्ती अभियान का लक्ष्य स्टेनो सहायक उप-निरीक्षक के कुल 305 पदों को भरना है।

पात्रता मानदंड

शैक्षणिक योग्यता : किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से इंटरमीडिएट (10+2) या समकक्ष उत्तीर्ण। इसके अलावा, किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर संचालन में डिप्लोमा प्राप्त होना चाहिए।

आयु सीमा : इन पदों के लिए पात्र होने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए और अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। वहीं महिला और आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमों के अनुसार अधिक आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

चयन प्रक्रिया 2024

लिखित परीक्षा : लिखित परीक्षा में पेपर I: सामान्य हिंदी और पेपर II: सामान्य ज्ञान और तर्क शामिल होंगे। पेपर I में अधिकतम 100 अंक होंगे और समय अवधि 90 मिनट होगी और पेपर II में कुल 200 अंक होंगे और समय अवधि 2 घंटे होगी।

कौशल परीक्षण : लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों को एक कौशल परीक्षण से गुजरना होगा जिसमें शॉर्टहैंड और टाइपिंग की गति का परीक्षण किया जाएगा। उम्मीदवारों की हिंदी में शॉर्टहैंड गति 80 WPM होनी चाहिए; कंप्यूटर पर ट्रांसक्रिप्शन की गति 30 WPM और हिंदी में न्यूनतम टाइपिंग गति 30 WPM होनी चाहिए।

मेरिट सूची : चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची लिखित परीक्षा और उसके बाद कौशल परीक्षण में अभ्यर्थियों के समग्र अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी।

डी.वी. और मेडिकल परीक्षा : चयनित उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल परीक्षा से गुजरना होगा।

इन पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवरों में सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों को 700 रुपये का आवेदन शुल्क देना होगा। वहीं एससी/एसटी/पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 400 रुपये का आवेदन शुल्क देना होगा।



# रिलायंस में इस महिला कर्मचारी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

## मुकेश अंबानी के इस फैसले की अब हो रही वाहवाही



नई दिल्ली,15 दिसंबर (एजेंसियां)। मुकेश अंबानी ने एक ऐसा कदम उठाया है, जिसके चलते उनकी सोशल मीडिया पर वाहवाही हो रही है। दरअसल, अंबानी ने एक महिला को अपनी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) में अहम जिम्मेदारी सौंपी है। यह पहली बार है जब कंपनी में किसी ऐसे बड़े पद पर परिवार के बाहर के सदस्य को लाया गया है। अंबानी के इस कदम को लेकर उनकी तारीफ हो रही है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इरा बिंद्रा को पीपल, लीडरशिप और टैलेंट की नई ग्रुप प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया है। वह तेल से लेकर रिटेल कारोबार करने वाली इस कंपनी में टैलेंट मैनेजमेंट के साथ कई जिम्मेदारियां संभालेंगी। वह रिलायंस की कार्यकारी समिति में शामिल होने वाली पहली गैर-पारिवारिक महिला और सबसे कम उम्र की सदस्य हैं।

**कौन हैं इरा बिंद्रा?**

इरा बिंद्रा की उम्र 47 साल है। वह अमेरिका में मेडट्रॉनिक कंपनी में एचआर प्रमुख और वाइस प्रेसिडेंट (ग्लोबल रीजन) थीं। इस कंपनी से सीधे उनकी नियुक्ति रिलायंस इंडस्ट्रीज में हुई है। बिंद्रा की नियुक्ति रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने की है। बिंद्रा इससे पहले दुनिया की कई बड़ी कंपनियों में काम कर चुकी हैं। उन्होंने जीई कैपिटल, जीई इंडिया, जीई हेल्थकेयर और जीई ऑयल एंड गैस जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ काम किया है। वह मई 2018 में मेडट्रॉनिक में शामिल हुईं।

**दिल्ली से की है पढ़ाई**

बिंद्रा की पढ़ाई दिल्ली से हुई है। हालांकि हायर एजुकेशन के लिए उन्हें देश से बाहर जाना पड़ा। बिंद्रा ने दिल्ली के लेडी श्री राम कॉलेज से ग्रेजुएशन किया है। इसके बाद वह आगे की पढ़ाई के लिए नीदरलैंड चली गईं। उन्होंने नीदरलैंड के मास्ट्रिच स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से एमबीए किया है। अपने करियर के दौरान वह भारत, अमेरिका, एशिया, यूरोप और लैटिन अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में काम कर चुकी हैं।

**ईशा, आकाश और अनंत के साथ करेंगी काम**

बिंद्रा कंपनी की कार्यकारी समिति में ईशा अंबानी, आकाश अंबानी और अनंत अंबानी के साथ मिलकर काम करेंगी।

बिंद्रा ने कहा कि वह कंपनी में परिवर्तन लाने के लिए चेयरमैन मुकेश अंबानी और ईशा अंबानी पीरामल, आकाश अंबानी और अनंत अंबानी सहित निदेशकों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

# लोन नहीं चुका पाए अंबानी, जिंदल, जेपी समेत कई उद्योगपति, एनपीए में टॉप 100 डिफॉल्टर की हिस्सेदारी 40% से ज्यादा

नई दिल्ली,15 दिसंबर (एजेंसियां)। लोन न चुका पाने वालों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। द इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक टॉप 100 डिफॉल्टरों के पास कुल एनपीए का 43 फीसदी हिस्सा है। द इंडियन एक्सप्रेस ने यह जानकारी आईटीआर के माध्यम से जुटाई है। इसमें बताया गया है कि लोन न चुका पाने वालों में मार्च 2019 तक मैन्युफैक्चरिंग, एनर्जी और कंस्ट्रक्शन सेक्टर से जुड़ी कंपनियां सबसे ऊपर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक जिन 100 कंपनियों के पास एनपीए का 43 फीसदी से ज्यादा हिस्सा था, उनमें से 30 उधारकर्ताओं के पास कुल एनपीए का 30 फीसदी से अधिक हिस्सा था। द इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक बैंकों के पास 31 मार्च 2019 तक 9.33 लाख करोड़ रुपये का एनपीए था। यह भारत की बैंकिंग प्रणाली के इतिहास में साल 2018 के बाद दर्ज की गई दूसरी सबसे अधिक खराब ऋण राशि है।

**कितना लोन हुआ एनपीए?**

रिपोर्ट में बताया गया है कि जिन कंपनियों का लोन एनपीए घोषित किया गया है, उनमें शामिल टॉप 100 कंपनियों के एनपीए 4.02 लाख करोड़ रुपये रहा। यह कुल एनपीए का करीब 43 फीसदी है। जांच से यह भी पता चलता है कि टॉप 100 बैंक डिफॉल्टर्स पर 31 मार्च 2019 तक कुल 8.44 लाख करोड़ रुपये का कर्ज था और इसमें से लगभग आधे को खराब ऋण या एनपीए घोषित किया गया था। टॉप 100 बैंक डिफॉल्टर्स में प्रमुख उद्योगपतियों की ओर से संचालित विभिन्न क्षेत्रों की बड़ी कंपनियां शामिल हैं।

**लोन डिफॉल्टर्स में तीन सेक्टर सबसे ऊपर**

रिपोर्ट के मुताबिक मैन्युफैक्चरिंग, एनर्जी और कंस्ट्रक्शन सेक्टर से जुड़ी लोन न चुका पाने से सबसे ऊपर हैं। इन तीनों सेक्टर की सिर्फ 15 कंपनियों पर इन टॉप 100 कंपनियों के कुल कर्ज का 50 फीसदी (4.58 लाख करोड़ रुपये) से अधिक कर्ज है।

# आलू 30, टमाटर 30, प्याज 50... ठंड बढ़ते ही सस्ती हो गई सब्जी, आवक बढ़ने से भी गिर गई कीमत



नई दिल्ली,15 दिसंबर (एजेंसियां)। ठंड बढ़ते ही सब्जियों की कीमत गिर गई है। पिछले 10 दिन में सब्जियों की कीमत में 40 फीसदी तक की गिरावट आ गई है। इस गिरावट के साथ दिल्ली की रिटेल सब्जी मार्केट अभी आलू 30 से 40 रुपये किलो, टमाटर भी 30 से 40 रुपये किलो और प्याज 50 से 60 रुपये किलो मिल रही है। वहीं दूसरी सब्जियों की कीमत में भी काफी गिरावट आई है। जानकारी के मुताबिक, गाजीपुर सब्जी मंडी, ओखला सब्जी मंडी, आजादपुर सब्जी मंडी समेत दिल्ली के सभी सब्जी मंडियों में हरी सब्जियों की आवक बढ़ गई है। इन मंडियों में नासिक, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, यूपी समेत कई बड़े शहरों से सब्जियों की सप्लाई होती है। आवक बढ़ने से सब्जियों की कीमत में गिरावट आई है।

**और गिर सकती है कीमत**

आजादपुर सब्जी मंडी के थोक कारोबारी गोपाल ने बताया कि इन दिनों ठंड बढ़ने की वजह से हरी सब्जियों की सप्लाई तेज हो गई है। दूर-दराज के साथ अब लोकल की भी सब्जियां मार्केट में आने लगी हैं, जिसकी वजह से कुछ सब्जियों के रेट कम हुए हैं। हालांकि, आने वाले एक हफ्ते में मटर से लेकर बींस के भी रेट कम हो सकते हैं।

**मटर के रेट बढ़े**

इन दिनों आलू, प्याज, टमाटर के रेट तो कम हुए हैं, लेकिन मटर के रेट बढ़ रहे हैं। 10 दिन पहले 90 से 100 रुपये के किलो बिकने वाले मटर की कीमत अब 110-120 रुपये तक पहुंच गई है।इसके अलावा भिंडी की कीमत में बढ़ोतरी हुई है। 10 दिन पहले 70-80 रुपये में बिकने वाली भिंडी की कीमत रिटेल मार्केट में 140 रुपये तक पहुंच गई है।

**कितनी कम हुई कीमत?**

पिछले 10 दिन में सब्जियों की कीमत में काफी गिरावट आई है। दिल्ली की लक्ष्मी नगर मार्केट के अनुसार आलू जहां 40 से 50 रुपये किलो मिल रहा था, वहीं अब यह 30 से 40 रुपये किलो मिल रहा है। इसी प्रकार टमाटर की कीमत 50-60 रुपये प्रति किलो से गिरकर 30-40 रुपये प्रति किलो आ गई है।गोभी के भी दाम गिरे हैं। 10 दिन पहले इसकी कीमत 80 से 90 रुपये प्रति किलो थी। अब यह 60 रुपये किलो मिल रही है। हरि मिर्च 50-60 रुपये प्रति किलो से 40 रुपये प्रति किलो पर आ गई है।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत् -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
सूर्योदय - 06-42
सूर्यास्त. -17-40
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल -- पूर्व - कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
तिथि- प्रतिपदा . 12-27 तक उपरान्त द्वितीया
मास - पौष कृष्ण , सोमवार 16 December
नक्षत्र - आर्द्रा 01-13 तक उपरान्त पुनर्वसु
योग - शुक्ल 23-22 तक उप ब्रह्म
करण- कौलव 14-31 तक उप तैतिल
विशेष:-
व्रत -त्योहार -

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | धनु | मे | धनु---- | 06-41 | बजे |
| चंद्र- | मिथुन | मे | मकर... | 08-48 | बजे |
| मंगल | कर्क | मे | कुंभ - | 10-38 | बजे |
| बुध- | वृश्चिक | मे | मीन- | 12-20 | बजे |
| गुरु- | वृष | मे | मेष--- | 13-52 | बजे |
| शुक्र- | मकर | मे | वृष--- | 15-36 | बजे |
| शनि- | कुंभ | मे | मिथुन | 17-37 | बजे |
| राहु- | मीन | मे | कर्क... | 19-49 | बजे |
| केतु- | कन्या | मे | सिंह--- | 22-01 | बजे |
| | | | कन्या--- | 00-08 | बजे |
| | | | तुला--- | 02-14 | बजे |
| | | | वृश्चिक.. | 04-27 | बजे |

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 08:03 से 09:26 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 06:40 - 08:03 | शुभ | चंचल | 17:40 - 19:21 | शुभ |
| काल | 08:03 - 09:26 | अशुभ | रोग | 19:21 - 20:58 | अशुभ |
| शुभ. | 09:26 - 10:49 | शुभ | काल. | 20:58 - 22:35 | अशुभ |
| रोग | 10:49 - 12:12 | अशुभ | लाभ. | 22:35 - 00:12 | शुभ |
| उत्पात | 12:12 - 13:35 | अशुभ | उत्पात | 00:12 - 01:49 | अशुभ |
| चंचल. | 13:35 - 14:58 | शुभ | शुभ. | 01:49 - 03:27 | शुभ |
| लाभ | 14:58 - 16:21 | शुभ | अमृत. | 03:27 - 05:04 | शुभ |
| अमृत. | 16:21 - 17:42 | शुभ | चंचल | 05:04 - 06:42 | शुभ |

# पांच दिन में छह फीसदी उछले कच्चे तेल के दाम

## महंगे हो सकते हैं पेट्रोल-डीजल!




नई दिल्ली,15 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्य-पूर्व में जारी अशांति अब बाहर की दुनिया पर भी भयानक असर दिखाने जा रही है।भारत की जनता भी अब इससे बुरी तरह प्रभावित हो सकती है।रूस और ईरान पर यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के कारण कच्चे तेल की सप्लाई लाइन अब कमजोर पड़ने लगी है।इस कारण अंत्तराष्ट्रीय बाजार में तेल की किल्लत हो सकती है।

इसी आशंका में पिछले पांच दिन में कच्चे तेल के दाम छह फीसदी ऊपर चढ़ गए हैं।जो पिछले तीन हफ्ते के सबसे ऊंचे स्तर पर है।अगर यही स्थिति बरकरार रही और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की धार नीचे नहीं आई तो भारत में भी पेट्रोल-डीजल महंगे हो सकते हैं।इससे आम लोगों को भी महंगाई की मार झेलनी पड़ेगी।

**अमेरिकी बाजार दरों में कटौती का भी असर पड़ा**

एक ओर कच्चे तेल की आपूर्ति कम होने और दूसरी ओर अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती के कारण कच्चे तेल की अधिक खरीदारी के कारण भी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बढ़े हैं।अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ग्लोबल फ्यूल के रूप में कच्चे तेल की मांग को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है।इस कारण ब्रेंट वायदा 1.08 डॉलर या 1.5 प्रतिशत बढ़कर 74.49 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 1.27 डॉलर या 1.8 प्रतिशत बढ़कर 71.29 डॉलर पर पहुंच गया।यह पिछले तीन सप्ताह में कच्चे तेल की सबसे ऊंची कीमत थी।वहीं डब्ल्यूटीआई ने सोमवार से शुक्रवार की अवधि यानी पांच दिनों में कच्चे तेल में छह प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है।यह पिछले शुक्रवार को सात नवंबर के बाद अपने सबसे ऊंचे स्तर पर बंद हुआ है।भारतीय बाजार में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर कच्चे तेल का वायदा 1.1 प्रतिशत बढ़कर 6,044 रुपये प्रति बैरल पर बंद हुआ है।

**अभी और चढ़ेंगे तेल के दाम**

बाजार के जानकारों का मानना है कि कच्चे तेल के दाम अभी और चढ़ेंगे। चीनी आंकड़ों से पता चलता है कि दुनिया के सबसे बड़े आयातक यानी चीन से कच्चे तेल का आयात नवंबर में सालाना आधार पर सात महीनों में पहली बार बढ़ा है। 2025 की शुरुआत तक यह उच्च स्तर पर बना रहेगा। यूरोपीय संघ ने भी रूस के खिलाफ कई तरह के प्रतिबंध लगाने पर सहमति जताई है।अमेरिका भी ऐसे कई कदमों पर विचार कर रहा है।इससे साफ है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम और अधिक बढ़ने के आसार हैं।

# साल भर में इतना कैश खाते में आया तो कानूनी पचड़े में पड़ेंगे, जुटाकर रखें ये सबूत




नई दिल्ली,15 दिसंबर (एजेंसियां)। आपके सेविंग अकाउंट में कहीं सीमा से अधिक कैश तो जमा नहीं हो रहा है? अगर इसका ख्याल नहीं रखा तो आपके ऊपर भारी संकट आ सकता है।सालभर में 10 लाख से ज्यादा कैश जिस दिन आपके बचत खाते में जमा हो गई, उसी दिन आप कानूनी पचड़े में फंस जाएंगे।आपको इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का नोटिस मिल जाएगा।फिर आपके हर जवाब पर सवाल का सिलसिला शुरू हो जाएगा।आपके हर जवाब के पक्ष में सबूत मांग जाएंगे। जवाब देने में आप कहीं भी आप अटके या भटके अथवा सबूत नहीं जमा कर सके तो आपके खिलाफ कानून का शिकंजा कस जाएगा।आपके बैंक खाते फ्रीज हो सकते हैं और आप जेल की हवा भी खा सकते हैं।इसलिए आपको हर बार खाते में कैश जमा होने के साथ ही सबूत रख लेने चाहिए।उन सबूतों में ये जवाब जरूर होने चाहिए कि किसने आपके खाते में नगदी जमा की है? उसने आपके खाते में क्यों कैश जमा की।क्या उसने किसी कारोबार या आपके द्वारा दी गई किसी सेवा के मद में यह राशि जमा की है।अथवा उसने आपसे लिया कोई उधार चुकाया है।कहीं ऐसा तो नहीं की उसने आपके निजी खाते में समारोह का चंदा दिया है या फिर उपहार के तौर पर वह राशि है।इन सारे सवालों के जवाब तलाशते सबूतों के साथ ही आपको यह प्रूफ भी देना होगा कि जो भी नगदी आपके खाते में जमा हुई है, उसे आप अपने इनकम टैक्स रिटर्न में दिखा चुके हैं या दिखाने वाले हैं।अगर ऐसा नहीं है तो आपको यह भी साबित करना होगा कि आपके खाते में जमा हुई राशि टैक्सेबल इनकम है ही नहीं। ऐसा नहीं है कि सालभर तक आपके खाते में कैश जमा होते रहने के बाद जब उसकी सीमा 10 लाख से अधिक हो जाएगी तो इनकम टैक्स डिपार्टमेंट आपसे सवाल-जवाब करेगा।बल्कि अगर एक दिन में किसी एक व्यक्ति के हाथों भी आपके खाते में दो लाख रुपये से अधिक जमा होते हैं तब भी आपको फजीहत झेलनी पड़ सकती है।

# टॉप 10 रईसों में केवल एलन मस्क की नेटवर्थ में उछाल, एक दिन में कमाए 13 अरब डालर



नई दिल्ली,15 दिसंबर (एजेंसियां)। हफ्ते के आखिरी कारोबारी सत्र में दुनिया के टॉप 10 रईसों में से केवल एलन मस्क की नेटवर्थ में तेजी आई। टेस्ला के शेयरों तेजी का दौर जारी है और शुक्रवार को यह 4.34 फीसदी तेजी के साथ 436.23 डॉलर पर पहुंच गया। इसके साथ ही मस्क की नेटवर्थ में 13 अरब डॉलर यानी करीब 11,02,52,36,76,800 रुपये की तेजी आई। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक मस्क की नेटवर्थ अब 455 अरब डॉलर पहुंच गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 226 अरब डॉलर की तेजी आई है। दूर-दूर तक कोई उनकी टक्कर में नहीं है। अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर मौजूद ऐमजॉन के जेफ बेजोस की नेटवर्थ 246 अरब डॉलर है। यानी दोनों की नेटवर्थ में 209 अरब डॉलर का अंतर है। बेजोस की नेटवर्थ में शुक्रवार को 1.42 अरब डॉलर की गिरावट आई जबकि मेटा प्लेटफॉर्म्स के मार्क जकरबर्ग ने 3.62 अरब डॉलर गंवाए। जकरबर्ग की नेटवर्थ अब 219 अरब डॉलर रह गई है। इस लिस्ट में लैरी एलिसन ($194 अरब) चौथे, बर्नार्ड अरनॉल्ट ($180 अरब) पांचवें, लैरी पेज ($169 अरब) छठे, बिल गेट्स ($165 अरब) सातवें, सर्गेई ब्रिन ($159 अरब) आठवें, स्टीव बालमर ($155 अरब) नौवें और वॉरेन बफे ($143 अरब) 10वें नंबर पर हैं। डेल कॉरपोरेशन के माइकल डेल की नेटवर्थ में 9.42 अरब डॉलर की तेजी आई जबकि एनवीडिया को फाउंडर सीईओ जेंसन हुआंग ने 2.66 अरब डॉलर गंवाए।भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में शुक्रवार को 79.6 करोड़ डॉलर की तेजी आई। वह $96.7 अरब के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 17वें और एशिया में पहले नंबर पर बने हुए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 31.2 करोड़ डॉलर की तेजी आई है। देश के तीसरे बड़े औद्योगिक घराने अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन 32.6 करोड़ डॉलर बढ़ी। वह 82.1 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 19वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 2.21 अरब डॉलर की गिरावट आई है।

# 11 महीने में 223 लाख करोड़ का हुआ यूपीआई ट्रांजैक्शन

## वित्त मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट में कही ये बात

नई दिल्ली,15 दिसंबर (एजेंसियां)। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस ने जनवरी से नवंबर 2024 के बीच 15,547 करोड़ लेनदेन कर 223 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है।वित्त मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि यूपीआई ने न केवल भारत में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दिया है बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है।वर्तमान में यूपीआई सात देशों संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस में संचालित हो रहा है।

यूपीआई को 2016 में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा लॉन्च किया गया था।यह डिजिटल भुगतान प्रणाली बैंकों के खातों को एक ही मोबाइल ऐप में जोड़कर पैसे भेजने और प्राप्त करने को आसान बनाती है।इस प्रणाली ने भारत के भुगतान तंत्र को पूरी तरह से बदल दिया है।यह न केवल त्वरित फंड ट्रांसफर की सुविधा देता है बल्कि मर्चेंट पेमेंट्स और पीयर-टू-पीयर लेनदेन को भी सरल बनाता है।

**अक्टूबर 2024 में बना नया रिकॉर्ड**

यूपीआई ने अक्टूबर 2024 में 16.58 अरब लेनदेन का नया रिकॉर्ड बनाया, जो कुल मिलाकर 23.49 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया।यह आंकड़ा अक्टूबर 2023 के 11.40 अरब लेनदेन की तुलना में 45% की सालाना वृद्धि दर्शाता है।यूपीआई से जुड़े 632 बैंक इस बात का संकेत देते हैं कि यह प्रणाली भारत के भुगतान क्षेत्र में कितनी तेजी से अपनी पकड़ मजबूत कर रही है.यूपीआई ने छोटे व्यवसायियों, सड़क विक्रेताओं और प्रवासी श्रमिकों के लिए पैसा भेजने और प्राप्त करने का एक प्रभावी माध्यम प्रदान किया है।कोविड-19 महामारी के दौरान, यूपीआई की मांग में तेजी आई क्योंकि लोगों ने नकद के बजाय सुरक्षित और संपर्क रहित विकल्पों की तलाश शुरू कर दी।यूपीआई का फ्रांस में विस्तार इसका एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।यह पहला यूरोपीय देश है जिसने यूपीआई को अपनाया है।

# टाटा की इस कंपनी ने लिया बड़ा फैसला! सरकारी कंपनियों के साथ शुरू कर दी चर्चा, आखिर क्या है प्लान?



नई दिल्ली,15 दिसंबर (एजेंसियां)। टाटा ग्रुप की एक कंपनी भविष्य की कुछ जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक फैसले पर काम करना शुरू कर दिया है। इसके लिए कंपनी ने दो सरकारी कंपनियों के साथ चर्चा शुरू कर दी है। दोनों कंपनियां खनन से जुड़ी हैं। दरअसल, टाटा स्टील ने भविष्य में लौह अयस्क की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकारी खनन कंपनियों नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनएमडीसी) और ओडिशा माइनिंग कॉरपोरेशन (ओएमसी) के साथ बातचीत शुरू की है। इसकी वजह यह है कि कंपनी अपनी घरेलू इस्पात मैन्युफैक्चरिंग क्षमता बढ़ा रही है।

**कंपनी ने किया कंफर्म**

टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (रॉ मटेरियल) डीबी सुंदर रामम ने बताया कि कंपनी कच्चे माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपनी रणनीति के तहत कलमंग वेस्ट और गंदालपाड़ा नामक दो नई लौह खदानों का भी परिचालन शुरू करेगी। वर्तमान में टाटा स्टील लौह अयस्क की अपनी पूरी मांग को ओडिशा और झारखंड में कंपनी की ओर से संचालित छह लौह अयस्क खदानों से पूरा करती है। लौह अयस्क इस्पात निर्माण के लिए इस्तेमाल होने वाला एक प्रमुख कच्चा माल है।रामम ने कहा कि कच्चे माल की योजना इसलिए बनाई गई है क्योंकि चार खदानों - नोवामुंडी लौह अयस्क खदान (1925 से संचालित), काटामाटी और खोंडबोंड (1933 से) और जोडा ईस्ट (1956) का पट्टा मार्च 2030 में समाप्त हो रहा है। वहीं दो अन्य खदानें एनआईएनएल (मिथिरदा) और विजय-दो परिचालन में बनी रहेंगी।

# महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक सबसे अमीर राज्य

नई दिल्ली,15 दिसंबर (एजेंसियां)। साल 2024 भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण और सफल साल साबित हुआ।इस साल भारत ने 8.2% जीडीपी ग्रोथ दर्ज की, जो सरकार की अनुमानित 7.3% वृद्धि दर से अधिक रही।इसके साथ ही भारत की जीडीपी 47.24 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई।इस प्रदर्शन ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में और मजबूत किया।भारत की विविधता, जिसमें 28 राज्य, 8 केंद्र शासित प्रदेश और एक राजधानी शामिल हैं, इसकी आर्थिक शक्ति को परिभाषित करती है।इनमें से कुछ राज्य न केवल क्षेत्रीय रूप से बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी आर्थिक विकास के मुख्य केंद्र के रूप में उभरे हैं।जीडीपी और जीएसडीपी के आधार पर, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक इस साल के सबसे अमीर राज्यों में शामिल रहे।महाराष्ट्र, जिसे देश की आर्थिक राजधानी माना जाता है, 2024 में सबसे अमीर राज्य रहा।इसका अनुमानित ग्रॉस स्टेट डोमेस्टिक प्रोडक्ट 42.67 लाख करोड़ रुपये रहा, जो राष्ट्रीय जीडीपी का 13.3% है.महाराष्ट्र की आर्थिक ताकत का बड़ा हिस्सा इसकी वित्तीय सेवाओं, उद्योगों और फिल्म इंडस्ट्री से आता है।मुंबई, जो राज्य की राजधानी है, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज जैसे वित्तीय संस्थानों का केंद्र है।रिलायंस और टाटा जैसी कंपनियों का मुख्यालय भी इसे अन्य राज्यों से अलग बनाता है। तमिलनाडु, जिसे 'एशिया का डेट्रॉइट' भी कहा जाता है, 31.55 लाख करोड़ रुपये जीएसडीपी के साथ दूसरे स्थान पर रहा।इसकी अर्थव्यवस्था में ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे उद्योगों का बड़ा योगदान है।

## आपका राशिफल

**मेष** — चू,चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,
अपने सब विचारों को एक साथ रखकर सोचें,इससे जो निष्कर्ष निकलेगा ,उससे आपको स्थितियों से निपटने में काफी मदद मिलेगी । अपने आप को उन चीजों में ना फंसने दें जिनमे आप विश्वास नही रखते । इन्हें छोड़कर आगे बढ़ जाएँ । इधर –उधर की हांकना आपकी आदत नही है ,लेकिन कई बार आपको ना चाहते हुए भी यह करना पड़ता है ।

**वृष** — ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा और बहुत से लोग आपको आपकी दयनीय स्थिति से निकालने के लिए हाथ बढ़ाएंगे । लेकिन आप इस स्थिति में किसी और की गलती की वजह से फंसें हैं,अबकी बार ऐसे लोगों से सावधान रहें । आज आपको अपनी जीत का जश्न मनाना चाहिए ।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज आप जो भी करेंगे ,उसमे एक नयी उर्जा और नया लक्ष्य दिखाई देगा । आपकी बातचीत का स्तर अविश्वसनीय रूप से बेहतर हो गया है और आप ऐसे किसी व्यक्ति से भी मिल सकते हैं जो आपकी जिंदगी को वित्तीय या आध्यात्मिक रूप से काफी प्रभावित करेगा । आप खुद को ज्यादा अच्छे से समझ पायेंगे और इससे आपको जीवन की दिशा तय करने में मदद मिलेगी ।

**कर्क** — ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
बहुत से अच्छे मौके आपका इन्तजार कर रहे हैं लेकिन आपको उनके लिए पूरे तौर पर समर्पित कोशिशें करनी होंगी,जोकि इस समय आपके लिए कुछ मुश्किल लग रहा है । किसी ख़ास निजी समारोह के लिए इन मौकों को रोके रखना आपके लिए सही है । आप साधारणतया बहुत अच्छे हैं और इसीलिए आपके दोस्त आपसे लगाव रखते हैं ।

**सिंह** — मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज का दिन आपके लिए विशेष हो सकता है । आपके दृष्टिकोण में आज कोई नया आयाम जुड़ेगा या आप किसी अपरिचित व्यक्ति के दृष्टिकोण से अत्यधिक प्रभावित होंगे । आपको यह सीख मिलेगी कि अपना भविष्य तय करने में तथा अपनी जिंदगी में फिलहाल चल रही समस्या से जूझने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका आप०को ही निभानी है ।

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आप आज सकारात्मक उर्जा से भरे हुए हैं । हालाँकि आपका उद्देश्य अच्छा है परन्तु आपकी बातों का हर स्थान पर स्वागत नही होगा । आपको अपनी प्रवृति का उपयोग अपने आप को ख़ुशी देने के लिए भी करना चाहिए और आज आप अपने ऊपर अच्छी खासी रकम खर्च कर सकते हैं । जहां तक दूसरों के बारे में आपकी राय का सवाल है।

**तुला** — रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आप आज उल्लास और कुछ कर गुजरने के मूड में हैं । आपके सामने आज भुत से अवसर आयेंगे और आप उनका पूरा लाभ उठाने के लिए बहुत उत्साह में हैं । आज अगर आप अपने दिल की सुनेंगे तो वित्तीय,निजी जीवन तथा संबंधों में भी बहुत सफलता मिलेगी । आज दिन घटनाओं भरा रहेगा और आप इसका हरपल आनंद उठाएंगे ।

**वृश्चिक** — तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आप एक साधारण आदमी हैं और इसीलिए आप संबंधों में कोई चालाकी नही करते । इससे आपको कई बार नुक्सान भी उठाना पड़ता है लेकिन यह सब अधिक समय तक नही चलेगा ,आखिर में चालाकी के स्थान पर आपकी सरलता की ही जीत होगी । अपनी संवेदनाओं को नियंत्रण में रखें । करीबियों के साथ अच्छा वक़्त बिताने की सम्भावना बनी हुई है ।

**धनु** — ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
अनुभव सबसे बड़ा अध्यापक है और अभी आपको इसी से सीखना है । भूतकाल से ली हुई सीख की उपेक्षा ना करें ताकि भविष्य की परेशानियों से बच सकें । जरुरतमंदों ,चाहे बच्चे हों या बूढ़े,उनकी मदद करें । ऐसे करने से ही आप सही रास्ते पर चल पायेंगे चाहे आपको अभी इस पर चलने में कोई भी परेशानी आ रही हो ।

**मकर** — भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
अगर कुछ लोग आपको नहीं समझ पा रहें हैं तो उन्हें अपना हरेक काम समझाने में अपना समय और ऊर्जा बर्बाद ना करें । वे कभी नही मानेंगे । आप काफी व्यस्त रहेंगे लेकिन आपको आने वाली जरूरतों के कारण पहले वाली योजनाओं में भी कुछ बदलाव करने पड सकते हैं । स्थिति की मांग के अनुसार कार्य करें ।

**कुंभ** — गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज आप कुछ उलझे हुए से रहेंगे । आप कोई महत्वपूर्ण काम शुरू करने के लिए भी उतावले हैं । परन्तु आज प्रतीक्षा करना और कोई महत्वपूर्ण काम शुरू न करना ही ठीक होगा । शाम तक उलझन खुद कम हो जायेगी । दिन बाधारहित गुजरेगा । यात्रा कर सकते हैं ,सार्वजनिक परिवहन से देर हो सकती है । दूसरे विकल्प खुले रखें ।

**मीन** — दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
अब आपका हर काम और पूरा ध्यान अपने करियर के लिए है । आप इस पर बिलकुल अपना पूरा ध्यान और समय लगा रहे हैं । आपको थोड़ी सी राहत की जरुरत है और अच्छी बात यह है कि आप तब भी अपना लक्ष्य हासिल कर पायेंगे । अपने काम के जाल से बाहर निकलकर परिवार को भी समय दें ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# 'सरकार धान खरीदी की इच्छुक नहीं'
# पूर्व गृहमंत्री ने अपनी ही सरकार पर उठाए सवाल

रायपुर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर सियासत हो रही है। विपक्ष सरकार की मंशा पर लगातार सवाल उठा रहा है। इसी बीच बीजेपी के सीनियर लीडर और राज्य के पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने इस मामले में पीएम मोदी और अमित शाह को लेटर लिखा है। ननकीराम कंवर ने अपनी ही सरकार पर सवाल उठाए हैं। बता दें कि राइस मिलर्स की नाराजगी के कारण राज्य में धान खरीदी पर संकट दिख रहा है। हालांकि सरकार का दावा है कि सभी किसानों की धान खरीदी जाएगी। मिलर्स को दो सालों का भगुतान नहीं हुआ है जिस कारण से नाराजगी बढ़ गई है।





**ननकीराम कंवर ने लेटर में क्या लिखा**

ननकीराम कंवर ने पीएम और केंद्रीय गृहमंत्री को लेटर लिखकर अपनी ही सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने लिखा कि अप्रत्यक्ष रूप से सरकार धान खरीदने की इच्छुक नहीं है। उन्होंने अपने लेटर में लिखा कि प्रदेश सरकार की राइस मिलरों को प्रदेश सरकार की उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है। अगर दो-तीन साल से उन्हें पैसा नहीं मिलेगा तो वह इतने बड़े उद्योग को कैसे चलाएंगे।

उन्होंने लेटर में लिखा कि ऐसा प्रतीत होता है कि राइस मिलों को बंद कराकर अप्रत्यक्ष रूप से सरकार किसानों की धान को खरीदने की इच्छुक नहीं है। उन्होंने इस मामले में पीएम मोदी और अमित शाह से संज्ञान लेने की बात कही है।

**ननकीराम ने कहा- किसानों में बढ़ रही नाराजगी**

पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने अपने लेटर में कई बातें लिखी हैं। उन्होंने लिखा कि आपसे अपेक्षा है कि आप इस बिगड़ती व्यवस्था पर स्वंय से संज्ञान लें। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर पार्टी को नुकसान होने की संभावना है। उन्होंने खुद को जमीन से जुड़ा हुआ आदमी बताते हुए कहा कि धान का उठाव नहीं होने से किसान अपनी धान को समिति में नहीं बेच पा रहा है जिस कारण से नाराजगी बढ़ रही है।

ननकीराम कंवर में अपने लेटर में निकाय और पंचायत चुनाव में नुकसान होने की बात भी कही है। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो इसका परिणाम हमें वर्तमान निकाय और पंचायत चुनाव में हो सकता है।

## फिजिकल टेस्ट के दौरान अभ्यर्थी की मौत
# सीएम साय ने जताया दुख; दस लाख रुपये सहायता राशि देने की घोषणा

रायपुर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कांकेर में वनरक्षक भर्ती परीक्षा में फिजिकल टेस्ट के दौरान एक अभ्यर्थी की अचानक तबीयत खराब हो गई, जिससे अभ्यर्थी की मौत हो गई। इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अभ्यर्थी की असामयिक मृत्यु अत्यंत दुःखद है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर मृतक के परिवार को सरकार की तरफ से 10 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है।



कांकेर जिले में वन रक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर फिजिकल टेस्ट हो रहा था। बीते दिन टेस्ट के दौरान एक अभ्यर्थी महेंद्र कुमार कुरेटी की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। इस घटना को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर शोक संवेदना व्यक्त किया है।

उन्होंने मृतक के परिवार को सरकार की तरफ से 10 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा भी की है।

उन्होंने लिखा कि वनरक्षक भर्ती परीक्षा में फिजिकल टेस्ट के दौरान कांकेर में महेंद्र कुमार कुरेटी की असामयिक मृत्यु अत्यंत दुःखद है। संकट की इस घड़ी में हमारी सरकार मृतक के परिजनो के साथ है।

राज्य सरकार की ओर से उनके परिवार को दस लाख की सहायता राशि प्रदान की जा रही है और आगे भी हमारी सरकार हर संभव मदद के लिए तत्पर है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान प्रदान करें।

# डिप्टी सीएम विजय शर्मा बोले- पूर्ववर्ती सरकारें आतंकवादियों को खिलाती थी बिरयानी, अब उल्टा लटकाकर सीधा कर रहे

रायपुर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। आज लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि है। आज के दिन ही छत्तीसगढ़ को महज 24 साल में ही पुलिस सशस्त्र बल का सर्वोच्च सम्मान पुलिस कलर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह प्रदेश के लिए गौरव की बात है। प्रदेश की पुलिस की सफलता की वजह से मिला है।

उन्होंने पूर्व की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कहा कि पहले आतंकवादी बम धमाके करके चले जाते थे। आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई जाती थी, लेकिन अब उन्हें उल्टा लटका-लटकाकर सीधा करने का काम किया जा रहा है। लौह पुरुष ने देश को एक करने के लिए बहुत सारे काम किया, लेकिन उनसे एक काम छूट गया था।



उ न्हों ने कहा कि अनुच्छेद 370 को खत्म करवाने वाले देश के गृहमंत्री अमित शाह के करकमलों से आज छत्तीसगढ़ को पुलिस को कलर अवार्ड मिला है। मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ और पूरे देश से नक्सलियों का खात्मा करने के साथ ही उनके विश्वास की वजह से ही छत्तीसगढ़ में महज एक साल में ही नक्सलियों के ऊपर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई है।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस में छह हजार कांस्टेबल समेत विभिन्न पदों पर भर्ती की जा रही है। आज के बाद छत्तीसगढ़ पुलिस सफलता का नया इतिहास रचेगी। छत्तीसगढ़ पुलिस जवानों की वर्दी पर जब पुलिस कलर अवार्ड चमकेगा, तो हमें यह याद होना चाहिए कि यह सफलता हमें कितने जवानों की शहादत के बाद मिली है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस अवार्ड के लिए बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। यह सम्मान न केवल छत्तीसगढ़ पुलिस की वर्दी पर सजेगा बल्कि हमारे गौरव का परिचायक भी बनेगा। शौर्य और साहस का प्रतीक भी बनेगा। छत्तीसगढ़ पुलिस ने 1 साल के अंदर साहस और शौर्य के साथ नक्सलियों का खात्मा करने के लिए काम किया है। 1 साल के अंदर डबल इंजन की प्रभावी शक्ति की वजह से जवानों ने यह करके दिखाया है। नक्सली पुनर्वास नीति के तहत नक्सलियों को सभी तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्हें आवास और 5 लाख का मुआवजा दिया जा रहा है। सीएम ने 1 साल के अंदर राज्य सरकार की सभी उपलब्धियां का बखान किया।

# 'संथाल और झारखंड भारत के हृदय स्थल'
## दुमका दौरे पर बोले अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी

रांची, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी और माल्टा के उच्चायुक्त रूबेन गौसी ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर केंद्रित एक अनौपचारिक यात्रा पर दुमका के महारो स्थित सेंट जेवियर्स कॉलेज का दौरा किया। जहां दोनों गणमान्यों का स्वागत संताली पारंपरिक लोक नृत्य के साथ किया गया।

**अमेरिकी राजदूत का बयान**

दुमका के सेंट जेवियर्स कॉलेज का दौरा पर अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि संथाल लोग और झारखंड भारत के हृदय स्थल हैं, जहां लोग अपनी गहरी परंपराओं से जुड़े होते हैं और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व की





समझ रखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया को इन परंपराओं से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है, और जब भी वह भारत में आदिवासी समुदायों से मिलते हैं, तो उन्हें यह समझ में आता है कि कैसे लोग प्रकृति को संरक्षित करते हैं।

बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचारों पर गार्सेटी ने कहा कि धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह लोकतंत्र और शांति की नींव है। वह भारत, बांग्लादेश और दक्षिण एशिया में मिलकर काम कर रहे हैं ताकि अल्पसंख्यकों की आवाज़ दबाई न जाए।

**दुमका और माल्टा का ऐतिहासिक संबंध- गौसी**

वहीं इस यात्रा को लेकर माल्टा के उच्चायुक्त रूबेन गौसी ने कहा कि वह चार साल से अधिक समय से भारत में हैं और झारखंड की यह उनकी पांचवी यात्रा है। उन्होंने कहा कि वह अमेरिकी राजदूत के साथ दुमका आने पर गर्व महसूस करते हैं, और यह यात्रा खासतौर पर अल्पसंख्यकों के मुद्दे पर आधारित है। गौसी ने बताया कि दुमका का माल्टा से ऐतिहासिक संबंध है, क्योंकि 1925 में जेबूसाइट यहां आए थे, और वहां बहुत से लोग संथाली बोलते हैं।

# गृहमंत्री अमित शाह के दौरे से पहले पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी
## विस्फोटक के साथ नौ नक्सली गिरफ्तार

सुकमा, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। गृहमंत्री अमित शाह का बस्तर दौरा है और बस्तर दौरे से पहले बस्तर भर में जवानों की मुस्तैदी देखने को मिल रही है जहां लगातार अंदरूनी इलाकों में ऑपरेशन जारी है और हर गतिविधियों पर सुरक्षा बलों की नजर बनी हुई है। इस बीच सुकमा जिले में कैम्प पूवर्ती, थाना जगरगुण्डा क्षेत्र में 09 नक्सलियों को विस्फोटक पदार्थ के साथ गिरफ्तार करने में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। गिरफ्तार नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से विस्फोटक पदार्थ रखे थे। सभी गिरफ्तार नक्सली थाना जगरगुण्डा क्षेत्र के निवासी हैं।



मामले की पुष्टि करते हुए सुकमा एसपी किरण चौहान ने बताया कि नक्सलियों को गिरफ्तार करने में जिला बल, 150 वाहिनी सीआरपीएफ एवं 201 कोबरा की रही है विषेष भूमिका। जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में दिनांक 13.12.2024 को कैम्प पुवर्ती एवं थाना जगरगुण्डा से कोबरा 201 वाहिनी, 150 वाहिनी सीआरपीएफ एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान पूवर्ती एवं टेकलगुडेम के मध्य जंगल पास कुछ संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस पार्टी को देख कर लुकते/छिपते हुए भागने लगे, जिन्हें सुरक्षा बलों द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया।

पकड़े गये संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम क्रमशः 01. सोढ़ी बामन उर्फ बोटी पिता कुम्मा उम्र 28 वर्ष निवासी पुवर्ती तुमालपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा 02 मुचाकी नंदा उर्फ कोन्दा पिता स्व. भीमा उम्र 47 वर्ष निवासी पुवर्ती डब्बापारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, 03 कुंजाम भीमा पिता हुंगा उम्र 42 वर्ष निवासी पुवर्ती मड़कमपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, 04. माड़वी कोसा पिता दुल्ला उम्र 32 वर्ष निवासी पुवर्ती डबापारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, 05. सोढ़ी देवा उर्फ नारेष पिता हुंगा उम्र 32 वर्ष निवासी टेकलगुडेम नयापारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, 06. माडवी सुक्का उर्फ बरल पिता स्व. कुम्मा उम्र 40 वर्ष निवासी पुवर्ती तुमालपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा 07. मिडियम जोगा पिता स्व. बोडडा उम्र 45 वर्ष निवासी टेकनगुडम नयापारा थाना जगरगुण्डा 08. बारसे चुला(सुला) पिता कुम्मा उम्र 35 वर्ष निवासी टेकलगुडम बर्रेपारा थाना जगरगुण्डा, एवं अन्य व्यक्ति निवासी टेकलगुडम बर्रेपारा थाना जगरगुण्डा, का होना तथा कब्जे से रखे थैले की तलाशी लेने पर सोढ़ी बामन उर्फ बोटी पिता कुम्मा के कब्जे से पास में रखे एक पीला स्लेटी रंग के गुलाब पटटी लगा नायलोन थैला में रखा लाल काला बिजली वायर करीब 07 मीटर, लाल कोडेक्स वायर लगभग 04 मीटर, टिकली फटाका 02 पैकेट, प्लास्टिक से बंधा बारूद करीबन 200 ग्राम, पेंसिल सेल 03 नग, जिलेटिन राड 06 नग, माचिस 02 नग, 04 नग डेटोनेटर, बरामद किया गया।

विस्फोटक सामग्री रखे जाने के संबंध में गहन पूछताछ करने पर कैम्प पुवर्ती एवं कैम्प टेकलगुड़ा से निकलने वाले सुरक्षाबलों के आने-जाने वाले संभावित मार्गो में नुकसान पहुंचाने की नीयत विस्फोटक सामान से आईईडी लगाने की योजना बनाये थे। सभी पूतर्वी आरपीसी में मिलिशिया सदस्य के पदों पर कार्य करना बताये गया। उक्त कृत्य विधि विरूद्ध पाये जाने से नक्सलियों के खिलाफ थाना जगरगुण्डा में अपराध क्रमांक 32/2024 धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए दिनांक 14.12.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। नक्सलियों को गिरफ्तार करने में जिला बल, 150 वाहिनी सीआरपीएफ एवं 201 कोबरा की रही है विषेष भूमिका।

# खोल रखी थी फर्जी कंपनी
## ठगी के 102 करोड़ रुपये चीन व थाइलैंड भेजे; दिल्ली के दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर,, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। रायपुर में रेंज साइबर थाना पुलिस ने ठगी के 102 करोड़ से अधिक रुपये चीन और थाईलैंड में ठिकाने लगाने वाले गिरोह से जुड़े दिल्ली निवासी दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों के 41 बैंक खातों से 175 करोड़ रुपये के लेन-देन का पता चला है। हांगकांग और थाईलैंड भेजे गए यूएस डॉलर के बिल भी जब्त किए गए हैं। दो करोड़ से अधिक रकम बैंक खातों में होल्ड करवाई गई है।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पवन कुमार सिंह निवासी आरजेड 74 गुरु हरकिशन नगर, मटियाला एक्सटेंशन, उत्तम नगर दिल्ली और गगन दीप निवासी विकासपुरी एक्सटेंशन दिल्ली के रूप में की गई है। दोनों ने रायपुर के कोटा स्थित मारुति लाइफ इंप्रेसा में फ्रिज टैक सोल एवं जीपी इंटरप्राइजेस नामक कंपनियां खोल रखी थीं। दोनों यहां छह महीने से रह रहे थे।

पुलिस ने बताया कि रायपुर के आमानाका निवासी डॉ. प्रकाश गुप्ता से शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने के नाम पर 11 लाख रुपये की ठगी हुई थी। रेंज साइबर थाने को जांच में दोनों कंपनियों के बैंक खातों का सुराग मिला। इसके बाद आरोपित पवन और गगनदीप की कुंडली खोलने पर कई राजफाश हुए। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपितों ने रायपुर आकर अपने आधार कार्ड में पता बदलवाया। उसी पते के आधार पर कंपनियां बनाईं। अलग-अलग बैंकों में 30 प्लेटिनियम अकाउंट खोले। उसके बाद देश के अलग-अलग हिस्सों में की गई साइबर ठगी की रकम का बड़ा हिस्सा इन बैंक खातों के माध्यम से विदेश भेजा।

आरोपितों ने बैंक अकाउंट का प्रयोग कर ठगी से प्राप्त रकम से यूएस डॉलर खरीदे, जिन्हें हांगकांग की चार कंपनियों हाइपरलिंक इंफोसिस्टम लिमिटेड, ब्लू आर्किड ग्लोबल, कंसाई इंटरनेशनल लिमिटेड, एमएस मार्निंग और थाईलैंड की चार कंपनियों एनआरआइ सिस्टम टेक्नो, परसौल प्रोसेस एंड टेक्नोलाजी, ग्लोबल विजार्ड टेक्नोलाजी, डाटा आर्ट टेक्नोलाजी को भेज दिए। आरोपितों से पूछताछ में लुधियाना, दिल्ली की कुछ कंपनियों की भी जानकारी मिली है। दोनों आरोपितों से 41 बैंक अकाउंट, डेबिट कार्ड, चेक बुक, कंप्यूटर, लैपटाप, पेन ड्राइव, मोबाइल, डॉलर परचेस इनवाइस, वन टाइम पासकोड डिवाइस, यूपीआइ स्कैनर, अलग-अलग एड्रेस के आधार कार्ड जब्त हुए हैं। आरोपितों के विरुद्ध बंगाल, पंजाब, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा में भी अपराध दर्ज हैं।

# खड़े ट्रक में घुसी तेज रफ्तार कार, 5 लोगों की मौत, 3 घायल




रांची, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड के बोकारो-रामगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए एक हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। दुर्घटना में तीन लोगों के घायल होने की भी जानकारी है। दुर्घटना शुक्रवार देर शाम बोकारो के काश्मार थाना क्षेत्र के दांतू गांव के पास हुई। एक खड़े ट्रक में कार जा घुसी।

बेरमो अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) बीएन सिंह ने बताया कि चार पहिया वाहन ने सड़क जाम में फंसे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। चार पहिया वाहन में करीब आठ लोग सवार थे, जिनमें से पांच लोगों की मौत हो गई। सिंह ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि कुल आठ लोगों को अस्पताल लाया गया था, जिनमें से पांच मृत अवस्था में थे।

उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना से पहले सड़क पर एक और दुर्घटना हुई थी जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जिसके विरोध में स्थानीय लोगों ने सड़क को जाम कर रखा था।

# तीन सिगरेट के बराबर हवा जहरीली



रांची, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड एक तरफ शीतलहर की चपेट में है. वहीं दूसरी तरफ झारखंड के कई शहरों की वायु गुणवत्ता बेहद खराब स्तर पर पहुंच गई है. अगर रांची की बात करें तो यहां की भी हवा में जहर घुलने लगा है. रांची में एक्यूआई 300 के करीब पहुंच गया है. वहीं झारखंड के बड़े शहरों जमशेदपुर और धनबाद में भी एक्यूआई 200 के पार पहुंच चुका है. ऐसे में बाहर निकल रहे लोगों को खासी सावधानी बरतने की जरूरत है. बरकेले अर्थ के मुताबिक रांची में एक व्यक्ति हर रोज 3 सिगरेट पीने जितना धुआं अपने फेफड़ों में भर रहा है.

रांची में सुबह ठीक से धूप भी नहीं निकली थी कि 9 बजते ही एक्यूआई उछल कर 150 के पार पहुंच गया. वहीं पिछले 24 घंटे में एक्यूआई का आंकड़ा 178 रहा. जमशेदपुर में प्रदूषण का स्तर सबसे ऊपर रहा. यहां एक्यूआई का आंकड़ा 190 और धनबाद में 167 दर्ज किया गया. क्वालिटी इंडेक्स के मुताबिक आज रांची में एक्यूआई 280, धनबाद में 238 और जमशेदपुर में 228 रहने की आशंका है. इस दौरान लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो सकती है. ऐसे में लोगों को बाहर निकलते वक्त मास्क लगाकर निकलना चाहिए.

मौसम विभाग के मुताबिक एक्यूआई अगर 0 से 50 के बीच रहे तो इसे बेहद अच्छा माना जाता है. तो वहीं 51 से 100 तक मॉडरेट की श्रेणी में रखा जाता है. 100 से 200 के बीच खराब 201 से 300 तक अनहेल्दी माना जाता है. खराब हवा की गुणवत्ता के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है. ऐसे में जब भी बाहर निकले तब मास्क लगा कर बाहर निकले. घर के दरवाजे और खिड़कियां को हमेशा बंद रखने का प्रयास करें. घर के अंदर छोटे पेड़ या पौधे लगाने से कुछ राहत मिलेगी. वहीं एयर प्यूरीफायर लगाने से भी आपको हवा साफ करने में मदद मिलेगी.

# 3 जिले ठगी के सबसे बड़े केंद्र
## केंद्रीय एजेंसी ने पुलिस को भेजी 300 दागी नंबरों की लिस्ट

रांची, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड का जामताड़ा एक समय देश का साइबर फ्रॉड का हब रहा है. लेकिन अब इसमें दो और जिले देवघर और दुमका के साइबर ठगों से भी देश के लोग परेशान हो गए हैं. दरअसल, गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले एजेंसी इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर(आईफोरसी) ने झारखंड पुलिस को 300 फोन नंबरों की लिस्ट भेजी है जिनसे देश के दूसरे हिस्से में साइबर क्राइम को अंजाम दिया जा रहा है. ये सभी नंबर जामताड़ा, दुमका और देवघर के हैं.

यह एजेंसी साइबर क्राइम को रोकने के लिए काम करती है और साथ ही पुलिस को तकनीकी सहायता देती है. झारखंड पुलिस जल्द ही इन नंबरों को जिला पुलिस को भेजेगी जिससे कि इन नंबरों के बारे में पता लगाया जा सके और जरूरी कार्रवाई हो सके.

केंद्र एजेंसी आईफोसी झारखंड पुलिस के बनाये गए प्रतिबिंब ऐप की तरह ही एक ऐप बनाया है. आईफोरसी ने जब दूसरे राज्यों में होने वाले साइबर अपराध का डेटा खंगाला तो उन्हें झारखंड के तीन सौ नंबरों का पता चला जिससे कि साइबर फ्रॉड किया जा रहा था. ये सभी नंबर जामताड़ा, देवघर और दुमका के निकले. इसके आधार पर आईफोरसी ने कार्रवाई के लिए झारखंड पुलिस को नंबर भेजे गए हैं.झारखंड का जामताड़ा पूरे राज्य में साइबर ठगी के मामले में कुख्यात हो चुका है. इस जिले के नाम पर एक वेब सीरीज भी बन चुकी है जिसमें यहां संगठित तौर पर किये जा रहे साइबर अपराध के बारे में बताया गया. नेटफ्लिक्स में रिलीज हुई इस सीरीज में दिखाया गया है कि कैसे जामताड़ा के साइबर ठग पूरे देश में लोगों से धोखाधड़ी करते हैं. इस धोखाधड़ी के कारण जामताड़ा को साइबर अपराध का कैपिटल कहा गया है.

# छत्तीसगढ़ में शीतलहर का अलर्ट
## बलरामपुर में 3 डिग्री रहा पारा

रायपुर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में इन तीनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इसके साथ ही कई जिलों में शीतलहर के हालात हैं। 2 दिनों बाद प्रदेश के दक्षिणी भागों में बारिश होने की संभावना है। राजधानी रायपुर समिति प्रदेश घर में पिछले दो-तीन दिनों से लगातार ठंड पड़ रही है। रात का तापमान सामान्य से नीचे चला गया है। वहीं सबसे ठंड बलरामपुर जिला रहा है। यहां न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, आज 15 दिसंबर को दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। अगले दो दिन में अधिक स्पष्ट होने और पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में तमिलनाडु के तट की ओर बढ़ने की संभावना है। प्रदेश में उत्तर से आ रही शुष्क हवाओं के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

# ट्रम्प की लाइब्रेरी को 15 मिलियन डॉलर देगा एबीसी न्यूज

## चैनल के एंकर ने रेप का दोषी बताया था; अब वकील की फीस भी भरनी होगी



वॉशिंगटन, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की प्रेंसीडेट लाइब्रेरी को न्यूज चैनल एबीसी न्यूज ने 15 मिलियन डॉलर देने पर राजी हो गया है। ट्रम्प ने एबीसी न्यूज के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। एबीसी न्यूज के एंकर जॉर्ज स्टेफानोपोलोस ने लाइव टीवी पर दावा किया था कि ट्रम्प को लेखिका ई। जीन कैरोल के साथ बलात्कार के मामले में दोषी करार दे दिया गया है। जॉर्ज ने ये दावा 10 मार्च को अपने शो 'दिस वीक' में किया था। शनिवार को इस मामले से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक किए गए। इसके मुताबिक एबीसी न्यूज अपनी वेबसाइट पर एक पोस्ट कर माफी मांगेगा और जो दावा उसने किया था उसके लिए खेद जताएगा। इसके साथ ही ट्रम्प के वकील को 1 मिलियन डॉलर की फीस भी देगा। एबीसी न्यूज ने पोस्ट करते हुए समझौते के बदले मुकदमा खारिज करने पर खुशी जताई है।

**कैरोल के साथ यौन उत्पीड़न के दोषी हैं ट्रम्प**

डोनाल्ड ट्रम्प को 2023 में में न्यूयॉर्क मैगजीन की लेखिका ई। जीन कैरोल के साथ यौन शोषण का दोषी पाया गया था। कैरोल ने आरोप लगाया था कि ट्रम्प ने 1996 में उनके साथ यौन शोषण और बलात्कार किया था। हालांकि जूरी ने अपने फैसले में ट्रम्प के सिर्फ यौन शोषण का दोषी करार दिया था। इसके लिए ट्रम्प पर 5 मिलियन डॉलर का जुर्माना भी लगा था। इससे पहले ट्रम्प ने कैरोल के लेकर दिए एक बयान में कहा था कि वो उनके टाइप की नहीं है। एक दूसरे बयान में ट्रम्प ने आरोप लगाया कि कैरोल ने यौन शोषण को लेकर झूठ बोला था। ट्रम्प के इस बयान के बाद कैरोल ने उन पर मानहानि का मुकादमा किया था। मानहानि के मामले में ट्रम्प को दोषी करार देते हुए कोर्ट ने 83 मिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया था।

**पोर्न स्टार के संबंध बनाने के दोषी हैं ट्रम्प**

डोनाल्ड ट्रम्प के इस साल 30 मई को पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल के साथ संबंध बनाने और पैसे देकर चुप कराने के आरोप में दोषी करार दिया गया था। दोषी पाए जाने के बाद ट्रम्प ने अगस्त में फेडरल कोर्ट से मामले में हस्तक्षेप करने के लिए कहा था। इसके बाद फेडरल कोर्ट ने मामला वापस न्यूयॉर्क कोर्ट में भेज दिया था। न्यूयॉर्क की कोर्ट में ट्रम्प ने सजा को रद्द करने के लिए याचिका लगाई थी। हालांकि ट्रम्प के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई को अनिश्चितकाल के टाल दिया है।

**2016 में राष्ट्रपति बनने से पहले का मामला**

ट्रम्प के खिलाफ पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल को पैसे देकर चुप कराने और इलेक्शन कैंपेन के दौरान बिजनेस रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के केस चल रहे थे। यह मामला 2016 में उनके अमेरिका का राष्ट्रपति चुने जाने से पहले का है। इसके खुलासे के बाद पहली बार ऐसा हुआ था जब अमेरिकी इतिहास में पहली बार किसी प्रेसिडेंट पर आपराधिक केस चलाया गया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, कोर्ट ने 6 सप्ताह में 22 गवाहों को सुना। इनमें स्टॉर्मी डेनियल भी शामिल थीं।

# मैंगो फैशन टाइकून इसाक एंडिक की दुर्घटना में मौत, पहाड़ी से फिसला पैर; 150 मीटर नीचे गिरे



बार्सिलोना, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। स्पैनिश फैशन कंपनी मैंगो के संस्थापक इसाक एंडिक की एक दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। कंपनी ने शनिवार को इसकी घोषणा की। इस खबर की पुष्टि करते हुए मैंगो के सीईओ टोनी रुइज ने एक बयान में एंडिक को श्रद्धांजलि दी और कंपनी में उनके योगदान के बारे में बताया। बयान में कहा गया है कि एंडिक ने अपना जीवन मैंगो को समर्पित कर दिया और अपनी रणनीतिक दृष्टि, अपने नेतृत्व में अटूट प्रतिबद्धता की बदौलत एक अमिट छाप छोड़ी। मैंगो इसाक एंडिक इस्तांबुल में जन्मे थे और उन्होंने फैशन साम्राज्य मैंगो की स्थापना की थी। वह वह 71 वर्ष के थे। उनकी मौत एक पहाड़ी पर पैर फिसलने से हुई है, वह काफी नीचे जा गिरे थे। वह अपने रिश्तेदारों के साथ बार्सिलोना के पास मोंटसेराट गुफाओं में पैदल यात्रा कर रहे थे, तभी वह फिसल गए और 150 मीटर की चट्टान से गिर गए, जहां उनकी मौत हो गई। कंपनी के सीईओ ने कहा कि उनका जाना एक बड़ा खालीपन छोड़ गया है लेकिन हम सभी, किसी न किसी तरह से, उनकी विरासत और उनकी उपलब्धियां हमें जोड़कर रखेंगी। आगे कहा कि यह हम पर निर्भर है कि यह सुनिश्चित करें कि मैंगो वैसी बनी रहे जिसे पर इसाक ने बनाया था। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने भी मैंगो के संस्थापक के निधन पर शोक व्यक्त किया।

# रूस-यूक्रेन के बीच भयंकर युद्ध जारी, कीव ने बदला कमांडर

## सीरिया में रूस ने सैनिकों को मोर्चों से बुलाया



कीव, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। रूसी सेना के तेजी से आगे बढ़ने के बीच यूक्रेन के सैन्य नेतृत्व ने पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में सुरक्षा की देखरेख करने वाले कमांडर को बदल दिया है। एक अधिकारी ने कहा कि जनरल आलेक्जेंडर टार्नावस्की को जनरल आलेक्जेंडर लुट्सेंको की जगह आपरेशनल और टैक्टिकल ग्रुप डोनेट्स्क का प्रमुख नियुक्त किया गया था। यूक्रेन युद्ध के मैदान में बैकफुट पर है। रूसी सेना तेज गति से आगे बढ़ रही है। यूक्रेन ने शनिवार को कहा कि रूसी सैनिकों ने पोक्रोव्स्क के आसपास के गांवों में कई यूक्रेनी ठिकानों को नष्ट कर दिया है। रूस ने उत्तरी सीरिया के मोर्चों और अल्वाइट पर्वतीय क्षेत्र में तैनात अपने सैनिकों को वापस सैन्य अड्डों पर बुला लिया है लेकिन दोनों अड्डों को छोड़ने की योजना घोषित नहीं की है। रूस ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद से लड़ने के लिए वह इन सैन्य अड्डों को बनाए रखना चाहता है। रूसी सेना ने ये अड्डे बशर अल-असद सरकार को ताकत देने के लिए स्थापित किए थे। असद और उनके पिता हाफिज अल-असद के रूस के साथ हमेशा ही बेहद अच्छे रिश्ते रहे, अभी भी बशर ने देश छोड़कर रूस में ही शरण ली है। इस बीच सीरिया से निकाले गए छह और भारतीय नई दिल्ली पहुंचे हैं। इस समय सीरिया के लताकिया क्षेत्र के मिमीम में रूस का वायुसेना का अड्डा और टार्टस में नौसेना का अड्डा है।

**रूसी अड्डों से कुछ भारी सामान रूस भेजा**

वायुसेना अड्डे की सामने आई शुक्रवार की सेटेलाइट तस्वीरों में वहां पर दो मालवाहक एंतोनोव एएन-124 विमान में सामान का लदान देखा गया। इनमें से एक विमान शनिवार को वहां से उड़ गया। यह एंतोनोव विमान दुनिया का सबसे बड़ा मालवाहक विमान है। सूत्रों के अनुसार रूसी अड्डों से कुछ भारी सामान रूस भेजा गया है। यह भी पता चला है कि सीरियाई सेना के कई बड़े अधिकारी रूस के संपर्क में हैं और वे जरूरत पड़ने पर रूसी अड्डों में शरण ले सकते हैं। आठ दिसंबर को अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद का विमान दमिश्क से उड़ने के बाद लताकिया के रूसी अड्डे पर आया था और वहां से मास्को के लिए उड़ा था।

**सैन्य अड्डों के विषय में रूस सीरिया के नए शासकों से बात करेगा**

रूसी राष्ट्रपति के क्रेमलिन कार्यालय ने कहा है कि सैन्य अड्डों के विषय में वह सीरिया के नए शासकों से बात करेगा। रूस चाहता है कि उसके सीरिया से पूर्ववत अच्छे संबंध रहें और उसके सैन्य अड्डे वहां पर कायम रहें। सीरिया में रूस की मौजूदगी वहां की सुरक्षा और स्थिरता के लिए जरूरी है। लेकिन अमेरिका सीरिया में अपना प्रभाव बढ़ाना चाह रहा है।

### ईरान में बिना हिजाब के ऑनलाइन इवेंट में गा रही थी सिंगर, पुलिस ने किया गिरफ्तार

तेहरानी, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। बिना हिजाब पहने यूट्यूब पर ऑनलाइन कॉन्सर्ट करने वाली एक महिला सिंगर को गिरफ्तार कर लिया गया। ये मामला ईरान देश का है। ईरानी वकील मिलाद पनाहीपोर ने कहा कि 27 वर्षीय परस्तू अहमदी को शनिवार को उत्तरी प्रांत मजंदरान की राजधानी सारी शहर में गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को न्यायपालिका ने अहमदी के कॉन्सर्ट प्रदर्शन के बारे में मामला दर्ज किया था, जिसमें उन्होंने बिना आस्तीन और कॉलर वाली लंबी काली पोशाक पहनी थी। इस दौरान महिला सिंगर ने हिजाब नहीं पहना था। कार्यक्रम के दौरान महिला सिंगर परस्तू अहमदी के साथ चार पुरुष संगीतकार भी थे। ईरान में शूट किया गया यह संगीत कार्यक्रम दर्शकों के बिना आयोजित किया गया था। अहमदी और उनके चार सदस्यीय सहायक दल ने एक पारंपरिक कारवांसेराई परिसर में एक मंच के बाहर प्रस्तुति दी थी। अहमदी ने एक दिन पहले अपने कॉन्सर्ट को यूट्यूब पर पोस्ट करते हुए कहा था, 'मैं परस्तू हूं, एक लड़की जो उन लोगों के लिए गाना चाहती हैं, जिन्हें मैं प्यार करती हूं। यह एक ऐसा अधिकार है, जिसे मैं अनदेखा नहीं कर सकती हूं।

# अमेरिका में बर्फीले तूफान ने मचाई तबाही

## जम गई हैं सड़कें; सैन फ्रांसिस्को के लिए चेतावनी जारी



ओमाहा, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका में इस साल का पहला बर्फीला तूफान आ चुका है और लाखों लोगों को मौसम की मार झेलनी पड़ रही है। अमेरिका के आयोवा एवं पूर्वी नेब्रास्का में बर्फीले तूफान ने तबाही मचा दी है। बर्फीले तूफान के कारण सड़कों पर बर्फ जम गई और कई वाहनों के फिसलने की घटनाओं के कारण 'इंटरस्टेट 80' राजमार्ग को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा है। हालत ये हैं कि विजिबिलिटी भी लगभग जीरो तक पहुंच गई है। क्षेत्र में आयोजित होने वाले कई कार्यक्रम तूफान की वजह से रद्द कर दिए गए हैं। इस बीच पूर्वी नेब्रास्का में सड़कों पर जमी बर्फ के कारण हुई एक दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई है। लोगों से कहा गया है कि जरूरत होने पर ही वो घरों से बाहर निकलें।

**चल रही हैं तेज बर्फीली हवाएं**

'वाशिंगटन काउंटी शेरिफ' कार्यालय ने बताया कि 57 वर्षीय महिला 'हाईवे-30' पर अपने वाहन पर से नियंत्रण खो बैठी और सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। ट्रक के चालक को मामूली चोटें आई हैं। अन्य स्थानों पर 96 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने के कारण सैन फ्रांसिस्को में तूफान की चेतावनी जारी की गई है। सबसे बड़ा खतरा इस समय टॉरनैडो के का है। ऐसे मौसम में अगर टॉरनैडो बन गए तो वो भयानक तबाही मचा सकते हैं। इससे जानमाल का भारी नुकसान हो सकता है।

**सैन फ्रांसिस्को में दिखने लगा तूफान का असर**

मौसम विभाग के अनुसार, सैन फ्रांसिस्को में तेज हवाओं के कारण कार और सड़कों पर कुछ पेड़ गिर गए। सैन फ्रांसिस्को में 2005 के बाद से कोई तूफान नहीं आया है। कैलिफोर्निया के मोंटेरे में मौसम विभाग के कार्यालय में मौसम विज्ञानी रोजर गैस ने कहा, ''यह सैन फ्रांसिस्को में संभावित तूफान की पहली चेतावनी है। मेरा मानना है कि 2005 में चेतावनी के लिए रडार पर कोई स्पष्ट संकेत नहीं था।''

### सीरिया के विद्रोहियों से 'सीधे संपर्क' में अमेरिका, ब्लिंकन का खुलासा

वॉशिंगटन, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। सीरिया में कब्जे करने वाले विद्रोही संगठनों को अमेरिकी और तुर्की की मदद का दावा होता आ रहा है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन कहा कि अमेरिका सीरियाई विद्रोही समूह हयात तहरीर अल-शाम के साथ सीधे संपर्क में है, जिसने बशर अल-असद के दो दशक से अधिक के शासन को उखाड़ फेंकने के बाद दमिश्क पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। ब्लिंकन ने ये भी बताया कि अमेरिका ने 2012 में सीरिया गृह युद्ध को कवर करते हुए लापता हुए अमेरिकी जर्नलिस्ट होम ऑस्टिन टाइस की तलाश तेज कर दी है। जॉर्डन दौरे पर मीडिया से बात करते हुए ब्लिंकन ने कहा, "हम और अन्य पक्षों के साथ संपर्क में हैं। हमने अपने संपर्क में आए सभी लोगों को ऑस्टिन टाइस को खोजने और उसे घर वापस लाने में मदद करने के महत्व के बारे में बताया है।"बताए गए अमेरिकी सिद्धांत ब्लिंकन ने बताया कि उन्होंने विद्रोहियों के साथ उन सिद्धांतों को भी साझा किया है जिन्हें अमेरिका समर्थन के लिए निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने अपने सिद्धांतों के बारे में समूहों को जानकारी दी है।

### असद सरकार के पतन के बाद सीरिया से सिमटने लगा हिजबुल्लाह! कट गया ये कनेक्शन



बेरूत, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। सीरिया से राष्ट्रपति बशर अल-असद के जाते ही हिजबुल्लाह की स्थिति कमजोर पड़ने लगी है। हिजबुल्लाह की सीरिया में लड़ाके आदि सप्लाई करने की मुख्य लाइन कट गई है। हिजबुल्लाह के नेता नईम कासिम ने कहा है कि सीरिया में बशर अल असद की सत्ता के पतन के बाद उसकी मुख्य आपूर्ति लाइन कट गई है, लेकिन वह हथियार लाने के अन्य तरीके ढूंढ़ सकता है। हाल ही में बशर अल-असद की सरकार के पतन के बाद लेबनानी सशस्त्र समूह ने सीरिया के माध्यम से अपने हथियार आपूर्ति मार्ग को अस्थायी रूप से खो दिया है। असद की सरकार के पतन के बाद अपने पहले टेलीविजन संबोधन में कासिम ने ये बात की है। उन्होंने कहा कि एक बार नया शासन स्थापित होने पर आपूर्ति मार्ग बहाल किया जा सकता है, या हिजबुल्लाह वैकल्पिक रास्ते तलाश सकता है। कासिम ने कहा, 'एक नया शासन आ सकता है और यह मार्ग सामान्य हो सकता है, और हम अन्य तरीकों की तलाश कर सकते हैं।' बता दें कि हिजबुल्लाह ने असद के विद्रोहियों को कुचलने में मदद करने के लिए 2013 में सीरिया में हस्तक्षेप करना शुरू किया था। हिजबुल्लाह असद का मुख्य समर्थक था और उसने विद्रोहियों से लड़ने में मदद करने के लिए पिछले दशक में हजारों लड़ाके सीरिया भेजे थे। दशकों तक हिजबुल्लाह ईरान से हथियारों के लिए एक माध्यम के रूप में सीरिया पर निर्भर रहा। नवंबर में ही इजरायल ने लेबनान और सीरिया के बीच सीमा क्रॉसिंग पर कई हमले किए थे। हिजबुल्लाह प्रमुख ने यह भी कहा कि सीरिया के नए शासकों को पड़ोसी देश इजरायल को मान्यता नहीं देनी चाहिए या उसके साथ संबंध स्थापित नहीं करने चाहिए। कासिम ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि सत्ता में यह नई पार्टी इजरायल को एक दुश्मन के रूप में देखेगी और उसके साथ संबंध सामान्य नहीं करेगी।' नेता अहमद अल-शरा, जिन्हें उनके नाम अबू मोहम्मद अल-जुलानी के नाम से जाना जाता है ने शनिवार को कहा कि सीरिया में हवाई हमले करने के लिए इजरायल के पास कोई और बहाना नहीं है और सीरियाई धरती पर हाल ही में आईडीएफ के हमले खतरे में पड़ गए हैं। क्षेत्र में तनाव बढ़ने की धमकी दी।

# बांग्लादेश में लोगों को गायब करवा रहीं शेख हसीना

## यूनुस सरकार का आरोप- 3500 से ज्यादा हो चुके लापता



ढाका, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना पर आरोप लगे हैं कि वो बांग्लादेश में लोगों को गायब करने में शामिल हैं। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार द्वारा गठित एक जांच आयोग ने कहा है कि उसे सबूत मिले हैं कि बांग्लादेश में लोगों को गायब होने के पीछे अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके शासन के शीर्ष सैन्य और पुलिस अधिकारी हैं।

**3500 से अधिक लोग जबरन गायब**

बांग्लादेश में जबरन गायब करने की घटनाओं की जांच करने वाले पांच सदस्यीय आयोग ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री मुहम्मद यूनुस के मुख्य सलाहकार को सत्य का खुलासा शीर्षक से एक अंतरिम रिपोर्ट सौंपी। आयोग ने अनुमान लगाया कि देशभर में 3500 से अधिक जबरन गायब करने की घटनाएं हुई हैं।

**कई अधिकारियों के भी शामिल होने का दावा**

रिपोर्ट में कहा गया है कि शेख हसीना के रक्षा सलाहकार मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) तारिक अहमद सिद्दीकी, राष्ट्रीय दूरसंचार निगरानी केंद्र के पूर्व महानिदेशक और बर्खास्त मेजर जनरल जियाउल अहसानंद, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मोनिरुल इस्लाम और मोहम्मद हारुन-ओर-रशीद और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी उन घटनाओं में शामिल पाए गए। उधर, पूर्व सैन्य और पुलिस अधिकारी भी फरार हैं, माना जा रहा है कि वो हसीना की अवामी लीग सरकार के गिरने के बाद विदेश भाग गए हैं।

**सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज ने किया खुलासा**

आयोग के अध्यक्ष और सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश मैनुल इस्लाम चौधरी ने यूनुस सरकार को बताया कि जांच के दौरान उन्हें एक व्यवस्थित डिजाइन मिला, जिसने जबरन गायब होने की घटनाओं को अनदेखा कर दिया। चौधरी ने कहा कि जबरन गायब करने वाले व्यक्तियों को पीड़ितों के बारे में जानकारी नहीं थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिस की रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) ने पीड़ितों को पकड़ने, प्रताड़ित करने और हिरासत में रखने का काम किया है।

**आयोग ने रखा ये प्रस्ताव**

आयोग ने आतंकवाद-रोधी अधिनियम 2009 को खत्म करने या उसमें व्यापक संशोधन करने के साथ-साथ आरएबी को खत्म करने का प्रस्ताव रखा। आयोग के सदस्य सज्जाद हुसैन ने कहा कि उन्होंने जबरन गायब किए जाने की 1676 शिकायतें दर्ज की हैं और अब तक उनमें से 758 की जांच की है। इनमें से 200 लोग कभी वापस नहीं लौटे जबकि जो वापस लौटे उनमें से ज्यादातर को रिकॉर्ड में गिरफ्तार दिखाया गया। आयोग ने घोषणा की कि उन्हें ढाका और उसके बाहरी इलाकों में आठ गुप्त हिरासत केंद्र मिले हैं।

# यूनान में क्रेते द्वीप के पास डूबी शरणार्थियों से भरी नाव, 5 लोगों की मौत; कई लापता



एथेंस, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। ग्रीस में क्रेते द्वीप के दक्षिण में दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां शरणार्थियों को ले जा रही नौका डूबने से पांच लोगों की मौत हो गई और कई लोग लापता हैं। तट रक्षक बल ने बताया कि चार खोज एवं बचाव अभियानों में 200 से अधिक लोगों को बचाया गया है। तट रक्षक बल के अनुसार चार अभियानों में से तीन को रोक दिया गया है लेकिन एक अब भी जारी है।

**बड़ी संख्या में लोगों को बचाया गया**

क्रेते के दक्षिण में गावडोस द्वीप के पास नौका डूबने की अलग-अलग घटनाओं के बारे में सूचना मिलने के बाद ये अभियान शुरू किए गए थे। चौथा अभियान जो अब भी जारी है वह दक्षिणी पेलोपोनिज क्षेत्र में शुरू किया गया है। तट रक्षक बल ने बताया कि तलाश अभियान में 39 लोगों को बचा लिया गया और उन्हें क्रेते ले जाया गया है। इस दौरान जल क्षेत्र से पांच शव भी बरामद किए गए हैं। सुरक्षित बचाए गए लोगों ने बताया कि उनकी नौका में बड़ी संख्या में लोग सवार थे।

**बचाव कार्यों में ली जा रही है हेलीकॉप्टर की मदद**

तट रक्षक बल ने बताया कि कुल नौ जहाज बचाव कार्य में लगे हुए हैं साथ ही दो हेलीकॉप्टर की भी बचाव कार्यों में मदद ली जा रही है। गावडोस के तट पर अन्य दो अभियानों में क्रमशः 47 और 89 लोगों को बचाया गया। ये अभियान पूरे हो चुके हैं। वहीं, पेलोपोनिज से 28 शरणार्थियों को बचाया गया है।

**पहले भी हो चुके हैं हादसे**

गौरतलब है कि, यब पहली बार नहीं है जब यूनान में इस तरह का नाव हादसा हुआ है इससे पहले भी यहां हादसे हो चुके हैं। इसी साल नवंबर के महीने में यूनान के समोस द्वीप के पास समुद्र में एक नौका के डूबने से छह बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे के दौरान भी प्रवासियों से भरी नाव डूब गई थी।

### रेप के आरोप में महिला ने 3 खिलाड़ियों को दिलवाई सजा, अब 18 साल बाद कहा; 'मैंने झूठ बोला था'

वॉशिंगटन, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। कानून का मकसद अपराधियों को सजा दिलवाना होता है। लेकिन कई बार इस तरह के मामले भी सामने आते हैं जिसमें इन्हीं कानूनों को गलत इस्तेमाल कर बेगुनाह लोगों को भी गुनहगार सिद्ध कर दिया जाता है। अमेरिका में 18 साल पहले कुछ ऐसी ही घटना हुई थी। दरअसल, साल 2006 में अमेरिका की ड्यूक यूनिवर्सिटी के तीन खिलाड़ियों पर एक महिला ने बलात्कार का आरोप लगाया था। 2006 में यह मामला अमेरिकी मीडिया में चर्चा का विषय बन गया था। तीन खिलाड़ियों पर रेप का आरोप लगाने वाली महिला का नाम क्रिस्टल मैंगम है जो एक अश्वेत महिला हैं। महिला ने अब सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि उसने झूठ बोला था और रेप की कहानी गढ़ी थी। मैंगम ने 'लेट्स टॉक विद कैट' पॉडकास्ट के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि उसने एक ऐसी कहानी गढ़ी थी जो सच नहीं थी। जिन खिलाड़ियों पर रेप के आरोप लगाए गए थे वो श्वेत थे और एक पार्टी में शामिल हुए थे जहां क्रिस्टल मैंगम ने स्ट्रिपर के रूप में प्रदर्शन किया था।

# अर्जेंटीना के राष्ट्रपति हाविया़र मिलेई को दी गई इटली की नागरिकता, जॉर्जिया मेलोनी घिरीं

रोम, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। इटली की सरकार ने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति हाविय़र मिलेई को देश की नागरिकता देने का एलान किया है। इटली का यह फैसला मिलेई की इतालवी विरासत के चलते लिया गया है। हालांकि, अर्जेंटीना और इटली के विपक्षी दलों ने इस कदम का विरोध शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि हाविय़र मिलेई के दादा-दादी इटली से अर्जेंटीना चले गए थे। इसी लिहाज से इटली की जॉर्जिया मेलोनी के नेतृत्व वाली सरकार ने मिलेई को उनकी विरासत के लिए नागरिकता प्रदान की। हालांकि, इस निर्णय का इटली के कई राजनीतिक दलों ने विरोध किया है।

खासकर देश की नागरिकता नीति के विरोधियों का कहना है कि जहां देश छोड़कर जाने वाले लोगों को विरासत के आधार पर नागरिकता दी जा रही है, वहीं देश में ही जन्मे अप्रवासियों के बच्चों को ही नागरिकता से वंचित रखा जा रहा है। इटली की विपक्षी लिबरल पार्टी के नेता रिकार्डो मागी ने कहा कि इटली के लाखों लोगों को नागरिकता के लिए वर्षों तक नौकरशाही को झेलना पड़ता है। वे लोग यहीं पर रहते हैं, पढ़ते हैं, काम करते हैं और टैक्स देते हैं। लेकिन मिलेई से उलट उन्हें नागरिकता के लिए मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं।



**इटली में क्या हैं नागरिकता के नियम?**

इटली के मौजूदा कानून के मुताबिक, विदेशी नागरिकों को इटली की नागरिकता पाने के लिए 10 साल तक वहां रहना जरूरी है। यहां तक कि इटली में विदेशी माता-पिता से जन्मे बच्चों को भी 18 वर्ष की उम्र तक नागरिकता आवेदन के लिए रुकना पड़ता है। ऑक्सफैम इटालिया समेत कई संगठनों ने फ्रांस और जर्मनी की तर्ज पर इटली में इस वेटिंग पीरियड को कम करने की मांग उठाई है। हालांकि, इटली की जॉर्जिया मेलोनी सरकार ने ऐसे किसी भी बदलाव का सख्त विरोध किया है।



# सीएम भजनलाल ने बताया- एक साल में क्या किया

## बोले-विपक्ष को भी करनी चाहिए सरकार की तारीफ



जयपुर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार का एक साल का कार्यकाल पूरा हो गया है। एक साल के कामकाज को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा हमने एक साल पहले जनता की सेवा का संकल्प लिया था। हमारी सरकार एक वर्ष में राजस्थान को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए तेजी से आगे बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नीतियों एवं कार्यक्रमों में 'आपणो अग्रणी राजस्थान' की भावना को केन्द्र में रखते हुए प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में वृहद स्तर पर विकास कार्यों को शुरू किया है।

संगठन में कार्य करते हुए सभी के सहयोग, अपनत्व के साथ-साथ एक टीम वर्क की भावना के रूप में काम करने का प्रशिक्षण मिलता है। संगठन में जो सीखा उससे मुझे सरकार चलाने में काफी मदद मिली है। भजनलालः मैंने जब मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, तब से ही जनसेवा को एक मात्र लक्ष्य बनाकर मेरी सरकार ने नीति एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। चाहे 2027 तक प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना हो या किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध करवाने का काम हो। हमारी सरकार एक विजनरी सोच के साथ आगे बढ़ी। हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच के अनुरूप देश के चार प्रमुख वर्गों किसान, मजदूर, युवा और महिला पर विशेष फोकस करते हुए योजनाएं शुरू की तथा अहम फैसले लिए। हमने कार्यकाल की शुरुआत में ही युवाओं के सपनों पर कुठाराघात करने वाले पेपरलीक के आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे डालने का संकल्प लिया और हम उसमें सफल होते जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र एवं राज्य की डबल इंजन की सरकार ने बेहतरीन सामंजस्य स्थापित करते हुए जनहित में कई अहम निर्णय किए हैं। केन्द्र के अभूतपूर्व सहयोग के परिणामस्वरूप ही हमने मध्यप्रदेश सरकार के साथ बरसों से लंबित पीकेसी-ईआरसीपी पर समझौता किया। साथ ही, हरियाणा सरकार के साथ कई दशकों से लंबित यमुना जल समझौता को भी हमने क्रियान्वित किया है। इन दोनों परियोजनाओं से प्रदेश के किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल पाएगा। यह सब केन्द्र सरकार के सहयोग से ही संभव हो पाया है। इसके अतिरिक्त सड़क तंत्र एवं ऊर्जा सहित सभी क्षेत्रों में केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार का भरपूर सहयोग किया है।

पूर्ववर्ती सरकार ने अपने पांच साल के कार्यकाल में केवल सत्ता सुख के लिए कार्य किया। उनका प्रदेश के विकास और जनसेवा से कोई सरोकार नहीं रहा। कुर्सी बचाने के खेल में प्रदेश आर्थिक कुप्रबंधन का शिकार हुआ और किसी भी क्षेत्र में अपेक्षित विकास कार्य नहीं हो सके। हमारी सरकार ने आने के बाद एक विजन के तहत उत्कृष्ट कार्य करते हुए श्रेष्ठ परिणाम दिए हैं। हमने पहले ही वर्ष में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का सफल आयोजन कर 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू साइन किए हैं। आने वाले चार वर्षों में इन सभी एमओयू को धरातल पर उतारकर हर क्षेत्र का विकास एवं हर वर्ग का उत्थान किया जाएगा। हमारी बेहतरीन परफॉर्मेंस को देखते हुए विपक्ष के लोग हम पर अनर्गल आरोप लगाते हैं। विपक्ष को सरकार की तारीफ भी करनी चाहिए।

विपक्ष के ये आरोप पूरी तरह से तथ्यहीन है। हमारी सरकार ने कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस का इकबाल बुलंद किया है। जनवरी 2024 से अक्टूबर 2024 तक महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 10.18 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के खिलाफ अपराधों में 14.28 प्रतिशत की भारी कमी आई है। इसी अवधि में आईपीसी एवं बीएनएस के अपराधों में कुल 7.76 प्रतिशत की गिरावट आई है। क्या ये आंकड़े झूठे हैं? हमारी सरकार ने अपराध नियंत्रण पर बेहतरीन काम किया है। आज अपराधी या तो अपराध छोड़ रहे हैं या राजस्थान। प्रदेश में शांति कायम है।

सभी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति धरातल पर हो। इस पर पूरा फोकस किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर जिला कलक्टर ऑफिस तक घोषणाओं की नियमित समीक्षा कर उनको अमलीजामा पहनाया जा रहा है। बिना भेदभाव के प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों के विकास के लिए हमने कोई कसर नहीं छोड़ी। हम एक विजन के साथ काम कर रहे हैं, जिससे आपको यह साफ दिख रहा है कि हम इसी साल से आगामी पांच साल की योजना बना कर काम कर रहे हैं।

भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस हमारी सरकार की प्राथमिकता है। सरकारी एजेंसियां ईमानदारी के साथ स्वतंत्र रूप से कार्य कर रही हैं। जो भी भ्रष्टाचारी हैं, उनके विरूद्ध पूर्ण पारदर्शिता के साथ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## पीएम मोदी करेंगे ईआरसीबी का शिलान्यास

# मंत्री राठौड़ बोले-दौसा सहित 21 जिलों में पानी की समस्या होगी खत्म



दौसा, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। जिला प्रभारी तथा उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि पिछली सरकार ने पानी के नाम पर सिर्फ राजनीति की थी। डबल इंजन की सरकार कह प्रभावी मॉनिटरिंग की वजह से ईसरदा बांध परियोजना का काम अगले साल पूर्ण कर लिया जाएगा, जिससे दौसा जिले के निवासियों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने सरकार के एक साल का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'नदी जोड़ो' योजना के तहत महत्वाकांक्षी इस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ईआरसीपी) का शीघ्र शिलान्यास होगा, जिससे प्रदेश के 21 जिलों में पेयजल, सिंचाई और उद्योग के लिए जरूरी पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। इससे दौसा जिले के भी सभी शहरों और गांवों को फायदा मिलेगा। इस योजना पर करीब एक लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे, जिसमें राज्य सरकार को सिर्फ 10 फीसदी ही वहन करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में पेपर लीक की बढ़ती घटनाओं से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले नौजवानों के भविष्य पर प्रश्न चिह्न लग गया था। नई सरकार ने आते ही ऐसे अपराधों के खिलाफ कठोर कार्रवाई शुरू कर युवाओं में पुनः विश्वास बहाल किया है। राज्य सरकार ने पहली वर्षगांठ पर 76 हजार 617 नई वैकेंसी की घोषणा की है। इस दौरान मंत्री ने जिले व प्रदेश में कराए गए विकास कार्यों को भी गिनाया।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि दौसा जिले की विशिष्ट भौगोलिक स्थिति एवं दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे की वजह से विकास का सबसे ज्यादा लाभ दौसा को होगा। यहां आगामी चार साल में बड़े स्तर पर विकास कार्य होंगे। दौसा जिला आईटी, लॉजिस्टिक, विनिर्माण एवं स्किल सेंटर का हब बनकर उभरेगा। सिकराय व महुवा विधानसभा क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र विकसित नहीं होने के सवाल पर मंत्री ने कहा कि इस पर काम चल रहा है, शीघ्र ही जगह उपलब्ध होगी। वहीं दौसा में स्टेडियम की दुदर्शा व खेलों के कोच नहीं होने पर मंत्री बोले कि शीघ्र बेहतर स्टेडियम तैयार होगा और प्रदेश सरकार कोच भी भर्ती करने जा रही है। हर जिले के उत्पादों और हुनर को देश-दुनिया में प्रोत्साहित करने के लिए 'एक जिला, एक उत्पाद' पर काम किया जा रहा है। इसके अलावा हर जिले की खासियतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए 'पंच गौरव' की संकल्पना लाई गई है, जिसके तहत उनके प्रोत्साहन के लिए आधारभूत एवं नीतिगत मदद की जाएगी। इसके लिए दौसा जिले में एक उत्पाद के रूप में सिकन्दरा स्टोन ऑर्टिकल, एक उपज के रूप में सौंफ, एक प्रजाति के रूप में ढाक, एक खेल के रूप में फुटबॉल व एक गंतव्य के रूप में मेहन्दीपुर बालाजी मंदिर का चुनाव किया।

## सदस्यता अभिनंदन समारोह में बोलीं दीया कुमारी

# देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा राजस्थान

राजसमंद, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के सान्निध्य में भारतीय जनता पार्टी ने अपने राजसमन्द जिला कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर भाजपा के सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज ऐसा लग रहा है कि मैं अब भी राजसमन्द में ही हूं। मेरे पांच वर्षों के कार्यकाल में आपने मुझे बहुत कुछ सिखाया और आपके द्वारा ही हम राजस्थान में सरकार बना पाए हैं। इस बार राजसमन्द लोकसभा क्षेत्र में भाजपा ने सबसे अधिक मतों से जीत हासिल की। अब जब आपने अपनी जिम्मेदारी निभाई है, तो हमारी जिम्मेदारी बनती है कि प्रदेश में और देश में विकास कार्यों को गति दें।




उन्होंने आगे कहा कि ₹राजस्थान में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं, जो प्रदेश के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब हमारा यह कर्तव्य है कि हम इन कार्यों को जनता के बीच लेकर जाएं और दिखाएं कि हमारी सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र में अग्रसर है। आने वाले समय में, राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में एक स्थान बनाएगा।₹

कार्यक्रम में को जिला संगठन प्रभारी वीरेंद्र सिंह चौहान ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजसमन्द जिले में भाजपा संगठन के लिए मैं 412 दिनों तक प्रवास पर रहा हूं और यहां की जनता ने मुझे जो स्नेह और समर्थन दिया है, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। राजसमन्द जिला हमेशा संगठन की दृष्टि से प्रदेश में अग्रणी रहा है। आज का यह अभिनंदन कार्यक्रम प्रदेश का पहला कार्यक्रम है, जो जिला अध्यक्ष मानसिंह बारहठ और उनके संगठन द्वारा आयोजित किया गया है। जिला अध्यक्ष मानसिंह बारहठ ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि दीया कुमारी जी के संसदीय कार्यकाल में जिले का चहुंमुखी विकास हुआ है। अब हम सभी की यह मांग है कि राजसमन्द जिला को एक मंत्री पद का हक मिलना चाहिए और मैं यह बात प्रदेश स्तर तक पहुंचाने की मांग करता हूं।

## सीपी जोशी का कांग्रेस पर हमला

# इन लोगों ने हमेशा प्राथमिकता सत्ता को दी, संविधान को नहीं



चित्तौड़गढ़, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने अपने दिल्ली स्थित आवास पर मीडिया से बात की। इसमें उन्होंने संविधान सहित अन्य मुद्दों पर कांग्रेस पर जम कर हमला बोला। सांसद सीपी जोशी ने कहा जनता सब जानती है कि संविधान किसकी वजह से खतरे में है। कांग्रेस ने हमेशा सत्ता को प्राथमिकता दी संविधान को नहीं। पूर्व पीएम नेहरू से लेकर इंदिरा और राजीव गांधी ने कई बार संविधान को तार-तार करने का प्रयास किया। देश में इमरजेंसी भी कांग्रेस पार्टी के कारण ही आई थी। डॉ. मनमोहन सिंह के समय एक बिल आया, जिसे राहुल गांधी ने फाड़ दिया था। कांग्रेस ने बाबा साहेब का अपमान किया, जबकि मोदी सरकार में बाबा साहेब की जन्म स्थली से लेकर शिक्षा, दिक्षा निर्वाण स्थली सहित सभी स्थानों का विकास हुआ। मोदी सरकार ने संविधान को सर माथे पर लगा देश के हर तबके के सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रही है। कांग्रेस संविधान को पॉकेट में रख कर घूमती है। कांग्रेस संविधान पर चर्चा से कतरा रही है।

सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस महामहीम उपराष्ट्रपति के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाती है। महामहिम राष्ट्रपति जो जनजाति परिवार से आती है उनके रंग पर हंसी उड़ाती है। आज देश में चाय बनाने वाला प्रधानमंत्री बन सकता है। गरीब परिवार में जन्म लेकर देश का राष्ट्रपति बन सकते है तो इनको लगता है कि ये लोग कैसे इस देश का नेतृत्व कर सकते है। यह तो हमारा ठेका था, हमारे अलावा इस देश में कोई नहीं है।

सांसद सीपी जोशी ने वन नेशन वन इलेक्शन पर बोलते हुए कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन देश की उन्नति और प्रगति में मील का पत्थर साबित होगा। देश में 1952, 1957, 1962 और 1967 के चुनाव वन नेशन वन इलेक्शन के आधार पर हुए, बाद में व्यवस्थाए बदली।

## सीएम के कार्यक्रम से लौट-रहे अधिकारी की मौत

उदयपुर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। भजनलाल सरकार के एक साल पूरा होने के कार्यक्रम में ड्यूटी से लौट रहे ग्राम विकास अधिकारी की कार बेकाबू होकर तालाब में गिर गई। डूबने से वीडीओ की मौत हो गई। तालाब में कार गिरने की आवाज सुनकर ग्रामीण पहुंचे। कार तालाब में पलटी हुई पड़ी थी। कार में वीडीओ के साथ एक अन्य युवक भी था, जो फौरन निकल कर भाग गया। तालाब के किनारे कोई रेलिंग नहीं थी। मामला उदयपुर से 115 किमी दूर कोटड़ा के मांडवा थाना इलाके में शनिवार रात 9:00 बजे हुआ। एसएचओ राजीव शर्मा ने बताया- शनिवार रात 9:15 बजे महाडी सरपंच का कॉल आया। उन्होंने बताया कि गांव के पास साबरमती नदी से सटे सुलाव तालाब में एक कार गिर गई है। टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तब तक सरपंच और ग्रामीणों ने जेसीबी मंगवा कर कार को सीधा करवा दिया था।

# टीकाराम जूली ने बताया- कौन से वादों को पूरा करने में विफल रही भजनलाल सरकार



जयपुर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार का एक साल का कार्यकाल पूरा हो गया है। एक साल के कामकाज को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था, युवाओं के लिए रोजगार, महंगाई को काबू करना एवं राज्य के संसाधनों का इस्तेमाल निजी लोगों या किसी दूसरे राज्य के हितों में होने से रोकना सबसे जरूरी है।

इस सरकार की सबसे बड़ी सफलता यही है कि मुख्यमंत्री जी एक साल पूरा करने में कामयाब रहे और विफलताओं की तो पूरी सूची है। पर मेरा मानना है कि हमें सबसे पहले युवाओं के रोजगार के मौकों को बढ़ाना होगा, परन्तु यह सरकार रोजगार देने में एकदम विफल रही है। उपचुनाव में पार्टी ने मेहनत की पर अपेक्षित सफलता नहीं मिली। हमारी सरकार के दौरान हुए 8 उपचुनावों में भाजपा भी एक सीट ही जीत पाई थी। हमने सैकंड लाइन लीडरशिप विकसित करने का प्रयास जो अभी सफल नहीं हो पाया। हम अपनी खामियों को स्वीकार कर उनमें सुधार करेंगे और आने वाले दिनों बेहतर प्रदर्शन करेंगे। राइजिंग राजस्थान को लेकर जो प्रतिक्रिया आई है वो अच्छी नहीं है। हमारी सरकार ने चौथे साल में इन्वेस्टमेंट समिट की, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि तीन साल कोविड महामारी से जूझना पड़ा। हमारी सरकार में जो एमओयू हुए उसमें 45 फीसदी से अधिक जमीन पर उतरने शुरू हो गए थे। अब राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू होना बताया गया, जबकि राजस्थान की कुल जीडीपी ही अभी 17 लाख करोड़ रुपए की है। इस पर एक शेर ही जवाब है, तुहारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है, मगर ये आंकड़े झूठे हैं ये दावा किताबी है।

किसान इंतजार कर रहे हैं कि 12 हजार किसान समान निधि कब से मिलेगी और गेहूं को 2700 रुपए क्विंटल कीमत व बाजरे को एएसपी पर कब से खरीदा जाएगा। 450 रुपए में सिलेंडर का वादा किया पर किसी महीने सब्सिडी आती है तो कभी नहीं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं मिल रही। मोदीजी गारंटी देकर गए कि पेट्रोल-डीजल की कीमतें गुजरात और हरियाणा के बराबर होंगी पर अभी भी 10 रुपए लीटर का अंतर है।

# प्रॉपर्टी डीलर पर फायरिंग

## चाय का ऑफर देकर आंखों में झोंकी मिर्च, फिर मारी चार गोलियां



पाली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। पाली में एक प्रॉपर्टी डीलर पर फायरिंग की घटना सामने आई है। पाली जिले के सिरियारी थाने की एसएचओ गीता सिंह ने बताया कि 56 वर्षीय प्रहलाद सिंह पर गुड़ा मेहकरण निवासी बबलू सिंह ने फायरिंग की। घायल प्रहलाद सिंह ने बताया कि वह बाइक से जा रहे थे। तभी बबलू सिंह ने उन्हें रोका और चाय पीने के लिए कहा। इसके बाद बबलू सिंह ने उनकी आंखों में मिर्ची पाउडर डाला और फायरिंग कर दी।

**बुलेट हुई आर पार**

घायल के दोनों पैरों में घुटने के ऊपर गोलियां लगी हैं। डॉक्टर राजेश कुमार ने बताया कि घायल के एक पैर में एक बुलेट और दूसरे पैर में तीन बुलेट लगी हैं। सभी बुलेट पैर के आर-पार हो गईं। घायल का उपचार जारी है और हालत खतरे से बाहर हैं।

आरोपी की तलाश जारी

आरोपी बबलू सिंह फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। आरोपी भी प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है।

# कांग्रेस पर गरजे मंत्री दक, बोले- चुनावी घोषणा पत्र के 45 प्रतिशत काम पूरे



टोंक, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान की भजनलाल सरकार एक साल के कार्यकाल का जश्न मना रही है। पिछले तीन दिन से राजस्थान में अलग-अलग आयोजन कर प्रदेश के युवाओं, किसानों और महिलाओं को लाभांवित किया जा रहा है। टोंक के कृषि आडिटोरियम में मंत्री गौतम कुमार दक ने महिला सम्मेलन में शिरकत की। साथ ही टोंक जिले के विकास प्रदर्शनी शुभारंभ कर अवलोकन किया।

इससे पहले मंत्री गौतम कुमार दक ने सर्किट हाउस में 17 दिसंबर को जयपुर में आयोजित होने वाले राजस्थान सरकार के एक साल के जश्न में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा की तैयारियों को लेकर भाजपा विधायकों, पूर्व सांसद सहित पदाधिकारियों के साथ बैठक ली। इसमें जिले की सभी चारों विधानसभा से 2500-2500 कार्यकर्ताओं, लाभांवितों सहित कुल 10 हजार लोगों को लाने का टारगेट दिया गया है।हालांकि मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री दक ने दावा किया कि टोंक जिला जयपुर के नजदीक है तो यहां से 15 से 20 हजार लोगों को पहुंचाना होगा।

राइजिंग राजस्थान को लेकर कांग्रेसी नेता प्रताप सिंह खाचरियावास के बयानों पर पलटवार करते हुए मंत्री दक ने कहा कि उनकी पीड़ा मेरी समझ से परे है। पूरे कार्यक्रम को लेकर साफ निर्देश थे कि शुद्ध शाकाहारी भोजन ही परोसा जाएगा, उन्हें कहा शराब नजर आ गई हमें तो कहीं नजर नहीं आई, कांग्रेस की सरकार ने अपनी सरकार जाने के डर से आखिरी छह महीने में इंवेस्टमेंट समिट किया जिसके एमओयू अब तक नहीं धरातल पर नहीं उतर पाए जबकि भजनलाल सरकार ने तो शुरूआती एक साल में ही अपने चुनावी घोषणा पत्र का 45 फीसदी से ज्यादा काम धरातल पर उतार दिया है और यह एमओयू भी देख लिजिएगा अगले कुछ महीनों में ही धरातल पर नजर आएंगे।

वहीं, ईआरसीपी को लेकर भी मंत्री गौतम दक ने कहा कि जब से भजनलाल की सरकार बनी है हमारे मुख्यमंत्री ने दिल्ली-मध्यप्रदेश की दौड़ लगाकर इसके वादे को पूरा किया है।

# पड़ रही कड़ाके की सर्दी, न्यूनतम तापमान 1.4 डि. सेल्सियस

सिरोही, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। पर्यटन स्थल माउंट आबू में कड़ाके की सर्दी से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। न्यूनतम तापमान दूसरे दिन भी 1.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान में एक डिग्री का इजाफा होने से तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहा। गुरुशिखर, अचलगढ़, कुम्हारवाड़ा, ओरिया, सालगांव, देलवाड़ा आदि स्थानों समेत समूचे माउंट आबू में भीषण ठंड का असर रहने से लोगों ने भारी भरकम ऊनी लबादों का सहारा लिया। चाय की चुस्कियों के साथ अलाव तापकर सर्दी से बचने का जतन किया। उत्तरी भारत में हो रहे भारी हिमपात के असर से यहां सर्दी के तीखे तेवरों से लोग खासे प्रभावित दिखे। जिसके चलते लोगों की दिनचर्या विलंब से आरंभ होने के साथ व्यापारिक प्रतिष्ठान भी देर से खुले। दांत किटकिटा देने वाली ठंड से लोगों को भारी परेशानियां हुई। शीतलहर के बीच सैर सपाटे को आए देसी-विदेशी सैलानियों ने दिन के समय भी गर्म कपड़ों के सहारे दर्शनीय स्थलों का अवलोकन किया।

घरों के बाहर रात को खड़े किए वाहनों की छतों, सोलर प्लेटों, पेड़-पौधों के पत्तों, खुले मैदानों, उद्यानों में खिले फूलों, घास पर सवेरे बर्फ की सफेद चादर जमी हुई देखी गई। दिन में आसमान साफ रहने की वजह से निकली अच्छी धूप का सेवन करने को लोगों का उद्यानों, घरों की छतों, चौराहों पर जमावड़ा लगा रहा। शाम ढलते ही सर्दी के थपेड़ों से बचने के लिए लोगों ने भारी-भरकम ऊनी कपड़ों का सहारा लिया।

# जिन्हें बालाजी समझकर पूज रहे थे

## खुदाई की तो निकली जिनेन्द्र भगवान की प्रतिमाएं

झालावाड़, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के झालावाड़ जिले में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पनवाड़ कस्बे में पुरानी पानी की टंकी के पास स्थित शीतला माता मंदिर पर जिन प्रतिमाओं को श्रद्धालु बालाजी की प्रतिमा समझकर वर्षों से पूजा कर रहे थे, वे खुदाई के दौरान जिनेन्द्र भगवान की निकली। यह जिलेभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। पूर्व जिला परिषद सदस्य दशरथसिंह सोलंकी के अनुसार हाल ही जनसहयोग से शीतलामाता मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। इस दौरान सीने तक दिखाई दे रही प्रतिमाओं के पास खुदाई की तो जिनेन्द्र भगवान की दो प्रतिमाएं भग्न अवस्था में निकली। जिसमें एक प्रतिमा खड़गासन और दूसरी पदमासन अवस्था में थी। कस्बा निवासी महावीर जैन, सुरेश जैन ने बताया कि मंदिर खुदाई के दौरान निकली प्रतिमाएं जिनेन्द्र भगवान की है। जो करीब एक हजार वर्ष पुरानी होना प्रतीत होता है।

# युवक को जिंदा जलाया, पेट्रोल डालकर लगाई आग

जयपुर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। जयपुर के बगरू थाना क्षेत्र में एक युवक की जिंदा जलाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। 19 वर्षीय युवक राकेश गुर्जर को उसके ही दोस्तों ने पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। गंभीर रूप से झुलसे राकेश को सवाई मान सिंह (SMS) अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार रात उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है और मामले की जांच जारी है। घटना गुरुवार शाम को बगरू के बेगस बोराज रोड पर हुई। मृतक राकेश गुर्जर अपने दोस्तों मनोज कुमावत और हरिमोहन मीणा के साथ पार्टी करने गया था। पुलिस के अनुसार, रघु बिहार कॉलोनी के एक सुनसान प्लॉट में तीनों बैठकर बात कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोस्तों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि दोनों दोस्तों ने राकेश पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। स्थानीय लोगों ने आग की लपटें देखी और पुलिस को सूचना दी।

घायल राकेश ने मरने से पहले एक वीडियो बनाया, जिसमें उसने अपने दोस्तों मनोज कुमावत और हरिमोहन मीणा का नाम लिया और बताया कि उन्होंने उसे आग लगाई। पेट्रोल डालकर उसको आग लगाकर दोनों भाग गए। राकेश ने कहा दोस्तो ने ऐसा क्यों किया...पता नहीं। क्या कारण रहा... उसको पता नहीं। राकेश करीब 70 प्रतिशत तक झुलस चुका था और इलाज के दौरान शुक्रवार रात 11 बजे उसने दम तोड़ दिया।

# हैदराबाद में तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियस


हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य के आदिलाबाद और कुमराम भीम आसिफाबाद जिलों में शनिवार रात से रविवार तड़के तक शीत लहर की स्थिति बनी रही और तापमान 6.3 डिग्री सेल्सियस और 7 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। हैदराबाद और उसके पड़ोसी जिले भी भीषण ठंड की चपेट में हैं और संगारेड्डी जिले के भेल क्षेत्र में तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

शनिवार को आईएमडी-हैदराबाद ने आदिलाबाद और कुमराम भीम आसिफाबाद के 2 जिलों में शीत लहर की स्थिति के प्रचलन का पूर्वानुमान जारी किया था। हैदराबाद तथा इसके पड़ोसी जिलों में, बीएचईएल क्षेत्र में 9.6 डिग्री सेल्सियस के अलावा, हैदराबाद विश्वविद्यालय, सेरिलिंगमपल्ली मंडल, रंगारेड्डी जिले में न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मेडचल-मलकजगिरी के मौला अली क्षेत्र और रंगारेड्डी जिले के शंकरपल्ली में सबसे कम 11.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। शहर के बाहरी इलाकों में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है, मेदक जिले के तुप्रान मंडल के इस्लामपुर में न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मेदक जिले के शादनगर में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कपरा नगरपालिका में तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।

भीषण ठंड से कंपकंपाते लोगों को अग्रवाल समाज बालानगर शाखा के पदाधिकारियों एवं शाखा के वरिष्ट सदस्यों द्वारा दूसरी बार सर्दी के मौसम में फुटपाथ, रेलवे स्टेशन पर रात के समय सोने वाले गरीब एवं उम्रदराज लोगों को एक हजार कम्बल एवं बिछाने के लिए कपड़े का कारपेट वितरण करने का निर्णय लिया गया है। शाखा अध्यक्ष सुरेश गर्ग ने कहा कि मानव सेवा माधव सेवा सबसे बड़ी सेवा है, मानद मंत्री सुनील मित्तल ने कहा कि सर्दी का मौसम देखते हुए कमजोर वर्ग के लोगों की जितनी हो सके सहायता करनी चाहिए। शाखा के वरिष्ट सदस्यों एवं परामर्शदाता ओमप्रकाश अग्रवाल, पवन सिंघानिया, सुरेश अग्रवाल, विनोद पोद्दार, पवन चौधरी, ललित अग्रवाल, महेंद्र मित्तल, कांतिप्रदास कामदार, महेंद्र सिंगनोडिया ने कहा कि हमे सर्दी से ठिठुरतरे हुए लोगों की सेवा में पीछे नहीं रहना है। आज से कंबल वितरण शुरू किया जा रहा है।

# तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन




## 73 साल के थे, 2023 में पद्म विभूषण मिला था, एक साथ तीन ग्रैमी अवॉर्ड जीते

सैन फ्रांसिस्को, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। विश्व विख्यात तबला वादक और पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन हो गया है। सैन फ्रांसिस्को में उनका इलाज चल रहा था। वहीं उन्होंने आखिरी सांस ली। उनका जन्म 9 मार्च 1951 को मुंबई में हुआ था। उस्ताद जाकिर हुसैन को 1988 में पद्म श्री, 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से नवाजा गया था।

जाकिर हुसैन को तीन ग्रैमी अवॉर्ड भी मिल चुके थे। उनके पिता का नाम उस्ताद अल्लाह रक्खा कुरैशी और मां का नाम बीवी बेगम था। जाकिर के पिता अल्लाह रक्खा भी तबला वादक थे। जाकिर हुसैन की प्रारंभिक शिक्षा मुंबई के माहिम स्थित सेंट माइकल स्कूल से हुई थी। इसके अलावा उन्होंने ग्रेजुएशन मुंबई के ही सेंट जेवियर्स कॉलेज से किया था।

जाकिर हुसैन ने सिर्फ 11 साल की उम्र में अमेरिका में पहला कॉन्सर्ट किया था। 1973 में उन्होंने अपना पहला एल्बम 'लिविंग इन द मैटेरियल वर्ल्ड' लॉन्च किया था।

सपाट जगह देखकर उंगलियों से धुन बजाने लगते थे उस्ताद जाकिर हुसैन, जाकिर हुसैन के अंदर बचपन से ही धुन बजाने का हुनर था। वे कोई भी सपाट जगह देखकर उंगलियों से धुन बजाने लगते थे। यहां तक कि किचन में बर्तनों को भी नहीं छोड़ते थे। तवा, हांडी और थाली, जो भी मिलता उस पर हाथ फेरने लगते थे।

**तबले को अपनी गोद में रखते थे जाकिर हुसैन :**

शुरूआती दिनों में उस्ताद जाकिर हुसैन ट्रेन में यात्रा करते थे। पैसों की कमी की वजह से जनरल कोच में चढ़ जाते थे। सीट न मिलने पर फर्श पर अखबार बिछाकर सो जाते थे। इस दौरान तबले पर किसी का पैर न लगे, इसलिए उसे अपनी गोद में लेकर सो जाते थे।

12 साल की उम्र में 5 रुपए मिले, जिसकी कीमत सबसे ज्यादा रही जब जाकिर हुसैन 12 साल के थे तब अपने पिता के साथ एक कॉन्सर्ट में गए थे। उस कॉन्सर्ट में पंडित रविशंकर, उस्ताद अली अकबर खान, बिस्मिल्लाह खान, पंडित शांता प्रसाद और पंडित किशन महाराज जैसे संगीत की दुनिया के दिग्गज पहुंचे थे।

जाकिर हुसैन अपने पिता के साथ स्टेज पर गए। परफॉर्मेंस खत्म होने के बाद जाकिर को 5 रुपए मिले थे। एक इंटरव्यू में उन्होंने इस बात का जिक्र करते हुए कहा था- मैंने अपने जीवन में बहुत पैसे कमाए, लेकिन वो 5 रुपए सबसे ज्यादा कीमती थे।

उस्ताद जाकिर हुसैन जीवन के अंतिम समय में भी कॉन्सर्ट का हिस्सा बनते थे। देश-विदेश में उनके कार्यक्रम होते थे। जाकिर हुसैन का सम्मान अमेरिका भी करता था जाकिर हुसैन का सम्मान दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका भी करता था।

2016 में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उन्हें ऑल स्टार ग्लोबल कॉन्सर्ट में भाग लेने के लिए व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया था। जाकिर हुसैन पहले इंडियन म्यूजिशियन थे, जिन्हें यह इन्विटेशन मिला था।

शशि कपूर के साथ हॉलीवुड मूवी में एक्टिंग की जाकिर हुसैन ने कुछ फिल्मों में एक्टिंग भी की है। उन्होंने 1983 की एक ब्रिटिश फिल्म हीट एंड डस्ट से डेब्यू किया था।

इस फिल्म में शशि कपूर ने भी काम किया था। जाकिर हुसैन ने 1998 की एक फिल्म साज में भी काम किया था। इस फिल्म में उनके अपोजिट शबाना आजमी थीं। जाकिर हुसैन ने इस फिल्म में शबाना के प्रेमी का किरदार निभाया था। जाकिर हुसैन को फिल्म मुगल ए आजम (1960) में सलीम के छोटे भाई का रोल भी ऑफर हुआ था, लेकिन पिता को उस वक्त यह मंजूर नहीं था। वे चाहते थे कि उनका बेटा संगीत पर ही ध्यान दे।

# थैलेसीमिया रोगियों के लिए मेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित



हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। निर्मल जिला पुस्तकालय अध्यक्ष ने आज एक फंक्शन हॉल (मिनी टैंक बंड) निर्मल में थैलेसीमिया रोगियों के लिए मेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। अबू ऐमल और टीएससीएस के समर्पित कर्मचारियों ने रक्तदान शिविर में भाग लिया, जहां एकत्रित रक्त यूनिट थैलेसीमिया रोगियों के लिए होगा, जिन्हें जीवित रहने के लिए हर 15 दिनों में रक्त की आवश्यकता होती है और कैंसर रोगियों के लिए भी। रक्तदान शिविर में बोलते हुए टीएससीएस के संयुक्त सचिव अलीम बेग ने कहा, हम 360 रक्तदाताओं और अन्य लोगों के बहुत आभारी हैं, जिन्होंने थैलेसीमिया रोगियों की रक्त की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आगे आकर रक्तदान किया है। हम बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं कि सैयद अर्जुमंद अली रक्तदान शिविर में आए हैं। हमने उन्हें हमारे राज्य और देश में थैलेसीमिया की स्थिति के बारे में बताया और रक्तदाताओं को आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। आज हमारे मेगा रक्तदान शिविर में माननीय अतिथि की मेजबानी करना भी एक बहुत ही प्रतिष्ठित अवसर है।

रक्तदान शिविर के बारे में बोलते हुए अबू ऐमल ने कहा, टीएससीएस निर्मल में मेगा रक्तदान शिविर आयोजित करने में सबसे आगे रहा है। हम सभी मेहमानों और रक्तदाताओं को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने हमें अपना समर्थन दिया है और थैलेसीमिया और इसके उन्मूलन के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी वादा किया है।

## सीएम ने पोट्टी श्रीरामुलु के बलिदान को याद किया

विजयवाड़ा, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अमरजीवी श्री पोट्टी श्रीरामुलु जैसे महान व्यक्तित्वों से प्रेरित होकर वे सुशासन प्रदान कर रहे हैं, ऐसा कहते हुए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायुडू ने आज कहा कि निरंतर कल्याण और विकास केवल स्थिर सरकार के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ रविवार को विजयवाड़ा के तुम्मलापल्ली कलाक्षेत्रम में आयोजित 'अमरजीवी श्री पोट्टी श्रीरामुलु आत्मर्पण दिवस' के विशेष समारोह में भाग लिया और पोट्टी श्रीरामुलु की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसी तरह, सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर, सीएम द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बोलते हुए, नायुडू ने कहा कि हालांकि हर दिन एक महत्वपूर्ण दिन है, लेकिन रविवार का विशेष महत्व है। पोट्टी श्रीरामुलु एक ऐसे व्यक्ति हैं जिन पर तेलुगु लोगों को गर्व है। बहुत कम लोग देश के लिए सोचते हैं। पोट्टी श्रीरामुलु एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने तेलुगु राज्य के बारे में सोचा और आंध्र प्रदेश के रूप में एक अलग राज्य हासिल किया। पोट्टी श्रीरामुलु एकमात्र ऐसे नेता थे जिन्होंने भयानक स्थिति के बीच संकल्प सिद्धि के लिए 58 दिनों तक उपवास किया और अपने प्राणों की आहुति दी। पवन कल्याण ने कहा कि पोट्टी श्रीरामुलु ही वह व्यक्ति थे जिन्होंने तेलुगु राज्य के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, लेकिन देश को एकजुट रखने के लिए लड़ने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल थे।

## सीएमडी/ट्रांसको को आईआईटी, इंदौर में एलडीसी उत्कृष्टता पुरस्कार मिला

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने तेलंगाना पावर यूटिलिटीज को राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने और राज्य का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी है। डी. कृष्ण भास्कर, सीएमडी/टीजीट्रांसको को उच्च स्तरीय राष्ट्रीय विद्युत प्रणाली में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के अध्यक्ष घन श्याम प्रसाद और ग्रिड इंडिया (राष्ट्रीय भार प्रेषण केंद्र) के सीएमडी नरसिम्हन से एलडीसी उत्कृष्टता पुरस्कार का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। यह सम्मेलन 14 दिसंबर, 2024 को आईआईटी, इंदौर, मध्य प्रदेश में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर, भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने अन्य राज्यों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने के लिए तेलंगाना पावर यूटिलिटीज को बधाई दी। यह ग्रिड को अत्यंत ग्रिड अनुशासन के साथ सुरक्षित और संरक्षित तरीके से बनाए रखने में बिजली प्रणाली के उत्कृष्ट संचालन की उचित मान्यता है। एचडीसीएम ने कहा कि यह तेलंगाना राज्य के लिए एक अच्छी तरह से योग्य सम्मान है। ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संदीप कुमार सुल्तानिया ने टीजीट्रांसको, टीजीजीईएनसीओ, टीजीएसपीडीएलसी और टीजीएनपीडीसीएल के ठोस प्रयासों की सराहना की। गौरतलब है कि तेलंगाना स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर, टीजीट्रांसको को ग्रिड इंडिया (नेशनल लोड डिस्पैच सेंटर) और फोरम ऑफ लोड डिस्पैचर्स (फोल्ड) द्वारा राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार एलडीसी एक्सीलेंस अवार्ड-2024 का विजेता घोषित किया गया है। तेलंगाना एसएलडीसी को आंध्र प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल इत्यादि जैसे बड़े एसएलडीसी की श्रेणी में 'सर्वश्रेष्ठ एलडीसी' का दर्जा मिला है।

# रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय को राष्ट्रपति ध्वज प्राप्त होगा

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। 24 दिसंबर के तीसरे सप्ताह में होने वाले एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय (सीडीएम), सिकंदराबाद को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति ध्वज प्रदान किया जाएगा, जो सर्वोच्च सम्मान है जो सशस्त्र बल संस्थान के राष्ट्र के प्रति उत्कृष्ट योगदान और सेवा को मान्यता देता है। यह मान्यता रणनीतिक नेतृत्व को आकार देने और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को उच्च रक्षा प्रबंधन कौशल प्रदान करने की कॉलेज की शानदार विरासत का प्रमाण है।

रंग प्रस्तुति सीडीएम के विकास में एक ऐतिहासिक अध्याय को चिह्नित करेगी और रक्षा में प्रबंधन शिक्षा के लिए अग्रणी संस्थान के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत करेगी। रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय की कहानी एक स्थायी दृष्टि, परिवर्तन और उत्कृष्टता के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता की कहानी है। 1970 में स्थापित, सीडीएम की स्थापना एक ही उद्देश्य से की गई थी, ताकि वरिष्ठ सैन्य नेताओं को न केवल युद्ध संचालन में कुशल बनाने की उभरती ज़रूरतों को पूरा किया जा सके, बल्कि उन्हें आधुनिक युद्ध के प्रबंधकीय और रणनीतिक नियोजन पहलुओं में भी निपुण बनाया जा सके। दशकों से, कॉलेज राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा गतिशीलता को बदलते हुए, एक ऐसा संस्थान बन गया है जो भारतीय सशस्त्र बलों में सैन्य नेतृत्व और प्रबंधन विशेषज्ञता के विकास के लिए आधारशिला के रूप में कार्य करता है। प्रबंधन और रणनीतिक नेतृत्व में अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए एक समर्पित संस्थान की स्थापना का विचार 1960 के दशक के उत्तरार्ध में आया था, जो जटिल राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों और युद्ध में तेजी से तकनीकी प्रगति का दौर था। 1965 के भारत-पाक युद्ध ने सैन्य कमांडरों को उच्च रक्षा प्रबंधन दक्षताओं से लैस करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, इष्टतम तालमेल और प्रभावशीलता के लिए रणनीतिक परिप्रेक्ष्य, बेहतर संसाधन प्रबंधन और परिचालन कला विकसित करना। उभरते युद्ध क्षेत्र के माहौल, बड़े लेकिन चुस्त मिशन-उन्मुख बलों के साथ युद्ध-युद्ध की उच्च गति और मारक क्षमता, उच्च लागत वाले हथियार प्लेटफॉर्म और उपकरण और संसाधन सीमाओं ने युद्ध की योजना बनाने और उसे आगे बढ़ाने के लिए उच्च रक्षा प्रबंधन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के माध्यम से रणनीतिक विचार विकसित करने में मुख्य दक्षता के साथ एक त्रि-सेवा संस्थान की स्थापना की आवश्यकता को जन्म दिया।

यह अद्वितीय त्रि-सेवा संस्थान 7 जुलाई 1970 को सिकंदराबाद में रक्षा प्रबंधन संस्थान (आईडीएम) के रूप में अस्तित्व में आया, जिसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारियों को बड़े संगठनों, जटिल रसद और रणनीतिक संचालन को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना था। भारत के उपराष्ट्रपति जीएस पाठक ने 8 दिसंबर 1970 को इस अंतर-सेवा संस्थान का उद्घाटन किया। प्रारंभ में, सीडीएम का ध्यान मुख्य रूप से प्रशासनिक कार्यों, संसाधन प्रबंधन और सैन्य संपत्तियों के कुशल संचालन में प्रशिक्षण प्रदान करने पर था। सीडीएम के पहले कमांडेंट ब्रिगेडियर वी. ध्रुव, एवीएसएम ने शुरूआती पाठ्यक्रम को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और यह सुनिश्चित किया कि यह न केवल परिचालन प्रशिक्षण प्रदान करे बल्कि प्रबंधन और निर्णय लेने में एक मजबूत आधार भी प्रदान करे। कॉर्पोरेट जगत के प्रबंधन सिद्धांतों को सैन्य सिद्धांत के साथ एकीकृत करने से सीडीएम को अच्छे नेता तैयार करने में मदद मिली, जो युद्ध और शांति दोनों की जटिलताओं को समझ सकते थे। कॉलेज ने मार्च 1971 में 44 छात्रों के साथ लॉन्ग डिफेंस मैनेजमेंट कोर्स (एलडीएमसी) शुरू किया। सितंबर 1972 में, इसने नई दिल्ली में अपना पहला रक्षा प्रबंधन सेमिनार आयोजित किया। जून 1973 में, इसने अन्य संस्थानों में कैप्सूल आयोजित करना शुरू किया। नवंबर 1973 में, मलेशियाई सेना के मेजर बहारुद्दीन बीके चे दीन एलडीएमसी में पहले विदेशी प्रतिभागी बने। कॉलेज ने नेतृत्व विकास, रणनीतिक योजना, निर्णय विज्ञान और संगठनात्मक सिद्धांत को अपने पाठ्यक्रम में एकीकृत करना शुरू किया, यह स्वीकार करते हुए कि आधुनिक सैन्य नेतृत्व के लिए व्यापक योग्यता की आवश्यकता है।

## श्री धनुर्मास महोत्सव श्री रघुनाथजी मंदिर में शुभारम्भ

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। महाराजगंज स्थित श्री रघुनाथजी मंदिर में एक महिने तक चलने वाला धनुर्मास महोत्सव का शुभारंभ दिनांक 16 दिसंबर से 16 जनवरी तक प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक, जिसके अन्तर्गत प्रतिदिन सुप्रभातम, मंगल आरती, श्री गोदम्बाजी की गोदास्तुति, मंगल शासनम, 8 बजे श्रृंगार कुंकुम अर्चना, विशेष आरती, भजन-किर्तन, गोष्ठी, प्रसाद, गोदम्बा जी का विवाह कार्यक्रम, प्रभात फेरी का आयोजन होगा।

मंदिर के संस्थापक न्यासी सूर्यप्रकाश, लक्ष्मीनारायण ने सभी भक्तजनों से निवेदन किया है। उपरोक्त धनुर्मास महोत्सवों का लाभ लेवे।

## टी-सैट नेटवर्क ने कृषि कार्यक्रमों का प्रसारण किया

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शिक्षा, रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं पर सामग्री उपलब्ध कराने वाला टी-सैट नेटवर्क अब सुबह 7 बजे से 8 बजे तक कृषि कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा। रविवार को यहां एक बयान में टी-सैट नेटवर्क के सीईओ बोडनपल्ली वेणुगोपाल रेड्डी ने बताया कि हर सप्ताह सोमवार और शनिवार को शाम 4 बजे से 5 बजे तक निपुणा चैनल पर कृषि कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण किया जाएगा और अगले दिन सुबह 7 बजे से 8 बजे तक विद्या चैनल पर एक घंटे के लिए इन कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाएगा। मंगलवार को निपुणा चैनल पर प्रसारित होने वाले बागवानी कार्यक्रम अगले दिन सुबह 7 बजे से 8 बजे तक विद्या पर भी प्रसारित किए जाएंगे। वेणुगोपाल रेड्डी ने सुझाव दिया कि किसानों को टी-सैट मंच पर आने वाले कृषि विशेषज्ञों के सुझावों के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त करना चाहिए। प्रोफेसर जयशंकर कृषि विश्वविद्यालय, तेलंगाना कृषि एवं बागवानी विभागों के वैज्ञानिक, अधिकारी एवं अनुभवी किसान टी-सैट नेटवर्क के माध्यम से अपने सुझाव एवं सलाह देंगे, तथा उनका पालन करके किसानों को अपनी फसलों में उच्च पैदावार प्राप्त करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने हेतु जन जागरण अभियान

## 5के रन फॉर गौ माता मैराथन का कार्यक्रम सम्पन्न



हैदराबाद, 15 दिसबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट और सर्वदलीय गौरक्षा मंच, देवभूमि उत्तराखंड सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गौ मैराथन को मुख्य अतिथि के रूप में गौभक्त राम भाटी, मोहन चौधरी, मंगलाराम पंवार, हुकमाराम सानपुरा, सोनाराम तिलायचा, विकास शर्मा, राम गोपाल चौधरी आदि अतिथियों के साथ 10 महीने की बालिका ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

चेयरमैन जयपाल सिंह नयाल सनातनी ने बताया कि प्रातःकाल 5 बजे ही सामूहिक रूप से सभी गौभक्तों ने मिलकर गौमाता और नंदी भगवान की पूजा-अर्चना, गौ आरती की। 6.05 बजे 5 के रन प्रारंभ हुई। दौड़ लिए 4 ग्रुप बनाए गए। छोटे बच्चों को गौसेवा के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 10 महीने की बालिका वामिका और 3 साल अथर्व अग्रवाल, 4 साल की रश्मिका को भी विजेता पुरस्कार स्वरूप गौमाता के मूर्ति भेट किए गए।

**लड़कों में प्रथम पुरस्कार :** अरहान शर्मा, द्वितीय पुरस्कार : कुशाल गहलोत, तृतीय पुरस्कार : कमलेश चौधरी को दिया गया।

**महिलाओं में प्रथम :** स्वाति मदाल, द्वितीय : विमला परिहार, तृतीय : मीना बिष्ट को दिया गया।

**पुरुषों में प्रथम :** कमलेश पुरोहित, द्वितीय : सुरेश जाट, तृतीय पुरस्कार भरत राम को मिला।

बच्चों में वामिका, अथर्व अग्रवाल, रश्मिका उनियाल तथा वरिष्ठ नागरिक महिला वर्ग में बरदे देवी, मिथलेश पैनोली, बीरा नेगी को पुरस्कार दिया गया। वरिष्ठ नागरिक पुरुष वर्ग में सुब्बारायुडु, रोशन सिंह नेगी, दौलत सिंह रावत को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अलावा सबसे अधिक उम्र के स्त्री-पुरुष और सबसे कम उम्र के बच्चे को भी सम्मानित किया। प्रतिभागियों को मेडल, भागीदारी प्रमाण-पत्र दिया। अतिथि सी.डी. चावन, राम गोपाल चौधरी, राम भाटी, शांति लाल सुथार, मंगलाराम पंवार, हुकमाराम सानपुरा, कालुराम काग, प्रभुराम परिहारिया, तेजाराम परिहार, भोलाराम पंवार, केसाराम काग, सोनाराम तिलायचा, विकास शर्मा, तुलसाराम सिन्दडा, राजेश परिहार, राकेश चोयल, ओमाराम चौधरी, परमेश्वर वैष्ण, कैलाश प्रजापत आदि अनेक गौशालाओं से जुड़े पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। मंच संचालन मनोज पैनोली, दीपा पैनोली ने किया।

कार्यक्रम संयोजक (मंडल कोर कमेटी) के पदाधिकारियों में दीप्ति रावत, प्रेमा नयाल, कविता नेगी, पुष्पा भद्री, दीपा शर्मा, कमल पंत, उषा अग्रवाल, वीरा रेड्डी, बलवीर सिंह रावत, योगेश अग्रवाल, मनोज प्रभाकर पैंलली, ठाकुर जितेंद्र सिंह राणा, सुभाषचंद्र पेटवाल, पवन कुमार, राजेंद्र सिंह रावत, महेश्वरी बिष्ट और आरोही रावत, कांता देवी, सांता देवी, बीरा नेगी, हेमा जोशी, आर डी जोशी, हेमलता, सारदा, रामा पेटवाल, गीता, किरन आदि ने अपनी प्रमुख सेवा दी।

## मंदा कृष्णा मादिगा ने घायल लड़के से मुलाकात की

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एमआरपीएस संस्थापक मंदा कृष्णा मादिगा ने आज उस लड़के से मुलाकात की, जो केआईएमएस अस्पताल में पुष्पा-2 फिल्म के प्रीमियर के दौरान संध्या थिएटर में हुई भगदड़ में घायल हो गया था।

उन्होंने अस्पताल जाकर डॉक्टरों से लड़के श्रीतेज की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में पूछा। उन्होंने लड़के को दिए जा रहे उपचार के बारे में भी जानकारी ली। बाद में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नेरेला शारदा भी अस्पताल आईं। उन्होंने लड़के से मुलाकात की और डॉक्टरों से बात की तथा उन्हें बेहतर उपचार प्रदान करने के लिए कहा। ज्ञातव्य है कि 4 दिसंबर को पुष्पा-2 फिल्म के लाभ शो के दौरान आरटीसी चौराहे पर संध्या थिएटर में भगदड़ मच गई थी, जब फिल्म के अभिनेता अल्लू अर्जुन फिल्म देखने के लिए थिएटर में आए थे। दिलसुख नगर इलाके से भास्कर नाम का व्यक्ति, उसकी पत्नी रेवती, बेटा श्रीतेज और बेटी भी उसी थिएटर में फिल्म देखने आए थे। हालांकि, वहां मची भगदड़ में रेवती की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा श्रीतेज बेहोश हो गया।



एक दिवस गौमाता के नाम भजन संध्या श्री ओमजी मुंडेल की सुमधुर आवाज में नंदीगांव, संगारेड्डी में 21 दिसंबर को होने जा रहा है। इस अवसर पर अतिथि के रूप में आप और हम के अध्यक्ष धर्मीचन्द कुमावत, भंवरलाल अलोदिया, श्यामलाल बाकरेचा, महेन्द्र बाकरेचा, राजेश तापडिया, जगदीश पटेल, जी. रवीन्द्र, कैलाश बाकरेचा एवं अन्य।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

### 39 विधायकों ने...

प्रकाश अबितकर (शिवसेनाम), माधुरी मिसाल (बीजेपी), पंकज भोयर (बीजेपी), आशीष जायसवाल (शिवसेना), मेघना बोर्डिकर (बीजेपी), इंद्रनील नाइक (एनसीपी) और योगेश कदम (शिवसेना)।

**कैबिनेट में नये चेहरे?**

चंद्रशेखर बावनकुले, गणेश नाइक, जयकुमार रावल, पंकजा मुंडे, अशोक उइके, आशीष शेलार, दत्तात्रेय भरणे, शिवेंद्रराजे भोसले, माणिकराव कोकाटे, जयकुमार गोरे, नरहरि जिरवाल, संजय सावकारे, संजय शिरसाट, प्रताप सरनाईक, भरत गोगवले, मकरंद पाटिल, नितेश राणे, आकाश फुंडकर, बाबासाहेब पाटिल, प्रकाश अबितकर, माधुरी मिसाल, आशीष जयसवाल, पंकज भोयर, मेघना बोर्डिकर, इंद्रनील नाइक।

शपथ समारोह से पहले रोड शो :

इससे पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की और भारतीय संविधान के निर्माता को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि के बाद फडणवीस ने शहर में एक रोड शो किया। जो चुनाव परिणामों के बाद उनका पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था। अपनी पत्नी अमृता फडणवीस और बीजेपी के राज्य प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले के साथ रोड शो में उत्साही भीड़ देखी गई।

स्वतंत्र वार्ता

Email : svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com

Epaper : epaper.swatantravaartha.com

For Advertisement : swadds1@gmail.com

# गाबा टेस्ट- ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 400 पार

## हेड और स्मिथ ने शतकीय पारियां खेलीं बुमराह ने 5 विकेट झटके

ब्रिस्बेन, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने गाबा टेस्ट में भारत के खिलाफ मजबूत शुरुआत की है। टीम ने मुकाबले के दूसरे दिन रविवार को अपनी पहली में 7 विकेट पर 405 रन बना लिए हैं। स्टंप्स पर विकेटकीपर एलेक्स कैरी 45 और मिचेल स्टार्क 20 रन पर नाबाद लौटे हैं।

ब्रिस्बेन के द गाबा मैदान पर खेले जा रहे इस मुकाबले में होस्ट टीम ने 28/0 के स्कोर से खेलना शुरू किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम की ओर से स्टीव स्मिथ ने 101 और ट्रैविस हेड ने 152 रन की शतकीय पारियां खेलीं। दोनों के बीच चौथे



विकेट के लिए 241 रन की पार्टनरशिप हुई। ओपनर उस्मान ख्वाजा 21 रन बनाकर आउट हुए। भारतीय खेमे से जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट झटके। मोहम्मद सिराज और नीतीश राणा को एक-एक विकेट मिला।

इस मुकाबले का पहला दिन बारिश के नाम रहा। 13.2 ओवर ही डाले जा सके थे। भारतीय टीम टॉस जीतकर गेंदबाजी कर रही है। फिलहाल, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी एक-एक की बराबरी पर है। भारत ने पहला टेस्ट 295 रनों से जीता था, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा मैच 10 विकेट से जीतकर वापसी की थी।

# शमी विजय हजारे ट्रॉफी के लिए बंगाल टीम में

## सुदीप घरामी टीम के कप्तान; 21 दिसंबर से शुरू होगा टूर्नामेंट

मुंबई,15 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को विजय हजारे ट्रॉफी के लिए बंगाल की टीम में शामिल किया गया है। वहीं, शमी के बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी (BGT) के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है

विजय हजारे ट्रॉफी की शुरुआत 21 दिसंबर से होगी। सुदीप कुमार घरामी बंगाल टीम कप्तानी करेंगे। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी कप्तानी की थी। बंगाल अपने अभियान की शुरुआत 21 दिसंबर को हैदराबाद में दिल्ली के खिलाफ करेगी।

शमी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 9 मैच में 11 विकेट लिए

शमी पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप क दौरान चोटिल हो गए थे,



उसके करीब एक साल के बाद रणजी ट्रॉफी के जरिए मैदान पर वापसी की थी। उन्होंने वापसी के दौरान मध्य प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में चार और दूसरी पारी में तीन विकेट लिए थे। इस मैच के बाद यहां उम्मीद थी कि शमी को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए भी ऑस्ट्रेलिया बुलाया जा सकता है लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने इसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 9 मैच में 11 विकेट लिए थे।

विजय हजारे ट्रॉफी के लिए बंगाल की टीम

सुदीप कुमार घरामी (कप्तान), मोहम्मद शमी, अनुस्तुप मजूमदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सुदीप चटर्जी, करण लाल, शाकिर हबीब गांधी (विकेटकीपर), सुमंत गुप्ता, सुभम चटर्जी, रणजोत सिंह खैरा, प्रदीप्ता प्रमाणिक, कौशिक मैती, विकास सिंह (सीनियर), मुकेश कुमार, सक्षम चौधरी, रोहित कुमार, एमडी कैफ, सूरज सिंधु जयसवाल, सायन घोष और कनिष्क सेठ।

## बाहर बैठकर सीट गर्म कर रहे थे ये तीन प्लेयर्स

### बीसीसीआई ने सीरीज के बीच में वापस भारत भेजा

ब्रिसबेन, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गाबा में जारी बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट की बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। भारतीय टीम ने अपने तीन प्लेयर्स को वापस स्वदेश भेजने का फैसला लिया है। आपको जानकर हैरानी होगी कि जिन तीन खिलाड़ियों को वापस भेजा जा रहा है, वो सारे तेज गेंदबाज हैं। चलिए अब आपको सीधा उन प्लेयर्स का नाम बताते हैं और ये जानते हैं कि आखिर उन्हें क्यों सीरीज के बीच में वापस भेजा जा रहा है। भारतीय क्रिकेट टीम ने ट्रेवल रिजर्व यश दयाल, मुकेश कुमार और नवदीप सैनी को रिलीज करने का फैसला किया है और इन तीनों के 21 दिसंबर से शुरू होने वाली विजय हजारे ट्रॉफी में शामिल होने की संभावना है। तीनों तेज गेंदबाज बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी शुरू होने के पहले से ही टीम के साथ हैं। मगर टीम मैनेजमेंट ने महसूस किया कि उनके लिए ऑस्ट्रेलिया में मैदान से बाहर बैठकर सीट गर्म करने से बेहतर उन्हें भारत में जाकर क्रिकेट खेलना बेहतर होगा। क्योंकि ब्रिसबेन मैच के बाद केवल दो टेस्ट बचे हैं। लंबी गर्मियों के बाद स्वदेश लौटने से पहले भारत अपना अगला मैच मेलबर्न और फिर आखिरी मैच तीन जनवरी से सिडनी में खेलेगा। नवदीप सैनी और मुकेश कुमार को अजीत अगरकर की अगुवाई वाली सीनियर मेंस सिलेक्श कमिटी ने बतौर रिजर्व प्लेयर शामिल किया था। बाद में यश दयाल को खलील अहमद के रिप्लेसमेंट के तौर पर भेजा गया था, जो पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान नेट्स में इंजर्ड हो गए थे। मुकेश लंबे समय से ऑस्ट्रेलिया में हैं, क्योंकि वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले भारत ए के दो प्रैक्टिस मैच का भी हिस्सा थे। माना जा रहा है कि वह बंगाल के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने के लिए तैयार हैं, जो एक सप्ताह में शुरू होगी।

# नीरज की ओलिंपिक जर्सी वर्ल्ड एथलेटिक्स हेरिटेज कलेक्शन में शामिल

## पेरिस में सिल्वर मेडल जीता, टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड अपने नाम किया था

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा की पेरिस ओलिंपिक वाली जर्सी वर्ल्ड एथलेटिक्स हेरिटेज कलेक्शन में शामिल की गई है। टोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज ने अगस्त में खत्म हुए पेरिस ओलिंपिक गेम्स में सिल्वर मेडल जीता था।

उन्होंने 89.45 मीटर का सीजन बेस्ट थ्रो किया था। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने 2020 के टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीता था।

लगातार दो ओलिंपिक में मेडल जीतने वाले तीसरे भारतीय

नीरज लगातार दो ओलिंपिक में मेडल जीतने वाले तीसरे भारतीय



खिलाड़ी हैं। नीरज से पहले रेसलर सुशील कुमार और बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने लगातार दो ओलिंपिक में मेडल जीते थे।

**2 ओलिंपिक मेडल जीतने वाले चौथे खिलाड़ी नीरज**

भारतीय इतिहास में नीरज चोपड़ा 2 ओलिंपिक मेडल जीतने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले रेसलिंग में सुशील कुमार, बैडमिंटन में पीवी सिंधु और शूटिंग में मनु भाकर भी दो ओलिंपिक मेडल जीत चुकी हैं।

इनमें से नीरज चोपड़ा, सुशील कुमार और पीवी सिंधु ने लगातार दो ओलिंपिक गेम्स में ये मेडल जीते। वहीं मनु भाकर ने इसी पेरिस ओलिंपिक में शूटिंग में दो ब्रॉन्ज मेडल जीते।

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने पिछले साल बुडापेस्ट में में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था।इससे पहले, 2022 यूजीन में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता था।

**ओलिंपिक डेब्यू पर गोल्ड जीतकर इतिहास रचा**

जूनियर और सीनियर सर्किट में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद नीरज ने टोक्यो ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया। पहले ही ओलिंपिक में उन्होंने 87.58 मीटर का जेवलिन थ्रो फेंका और गोल्ड मेडल जीत लिया। 2022 के वर्ल्ड फाइनल में सिल्वर और 2023 में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इसी दौरान स्टॉकहोम डायमंड लीग में उन्होंने 89.94 मीटर थ्रो फेंका और नेशनल रिकॉर्ड बनाया, यह नीरज का भी पर्सनल बेस्ट रहा।

## भारत ने जापान को हराया, महिला जूनियर एशिया कप हॉकी के फाइनल में चीन से होगा सामना

मस्कट, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। गत चैंपियन भारत ने जापान पर 3-1 की जीत के साथ अपना दबदबा कायम रखते हुए महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुमताज खान (चौथे), साक्षी राणा (पांचवें),



दीपिका (13वें) ने पहले क्वार्टर में गोल किए जबकि जापान के लिए निको मारुयामा ने 23वें मिनट में सांत्वना गोल किया। ज्योति सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम के लिए शुरुआती क्वार्टर में यह एकतरफा रहा जब सुनलिता टोप्पो ने खेल के दूसरे मिनट में खतरनाक गेंद को रोकने के लिए तेजी से दौड़कर जापान के ड्रैग-फ्लिक के मौके को विफल कर दिया। भारत ने दो मिनट बाद गलती का फायदा उठाकर बढ़त बना ली। एक मिनट बाद साक्षी राणा ने एक और मैदानी गोल करके गत विजेता को 2-0 से आगे कर दिया। भारत ने ग्रुप मैच में चीन से मिली हार से सबक सीखा। पहले क्वार्टर में दो मिनट रहते भारत को एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे दीपिका ने गोल में बदलकर स्कोर 3-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में जापान ने कुछ मौकों पर प्रतिद्वंद्वी सर्कल में घुसने की कोशिश की, लेकिन मजबूत डिफेंस के कारण उन्हें नाकाम कर दिया गया। जापान की खिलाड़ियों ने आखिरकार 23वें मिनट में पहला गोल किया जिससे अंतर कम हुआ और अंत तक यही स्कोर रहा। खिताबी मुकाबले में भारत का सामना चीन से होगा जिसने दूसरे सेमीफाइनल में पिछले चरण के उप विजेता दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराया।

# अफगानिस्तान ने 3 विकेट से जीता तीसरा टी-20

## राशिद खान ने 4 विकेट लिए; जिम्बाब्वे को 2-1 से सीरीज हराई

हरारे, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे को तीसरे टी-20 में 3 विकेट से हरा दिया है। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे ने पहले बैटिंग की और 127 रन बनाए। अफगानिस्तान ने 19.3 ओवर में 7 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने 4 विकेट लिए। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। तीसरा टी-20 जीतकर अफगानिस्तान ने सीरीज भी 2-1 से जीत ली है। जिम्बाब्वे ने पहला मैच 4 विकेट और अफगानिस्तान ने दूसरा मैच 50 रन से जीता था।

अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। जिम्बाब्वे ने पहले ही ओवर में मरुमानी का विकेट गंवा दिया, वह 6 ही रन बना सके। ब्रायन बेनेट ने 31, वेस्ले मधेवेरे ने 21 और डायन मायर्स ने 13 रन बनाकर स्कोर 70 के करीब



पहुंचाया। तीनों के विकेट के बाद सिकंदर रजा और फराज अकरम 6-6 रन बनाकर आउट हो गए।

ताशिंगा मुसेकिवा ने 12 और वेलिंगटन मसाकाद्जा ने 17 रन बनाए। रिचर्ड नगारवा ने 1 रन बनाया, ब्लेसिंग मुजरबानी खाता भी नहीं खोल सके। ट्रेवर ग्वांडू ने 7 रन बनाकर आखिर में स्कोर 127 रन तक पहुंचा दिया।

अफगानिस्तान से कप्तान राशिद खान ने 27 रन देकर 4 विकेट लिए। अजमतुल्लाह ओमरजई, मुजीब उर रहमान और नवीन-उल-हक को 2-2 विकेट मिले। फजलहक फारूकी और मोहम्मद नबी कोई विकेट नहीं ले सके।

128 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान टीम ने 44 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए। रहमानुल्लाह गुरबाज 15, सेदीकुल्लाह अटल 3, जुबैद अकबरी 2 और दारविश रसूली 9 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान राशिद खान भी 2 ही रन बना सके।

अजमतुल्लाह ओमरजई ने फिर 34, गुलबदीन नईब 22 और मोहम्मद नबी ने 24 रन बनाकर स्कोर टारगेट के करीब पहुंचाया। नबी आखिर तक नॉटआउट रहे और टीम को 3 गेंद पर पहले जीत दिला दी। जिम्बाब्वे से सिकंदर रजा, ट्रेवर ग्वांडू और ब्लेसिंग मुजरबानी ने 2-2 विकेट लिए। एक विकेट नगारवा को मिला।

अफगानिस्तान टीम फिलहाल तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेलने के लिए जिम्बाब्वे गई है।

टीम ने 3 टी-20 की सीरीज 2-1 से जीत ली। अब 3 वनडे की सीरीज 17 दिसंबर से शुरू होगी। 19 और 21 दिसंबर को बाकी 2 मुकाबले भी हरारे में ही होंगे। वहीं, 26 दिसंबर और 2 जनवरी से बुलवायो में 2 टेस्ट खेले जाएंगे।

# सिराज के लिए ऑस्ट्रेलिया में भिड़ गए विराट

## ऑस्ट्रेलियाई फैंस ने बाउंड्री लाइन पर उनका खड़ा रहना मुश्किल कर दिया

ब्रिस्बेन, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई फैंस एडिलेड से ही मोहम्मद सिराज के पीछे पड़े हुए हैं. ट्रेविस हेड से लड़ाई होने के बाद सिराज उनका निशाना बने हुए हैं. वो लगातार उन्हें मैदान पर 'बू' करके चिढ़ा रहे हैं. दूसरे टेस्ट के बाद तीसरे मुकाबले में भी सिराज को इसका सामना करना पड़ा. गाबा टेस्ट के पहले दिन सिराज जैसे ही अपने पहले ओवर के लिए आए ऑस्ट्रेलियाई फैंस ने उन्हें बू करना शुरू कर दिया. यही हाल दूसरे दिन भी देखने को मिला. इसके बाद सिराज के लिए विराट कोहली उनसे भिड़ गए.

ऐसे की बोलती बंद

सिराज दूसरे दिन जब बाउंड्री लाइन पर फील्डिंग कर रहे थे, तब ऑस्ट्रेलियाई फैंस उन्हें बार-बार 'बू' करके उकसाने की कोशिश कर रहे थे. फिर मार्नस लाबुशेन ने भी उन्हें उकसाने की





कोशिश की. ये सब होता देख विराट कोहली से रहा नहीं गया. सिराज को स्लेज करने के अगले ही ओवर में लाबुशेन आउट हो गए. इसके बाद कोहली ने अपने तेवर दिखाए. दरअसल, नीतीश रेड्डी की गेंद पर उन्होंने ही स्लिप में लाबुशेन का कैच पकड़ा. इसके बाद वो तेजी से दौड़ते हुए स्टेडियम में बैठे फैंस की ओर मुड़े और अपनी मुंह पर उंगली रखकर उन्हें चुप रहने का इशारा किया.

स्टेडियम में 'बू' का शोर

मुकाबले की शुरुआत हुई थी. इस दौरान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी. उन्होंने एक छोर से बुमराह और दूसरे छोर से सिराज को ओपनिंग स्पेल की जिम्मेदारी दी थी. बुमराह के बाद जैसे ही सिराज रनअप पर पहुंचे. पूरे स्टेडियम में ऑस्ट्रेलियाई फैंस की ओर से बू करने की शोर गूंज उठी. बता दें एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान ट्रेविस हेड और मोहम्मद सिराज के बीच कहा सुनी हो गई थी. इसके बाद से ही ऑस्ट्रेलियाई फैंस ने बाउंड्री लाइन पर उनका खड़ा रहना मुश्किल कर दिया है. वहीं आईसीसी ने सजा के रूप में मैच का 20 प्रतिशत फीस काट लिया था.

## पाकिस्तान में नहीं थम रहा क्रिकेटर्स के संन्यास का सिलसिला

# अब मोहम्मद इरफान ने किया ऐलान



इस्लामाबाद, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट में इन दिनों काफी हलचल देखने को मिल रही है। जिसके चलते पाक क्रिकेट का काफी मजाक भी बन रहा है। महज 36 घंटे के भीतर तीन पाकिस्तानी खिलाड़ी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर चुके हैं। सबसे पहले ऑलराउंडर इमाद वसीम और फिर तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने संन्यास का ऐलान किया। वहीं इस लिस्ट में एक ओर तेज गेंदबाज का नाम जुड़ गया है।

पाकिस्तान के सबसे लंबे कद के तेज गेंदबाज मोहम्मद इरफान ने भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। मोहम्मद इरफान ने पाकिस्तान के लिए अपना आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला साल 2019 में खेला था। उसके बाद से इस खिलाड़ी को पाकिस्तान टीम में जगह नहीं मिल पाई। मोहम्मद इरफान की हाइट 7.1 फीट है और इस खिलाड़ी को इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे लंबा प्लेयर माना जाता था।

मोहम्मद इरफान ने 42 साल की उम्र में संन्यास लेने का फैसला किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके इरफान ने संन्यास की जानकारी साझा करते हुए लिखा कि, "मैंने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं अपने साथियों, कोचों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं, प्यार, उत्साह और अविस्मरणीय यादों के लिए धन्यवाद और मैं उस खेल का समर्थन और जश्न मनाना जारी रखूंगा जिसने मुझे सब कुछ दिया है। जिंदाबाद..."

मोहम्मद इरफान ने पाकिस्तान के लिए 4 टेस्ट, 60 वनडे और 22 टी20 मुकाबले खेले थे। 4 टेस्ट में गेंदबाजी करते हुए इरफान ने 10 विकेट हासिल किए थे। इसके अलावा 60 वनडे मैचों में 83 विकेट और 22 टी20 इंटरनेशनल में इरफान ने 16 विकेट हासिल किए थे।

# डब्ल्यूपीएल 2025 मिनी ऑक्शन: सिमरन शेख को 1.90 करोड़ में गुजरात ने खरीदा

बेंगलुरु, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। विमेंस प्रीमियर लीग 2025 के लिए मिनी ऑक्शन बेंगलुरु में जारी है। मुंबई की ऑलराउंडर सिमरन शेख पर सबसे बड़ी बोली लगी, उन्हें 1.90 करोड़ रुपए में गुजरात जायंट्स ने खरीदा। अनकैप्ड बैटर जी कमलिनी और वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन की बोली भी 1.50 करोड़ रुपए को पार गई।

स्नेह राणा, हीथर नाइट, किम गार्थ और पूनम यादव जैसी बड़ी प्लेयर्स अनसोल्ड रहीं। ऑक्शन में 124 प्लेयर्स के नाम आएंगे, जिनमें टीमों के पास 19 खिलाड़ियों की जगह ही खाली है। टूर्नामेंट का तीसरा सीजन जनवरी के आखिरी सप्ताह में शुरू होगा।

**प्रेमा रावत भी करोड़पति बनीं**

प्रेमा रावत को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बेस प्राइस से 12 गुना ज्यादा कीमत देकर खरीद लिया। उनकी बेस प्राइस 10 लाख रुपए थी, बेंगलुरु के अलावा दिल्ली ने भी उनके लिए बोली लगाई। आखिर में RCB ने रावत को 1.20 करोड़ रुपए में खरीद लिया। दिल्ली ने 55 लाख रुपए में एन चरणी को खरीदा।

**सिमरन शेख मिनी ऑक्शन में सबसे महंगी बिकी**

मुंबई से घरेलू क्रिकेट खेलने वालीं ऑलराउंडर सिमरन शेख मिनी ऑक्शन में सबसे महंगी रहीं। उन्हें गुजरात जायंट्स ने 1.90 करोड़ रुपए में खरीदा। उनकी बेस प्राइस 30 लाख रुपए थी। उनके लिए दिल्ली कैपिटल्स ने भी बोली लगाई, लेकिन गुजरात ने आखिर में बाजी मार ली। दिल्ली ने फिर नंदिनी कश्यप को 10 लाख रुपए में खरीद लिया।

**बेस प्राइस से 16 गुना ज्यादा कीमत में बिकी कमलिनी**

तमिलनाडु से खेलने वालीं 16 साल की बैटर जी कमलिनी के लिए मुंबई इंडियंस ने 16 गुना ज्यादा कीमत लगा दी। उनकी बेस प्राइस महज 10 लाख रुपए थी, उन्हें मुंबई ने 1.60 करोड़ रुपए में खरीदा। उनके लिए दिल्ली कैपिटल्स ने भी बोली लगाई थी।




**नदीन डी क्लर्क को मुंबई ने खरीदा**

साउथ अफ्रीका की ऑलराउंडर नदीन डी क्लर्क को बेस प्राइस में ही मुंबई इंडियंस ने खरीद लिया। उनकी शुरुआती कीमत 30 लाख रुपए थी, क्लर्क के लिए मुंबई के अलावा किसी और टीम ने बोली नहीं लगाई।

क्लर्क के बाद किम गार्थ, शुभा सतीश, सुष्मा वर्मा, प्रत्यूषा सिंह, तेजल हसबनीस, ओर्ला प्रेंडरगास्ट और एलाना किंग अनसोल्ड हो गईं।

**स्नेह राणा को नहीं मिला खरीदार**

पहले सीजन में गुजरात जायंट्स की कप्तानी करने वालीं स्नेह राणा को तीसरे सीजन में कोई खरीदार नहीं मिला। उनकी बेस प्राइस महज 30 लाख रुपए थी। उनके साथ लौरेन बेल के लिए भी किसी ने बोली नहीं लगाई।

**हीथर नाइट और पूनम यादव अनसोल्ड**

पहले सेट के ऑक्शन में 2 बड़ी प्लेयर्स अनसोल्ड रहीं। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट और भारत की लेग स्पिनर पूनम यादव को कोई खरीदार नहीं मिला। उनके साथ हीथर ग्राहम, डार्सी ब्राउन, डैनिले गिबसन, माया बाउचर, सारा ग्लेन और शिनेले हेनरी पर भी किसी टीम ने बोली नहीं लगाई।

**डिएंड्रा डॉटिन बनीं करोड़पति**

वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन का नाम ऑक्शन में सबसे पहले आया। 50 लाख रुपए की बेस प्राइस से उनके लिए यूपी वॉरियर्ज और गुजरात जायंट्स में बिडिंग वॉर होने लगी। उन्हें आखिर में 1.70 करोड़ रुपए में गुजरात ने खरीद लिया। लौरेन बेल, माया बाउचर, डार्सी ब्राउन, लौरेन चीटल, नदीन डी क्लर्क, डिएंड्रा डॉटिन, किम गार्थ, डैनिले गिबसन, साराह ग्लेन, हीथर ग्राहम, तेजल हसबनीस, शिनेले हेनरी, एलाना किंग, हीथर नाइट, प्रत्यूशा सी, ओर्ला प्रेंडरग्रास्ट, स्नेह राणा, शुभा सतीश, सुष्मा वर्मा और पूनम यादव का नाम सेट-1 में है।

# बीआरएस की शासन शैली ने लोगों को निराश और हताश किया : महेश गौड़

## टीपीसीसी अध्यक्ष का पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को खुला पत्र

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी अध्यक्ष व एमएलसी बी.महेश कुमार गौड़ ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता के. चंद्रशेखर राव को खुला पत्र लिखा है। अपने पत्र में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है कि मैं आपको, एक ऐसे नेता को (जो अपार राजनीतिक अनुभव रखता है) यह खुला पत्र लिख रहा हूं, जिसका उद्देश्य तेलंगाना में वर्तमान राजनीतिक स्थिति से संबंधित ज्वलंत मुद्दों की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना है। यह पत्र राज्य में कांग्रेस के शासन के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर लिखा गया है, तथा इसमें आपकी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेताओं द्वारा हमारी सरकार के विरूद्ध लगाए गए निराधार आरोपों को संबोधित करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि आपकी बीआरएस पार्टी (जो छह दशकों के संघर्ष के इतिहास वाली एक आंदोलनकारी पार्टी होने पर गर्व करती है) को तेलंगाना में अपने दस वर्षों के शासन के दौरान महत्वपूर्ण झटके लगे। भावनाओं की लहर पर सवार होकर दो बार सत्ता में आने के बावजूद, आपने अपनी शासन शैली के माध्यम से लोगों को निराश और हताश कर दिया। प्रशासन के केंद्र, सचिवालय से सुलभ होने के बजाय, आपने खुद को अपने फार्महाउस तक सीमित कर लिया, जिससे भ्रष्टाचार को बेरोकटोक पनपने दिया गया। लोगों द्वारा आपके विभाजनकारी, भावनाओं से प्रेरित शासन को समाप्त करने के बाद भी, न तो आप, न ही आपके परिवार के सदस्य, और न ही आपकी पार्टी के नेताओं ने आत्मनिरीक्षण किया या अपने तरीके बदले आपकी पार्टी कांग्रेस सरकार के बारे में गलत सूचना फैलाना जारी रखती है, इस ऐतिहासिक सच्चाई को नजरअंदाज करते हुए कि तेलंगाना का गठन हाशिए पर पड़े समूहों के बलिदान और सोनिया गांधी के दृढ़ समर्थन का नतीजा था। तेलंगाना के लोग, जो इन तथ्यों को संजोते हैं, अब इस तरह के झूठे आख्यानों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। यदि आप इसी दृष्टिकोण पर कायम रहते हैं, तो समय आने पर वे आपको उचित जवाब देंगे। उन्होंने कहा है कि आप नवगठित तेलंगाना राज्य में भावनाओं का इस्तेमाल करके सत्ता में आए, लेकिन शुरू से ही अपने वादों को धोखा दिया। आपने तेलंगाना का पहला मुख्यमंत्री एक दलित को बनाने का वादा किया था, लेकिन इसके बजाय आपने लोगों की भावनाओं का शोषण किया और खुद को सत्ता में लाने के लिए चालाकी की। पानी, धन और नौकरियों के आपके चुनावी वादे खोखले साबित हुए और आपका शासन झूठे आश्वासनों से भरा रहा। तेलंगाना आंदोलन में योगदान देने वाले लोग- कवि, कलाकार, बुद्धिजीवी, छात्र, श्रमिक और कर्मचारी- आपने एक पारिवारिक शासन स्थापित किया और अपने भीतरी घेरे के इर्द-गिर्द राज्य की लगाम कसी, और उन्हें दरकिनार कर दिया। तेलंगाना के लोग आपके प्रशासन के तहत किए गए अन्याय को नहीं भूलेंगे। तेलंगाना आंदोलन के दौरान युवाओं ने बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन किया, उम्मीद थी कि राज्य बनने से नौकरियां मिलेंगी। इसके बजाय, आपके परिवार ने दीक्षा के नाम पर नाटक रचा, जिसमें उनके बलिदान का फायदा उठाया गया। आपके दामाद हरीश राव ने तो पेट्रोल के डिब्बे और माचिस लेकर मासूम युवाओं को आत्मदाह के लिए उकसाया। रोजगार के लिए बेताब युवा, हर घर में सरकारी नौकरी के आपके वादों से गुमराह हो गए। लेकिन, सत्ता में आने के बाद, आपने सुनिश्चित किया कि राजनीतिक अवसर आपके परिवार के सदस्यों तक ही सीमित रहें। आपके शासन के दौरान जारी की गई नौकरी की अधिसूचनाएं या तो विलंबित हो गईं या आपके अनुयायियों द्वारा दायर अदालती मामलों के कारण पटरी से उतर गईं, जिससे कक्षा 10 की परीक्षा से लेकर ग्रुप-1 सेवाओं तक की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताएं और अराजकता फैल गई। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के अपने पहले वर्ष में ही अपना वादा पूरा करते हुए नौकरी कैलेंडर जारी कर दिया। हमने सफलतापूर्वक भर्ती परीक्षाएं आयोजित कीं और 54,000 से अधिक सरकारी पदों पर भर्ती की- जो देश में एक रिकॉर्ड है। युवाओं को भड़काकर और तकनीकी आधार पर परीक्षाओं को रोककर इस प्रक्रिया को बाधित करने की आपकी पार्टी की कोशिशों के बावजूद, कांग्रेस सरकार ने युवाओं को रोजगार देने को प्राथमिकता देते हुए इन कार्यों को पूरा किया।

### टीपीसीसी अध्यक्ष ने कांग्रेसी नेताओं से मुलाकात की



हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी अध्यक्ष एमएलसी महेश कुमार गौड़ ने बोडुप्पल नगर निगम के 5वें डिविजन के पार्षद सिंगारेड्डी पद्मारेड्डी से मुलाकात की। टीपीसीसी अध्यक्ष के साथ मेडचल कांग्रेस प्रभारी जंगैया यादव, मेडचल पूर्व विधायक मालीपेड्डी सुधीर रेड्डी, पीरजादीगुड़ा मेयर अमर सिंह, मानद डिप्टी मेयर और कई पार्षद उपस्थित थे।

## पुराने शहर में मेट्रो भूमि अधिग्रहण में तेजी

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुराने शहर में मेट्रो रेल के लिए करीब साढ़े 7 किलोमीटर लंबे एमजीबीएस-चंद्रयान गुट्टा मार्ग पर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। चिन्हित 1100 प्रभावित संपत्तियों का अधिग्रहण तेजी से चल रहा है। हैदराबाद एयरपोर्ट मेट्रो लिमिटेड (एचएएमएल) के प्रबंध निदेशक एनवीएस रेड्डी ने बताया कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत 900 संपत्तियों के लिए अधियाचना पहले ही जिला कलेक्टर को सौंप दी गई है और कलेक्टर ने चरणबद्ध तरीके से 800 संपत्तियों के लिए प्रारंभिक अधिसूचना जारी कर दी है।

कलेक्टर ने अधिसूचित संपत्तियों में से 400 संपत्तियों के लिए प्रारंभिक घोषणा पत्र जारी करने का काम भी पूरा कर लिया है। उन्होंने आगे बताया कि 200 प्रभावित संपत्तियों के लिए मुआवज़ा देने का काम इस महीने के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद तुरंत मुआवजा दिया जाएगा और ध्वस्तीकरण का काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इससे पुराने शहर में मेट्रो रेल मार्ग का निर्माण सुचारू हो जाएगा। रेड्डी ने बताया कि प्रभावित संपत्तियों के मालिकों से भी बातचीत की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क विस्तार और मेट्रो निर्माण के दौरान सभी धार्मिक और ऐतिहासिक संरचनाओं को इंजीनियरिंग समाधानों के साथ संरक्षित किया जा रहा है।



टीटीडी जेई वेंकैया चौधरी ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से उनके जुबली हिल्स आवास पर मुलाकात की।

# बढ़ते राजकोषीय दबाव के बीच तेलंगाना में गहरा रहा सेवानिवृत्ति संकट!

## अगले पांच वर्षों में और खराब होगी स्थिति

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार खुद को बढ़ते वित्तीय संकट से जूझती हुई पाती है, क्योंकि पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभ की बढ़ती देनदारियों ने राज्य की राजकोषीय स्थिरता पर ग्रहण लगा दिया है। पेंशन के कारण पहले से ही राजकोष पर बोझ बढ़ रहा है, अनुमानों से पता चलता है कि अगले पांच वर्षों में स्थिति और खराब होगी, इन दायित्वों को पूरा करने के लिए सालाना 15,000 करोड़ रुपये से 16,000 करोड़ रुपये के आवंटन की आवश्यकता होगी।

कोषागार एवं लेखा विभाग के आंकड़ों से एक गंभीर तस्वीर उभर कर सामने आती है। सेवानिवृत्त लोगों की संख्या 2023 में 1,602 से बढ़कर 2024 में 7,995 हो गई है और यह प्रवृत्ति जारी रहने की उम्मीद है। अगले तीन वर्षों के आंकड़ों के अनुसार 2025 में 9,630, 2026 में 9,719 और 2027 में 9,443 सेवानिवृत्त होंगे। यह लगातार वृद्धि राज्य के बजट पर भारी बोझ डालेगी, जो पहले से ही कमजोर है।

पेंशन व्यय, जो पिछली बीआरएस सरकार द्वारा लागू की गई वेतन वृद्धि से निकटता से जुड़ा हुआ है, पिछले एक दशक में ऊपर की ओर बढ़ रहा है। 2014-15 में 4,210 करोड़ रुपये से शुरू होकर, पेंशन बजट 2015-16 तक दोगुना होकर 8,217 करोड़ रुपये हो गया। तब से, यह लगातार बढ़ रहा है, जो 2023-24 में 13,024 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, 2024-25 के बजट में इसे घटाकर 11,641.38 करोड़ रुपये कर दिया गया और इस साल अक्टूबर तक 10,069.45 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं, जो अगले तीन महीनों के लिए नए आवंटन की आवश्यकता को दर्शाता है। बढ़ती लागत ऐसे समय में आ रही है जब राज्य अपनी मौजूदा वित्तीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है, जिसमें पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों का समय पर वितरण भी शामिल है। जबकि पिछले एक साल में किसी भी सरकारी पेंशनभोगी को अपना सेवानिवृत्ति लाभ नहीं मिला, राज्य सरकार पर इस वित्तीय वर्ष के दौरान सेवानिवृत्त लोगों का लगभग 2,000 करोड़ रुपये बकाया है। बकाया चुकाने के लिए, राज्य सरकार ने हाल ही में टीजीआईआईसी की ज़मीन गिरवी रखकर 10,000 करोड़ रुपये जुटाने की कोशिश की, जिसमें से 2,000 करोड़ रुपये सिर्फ़ सेवानिवृत्ति लाभों के भुगतान के लिए निर्धारित किए जाएंगे।

दरअसल, मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क के साथ हाल ही में हुई बैठक के दौरान कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों की शीर्ष मांगों में से एक बकाया और सेवानिवृत्ति लाभ का भुगतान था। सरकारी कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति लाभ उनके कैडर और अनुभव के आधार पर 25 लाख रुपये से लेकर 1 करोड़ रुपये तक है। वर्तमान में, पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभ अकेले राजस्व प्राप्तियों का लगभग 13 प्रतिशत हिस्सा हैं।

राजकोषीय दबाव बढ़ने के साथ, आर्थिक विशेषज्ञों ने सरकार की नीतियों की स्थिरता पर सवाल उठाए हैं, खासकर दीर्घकालिक वित्तीय नियोजन को संबोधित करने में इसकी विफलता पर। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक तेलंगाना सरकार वैकल्पिक राजस्व स्रोतों की खोज और व्यय को तर्कसंगत बनाने सहित सख्त राजकोषीय सुधारों को नहीं अपनाती, तब तक बढ़ती पेंशन देनदारियां एक गहरे आर्थिक संकट को जन्म दे सकती हैं।

## एलएंडटी अधिकारी को गिरफ्तारी की धमकी देने के लिए सीएम की आलोचना

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने पुलिस से एलएंडटी के सीएफओ आर शंकर रमन को गिरफ्तार करने और जेल में डालने का निर्देश देने का दावा किया है, क्योंकि उन्होंने कांग्रेस सरकार की महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की योजना के कारण मेट्रो यात्रियों की संख्या में कमी आने का आरोप लगाया था। यह दावा हैदराबाद के व्यापारिक समूहों को पसंद नहीं आया है। इस मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव ने टिप्पणी की निंदा की और आश्चर्य जताया कि रेवंत रेड्डी इस तरह के तुच्छ बयानों से उद्योग जगत को क्या संदेश दे रहे हैं?

मुख्यमंत्री ने ये टिप्पणियां हाल ही में दिल्ली में एक हिंदी समाचार चैनल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय परिचर्चा में भाग लेते हुए कीं। जब एंकर ने एलएंडटी के एक अधिकारी के हवाले से कांग्रेस सरकार की मुफ्त बस यात्रा योजना का मेट्रो रेल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की ओर ध्यान दिलाया, तो रेवंत रेड्डी ने कहा कि उन्होंने पुलिस से अधिकारी को जेल भेजने को कहा है।

टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए के.टी. रामाराव ने कहा कि जिस प्रकार रेवंत रेड्डी को नकदी से भरे बैग के साथ रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद जेल की सजा मिली थी, उसी प्रकार वह चाहते हैं कि अन्य सभी को भी ऐसा ही अनुभव हो।

उन्होंने पूछा कि कौन सा मुख्यमंत्री, अपनी सही समझ में, एलएंडटी जैसे प्रतिष्ठित संगठन के सीएफओ को खुलेआम और बेरहमी से जेल भेजने की धमकी देगा, सिर्फ इसलिए कि उसने एक सरकारी योजना पर अपनी राय व्यक्त की थी, जिसका उनके संगठन पर प्रभाव पड़ा था? उन्होंने इस तरह के बयान देने के कारणों पर सवाल उठाया और पूछा कि क्या यह निवेश आकर्षित करने के लिए कांग्रेस के लोकसभा नेता राहुल गांधी की विघटनकारी रणनीति है।

# सांसद डॉ. मल्लू रवि ने कस्तूरबा गांधी स्कूल का दौरा किया



हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के आदेश पर आज नागरकर्नूल से सांसद डॉ. मल्लू रवि ने वनपर्ती विधायक थुडी मेघा रेड्डी के साथ कस्तूरबा गांधी स्कूल का दौरा किया और वनपर्ती सेंटर में छात्रों के साथ दोपहर का भोजन किया। इस मौके पर सांसद मल्लू रवि ने कहा कि उन्होंने अपनी सांसद निधि की सारी राशि गुरुकुल, कस्तूरबा गांधी और स्कूलों में बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के लिए आवंटित कर दी है। उन्होंने बताया कि सीएम रेवंत रेड्डी तेलंगाना में सरकारी स्कूलों में छात्रों को भागीदार बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी की सार्वजनिक सरकार में दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा को मजबूत करके छात्रों को बेहतर भविष्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने शिक्षकों को छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति भी सिखाने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों से कहा कि आपके पास अच्छी सुविधाओं वाले भवन हैं। इसलिए छात्रों को इस अवसर का उपयोग करना चाहिए और अच्छी शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। अपने बच्चों को बड़ा करने वाले माता-पिता का नाम रोशन करना चाहिए।

## बिग बॉस सीजन 8के फिनाले के लिए जुबली हिल्स में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बिग बॉस सीजन 8के फिनाले के मद्देनजर रविवार को जुबली हिल्स में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। शो के आठवें संस्करण के समापन और देर शाम विजेता की घोषणा के कारण अन्नपूर्णा स्टूडियो और उसके आसपास लगभग 300 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जा रहा है। पुलिस पिछले साल के अनुभव को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम कर रही है, जब पुलिस को सीजन 7 की विजेता पल्लवी प्रशांत के प्रशंसकों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा था। भीड़ ने सात बसों और पुलिस कर्मियों पर पत्थर फेंके थे।

बाद में पुलिस ने पल्लवी प्रशांत को गिरफ्तार कर लिया और मामले में रिमांड पर ले लिया। एसीपी रैंक का अधिकारी बंदोबस्त व्यवस्था की निगरानी करेगा। टास्क फोर्स और स्थानीय पुलिस सिटी आर्म्ड रिजर्व प्लाटून की सहायता से तैनाती का हिस्सा होंगे।

# साइबर धोखाधड़ी के 4,893 पीड़ितों को 33.2 करोड़ की वापसी

## राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक मामलों का निपटारा

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने 14 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया है, जिसका उद्देश्य समझौता करके पक्षों के बीच मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा करना है। इस पहल ने पूरे राज्य में उल्लेखनीय सफलता देखी है, जिसमें कानूनी मामलों की एक विस्तृत श्रृंखला को संबोधित किया गया है और साइबर धोखाधड़ी के पीड़ितों को वित्तीय राहत प्रदान की गई है। इसी के तहत, पुलिस विभाग ने निपटान के लिए योग्य मामलों की पहचान की और दोनों पक्षों को नोटिस जारी किए। निपटान प्रक्रिया 28 नवंबर 2024 को शुरू हुई और 14 दिसंबर 2024 को समाप्त हुई। इस प्रक्रिया के दौरान कुल 1,57,088 मामलों का सफलतापूर्वक निपटारा किया गया। निपटाए गए मामलों में कुल एफआईआर मामले सुलझाए गए 20,752, आपदा प्रबंधन मामले 2,131, ई-पेटी मामले 74,767, मोटर वाहन अधिनियम मामले 59,438 शामिल हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान मामलों के निपटान में असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन करने वाली शीर्ष पांच इकाइयां हैदराबाद-24,546 मामले, साइबराबाद-12,797 मामले, राचकोंडा-11,083 मामले, सूर्यापेट-10,951 मामले, निजामाबाद-10,246 मामले है। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान निपटाए गए मामलों की उपरोक्त श्रेणी के अलावा, साइबर अपराधों में रोकी गई राशि की वापसी भी की गई। तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो (टीसीजीसीएसबी) ने इस राष्ट्रीय लोक अदालत में साइबर धोखाधड़ी के 4,893 पीड़ितों को 33.2 करोड़ की वापसी की सुविधा प्रदान करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की, जो सितंबर-2024 के महीने में आयोजित पिछली राष्ट्रीय लोक अदालत में 5,063 पीड़ितों को वापस किए गए 25.2 करोड़ के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया। लोक अदालत 14 दिसंबर 2024 के दौरान वापस की गई राशि अब तक की सबसे अधिक है। लोक अदालत तंत्र के माध्यम से साइबर धोखाधड़ी के पीड़ितों को धन वापस करने की पहल 20 फरवरी 2024 को शुरू हुई।

यह उपलब्धि साइबर धोखाधड़ी के पीड़ितों को समय पर वित्तीय राहत देने के लिए टीजीसीएसबी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह सफलता टीजीसीएसबी अधिकारियों, तेलंगाना राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (टीजीएलएसए), जिला न्यायाधीशों, मजिस्ट्रेटों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के बीच निर्बाध समन्वय के माध्यम से संभव हुई (डीएलएसए), पुलिस आयुक्त (सीपी) और जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने मिलकर साइबर अपराधों के कारण नागरिकों पर पड़ने वाले वित्तीय प्रभावों को संबोधित करने के लिए एक मजबूत कानूनी ढांचा तैयार किया है।

## कई अभ्यर्थियों को एक मिनट देरी से परीक्षा केंद्रों में नहीं मिला प्रवेश




हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रविवार को राज्य भर में शुरू हुई ग्रुप-II सेवा भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए कई उम्मीदवारों को केंद्रों में प्रवेश से वंचित कर दिया गया क्योंकि ये उम्मीदवार एक मिनट देरी से पहुंचे थे। तेलंगाना लोक सेवा आयोग (टीजीपीएससी) ने ग्रुप-II भर्ती परीक्षा पेपर-I का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक निर्धारित किया था। उम्मीदवारों को परीक्षा शुरू होने से डेढ़ घंटे पहले केंद्रों पर पहुंचने के लिए कहा गया था क्योंकि गेट सुबह 9.30 बजे बंद हो जाएंगे।

हालांकि, कई अभ्यर्थी गेट बंद होने के बाद भी केंद्रों पर पहुंचे। केंद्रों के अधिकारियों से कई बार अपील करने के बावजूद, कई अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया गया, जिसके लिए उन्होंने कई वर्षों तक कड़ी मेहनत की थी। देर से आने वाली एक अभ्यर्थी ने तेलंगाना लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष बुर्रा वेंकटेशम (जो परीक्षा के संचालन की देखरेख करने के लिए शहर के एक केंद्र पर पहुंचे थे) से जोरदार अपील करते हुए कहा कि वह केवल पांच मिनट की देरी से आई थी।

उन्होंने उस अभ्यर्थी से कहा, जो परीक्षा में शामिल न हो पाने से निराश था। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा में शामिल होना जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर है। टीजीपीएससी ने अभ्यर्थियों को पहले ही सूचित कर दिया है कि परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले गेट बंद कर दिए जाएंगे। भर्ती परीक्षा के लिए कुल 5,51,847 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया है। टीजीपीएससी ने ग्रुप-II के 783 रिक्त पदों को अधिसूचित किया था।

# तापमान गिरने से हैदराबाद में फ्लू के मामलों में वृद्धि

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद और उसके पड़ोसी जिलों में तापमान में गिरावट के कारण पिछले एक सप्ताह में ऊपरी श्वसन पथ के संक्रमण, विशेष रूप से इन्फ्लूएंजा के मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है। निजी नर्सिंग होम, क्लीनिक, बस्ती दवाखाना और नल्लाकुंटा में फीवर अस्पताल, गांधी अस्पताल और ओजीएच सहित तृतीयक अस्पतालों के आउट पेशेंट (ओपी) विंग में मौसमी फ्लू के मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है।

आमतौर पर, वायरल बुखार के ये मामले बुखार, कभी-कभी तेज बुखार, शरीर में दर्द, सिरदर्द, थकान, कमजोरी, बहती नाक या पूरी तरह से नाक बंद होने और सुस्ती के लक्षणों के साथ क्लीनिकों में रिपोर्ट किए जाते हैं। वायरल बुखार के अलावा, तापमान में गिरावट के कारण क्रोनिक रोगियों में अस्थमा के मामले भी बढ़ रहे हैं। एलर्जी और अस्थमा नेटवर्क ऑफ इंडिया (एएएनआई) के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सर्दियों में एलर्जी और अस्थमा के मामलों में 40 प्रतिशत की वृद्धि होती है। डॉक्टरों ने कहा कि इनमें से अधिकांश एलर्जी ऊपरी श्वसन पथ के संक्रमण से संबंधित हैं।

एएएनआई के सीईओ और एलर्जी विशेषज्ञ डॉ. व्याकरणम नागेश्वर कहते हैं कि वास्तव में, सर्दियों के दौरान फेफड़ों की वायुमार्ग सिकुड़ जाती है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक आक्रामक और अप्रत्याशित अस्थमा के दौरे पड़ते हैं। पर्याप्त डेटा मौजूद है जो दर्शाता है कि सर्दियों के दौरान, घर की धूल के कण और फफूंद कमज़ोर लोगों में एलर्जी प्रतिक्रियाओं को बढ़ावा देते हैं।

कई पारिवारिक चिकित्सकों और निजी क्लीनिकों के सामान्य चिकित्सकों ने भी संकेत दिया है कि उन्होंने सर्दी के मौसम में मरीजों में श्वसन पथ के संक्रमण में वृद्धि देखी है। वायरल सर्दी सहित ऊपरी श्वसन पथ के संक्रमणों में 50 प्रतिशत से 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मरीजों में सबसे आम शिकायतें सर्दी, खांसी, बुखार और सांस लेने में तकलीफ हैं।

पुरानी हृदय संबंधी बीमारी, किडनी की बीमारी, लीवर की बीमारी, बीपी जैसी सह-रुग्णता वाले व्यक्ति चिकित्सकीय मार्गदर्शन में टीका लगवा सकते हैं।



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायुडू ने आज सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्य तिथि पर अपने उंडावल्ली स्थित आवास पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## सामान रखने के शुल्क को लेकर कॉलेज प्रबंधन पर उठे सवाल




संगारेड्डी, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रुप-2 के उम्मीदवारों ने रविवार को एमएनआर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन पर आरोप लगाया कि वे उनसे उनके मोबाइल फोन, बैग और अन्य सामान को क्लोकरूम में रखने के लिए 50 से 100 रुपये तक वसूल रहे हैं। जब प्रबंधन ने उनके सामान को सुरक्षित रखने से मना कर दिया तो उम्मीदवारों ने कोई भी राशि देने से इनकार कर दिया। उम्मीदवारों ने कहा कि तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग (टीजीपीएससी) ने 1,183 छात्रों को एमएनआर मेडिकल कॉलेज को आवंटित किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रबंधन प्रति परीक्षा 2 लाख रुपये से अधिक वसूल रहा है, क्योंकि वे प्रति छात्र कम से कम 100 रुपये वसूल रहे हैं।

अपर कलेक्टर चंद्रशेखर ने परीक्षा केंद्र का दौरा किया और कॉलेज प्रबंधन को निर्देश दिया कि वे अभ्यर्थियों से कोई फीस न वसूलें। साथ ही उन्होंने अभ्यर्थियों को वसूली गई राशि लौटाने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने प्रबंधन को याद दिलाया कि अभ्यर्थियों के सामान को सुरक्षित रखना प्रबंधन की जिम्मेदारी है।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.